नालयिरा दिव्य प्रबंधम्

मुदल आयिरम (सहस्रगीति प्रथम)

संकलन

श्रीकृष्ण प्रपन्नाचारी

समर्पण

श्रीमद्भगवतो प्राकुंशाचार्यजी महाराज

श्रीमते रामानुजाय नमः

परिचय

शान्तानन्तमहाविभूति परमं यद्ब्रह्मरूपं हरेः
मूर्तं ब्रह्म ततोऽपि तत्प्रियतरं रूपं यदत्यद्भुतम् ।

श्री वैष्णव दिव्य देश की कुल संख्या **108** मानी गयी है। दिव्य देश के मन्दिरों में नारायण हरि के भिन्न भिन्न अर्चारूप हैं। इन अर्चा विग्रहों की प्रशस्ति **12** आळवार संतों द्वारा स्वतः स्फूर्त हृदयोद्गार से की गयी है और इन सबों के संकलन को दिव्य प्रबंधम् कहते हैं। इसमें कुल चार हजार पाशुर या छंद हैं इसलिये इसे नालयिरा दिव्य प्रबंधम् कहते हैं। मूल पाशुर तमिल में हैं। कालक्रम में इनका लोप हो गया था परंतु श्री नाथमुनि के अथक परिश्रम से नम्माळवार की कृपा हुई और ये पुनः प्राप्त हुए। बोलचाल की भाषा में सुविधा के लिये इस संकलन को चार भागों में बांटा गया है एवं हर भाग को सहस्रगीति कहते हैं।हालांकि नम्माळवार का तिरूवाय्मोळि को भी केवल सहस्रगीति से संबोधित किया जाता है क्योंकि सारे **24** प्रवंधमों में यह सर्वोत्तम महत्व वाला प्रवंध है। दिव्य प्रबंधम् में संकलित सारे **24** प्रवंधमों का एक विहंगम अवलोकन नीचे के वर्णिका से किया जा सकता है।

संकलन	आळवार	प्रबंधम	पाशुरों की संख्या
प्रथम सहस्रगीति मुदल आयिरम	पेरियाळवार (विष्णुचित्त स्वामी)	**1** पेरियाळवार तिरूमोळी	**1 से 473**
	आंडाल	**2** तिरूप्पावै	**474 से 503**
		3 नाच्चियार तिरूमोळी	**504 से 646**
	कुलशेखराळवार	**4** पेरूमाल तिरूमोळी	**647 से 751**
	तिरूमळिशैयाळवार (भक्तिसार स्वामी)	**5** तिरूच्चन्दविरूत्तम	**752 से 871**
	तोंडरादिप्पोडियाळवार (भक्ताङ्घ्रिरेणु स्वामी)	**6** तिरूमालै	**872 से 916**
		7 तिरूप्पळ्ळियळुच्चि	**917 से 926**
	तिरूप्पाणाळवार	**8** अमलनादिपिरान्	**927 से 936**
	मधुरकवियाळ्वार	**9** कण्णिनुण् शिरूत्ताम्बु	**937 से 947**
द्वितीय सहस्रगीति	तिरूमङ्गैयाळवार	**10** पेरिया तिरूमोळि	**948 से 2031**

इरान्दाम आयिरम		11 तिरूक्कुरून्दाण्डगम्	2032 से 2051
		12 तिरूनेडुन्दाण्डगम्	2052 से 2081
तृतीय सहस्रगीति मून्राम आयिरम (इयर्पा)	पोय्गैयाळवार	13 मुदल् तिरूवन्दादि	2082 से 2181
	भूदत्ताळवार	14 इराण्डाम् तिरूवन्दादि	2182 से 2281
	पेयाळवार	15 मून्राम तिरूवन्दादि	2282 से 2381
	तिरूमळिशैयाळवार (भक्तिसार स्वामी)	16 नान्मूगन तिरूवन्दादि	2382 से 2477
	नम्माळवार	17 तिरूविरूत्तम	2478 से 2577
		18 तिरूवाशिरियम	2578 से 2584
		19 पेरिया तिरूवन्दादि	2585 से 2671
	तिरूमङ्गैयाळवार	20 तिरूवेळुकूट्रिरूक्कै	2672
		21 शिरिय तिरूमडल	2673 से 2710
		22 पेरिय तिरूमडल	2711 से 2790
	तिरूवरङ्गत्तमुदनार	23 इरामानुश नुट्रन्दादि	2791 से 2898
चतुर्थ सहस्रगीति नान्गाम आयिरम	नम्माळवार	24 तिरूवाय्मोळि	2899 से 4000

ऊपर के वर्णिका में एक और ध्यान देने योग्य बात है कि प्रवंध संख्या **23** जो रामानुज नुट्रन्दादि है यह आळवारों की रचना नहीं है और यह रामानुज स्वामी के शिष्य मुदनार की कृति है जिसे सुनकर रामानुज ने अपने जीवनकाल में इसकी स्वीकृति दे दी थी। नित्यानुसंधानम में प्रायः इसका पाठ तिरूवाय्मोळि के बाद किया जाता है।

दिव्य प्रवंधम के प्रथम सहस्रगीति का हिन्दी में सरल भावार्थ श्रीमान् सुन्दर कीदम्बी द्वारा तैयार किया हुआ देवनागरी लिपि के पाशुरों को उपयोग में लाते हुए किया गया है। इसके लिये श्रीमान् के सदा आभारी हैं जिनकी अनुमति इस तरह के कैंकर्य के लिये दास को मिल चुकी है। देवनागरी में उपलब्ध पाशुरों को श्रीमान् के www.prapatti.com से लिया गया है। एक बार फिर अपना आभार श्रीमान् द्वारा किये गये महान कैंकर्य के लिये प्रकट करते हैं कि देवनागरी में पाशुरों को न उपलब्ध रहने पर इस तरह के कैंकर्य की कल्पना करने का

साहस नहीं किया जा सकता था। इसके अतिरिक्त श्रीमान् से अन्य महत्वपूर्ण वेब साईट का लिंक भी प्राप्त हुआ जिससे दास का मनोबल बहुत ऊंचा हुआ। श्रीबरदराज स्वामी से श्रीमान् के ऊत्तरोत्तर प्रगति के लिये प्रार्थना है।

तिरूमला तिरूपति देवस्थान द्वारा अंग्रेजी में सात खंडों में प्रकाशित '**108** वैष्णव दिव्य देशम' जो डा॰ सुश्री एम एस रमेश आई ए एस की कृति है को दिव्य देशम के वर्णन के लिये उपयोग में लाया गया है । उपयुक्त जगहों पर इसके खंड एवं पेज का संदर्भ ब्रैकेट में दिया गया है। सुश्री रमेश एवं ति ति देवस्थानम को विनम्र आभार प्रकट करते हैं।

डा॰ एस जगतरक्षण का 'नालयिरा दिव्यप्रबंधम' जिसकी अंग्रेजी टीका श्री राम भारती द्वारा की गयी है हिन्दी के इस कैंकर्य में बड़ा ही सहायक हुआ है। डा॰ एस जगतरक्षण का हृदय से आभार प्रकट करते हैं।

भगवान देवराज वरदराज स्वामी की कृपा से कांचीपुरम में परम विद्वान श्री कोईल अन्नन स्वामी से बड़ा मनोबल बढ़ा और दास आपके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है। पेरूमाल कोईल कांचीपुरम के श्रीनम्माळवार सन्निधि के स्वामी टी ए भास्यम् ने दिव्य देशम का सद्यः स्वानुभूत ज्ञान से लाभ करा कर इस कैंकर्य को बड़ा सुगम बना दिया। हृदय से आपका आभार प्रकट करते हैं।

विनीत दास

श्रीकृष्ण प्रपन्नाचारी
कांचीपुरम
17 जून **2011**

श्रीः
श्रीमते रामानुजाय नमः

॥ पॆरियाऴ्वार् तिरुमॊऴि त्तनियन्गळ् ॥

गुरुमुखमनधीत्य प्राह वेदान् अशेषान्
नरपतिपरिक्लृप्तं शुल्कमादातुकामः।
श्वशुरं अमरवन्द्यं रङ्गनाथस्य साक्षात्
द्विजकुलतिलकं तं विष्णुचित्तं नमामि॥

मिन्नार् तडमदिळ्शूऴ् विल्लिपुत्तूरॆन्ऱॊरुकाल्
शॊन्नार् कऴर्कमलम् शूडिनोम् – मुन्नाळ्
किऴियरुत्तान् ऎन्ऱुरैत्तोम् कीऴ्मैयिनिल् शेरुम्
वऴियरुत्तोम् नॆञ्जमे! वन्दु

पाण्डियन् कॊण्डाड प्पट्टर्पिरान् वन्दानॆन्ऱु
ईण्डिय शङ्गम् ऎडुत्तूदवेण्डिय
वेदङ्गळोदि विरैन्दु किऴियरुत्तान्
पादङ्गळ् यामुडैय पट्ट

॥ पॆरियाऴ्वार् तिरुवडिगळे शरणं ॥

1 तिरूप्पल्लान्डु (1-12) **काप्पु** ‡पल्लाण्डु पल्लाण्डु पल्लायिरत्ताण्डु* पल कोडि नूरायिरम्* मल्लाण्ड तिण्तोळ् मणिवण्णा!* उन्– शेवडि शॆव्वि तिरुक्काप्पु॥१॥	बहुतों वर्षों, बहुतों सैकड़ों हजारों वर्षों, यानि अनंत काल तक, विशाल शक्तिशालि वक्षस्थल, एवं श्याम मणि के रंग के समान सुन्दर वदन वाले प्रभु के श्रीचरणकमल सर्व तया द्दष्टि दोष से सुरक्षत रहे और दास का आश्रय बना रहे।1।

मदुरै शहर में अवस्थित तिरूकुडल आळगर का मंदिर है जहां भगवान थल खंड में बैठे हुए मुद्रा में हैं और 108 दिव्य देशों मे से यह एक है। यहां के अन्य दो तलों पर भगवान खड़े एवं शयनावस्था में हैं। मूल विग्रह को "आहूय वरदान" विग्रह भी कहा जाता है क्योंकि भगवान नीचे के दाहिने हाथ से आशीर्वाद देते हैं तथा बायें हाथ से अपने पास शरणागति के लिए आह्वान करते हैं।ऊपर के दोनों हाथ दायें में चक्र एवं बायें में शंख धारण किये हुए हैं। यहीं पर श्रीविष्णुचित्त स्वामी को भगवान का साक्षात्कार हुआ था और भगवान की प्रशंसा में उन्होंने तिरूप्पलांडु (vol. 4, pp 156) की रचना की। प्रसंग इसतरह है कि तत्कालीन राजा वल्लभ देव ने मोक्ष प्राप्ति के उत्तम उपाय की जानकारी के लिए एक बार विद्वत सभा का आयोजन किया। राजा के आध्यात्मिक गुरूओं में एक सल्व नांबि थे, और भगवान कुदल आलगर ने सल्व नांबि को उत्प्ररित कर राजा से पेरियाळवार को भी विवेचन के लिए आमंत्रित करवाया। उधर भगवान कुदल आळगर ने स्वप्न में पेरियाळवार को भी मदुरै पहुंचने के लिए प्रेरित किया। उस सभा में पेरियाळवार नारायण की महत्ता को प्रतिपादित कर राजा से बहुसम्मानित एवं पुरस्कृत हुए। राजा ने पेरियाळवार का शिष्यत्व स्वीकार कर स्वयं चंवर सेवा करते हुए सारे मदुरै नगर में पेरियाळवार को अलंकृत हाथी से उत्सव यात्रा में ले गये। इस महती शोभा यात्रा को देखने के लिए अन्य

देवताओं के अतिरिक्त भगवान कुदल आळगर भी भूदेवी एवं श्रीदेवी के साथ गरूड़ पर सवार होकर आये। पेरियाळवार (श्री विष्णुचित्त स्वामी) ने शोभा यात्रा में भगवान को एक दर्शक के रूप में देखकर उनकी छवि से मुग्ध हो गये। साथ ही उनको यह संदेह हुआ कि भगवान की इस मनोहारी छवि को कहीं अन्यों की नजर न लग जाए, अतः हाथी के अलंकरण से रत्नों को झाल के रूप में उपयोग करते हुए प्पल्लाण्डु गीत से भगवान को सम्मानित करने लगे। इसतरह से पल्लाण्डु का गायन स्वतः श्री विष्णुचित्त स्वामी जी के मुखारविन्द से उस शोभा यात्रा में भगवान की रक्षा हेतु फूट पड़ा था।
कुदल आळगर कोईल वर्त्तमान में वेगवती के पास है परन्तु पुराकाल में यह वेगवती की दूसरी धारा कृतमाला के किनारे था। इसी कृतमाला नदीकी कथा श्रीमद्भागवत में मत्सयावतार के लिए प्रसिद्ध है।

‡अडियोमोडुम् निन्नोडुम्⋆ पिरिविन्रि आयिरम् पल्लाण्डु⋆ वडिवाय् निन्वल मार्बिनिल्⋆ वाळिान्र मङ्गैयुम् पल्लाण्डु⋆ वडिवार् शोदि वलत्तुरैयुम्⋆ शुडराळियुम् पल्लाण्डु⋆ पडैपोर् पुक्कु मुळङ्गुम्⋆ अप्पाञ्चशन्नियमुम् पल्लाण्डे॥ २ ॥	बहुतों वर्षों, बहुतों सैकड़ों हजारों वर्षों, यानि अनंत काल तक, दास का अटूट संबंध बना रहे। आपके वक्षस्थल पर लक्ष्मी का नित्य स्थान, दायें भुजा में प्रभासंपन्न चक्र तथा बायें हाथ में रणक्षेत्र में ऊच्च घोष से आतंक फैलाने वाले पाञ्चजन्य, बहुतों वर्षों, बहुतों सैकड़ों हजारों वर्षों, यानि अनंत काल तक स्थित रहे।**2**।
वाळाट् पट्टु निन्रीरुळ्ळीरेल्⋆ वन्दु मण्णुम् मणमुम् कोंण्मिन्⋆ कूळाट् पट्टु निन्रीर्कळै⋆ एङ्गळ् कुळुविनिल् पुगुदलोंट्टोम्⋆ एळाट् कालुम् पळिप्पिलोम् नाङ्गळ्⋆ इराक्कदर्वाळ्⋆ इलङ्गै– पाळाळाक प्पडै पोरुदानुक्कु⋆ प्पल्लाण्डु कूरुदुमे॥ ३ ॥	हम सभी एकत्रित जन, आयें, प्रभु को सुगंधित चंदन समर्पित करें।ऐसा कोई यहाँ न रहे जो प्रभु के अतिरिक्त अन्य सांसारिक चीजों में आनन्द लेता हो।हम भगवान कोदंड राम का, जिनसे लंका के राक्षसों का नाश हुआ, सात पीढ़ी से निरन्तर यशोगान में रत हैं। **3**।
एडुनिलत्तिल् इडुवदन् मुन्नम् वन्दु⋆ एङ्गळ् कुळाम् पुगुन्दु⋆ कूडु मनमुडैयीर्कळ् वरम्पोळि⋆ वन्दोल्लै क्कूडुमिनो⋆ नाडु नगरमुम् नन्गारिय⋆ नमो नारायणायवेन्रु⋆ पाडु मनमुडै प्पत्तरुळ्ळीर्!⋆ वन्दु पल्लाण्डु कूरुमिने॥ ४ ॥	भक्तगण आइये, इसके पहले कि संसार के नश्वर चीजों में लिप्त हों, शीघ मिलकर, चतुर्दिक देश के साथ इस नगर को "नमो नारायणाय" के उद्घोष से भर दें। आपलोग स्वतः आयें, और पल्लाण्डु का गान करें।**4**।
अण्डक्कुलत्तुक्कदिपति आगि⋆ अशुरर् इराक्कदरै⋆ इण्डै क्कुलत्तै एडुत्तु क्कळैन्द⋆ इरुडीकेशन् तनक्कु⋆ तोंण्ड क्कुलत्तिलुळ्ळीर्! वन्दडिदोंळुदु⋆ आयिर नामम्शोंल्लि⋆ पण्डै क्कुलत्तै त्तविर्न्दु⋆ पल्लाण्डु पल्लायिरत्ताण्डेन्मिने॥ ५ ॥	संपूर्ण सृष्टि के एकमात्र नाथ हृषिकेश भगवान ने असुरों एवं राक्षसों का नाश किया।आइये, हजारों नामों से इनकी चरण वंदना करें और अपने पुराने वासनाओं का त्याग कर बहुतों सैकड़ों हजारों वर्षों तक पल्लाण्डु का गान करें।**5**।

ऎन्दै तन्दै तन्दैतम् मूत्तप्पन्⋆ एऴ्पडि काल्तॊडङ्गि⋆ वन्दु वऴिवऴि आट्चॅय्गिन्ऱोम्⋆ तिरुवोण त्तिरुविऴविल् अन्दियम्पोदिल् अरियुरुवागि⋆ अरियै अऴित्तवनै⋆ पन्दनै तीर प्पल्लाण्डु⋆ पल्लायिरत्ताण्डॆन्ऱु पाडुदुमे॥६॥	हमारे पिता एवं सात पीढ़ी के भी आगे सभी पितामह गन आपकी सेवा में रत रहे हैं। सायंकालीन, श्रवण नक्षत्र में, नृसिंह अवतार लेकर आपने हिरण्यकशिपु राक्षस का अंत किया । आइये अपना दुःख करें और बहुतों सैकड़ों हजारों वर्षो तक पल्लाण्डु का गान करें।**6**।
तीयिर् पॊलिगिन्ऱ शॅञ्चुडराऴि⋆ तिगऴ् तिरुच्चक्करत्तिन्⋆ कोयिऱ्पॊऱियाले ऒट्टुण्डु निन्ऱु⋆ कुडिकुडि आट्शॅय्गिन्ऱोम्⋆ माय प्पॊरुपडै वाणनै⋆ आयिरन्दोळुम् पॊऴिकुरुदि– पाय⋆ शुऴट्रिय आऴि वल्लानुक्कु⋆ प्पल्लाण्डु कूऱुदुमे॥७॥	प्रज्वलित अग्नि तुल्य प्रभा से परिपूर्ण सुदर्शन चक्र से विभूषित आपकी सेवा हम पीढ़ी दर पीढ़ी करते रहे हैं। आपने मायावी बाणासुर के हजार कंधों को अपने चक्र से क्षत विक्षत कर रक्त रंजित कर दिया। ऐसे प्रभु का हम पल्लाण्डु गान करते हैं।**7**।
नॅय्यिडै नल्लदोर् शोऱुम्⋆ नियतमुम् अत्ताणि च्चेवकमुम्⋆ कैयडै क्कायुम् कऴुत्तुक्कु प्पूणॊडु⋆ कादुक्कु क्कुण्डलमुम्⋆ मॅय्यिड नल्लदोर् शान्दमुम् तन्दु⋆ ऎन्नै वॆळ्ळुयिराक्क वल्ल⋆ पैयुडै नाग प्पगैक्कॊडियानुक्कु⋆ प्पल्लाण्डु कूऱुवने॥८॥	घी मिश्रित सुन्दर भोजन की सुलभता, पान सुपारी, गले और कान का आभूषण, शरीर पर चन्दन, उस प्रभु के अनुग्रह से मिला है जिनके ध्वज पर नागारि गरूड़ अंकित हैं।आइये इनका पल्लाण्डु गान करें।**8**।
उडुत्तु क्कळैन्द निन् पीदगवाडै उडुत्तु⋆ क्कलत्तदुण्डु⋆ तॊडुत्त तुऴाय्मलर् शूडि क्कळैन्दन⋆ शूडुमित्तॊण्डर्गळोम्⋆ विडुत्त तिशैक्करुमम् तिरुत्ति⋆ त्तिरुवोण त्तिरुविऴविल्⋆ पडुत्त पैन्नागणै प्पळ्ळिकॊण्डानुक्कु⋆ प्पल्लाण्डु कूऱुदुमे॥९॥	शेषशायी प्रभु का धारण किया हुआ, पीतांबर, भोग लगा हुआ प्रसाद, और तुलसी माला, दास को आशीष स्वरूप मिलते रहता है। आपका अवतार श्रवण (तिरूवोनम) नक्षत्र में हुआ है, हम आपका पल्लाण्डु गान करते हैं।**9**।
ऎन्नाळ् ऎम्पॆरुमान्⋆ उन्ऱनक्कडियोम् ऎन्ऱॆऴुत्तुप्पट्ट– अन्नाळे⋆ अडियोङ्गळ् अडिक्कुडिल्⋆ वीडुपॆट्रुय्न्ददुगाण्⋆ शॅन्नाळ् तोट्रि⋆ त्तिरुमदुरैयुळ् शिलैकुनित्तु⋆ ऐन्दलैय– पैन्नाग त्तलै पायन्दवने !⋆ उन्नै प्पल्लाण्डु कूऱुदुमे॥	आपके नाम मंत्र से जुड़कर पूरी तरह आपका दास हो गया। मथुरा में अवतार लेकर आपने कंश का नाश किया उसके शस्त्रागारों को विध्वंस किया। कालिय नाग के फन पर नृत्य करने वाले प्रभु का हम पल्लाण्डु गान करते हैं। **10**।

‡अल्वळ क्कॊन्ऱुमिल्ला⋆ अणिकोट्टियर्कोन्⋆ अबिमानतुङ्गन्- शॆल्वनैप्पोल⋆ त्तिरुमाले ! नानुम् उनक्कु प्पळवडियेन्⋆ नल्वगैयाल् नमो नारायणावॆन्ऱु⋆ नामम् पलपरवि⋆ पल्वगैयालुम् पवित्तिरने !⋆ उन्नै प्पल्लाण्डु कूऱुवने॥११॥	हमारे तिरूमल प्रभु! आप परमआदरणीय सेल्व नांबी हैं। आपका विश्वासभाजन दास, विश्वासपूर्वक "नमो नारायणाय" के साथ आपके अनेकों नामों का गान करते हुये पल्लाण्डु गान करते हैं। **11** ।
‡पल्लाण्डॆन्ऱु पवित्तिरनै⋆ प्परमेट्टियै⋆ शार्ङ्गम् ऎन्नुम् विल्लाण्डान् तन्नै⋆ विल्लिपुत्तूर् विट्टुशित्तन् विरुम्बियशॊल्⋆ नल्लाण्डॆन्ऱु नविन्ऱुरैप्पार्⋆ नमो नारायणायवॆन्ऱु⋆ पल्लाण्डुम् परमात्मनै⋆ च्चूऴ्न्दिरुन्देत्तुवर् पल्लाण्डे॥१२॥	इन शब्दों के साथ सारंग धनुष धारण करने वाले परम शुद्ध एवं सह्यदय प्रभु का पल्लाण्डूगान प्रेम से श्रीविल्लीपुत्तुर के विष्णुचित्त ने किया। उन सबों का पल्लाण्डु जिन्होंने "नमो नारायणाय" के साथ प्रभु के पल्लाण्डु में सम्मिलित हुए। **12** ।

श्रीमते रामानुजाय नमः

2 वण्णमाड ङगळ (13-22)

कण्णन तिरूववतार च्चिरप्पु (भगवान कृष्ण के जन्म की गाथा)

वण्ण माडङ्गळ् शूळ्⋆ तिरुक्कोट्टियूर्⋆ कण्णन् केशवन्⋆ नम्बि पिरन्दिनिल्⋆ एण्णॆय् शुण्णम्⋆ एदिर् एदिर् तूविड⋆ कण्णन् मुट्रम्⋆ कलन्दळरायिट्रे॥१॥	तिरूकोट्टियूर के सुन्दर महलों में जब भगवान कृष्ण केशव का जन्म हुआ तब खुशी में एक दूसरे के ऊपर तेल एवं हल्दी के चूर्ण उड़ेल कर कृष्ण के महल को कीचड़ मय कर दिया गया। **13**।
ओडुवार् विळुवार्⋆ उगन्दालिप्पार्⋆ नाडुवार् नम्पिरान्⋆ एङ्गुट्रान् एन्बार्⋆ पाडुवार्गळुम्⋆ पल्परै कॊट्टनिन्रु⋆ आडुवार्गळुम्⋆ आयिट्राय् प्पाडियॆ॥२॥	सभी उमंग में दौड़ते, गिरते और पुनः उठ कर एक दूसरे का स्वागत करते हुये पूछते "हमारे प्रभु कहाँ हैं"। नर्त्तकों, गायकों, तथा ढ़ोलवालों से गोपराजा का महल भर गया। **14**।
पेणि च्चीरुडै⋆ प्पिळ्ळै पिरन्दिनिल्⋆ काण त्ताम् पुगुवार्⋆ पुक्कु प्पोदुवार्⋆ आणॊप्पार्⋆ इवन् नेरिल्लैकाण्⋆ तिरु– वोण त्तान्⋆ उलगाळुम् एन्बार्गळे॥३॥	शीघ्र ही अलौकिक शिशु के अवतार के बाद जन्म गृह में देखने के लिये भीड़ हो गयी। दर्शन के बाद बाहर आकर सभी कहते " ये अद्वितीय हैं, पृथ्वी पर इनका शासन होगा, इनका जन्म नक्षत्र श्रवण (तिरूवोनम) है"।**15**।
उरियै मुट्रत्तु⋆ उरुट्टि निन्राडुवार्⋆ नरुनॆय् पाल् तयिर्⋆ नन्राग त्तूवुवार्⋆ शॆरिमॆन् कून्दल्⋆ अविळ त्तिळैत्तु⋆ एङ्गुम् अरिवळिन्दनर्⋆ आय्प्पाडि आयरे॥४॥	गोपजन अपने घर के छींके से सुस्वादु दूध दही घी पूरे उत्साह से एक दूसरे के ऊपर डालकर खाली वर्त्तनों को फेंककर अपना सुध बुध खोकर खुले बाल के साथ नृत्य करते।**16**।
कॊण्ड ताळुरि⋆ कोल क्कॊडुमळु⋆ तण्डिनर्⋆ परियोलै च्चयनत्तर्⋆ विण्डमुल्लै⋆ अरुम्बन्न पल्लिनर्⋆ अण्डर् मिण्डि⋆ प्पुगुन्दु नॆय् आडिनार्॥५॥	जंगल से आदिवासी लोगों की भीड़ आई जिनके दांत खिले हुए मुलै के फूल की तरह सफेद चमक रहे थे। पेड़ की छाल का वस्त्र पहने वे हाथ में डंडा, कुल्हाड़ी एवं खजूर के पत्ते से बने सोने की चटाई लिये थे।देह पर घी लगाकर वे नृत्य कर रहे थे।**17**।

कैयुम् कालुम् निमिर्त्तु⋆ क्कडार नीर्⋆ पैय आट्टि⋆ प्पशुञ्जिरु मञ्जळाल्⋆ ऐयनावळि⋆ ताळुक्कङ्गान्दिड⋆ वैयम् एळुम्⋆ कण्डाळ् पिळ्ळै वायुळे॥६॥	उनके हाथ पैर को सीधा कर मां ने पानी के कठौते में स्नान कराया। मुंह खोलकर जब मुलायम हल्दी से जीभ साफ करने लगी तब मुंह में सातों लोको की झांकी मिली।**18**।
वायुळ् वैयगम्⋆ कण्ड मड नल्लार्⋆ आयर् पुत्तिरन्⋆ अल्लन् अरुन्देय्वम्⋆ पाय शीरुडै⋆ प्पण्बुडै प्पालगन्⋆ मायन् एन्रु⋆ मगिळ्न्दनर् मादरे॥७॥	अन्य संभ्रांत महिलाओं ने ब्रह्मांड का दृश्य देखकर बोला, "यह गोपबालक साधारण मनुष्य न होकर स्वयं नारायण हैं। इनमें सारे दैविक शुभ लक्षण भरे पड़े हैं"।**19**।
पत्तु नाळुम् कडन्द⋆ इरण्डानाळ्⋆ एत्तिशैयुम्⋆ शयमरम् कोडित्तु⋆ मत्त मामलै⋆ ताङ्गिय मैन्दनै⋆ उत्तानम् शॆय्दु⋆ उगन्दनर् आयरे॥८॥	बारह दिनों के बाद गोपजन झूला को चारोतरफ से बंदनवार से सजाकर बच्चे को ऊपर गोद में लेकर गीत गाते हैं "यह राजकुमार तूफान से वचाने के लिये मदमत्त हाथी की तरह पर्वत को उठा लेने वाले हैं"।**20**।
किडक्किल् तॊट्टिल्⋆ किळिय उदैत्तिडुम्⋆ एडुत्तु क्कॊळ्ळिल्⋆ मरुङ्ग इरुत्तिडुम्⋆ ऒडुक्कि प्पुल्गिल्⋆ उदरत्ते पाय्न्दिडुम्⋆ मिडुक्किलामैयाल्⋆ नान् मॆलिन्देन् नङ्गाय्॥९॥	उनको जब झूला में रखते हैं, तब वे पैर ऐसा फेंकते हैं जैसे झूला ही टूट जायेगा। उन्हें उठाकर कमर के सहारे लेते हैं,तब वे कमर में लिपट जाते हैं। जब सामने गोद में रखते हैं,तब वे पेट को ही मरोड़ देते हैं। गोपजन यह कहते हुए गापबधूओं को बताते हैं, "इनको अब नहीं संभाल सकते, हम तो थक गये।" **21**।
‡शॆन्नॆल्लार् वयल्शूळ्⋆ तिरुक्कोट्टियूर्⋆ मन्न नारणन्⋆ नम्बि पिरन्दमै⋆ मिन्नु नूल्⋆ विट्टुशित्तन् विरित्त⋆ इ प्पन्नु पाडल् वल्लार्क्कु⋆ इल्लै पावमे॥१०॥	वैदिक जनेऊ से सुशोभित, श्री विष्णुचित्त स्वामी का यह मधुर गीत, हरे भरे धान की फसल से घिरे कोट्टियूर में, नारायण के अवतार को चित्रित करता है। जो इसका मनन करेंगे उनको पाप का मल नहीं रहेगा। **22**।

श्रीमते रामानुजाय नमः

3 शीदक्कडल् (23-43)

तिरूप्पादादिकेश वण्णम् (भगवान कृष्ण के दिव्य शरीर का चरण कमल से केश तक का आनन्दप्रदायी गाथा)

‡शीदक्कडलुळ्⋆ अमुदन्न देवकि⋆ कोदै क्कुळलाळ्⋆ अशोदैक्कु प्पोत्तन्द⋆ पेदै क्कुळवि⋆ पिडित्तु च्चुवैत्तुण्णुम्⋆ पाद क्कमलङ्गळ् काणीरे⋆ पवळ वायीर्! वन्दु काणीरे! ॥१॥	मोती अधर वाली नारियां ! अमृत तुल्य मधुर देवकी के सलोने बालक को यहां आकर देखो, जिसे देवकी ने सुसज्जित केशवाली यशोदा को दिया है। देखो ! किसतरह बालक सरलता से अपने पैर के अंगूठे को पकड़ कर मुंह में चूस रहा है। **23**

करारविन्देन पदारविन्दं मुखारविन्दे विनिवेशयन्तं।

मुत्तुम् मणियुम्⋆ वयिरमुम् नन्पोन्नुम्⋆ तत्ति प्पदित्तु⋆ त्तलै प्पेय्दार्पोल् एङ्गुम्⋆ पत्तु विरलुम्⋆ मणिवण्णन् पादङ्गळ्⋆ ऒत्तिट्टिरुन्दवा काणीरे⋆ ऒण्णुदलीर्! वन्दु काणीरे! ॥२॥	आभापूर्ण ललाटवाली नारियां ! यहां आकर देखो, प्रभु के श्याम मणि की कांतिवाले युगल चरण की दस अंगुलियां सोने में पिरोये हुए हीरे मोती और पन्ना की तरह चमक रहीं हैं। **24**
पणैत्तोळ् इळ आय्च्चि⋆ पाल् पायन्द कोङ्गै⋆ अणैत्तार उण्डु⋆ किडन्द इ प्पिळ्ळै⋆ इणैक्कालिल् वेळ्ळि त्तळै⋆ निन्रिलङ्गुम्⋆ कणैक्कालिरुन्दवा काणीरे⋆ कारिगैयीर्! वन्दु काणीरे! ॥३॥	सलोनी नारियां ! यहां आकर देखो, दोनो पैरों में चांदी के वलय धारण किये हुए प्रभु, किस तरह तरूण वांस की तरह आकर्षक हाथ वाली नवयुवती गोपी के दुग्धपूर्ण स्तन पान कर सोये हैं। **25**

उऴन्दाऴ् नऱ्नॆय्⋆ ओरोर् तडा उण्ण⋆ इऴन्दाऴ् एरिविनाल्⋆ ईर्त्तॆऴिल् मत्तिन्⋆ पऴन् ताम्पाल् ओच्च⋆ प्पयत्ताल् तवऴ्न्दान्⋆ ⁊ मुऴन्दाऴ् इरुन्दवा काणीरे⋆ मुगिऴ्मुलैयीर्! वन्दु काणीरे! ॥ ४ ॥	पूर्ण उरोज वाली नारियां ! यहां आकर इस बालक के सुन्दर घुटनों को देखो। मां यशोदा से बनाये गये सारे मक्खन को सभी पात्रों से खाने के बाद उनके कोपभाजन हुए। मां ने डांटते हुए जब दही मथने वाली रस्सी दिखाकर धमकाया तब डरकर मस्तक नीचा कर वहां से दूर हट गये। **26**
पिऱङ्गिय पेय्च्चि⋆ मुलै शुवैत्तुण्डिट्टु⋆ उऱङ्गुवान् पोले⋆ किडन्द इ प्पिळ्ळै⋆ मऱङ्गॊळ् इरणियन्⋆ मार्बै मुन् कीण्डान्⋆ कुऱङ्गुगळै वन्दु काणीरे⋆ कुविमुलैयीर्! वन्दु काणीरे! ॥ ५ ॥	ऊन्नत उरोज वाली नारियां ! यहां आकर इस बालक के सुन्दर जांघों को देखो जिन्होंने पूतना राक्षसी के स्तन पान करते करते उसके प्राण खींचकर सोये हुए बालक की तरह उसके वक्षस्थल पर पड़े रहे। पूर्व में इन्होंने द्वेष से पूर्ण हिरण्यकशिपु के हृदय को चीर डाला था। **27**
मत्त क्कळिऱ्ऱु⋆ वशुदेवर् तम्मुडै⋆ शित्तम् पिरियाद⋆ देवकि तन् वयिऱ्ऱिल्⋆ अत्तत्तिन् पत्ताम् आळ्⋆ तोन्रिय अच्चुतन्⋆ मुत्तम् इरुन्दवा काणीरे⋆ मुगिऴ्नगैयीर्! वन्दु काणीरे! ॥ ६ ॥	मृदुमुस्कान वाली नारियां ! यहां आकर अच्युत के गेंद को देखो, जिनका जन्म हस्ता से दसवें दिन, ताकतवर हाथियों के स्वामी, वसुदेव की प्रिय भार्या देवकी के गर्भ से हुआ है। **28**
इरुङ्गै मदगळिऱु⋆ ईर्क्किन्रवनै⋆ परुङ्गि प्परित्तु क्कॊण्डु⋆ ओडुम् परमन् तन्⋆ नॆरुङ्गु पवळमुम्⋆ नेर्नाणुम् मुत्तुम्⋆ मरुङ्गुम् इरुन्दवा काणीरे⋆ वाणुदलीर्! वन्दु काणीरे! ॥ ७ ॥	आभापूर्ण ललाटवाली नारियां ! यहां आकर देखो, प्रभु के हीरे और मोती से जड़े हुए कमरबन्द को। ये जब दौड़ते हैं तब लगता है मदमत्त हाथी किसी अन्य मारे गये हाथी को सूंढ़ से खींच रहा हो। **29**

वन्द मदलै⋆ क्कुळात्तै वलिशैय्दु⋆ तन्द क्कळिरु पोल्⋆ ताने विळैयाडुम्⋆ नन्दन् मदलैक्कु⋆ नन्ऱुम् अळगिय⋆ उन्दि इरुन्दवा काणीरे⋆ ऑळियिळैयीर्! वन्दु काणीरे! ॥८॥	सुन्दर आभूषणों से सजी नारियां ! यहां आकर देखो, नंदगोप के दुलारे के गंभीर नाभि को । अन्य बच्चों की उपस्थिति को भुलाते हुए ये मतवाले हाथी की तरह स्वयं अकेले खेलते रहते हैं। **30**
अदिरुम् कडल्निऱ वण्णनै⋆ आयच्चि मदुर मुलै ऊट्टि⋆ वञ्जित्तु वैत्त⋆ पदऱ प्पडामे⋆ पळन् ताम्पाल् आर्त्त⋆ उदरम् इरुन्दवा काणीरे⋆ ऑळिवळैयीर्! वन्दु काणीरे! ॥९॥	सुन्दर कंगनों से सजी नारियां ! यहां आकर देखो, सांवले सलोने प्रभु के उदर को। मां ने मृदु स्तन पाान करा चुपके से इन्हे जगाये विना एक पुरानी रस्सी से बांध दिया। **31**
पॆरुमा उरलिल्⋆ पिणिप्पुण्डिरुन्दु⋆ अङ्गु इरुमा मरुदम्⋆ इऱुत्त इ प्पिळ्ळै⋆ कुरुमा मणिप्पूण्⋆ कुलावि त्तिगळुम्⋆ तिरुमार् बिरुन्दवा काणीरे⋆ शेयिळैयीर्! वन्दु काणीरे! ॥१०॥	सुन्दर आभूषणों से सजी नारियां ! यहां आकर देखो, मणि से चमकते इनके सुन्दर जाज्वल्यमान वक्षस्थल को।ओखल में रस्सी से बंधने पर दो अर्जुन वृक्षों के बीच से भारी ओखल के साथ सरकते हुए उन वृक्षों को उखाड़ डाले। **32**
ताळै निमिर्त्तु⋆ च्चगडत्तै च्चाडि प्पोय्⋆ वाळ् कॊळ् वळै एयिट्रु⋆ आरुयिर् वव्विनान्⋆ तोळ्गाळ् इरुन्दवा काणीरे⋆ शुरिगुळलीर्! वन्दु काणीरे! ॥११॥	सुन्दर घुंघराले बाल वाली नारियां ! यहां आकर देखो, इनके सुन्दर बाहों को।चार पांच महीने की अवस्था में इन्होंने शकटासुर दुष्ट राक्षस को जो छद्म वेष से गाड़ी का रूप धारण कर रखा था नष्ट कर दिया। छद्म मुस्कान वाली पूतना का स्तन पान के बहाने प्राण हर लिया। **33**
मै तडङ्कणि⋆ यशोदै वळर्क्किन्ऱ⋆ शॆय्त्तलै नील निऱत्तु⋆ च्चिऱु प्पिळ्ळै⋆ नॆय्त्तलै नेमियुम्⋆ शङ्गुम् निलाविय⋆ कैत्तलङ्गळ् वन्दु काणीरे⋆ कनङ्गुळैयीर्! वन्दु काणीरे! ॥१२॥	सुन्दर कान की आभूषण से सज्जित नारियां ! यहां आकर देखो, विस्तृत कजरारी नयनों वाली यशोदा के बगीचे के सुन्दर श्यामल सलोने खिले हुए पुष्प को। इनके ही ये सुन्दर बांहें शंख और चक्र धारण करते हैं। **34**

वण्डमर् पूङ्गुळल्⋆ आय्च्चि मगनाग⋆ कॊण्डु वळर्क्किन्र⋆ कोवल क्कुट्टर्कु⋆ अण्डमुम् नाडुम्⋆ अडङ्ग विळुङ्गिय⋆ कण्डम् इरुन्दवा काणीरे⋆ कारिगैयीर् ! वन्दु काणीरे ! ॥१३॥	सुन्दर वारांगनाओं ! यहां आकर देखो मधुमक्खी को लुभाने वाले सुन्दर फूलों की जूड़ा वाली यशोदा ने इन्हें अपने पुत्र की तरह पाला पोसा। संपूर्ण जगत को निगल कर अपने मुंह में रखने वाले इनके सुन्दर गले को तो देखो।**35**
एम् तॊण्डै वाय् च्चिङ्गम्⋆ वा एन्रॆडुत्तु क्कॊण्डु⋆ अन्दॊण्डै वाय्⋆ अमुदादरित्ताय्च्चियर्⋆ तम् तॊण्डै वायाल्⋆ तरुक्कि प्परुगुम्⋆ इ– च्चॆन् तॊण्डै वाय् वन्दु काणीरे⋆ शेयिळैयीर् ! वन्दु काणीरे ! ॥१४॥	सुन्दर आभूषणों से सजी नारियां ! यहां आकर देखो, नवेली गोपियां इन्हें उठाते हुए बोलतीं "आओ मेरे प्रिय मृगशावक" । पूनः इनका मुख चूमकर सुधा रसपान का लाभ उठातीं। **36**
नोक्कि यशोदै⋆ नुणुक्किय मञ्जळाल्⋆ नाक्कु वळित्तु⋆ नीराट्टुम् इन्नम्बिक्कु⋆ वाक्कुम् नयनमुम्⋆ वायुम् मुरुवलुम्⋆ मूक्कुम् इरुन्दवा काणीरे⋆ मॊय्गुळलीर् ! वन्दु काणीरे ! ॥१५॥	सुन्दर घने बालों वाली नारियां ! यहां आकर देखो, नये हल्दी के चूर्ण से यशोदा स्नान करा इनका जीभ साफ करतीं। देखो, इनके आंख, नाक और मुस्कान भरे मुंह कितने आकर्षक हैं। **37**
विण्गॊळ् अमरर्गळ्⋆ वेदनै तीर⋆ मुन् मण्गॊळ् वशुदेवर्⋆ तम् मगनाय् वन्दु⋆ तिण्गॊळ् अशुररै⋆ त्तेय वळर्किन्रान्⋆ कण्गळ् इरुन्दवा काणीरे⋆ कनवळैयीर् ! वन्दु काणीरे ! ॥१६॥	सुन्दर स्वर्ण कंगनों से सजी नारियां ! यहां आकर देखो, देवताओं के दुःख मिटाने के लिए ये पृथ्वी पर वसुदेव के पुत्र के रूप में अवतार लिये और बढ़ती उम्र के साथ असुरों का नाश करत रहे। इनके सुन्दर आंख को तो देखो। **38**

परुवम् निरम्बामे⋆ पारॆल्लाम् उय्य⋆ तिरुविन् वडिवॊक्कुम्⋆ देवकि पॆट्र⋆ उरुवु करिय⋆ ऒळि मणिवण्णन्⋆ पुरुवम् इरुन्दवा काणीरे⋆ पूण्मुलैयीर्! वन्दु काणीरे! ॥१७॥	आभूषित उरोज वाली नारियां ! यहां आकर देखो। सुन्दर श्याम मणि के वर्ण वाले बालक लक्ष्मी तुल्य देवकी के पुत्र हैं। वचपनावस्था में भी ये संसार से मुक्ति दिला रहे हैं। इनके सुन्दर भुवाअंक को तो देखो। **39**
मण्णुम् मलैयुम्⋆ कडलुम् उलगेळुम्⋆ उण्णुन् तिरत्तु⋆ मगिळ्न्दुण्णुम् पिळ्ळैक्कु⋆ वण्णम् एळिल्गॊळ्⋆ मगरक्कुळै इवै⋆ तिण्णम् इरुन्दवा काणीरे⋆ शेयिळैयीर्! वन्दु काणीरे! ॥१८॥	आभूषित सुन्दर नारियां ! यहां आकर देखो इस बालक के सोने के सुन्दर मकराकृत कुण्डल को।प्रलयकाल में ये आनन्दपूर्वक सात लोक, सात पृथ्वी, सात पर्वतसमूह, एवं सात समुद्र को आत्मसात कर लेते हैं। **40**
मुट्रिलुम् तूदैयुम्⋆ मुन्गैम्मेल् पूवैयुम्⋆ शिट्रिल् इळैत्तु⋆ त्तिरिदरुवोर्गळै⋆ पट्रि प्परित्तु क्कॊण्डु⋆ ओडुम् परमन् तन्⋆ नॆट्रि इरुन्दवा काणीरे⋆ नेरिळैयीर्! वन्दु काणीरे! ॥१९॥	सुन्दर आभूषणें वाली नारियां ! यहां आकर प्रभु के सुन्दर ललाट को देखो। बालु से घरौंदा का खेल खेलने वाली गोपियों के हाथ से चवंर, पात्र, और तालपत्र के खिलौनों को छीनकर भाग जाते हैं। **41**
अळगिय पैम् पॊन्निन्⋆ कोल् अङ्गै क्कॊण्डु⋆ कळल्गाळ् शदङ्गै⋆ कलन्देङ्गुम् आर्प्प⋆ मळ कन्रिनङ्गळ्⋆ मरित्तु त्तिरिवान्⋆ कुळल्गाळ् इरुन्दवा काणीरे⋆ कुविमुलैयीर्! वन्दु काणीरे! ॥२०॥	पूर्ण उरोज वाली नारियां ! यहां आकर इनके घुंघराले सुन्दर केश को देखो। कैसे ये सलोने हाथ में स्वर्ण छड़ी लिये छोटे बछड़ों के समूह को चराते हैं। इनके पाजेब और पादुका से कैसी मनोहर संगीतमय ध्वनि निकलती है। **42**

‡शुरुप्पार् कुळत्ति⋆ यशोदै मुन् शॊन्न⋆ तिरु प्पादकेशत्तै⋆ त्तॆन्पुदुवै प्पट्टन्⋆ विरुप्पाल् उरैत्त⋆ इरुपदोडॊन्ऱुम् उरैप्पार् पोय्⋆ वैगुन्दत्तॊन्ऱि इरुप्परे ! ॥ २१ ॥	पुदुवै (श्रीविल्लीपुत्तुर) के पत्तारबिरन के ये इक्कीश पद यशोदा द्वारा कृष्ण के चिर प्रसिद्ध पादकेशान्तक अलंकार का वर्णन करते हैं। इसका गान वैकुंठ लोक की प्राप्ति कराता है। **43**

श्रीमते रामानुजाय नमः

4 मणिक्कङ्कट्टि (44-53)

तिरूत्तालाट्टू (भगवान कृष्ण को झूला एवं पालने में प्रसन्न रखने के लिए भिन्न प्रकार के लोरी गीत सुनानाा)

‡माणिक्कम् कट्टि⋆ वयिरम् इडै कट्टि⋆ आणि प्पॊन्नाल् शॆय्द⋆ वण्ण च्चिऱु तॊट्टिल्⋆ पेणि उनक्कु⋆ प्पिरमन् विडुतन्दान्⋆ माणि क्कुऱळने ! तालेलो ! ⋆ वैयम् अळन्दाने ! तालेलो ! ॥१॥	नंगा मणिक्कन ! ब्रह्मा ने आपके लिए रत्नजटित स्वर्ण का झूला भेजा है। आपने पृथ्वी को मापा ! तालेलो ! 44
उडैयार् कनमणियोडु⋆ ऒण् मादुळम्पू⋆ इडै विरवि क्कोत्त⋆ ऎऴिल् तॆऴ्गिनोडु⋆ विडै एऱु कापालि⋆ ईशन् विडुतन्दान्⋆ उडैयाय् ! अऴेल् अऴेल् तालेलो ! ⋆ उलगम् अळन्दाने ! तालेलो ! ॥२॥	भैंसा वाहक शिव ने आपके लिए सोने का कमरधनि भेजा है जिसमे सोने एवं मणि के दाने एक के बाद एक गुंथे हैं। मेरे प्रभु, आप रोना बंद कीजिये। रोईये मत, तालेलो ! आपने पृथ्वी को मापा ! तालेलो ! 45
ऎन् तम्बिरानार्⋆ ऎऴिल् तिरुमार्वर्क्कु⋆ शन्दम् अऴगिय⋆ तामरै त्ताळर्क्कु⋆ इन्दिरन् तानुम्⋆ ऎऴिल् उडै क्किण्किणि⋆ तन्दुवनाय् निन्ऱान् तालेलो ! ⋆ तामरै क्कण्णने ! तालेलो ! ॥३॥	प्रभापूर्ण वक्षस्थल एवं सुन्दर चरण कमल वाले प्रभु के दोनों पैरों में बंधे घुंघुरू इन्द्र ने दिये। तालेलो ! कमलनयन ! तालेलो ! 46

शङ्गिन् वलम्बुरियुम्⋆ शेवडि क्किण्किणियुम्⋆ अङ्गै च्चरिवळैयुम्⋆ नाणुम् अरैत्तॊडरुम्⋆ अङ्गण् विशुम्बिल्⋆ अमरर्गळ् पोत्तन्दार्⋆ शॆङ्गण् करुमुगिले ! तालेलो !⋆ देवकि शिङ्गमे ! तालेलो ! ॥ ४ ॥	उन्मुक्त आकाश से देवताओं ने दक्षिणावर्त शंख, पाजेव, कंगन, गले का हार एवं कमरबन्द भेजा है। लोहितनयन श्यामवदन ! तालेलो ! देवकी के मृग शावक ! तालेलो ! **47**
एळिल् आर् तिरुमार्वुक्कु⋆ एर्कुम् इवै एन्रु⋆ अळगिय ऐम्बडैयुम्⋆ आरमुम् कॊण्डु⋆ वळुविल् कॊडैयान्⋆ वयिच्चिर रावणन्⋆ तॊळुदुवनाय् निन्रान् तालेलो !⋆ तूमणि वण्णने ! तालेलो ! ॥ ५ ॥	ऊत्तर दिशा के देवता वशिरावना, हस्त अंजलि खड़े होकर, आपके प्रभापूर्ण वक्षस्थल के सुन्दरता एवं आकार के समरूप, आकर्षक गले का हार समर्पित कर रहे हैं जो विष्णु के पांचो आयुधों के आकार के दानों से बने हैं। तालेलो ! निष्पाप श्याम वदन प्रभु ! तालेलो ! **48**
ओद क्कडलिन्⋆ ऑळिमुत्तिन् आरमुम्⋆ शादि प्पवळमुम्⋆ शन्द च्चरिवळैयुम्⋆ मा तक्क एन्रु⋆ वरुणन् विडुतन्दान्⋆ शोदि च्चुडर् मुडियाय् ! तालेलो !⋆ शुन्दर त्तोळने ! तालेलो ! ॥ ६ ॥	वरूण ने आपके समरूप कंगण एवं मूंगे का हार तथा गहरे समुद्र से प्राप्त होने वाले मोती का माला भेजा है। प्रदीप्त मुकुट वाले ! तालेलो ! सुन्दरवाहु ! तालेलो ! **49**
कान् आर् नरुन्दुळाय्⋆ कैशॆय्द कण्णियुम्⋆ वान् आर् शॆळुञ्जोलै⋆ क्कर्पगत्तिन् वाशिगैयुम्⋆ तेन् आर् मलर्मेल्⋆ तिरुमङ्गै पोत्तन्दाळ्⋆ कोने ! अळेल् अळेल् तालेलो !⋆ कुडन्दै क्किडन्दाने ! तालेलो ! ॥ ७ ॥	अमृतमयी कमल पर आसीन लक्ष्मी ने ताजी तुलसी का हार तथा ऊंचे आकाश से धनुषधारियों द्वारा प्राप्त होने वाले करपक्कम के फूल का माला भेजा है। मेरे प्रभु रोइये मत ! तालेलो ! क्षीरसागरशायी प्रभु ! तालेलो ! **50**

कच्चॊडु पॊर्शुरिगै⋆ काम्बु कनगवळै⋆ उच्चि मणिच्चुट्टि⋆ ऑण् ताळ् निरै प्पॊर्पू⋆ अच्चुतनुक्कॆन्ऱु⋆ अवनियाळ् पोत्तन्दाळ्⋆ नच्चुमुलै उण्डाय् ! तालेलो ! ⋆ नारायणा ! अळेल् तालेलो ! ॥८॥	पृथ्वी ने कपड़े को बांधने वाला सोने का डंडल, सोने का कंगन, रत्नजटित ललाट का आभूषण और सुन्दर फूल जैसा सोने का केशपाश भेजा है। अच्युत ! जिसने जहरीला स्तन का पान किया, तालेलो ! नारायण, रोइये मत !! तालेलो ! **51**
मॆय् तिमिरुम् नान⋆ पॊडियोडु मञ्जळुम्⋆ शॆय्य तडङ्गण्णुक्कु⋆ अञ्जनमुम् शिन्दुरमुम्⋆ वॆय्य कलैप्पागि⋆ कॊण्डु वळाय् निन्ऱाळ्⋆ ऐया ! अळेल् अळेल् तालेलो ! ⋆ अरङ्गत्तणैयाने ! तालेलो ! ॥९॥	हिरण पर सवार पार्वती स्नान के लिये सुगन्धित इत्र, हल्दी चूर्ण, राजीव नयन के लिए काजल और रोड़ी श्री लिये खड़ी हैं। प्रभु रोइये मत ! तालेलो ! क्षीरसमुद्र में शेषशायी ! तालेलो ! **52**
‡ वञ्जनैयाल् वन्द⋆ पेय्च्चि मुलै उण्ड⋆ अञ्जन वण्णनै⋆ आय्च्चि तालाट्टिय⋆ शॆञ्जॊल् मऱैयवर् शेर्⋆ पुदुवै प्पट्टन् शॊल्⋆ एञ्जामै वल्लवर्क्कु⋆ इल्लै इडर्ताने ॥१०॥	वेदपाठी भक्तों वाले पुदुवै (श्रीविल्लीपुत्तुर) के पत्तारबिरन के ये दस पद, श्याम वदन प्रभु जिन्होने पूतना का जहरीला स्तन पिया, के मनोरंजन के लिए यशोदा के लोरी गीत को दुहराते हैं। जो इसका श्रद्धा से पाठ करेगा उसे कोइ दुःख नहीं होगा। **53**

<table>
<tr><td colspan="2">

श्रीमते रामानुजाय नमः

5 तन्मुगत्तु (54-63)

अम्बुलि प्परूवम् (भगवान कृष्ण के मनोरंजन के लिए आकाश से चांद को उनके पास बुलाना)

</td></tr>
<tr><td>तन्मुगत्तु च्चुट्टि⋆ तूङ्ग तूङ्ग त्तवळन्दु पोय्⋆
पॉन्मुग क्किण्किणि आर्प्प⋆ प्पुळुदि अळैगिन्ऱान्⋆
एन् मगन् गोविन्दन्⋆ कूत्तिनै इळ मा मदी !⋆
निन्मुगम् कण्णुळ आगिल्⋆ नी इङ्गे नोक्कि प्पो॥१॥</td><td>हे चांद ! अगर आपके पास आंखें हैं, तो हमारे नटखट गोविन्द को आकर देखिये।जब वे रेंगते हैं, तब धूल उठते हैं, उनके ललाट का आभूषण हिलता है, तथा पाजेब बजता रहता है।54</td></tr>
<tr><td>एन् शिरुक्कुट्टन्⋆ एनक्कोर् इन्नमुदेम् पिरान्⋆
तन् शिरु क्कैगळाल्⋆ काट्टि क्काट्टि अळैक्किन्ऱान्⋆
अञ्जन वण्णनोडु⋆ आडल् आड उऱुदियेल्⋆
मञ्जिल् मऱैयादे⋆ मा मदी ! मगिळ्न्दोडिवा॥२॥</td><td>हे महान चांद ! मेरे श्यामल सलोने बालक, मेरे अमृततुल्य प्रभु, आपको अपने सुन्दर छोटे हाथों से अपने पास बुलाते हैं। अगर आप इनके साथ खेलना चाहते हैं, तब बादलों के पीछे न छिपकर खुशी पूर्वक दौड़ते हुये आइये।55</td></tr>
<tr><td>शुट्टुम् ऑळिवट्टम्⋆ शूळ्न्दु जोदि परन्देङ्गुम्⋆
एत्तनै शॅय्यिनुम्⋆ एन्मगन् मुगम् नेरॉव्वाय्⋆
वित्तगन् वेङ्गड वाणन्⋆ उन्नै विळिक्किन्ऱ⋆
कैत्तलम् नोवामे⋆ अम्बुली ! कडिदोडिवा॥३॥</td><td>हे चमकते चांद ! मेरे श्यामल सलोने बालक के मुख सौंदर्य की अपेक्षा आपकी चांदनी फीकी है।वेंकटम के निवासी हमारे प्रभु, आपको बुला रहे हैं। शीघ्र आइये, ऐसा न हो कि आपके बुलाते बुलाते उनके हाथ दुखने लगें। 56</td></tr>
<tr><td>शक्कर क्कैयन्⋆ तडङ्कण्णाल् मलर विळित्तु⋆
ऑक्कलैमेल् इरुन्दु⋆ उन्नैये शुट्टि क्काट्टुम्काण्⋆
तक्कदऱिदियेल्⋆ चन्दिरा ! शलम् शॅय्यादे⋆
मक्कळ् पॅऱाद⋆ मलडन् अल्लैयेल् वा कण्डाय्॥४॥</td><td>हे पूर्णिमा के चांद ! मेरे चक्रधारी प्रभु, हमारे कमर पर बैठे हैं और अपनी चमकती आंखों से आपकी ओर देखकर संकेत कर रहे हैं। आपको जैसा उचित लगे कीजिए। हां, अगर आप संतान वाले हैं, तो इनके संकेत पर शीघ्र इनके पास आइए। 57</td></tr>
</table>

अळगिय वायिल्⋆ अमुद ऊरल् तॆळिवुरा⋆ मळलै मुट्राद इळञ्जॊल्लाल्⋆ उन्नै क्कूवुगिन्ऱान्⋆ कुळगन् शिरीदरन्⋆ कूवक्कूव नी पोदियेल्⋆ पुळैयिल आगादे⋆ निन्शॆवि पुगर् मा मदी ! ॥५॥	हे बड़े आकार वाले चमकते चांद ! हमारे श्रीधर, अपने मुंह से लार टपकाते हुए न समझने लायक शब्दों से बहुत बात कर रहें हैं। साथ ही मधुर किलकारियों से आपको बुलाते हैं। अगर आप इनकी उपेक्षा करते रहे तो इसका यह अर्थ होगा कि आपके कान बिना श्रवण छिद्र के हैं।**58**
तण्डॊडु चक्करम्⋆ शारङ्गम् एन्दुम् तडक्कैयन्⋆ कण् तुयिल् कॊळ्ळ क्करुदि⋆ क्कॊट्टावि कॊळ्गिन्ऱान्⋆ उण्ड मुलैप्पाल् अऱा कण्डाय्⋆ उरङ्गाविडिल्⋆ विण्तनिल् मन्निय⋆ मा मदी ! विरैन्दोडिवा॥६॥	हे विस्तृत आकाश वाले चमकते चांद ! हमारे प्रभु के वे शक्तिशाली हाथ जो चक्र, गदा, एवं धनुष धारण करते हैं,सोने के लिये अंगड़ाई भर रहे हैं। अगर नहीं सोयेंगे, तब जो स्तन पान से इन्होंने दूध पिया है वह पचेगा नही। अतः शीघ्र आप इनके पास आइए।**59**
बालकन् एन्ऱु⋆ परिबवम् शॆय्येल्⋆ पण्डॊरु नाळ् आलिन् इलै वळर्न्द⋆ शिऱुक्कन् अवन् इवन्⋆ मेल् एळ प्पायन्दु⋆ पिडित्तुक्कॊळ्ळुम् वॆगुळुमेल्⋆ मालै मदियादे⋆ मा मदी ! मगिळ्न्दोडिवा॥७॥	हे वृहत चांद ! ऐसा नहीं सोचिये कि ये एक छोटे बालक हैं। आप जानते होंगे कि पूर्व में ये संपूर्ण संसार को निगल कर आनंद से बट के बड़े पत्ते पर चित्त सोये थे। अगर इनको क्रोध आया तो उछल कर आपको पकड़ लेंगे। आप अपना मान सम्मान छोड़कर स्वयं यहां आइये। **60**
शिऱियन् एन्ऱॆन् इळञ्जिङ्गत्तै⋆ इगळेल् कण्डाय्⋆ शिऱुमैयिन् वार्त्तैयै⋆ मावलियिडै च्चॆन्ऱु केळ्⋆ शिऱुमै प्पिळै कॊळ्ळिल्⋆ नीयुम् उन् तेवैक्कुरियै काण्⋆ निऱैमदी ! नॆडुमाल्⋆ विरैन्दुन्नै क्कूवुगिन्ऱान्॥८॥	हे पूर्ण चंद्र ! हमारे मृगशावक को छोटा समझ उपहास नहीं कीजिये। इनके लघु आकार का अर्थ महाबली से समझिये। अगर आप इनके प्रति उपेक्षा कि गलती को स्वीकार कर लेंगे तो इनके दया के पात्र हो जायेंगे। समस्त संसार के नाथ आपको बुला रहे हैं। शीघ्रता कीजिये। **61**

तालियिल् वॆण्णॆय् तडङ्गै आर विळुङ्गिय पेळै वयिट्रॆम् पिरान् कण्डाय् उन्नै क्कूवुगिन्ऱान् आलि कॊण्डुन्नै एरियुम् ऐयुरवु इल्लै काण् वाळ उरुदियेल् मा मदी ! मगिळ्न्दोडिवा॥९॥	हे वृहत चांद ! हमारे प्रभु अपने लंबे हाथ द्वारा स्वयं वर्त्तनों से मक्खन निकालकर अपना पेट भरकर खाये और आपको बुलाते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ये अपना चक्र आप पर चला सकते हैं। अगर आप जीवित रहना चाहते हैं तो स्वेक्षा से दौड़ते हुए आइये। **62**
मैत्तडङ्गण्णि यशोदै तन् मगनुक्कु इवै ऒत्तन शॊल्लि उरैत्त माट्रम् ऒळिपुत्तूर् वित्तगन् विट्टुशित्तन् विरित्त तमिळ् इवै एत्तनैयुम् शॊल्ल वल्लवरक्कु इडर् इल्लैये॥१०॥	प्रसिद्ध पुदुवै (श्रीविल्लीपुत्तुर) के श्रीविष्णुचित्त स्वामी ने इन दस पदों में कजरारे नयन यशोदा के अपने लाड़ले के लिए कहे हुए मधुर शब्दों को दोहराया है। जो इसका किसी तरह भी पाठ करेगा उसे कभी कोई दुःख नहीं होगा। **63**

श्रीमते रामानुजाय नमः

6 उय्यवुलगु (64-74)

शङ्गीरै प्परूवम् (भगवान कृष्ण सिर उठाकर रेंगने का उपक्रम करते हैं) अगर अभी रेंगना है तो नाचेंगे कैसे जो कि बाद के 64 ‑74 के पदों में वर्णित है।

उय्य उलगु पडैत्तुण्ड मणिवयिरा !★ ऊळिदोऱुळि पल आलिन् इलै अदन्मेल्★ पैय उयोगु तुयिल् कॊण्ड परम्परने !★ पङ्कय नीळ् नयनत्तञ्जन मेनियने !★ शॆय्यवळ् निन् अगलम् शेमम् एन क्करुदि★ शॆल्वु पॊलि मकर क्कादु तिगळ्न्दिलग★ ऐय ! एनक्कॊरु काल् आडुग शॆङ्गीरै★ आयर्गळ् पोरेरे ! आडुग आडुगवे॥१॥	आभूषण जड़ित देवाधिदेव ! आप सृष्टि की रचना करते हैं, और पुनः उसे अपने आप में आत्मसात् कर बहुत बहुत लंबे समय के लिए बट पत्र पर योग निद्रागामी हो जाते हैं। श्यामल गात, राजीव नयन ! लक्ष्मी माता आपके विशाल वक्षस्थल में निरंतर निवास करती हैं। गोपवंश वृषभ ! नाचिए। आपके नृत्य से कान के स्वर्ण मकराकृत कुण्डल मुग्धकारी रूप से हिलते हैं। शङ्गीरै नाचिए।**64**
कोळरियिन् उरुवङ्कॊण्डवुणन् उडलम्★ कुरुदि कुळम्बि एळ क्कुरुगिराल् कुडैवाय् !★ मीळ अवन् मगनै मॆय्म्मै कॊळ क्करुदि★ मेलै अमरर्पति मिक्कु वॆगुण्डु वर★ काळ नन् मेगमवै कल्लॊडु काल् पॊळिय★ करुदि वरै क्कुडैया क्कालिगळ् काप्पवने !★ आळ ! एनक्कॊरु काल् आडुग शॆङ्गीरै★ आयर्गळ् पोरेरे ! आडुग आडुगवे॥२॥	अति भयकारी नृसिंह रूप में हिरण्यकशिपु का पेट फाड़कर उसके खून से होली खेली और परम भक्त (उसके पुत्र प्रेहलाद) की रक्षा की। देवताओं के राजा इन्द्र ने कोध में काले बादल भेजकर तूफानमयी वर्षा की, तब आपने पर्वत (गोवर्धन) हाथ मे छत्रवत लेकर गायों की प्राणरक्षा की। गोपवंश के शक्तिशाली वृषभ ! हमारे प्रभु ! हमारे हेतु एक बार नाचकर दिखा दीजिए। शङ्गीरै नाचिए।**65**
नम्मुडै नायकने ! नान्मऱैयिन् पॊरुळे !★ नावियुळ् नर्कमल नान्मुगनुक्कु★ ऑरु काल् तम्मनै आनवने ! दरणि तलमुळुदुम्★ तारगैयिन् उलगुम् तडवि अदन् पुऱमुम्★ विम्म वळर्न्दवने ! वेळमुम् एळ् विडैयुम्★ विरविय वेलैदनुळ् वॆन्ऱु वरुबवने !★ अम्म ! एनक्कॊरु काल् आडुग शॆङ्गीरै★ आयर्गळ् पोरेरे ! आडुग आडुगवे॥३॥	आप चारों वेद के परम तत्व हैं। आपके नाभिकमल पर आसीन ब्रह्मा को मधु कैटभ से बचाया। त्रिविकम का रूप धारण कर, पृथ्वी, आकाश गंगा और उससे भी ऊपर अपने पैरों से नापा। कुवलयपीड़ हाथी को पराजित किया, तथा सात साढ़ों को हराकर नप्पिनाय (नीला देवी) को वरण किया। प्रभु ! नाचिए । शङ्गीरै नाचिए।**66**

<table>
<tr>
<td>वानवर्ताम् मगिऴ वन् शकटम् उरुळ⋆
वञ्ज मुलैप्पेयिन् नञ्जम् अदुण्डवने ! ⋆
कानग वल् विळविन् काय् उदिर क्करुदि⋆
कन्ऱ्दु कॊण्डॆरियुम् करुनिऱ् एन् कन्ऱे ! ⋆
तेनुगनुम् मुरनुम् तिण्तिऱल् वॆन्नरकन्⋆
एन्बवर् ताम् मडिय च्चॆरुवदिर च्चॆल्लुम्⋆
आनै ! एनक्कुऒरु काल् आडुग शॆङ्गीरै⋆
आयर्गळ् पोऱेऱे ! आडुग आडुगवे ॥ ४ ॥</td>
<td>जब आपने शकटासुर का नाश किया, और पूतना राक्षसी के प्राण खींचे, तब देवताओं ने उत्सव मनाया। हमारे श्यामल वत्स ! जब आपने वत्सासुर को ताड़ वृक्ष पर पटक मारा तो सारे वृक्षों के फल जमीन पर आ गिरे। आपने भयंकर धेनुकासुर, मुर, तथा नरकासुर को, पृथ्वी को कंपाने वाले युद्ध में नाश किया।हमारे गजेन्द्र ! नाचिए। शङ्गीरै नाचिए।67</td>
</tr>
<tr>
<td>मत्तळवुम् तयिरुम् वार्कुळल् नन्मडवार्⋆
वैत्तन नॆय् कळवाल् वारि विळुङ्गि⋆ ऒरुङ्गु
ऒत्त इणैमरुदम् उन्निय वन्दवरै⋆
ऊरु करत्तिनॊडुम् उन्दिय वॆन्दिऱल्लोय् ! ⋆
मुत्तिन् इळ मुऱुवल् मुढ़ वरुवदन्मुन्⋆
मुन्न मुगत्तणि आर् मॊय्कुळल्गळ् अलैय⋆
अत्त ! एनक्कॊरु काल् आडुग शॆङ्गीरै⋆
आयर्गळ् पोऱेऱे ! आडुग आडुगवे ॥ ५ ॥</td>
<td>शक्तिशाली प्रभु ! आपने सुन्दर लंबे केशवाली गोपियों द्वारा श्रम से एकत्रित दही, मक्खन, एवं घी चोरी से खा गये। मारूडु के युगल पेड़ ने जब आपको क्षति पहुचाने का सोचा तो अपने मजबूत हाथों से आपने उनका नाश किया। अर्द्धविकशित दातों को दर्शाते हुए मुस्कारिये , और घुंघराले बालों को नचाते हुए नाचिए। शङ्गीरै नाचिए।68</td>
</tr>
<tr>
<td>काय मलर्निऱवा ! करुमुगिल् पोल् उरुवा ! ⋆
कानग मा मडुविल् काळियन् उच्चियिले⋆
तूय नडम् पयिल्लुम् शुन्दर एन् शिऱुवा ! ⋆
तुङ्ग मदक्करियिन् कॊम्बु परित्तवने ! ⋆
आयम् अरिन्दु पॊरुवान् एदिर्वन्द मल्लै⋆
अन्दरम् इन्रि अऴित्ताडिय ताळिणैयाय् ! ⋆
आय ! एनक्कॊरु काल् आडुग शॆङ्गीरै⋆
आयर्गळ् पोऱेऱे ! आडुग आडुगवे ॥ ६ ॥</td>
<td>श्यामवदन घनश्याम प्रभु ! हमारे सलोने संताान ! आपने जंगल की गहरी खाड़ी में कालिय नाग के शिरों पर अपने विशुद्ध चपल पैरों से सुन्दर नृत्य किया।कुवलयापीड़ हाथी के सूढ़ को उखाड़ फेंका। आसानी भयंकर पहलवानों को मल्ल युद्ध में परास्त किया। नाचिए हमारे प्रभु। शङ्गीरै नाचिए।69</td>
</tr>
</table>

तुप्पुडै आयर्गळ् तम् शॊल् वळुवादॊरु काल्★ तूय करुङ्गुळल् नल् तोगैमयिल् अनैय★ नप्पिनै तन् तिरमा नल् विडै एळ् अविय★ नल्ल तिरल् उडैय नातनुम् आनवने !★ तप्पिन पिळ्ळैगळै त्तनमिगु शोदिपुग★ तनि ऒरु तेर् कडवि त्तायॊडु कूट्टिय★ एन् अप्प ! एनक्कॊरु काल् आडुग शॆङ्गीरै★ आयर्गळ् पोरेरे ! आडुग आडुगवे॥७॥	गोपजनों की प्रतियोगिता में सात वृषभों को परास्त कर आपने सुन्दर एवं काले केशोंवाली जंगल की अप्रतिम सुन्दर मोरनी, नप्पिनाय से पाणि ग्रहण किया। स्वर्ण रथ पर सवार हो शाश्वत प्रकाशमय लोक में जाकर आपने ब्राहण के खोये बच्चों को वहां से लाकर उनके मां को सुपुर्त किया। नाचिए शङ्गीरै नाचिए।**70**
‡उन्नैयुम् ऒक्कलैयिल् कॊण्डु तम् इल् मरुवि★ उन्नॊडु तङ्गळ् करुत्तायिन शॆय्दुवरुम्★ कन्नियरुम् मगिळ क्कण्डवर् कण् कुळिर★ कट्ववर् तॆट्टिवर् प्पॆट्ट एनक्करुळि★ मन्नु कुरुङ्गुडियाय् ! वॆळ्ळरैयाय् !★ मदिळ्शूळ् शोलै मलैक्करशे ! कण्णपुरत्तमुदे !★ एन् अवलम् कळैवाय् ! आडुग शॆङ्गीरै★ एळ् उलगुम् उडैयाय् ! आडुग आडुगवे॥८॥	कुरूंगुडी, वेल्लारायै एवं ऊंचे सोलिया पहाड़ों के प्रभु ! कन्नापुरम के सुमधुर अमृत ! मेरे रक्षक ! गोपियां अपने कमर पर बैठाकर आपको अपने घर ले जाकर पुनः वापस पहुंचाती हैं। उनगोपियों को प्रसन्न करने के लिये, विद्वान जनों एवं अपनी मां मेरे ऊपर कृपा करके एक बार नाचिए। सातों लोकों के प्रभु ! नाचिए । शङ्गीरै नाचिए।**71**
पालॊडु नॆय् तयिर् ऒण् शान्दॊडु शण्बगमुम्★ पङ्गयम् नल्ल करुप्पूरमुम् नारि वर★ कोल नरुम्पवळ च्चॆन्दुवर् वायिनिडै★ कोमळ वॆळ्ळि मुळै प्पोल् शिलवल् इलग★ नील निरत्तळगार् ऐम्पडैयिन् नडुवे★ निन् कनिवाय् अमुदम् इट्टु मुरिन्दु विळ★ एलु मरै प्पॊरुळे ! आडुग शॆङ्गीरै★ एळ् उलगुम् उडैयाय् ! आडुग आडुगवे॥९॥	दूध, दही एवं घी, चन्दन, कपूर, सेनपाकम, एवं कमल के मधुर सुगंध से लुभाकर, आधे आधे दंतावली से सुसज्जित मूंगावत होठ, श्याम मुखारविन्द के साथ प्रभु ! नाचिए । शङ्गीरै नाचिए।**72**

<table>
<tr>
<td>शॆङ्कमल क्कळल्लिल् शिट्रिदळ् पोल् विरल्लिल्★
शेर् तिगळ् आळिगळुम् किण्किणियुम्★ अरैयिल्
तङ्गिय पॊन्वडमुम् ताळ नन् मादुळैयिन्★
पूवॊडु पॊन्मणियुम् मोदिरमुम् किरियुम्★
मङ्गल ऐम्पडैयुम् तोळ्वळैयुम् कुळैयुम्★
मगरमुम् वाळिगळुम् शुट्टियुम् ऑत्तिलग★
एङ्गळ् कुडिक्करशे! आडुग शॆङ्गीरै★
एळ् उलगुम् उडैयाय्! आडुग आडुगवे॥१०॥</td>
<td>चरण कमल के सुन्दर पंखुड़ियों जैसी अंगुलियों में अगूंठी, पाजेब, मोती दानों से गुथे सोने के कमरबंद, हाथ की अगुलियों में सोने की अंगूठी, कंगन, पांचो आयुधों से बने गले में माला, कंधा का आभूषण, मकराकृत कुंडल, कानों में लटकता झुमका, एवं ललाट के झुलते गहने से सुसज्जित, हमारे सम्राट एवं प्रभु! नाचिए । शङ्गीरै नाचिए।73</td>
</tr>
<tr>
<td>‡अन्नमुम् मीन् उरुवुम् आळरियुम् कुरळुम्★
आमैयुम् आनवने! आयर्गळ् नायकने!★
एन् अवलम् कळैवाय्! आडुग शॆङ्गीरै★
एळ् उलगुम् उडैयाय्! आडुग आडुग एन्रु★
अन्ननडै मडवाळ् अशोदै उगन्द परिशु★
आन पुगळ् पुदुवै प्पट्टन् उरैत्त तमिळ्★
इन्निशै मालैगळ् इप्पत्तुम् वल्लार्★ उलगिल्
एण् तिशैयुम् पुगळ् मिक्किन्बम् अदॆय्दुवरे॥११॥</td>
<td>पुदुवै (श्रीविल्लीपुत्तूर) के पत्तारबिरन ने इस दस मधुर तमिल पदों में हंसगामिनी यशोदा द्वारा संपूर्ण जगत के प्रभु जिन्होंने हंस, मत्स्य, नृसिंह, मणिकिण (वामन), कच्छप के रूप में अवतार लिया, उस सातों जगत के प्रभु को "नाचिए । शङ्गीरै नाचिए" के लिये उत्प्रेरित करने वाले कथानक को गाया है। इसको कंठस्थ करने से पूर्ण आनन्द के साथ आठों दिशाओं में यश मिलेगा। 74
पेरियाऴवार तिरूवडिगळे शरणं ।</td>
</tr>
</table>

श्रीमते रामानुजाय नमः

7 मणिक्कक्किण्किणि (75-85)

शप्पाणि प्परूवम् (भगवान कृष्ण दोनो करकमलों से तााली बजाते हैं)

माणिक्क क्किण्किणि आरप्प⋆ मरुङ्गिन् मेल्⋆ आणि प्पॊन्नाल् शॆय्द⋆ आय्पॊन् उडै मणि⋆ पेणि प्पवळवाय्⋆ मुत्तिलङ्ग⋆ पण्डु काणि कॊण्ड कैगळाल् शप्पाणि⋆ करुङ्गुळल् कुट्टने ! शप्पाणि॥१॥	लंबे काले केशाभिभूषित श्याम! स्वर्ण कमरबन्द, मधुर ध्वनि पाजेब से सुसज्जित, मूंगामय अधर से मुक्तावलियों की मुस्कान। जिन हाथों ने महावली से पृथ्वी का उपहार लिया उन हाथों से ताली बजाइए, शप्पाणि।आइए, हाथों से तााली बजाइए, शप्पाणि ।**75**
पॊन् अरैनाणॊडु⋆ माणिक्क क्किण्किणि⋆ तन् अरै आड⋆ त्तनि च्चुट्टि ताळन्दाड⋆ एन् अरै मेल् निन्ऱिळिन्दु⋆ उङ्गळ् आयर्तम्⋆ मन्नरै मेल् कॊट्टाय् शप्पाणि⋆ मायवने ! कॊट्टाय् शप्पाणि॥२॥	हमारे स्वर्ण कमरबन्द के रत्नजटित घुंघरूओं की मधुर ध्वनि! ललाट के झूलते आभूषण! हमारा गोद छोड़कर अपने पिता नंदगोपजी के गोद में जाओ। ताली बजाइए, शप्पाणि।हमारे चमत्कारिक प्रभु ! तााली बजाइए, शप्पाणि ।**76**
पन्मणि मुत्तु⋆ इन्बवळम् पदित्तन्न⋆ एन् मणिवण्णन !⋆ इलङ्गु पॊन् तॊट्टिन् मेल्⋆ निन् मणिवाय् मुत्तिलङ्ग⋆ निन् अम्मै तन्⋆ अम्मणि मेल् कॊट्टाय् शप्पाणि⋆ आळियङ्गैयने ! शप्पाणि॥३॥	नीलमणि सा सलोने प्यारे! अनेक रत्नों मोती मूंगा से जटित स्वर्ण कर्णफूल! सुन्दर होठों पर मुक्तावलियों की मुस्कान! अपनी मां की गोद में ताली बजाइए, शप्पाणि।तााली बजाइए, शप्पाणि ।**77**
तू निला मुट्रत्ते⋆ पोन्दु विळैयाड⋆ वानिला अम्बुली !⋆ चन्दिरा ! वा एन्ऱु⋆ नी निला निन् पुगळा⋆ निन्ऱ आयर्तम्⋆ को निलावक्कॊट्टाय् शप्पाणि⋆ कुडन्दै क्किडन्दाने ! शप्पाणि॥४॥	नन्दगोपाल खड़े होकर, विस्तृत आकाश में घूमते हुए चांद को देखते, और अपने पास चांदनी से प्रकाशित वरामदे में खेलने के लिए बुलाते उनके लिए ताली बजाइए, शप्पाणि।कुडन्दै के प्रभु ! तााली बजाइए, शप्पाणि ।**78**
पुट्टियिल् शेरुम्⋆ पुळुदियुम् कॊण्डु वन्दु⋆ अट्टि अमुक्कि⋆ अगम् पुक्कऱियामे⋆ शट्टि त्तयिरुम्⋆ तडाविनिल् वॆण्णॆयुम् उण्⋆ पट्टि क्कन्ऱे ! कॊट्टाय् शप्पाणि⋆ पर्पनाबा ! कॊट्टाय् शप्पाणि॥५॥	हमारे नन्हें वत्स ! धूलधूसरित शरीर से हमारे ऊपर चढ़ते और पुनः चुपके से घर में घुसकर सभी वर्त्तनों से दही और मक्खन खा जाते। ताली बजाइए, शप्पाणि।पद्मनाभ प्रभु ! तााली बजाइए, शप्पाणि ।**79**

तारित्तु नूट्ट्वर्⋆ तन्दै शौल् कौळ्ळादु⋆ पोर् उय्त्तु वन्दु⋆ पुगुन्दवर् मण् आळ⋆ पारित्त मन्नर् पड⋆ प्पञ्जवरक्कु⋆ अन्ऱु तेर् उय्त्त कैगळाल् शप्पाणि⋆ देवकि शिङ्गमे ! शप्पाणि ॥ ६ ॥	ये वही हाथ हैं जिन्होंने पांच पांडवों के रथ को उस युद्ध में चलाया था जिसमें सौ भाई अपने पितृ वचन का उल्लंघन कर पृथ्वी के शासन हथियाने के लोभ से युद्धरत थे। ताली बजाइए, शप्पाणि। देवकी के मृगशावक ! तााली बजाइए, शप्पाणि । **80**
परन्दिट्टु निन्ऱ⋆ पडु कडल् तन्नै⋆ इरन्दिट्ट कैम्मेल्⋆ एरिदिरै मोद⋆ करन्दिट्टु निन्ऱ⋆ कडलै क्कलङ्ग⋆ शरन्दौट्ट कैगळाल् शप्पाणि⋆ शारङ्गविकैयने ! शप्पाणि ॥ ७ ॥	ये वही हाथ हैं जिसके वाण वर्षा ने समुद्र में रास्ता देने से मना कर गहरे समुद्र में छिपे सागर के स्वामी वरूण को आतंकित कर दिया। ताली बजाइए, शप्पाणि। शारंगपाणि प्रभु ! तााली बजाइए, शप्पाणि । **81**
कुरक्किनत्ताले⋆ कुरैगडल् तन्नै⋆ नैरुक्कि अणै कट्टि⋆ नीळ्नीर् इलङ्गै⋆ अरक्कर अविय⋆ अड कणैयाले⋆ नैरुक्किय कैगळाल् शप्पाणि⋆ नेमियङ्गैयने ! शप्पाणि ॥ ८ ॥	ये वही हाथ हैं जिसके वाण वर्षा ने समुद्र पर सेतु बनाकर बानरों के साथ लंका जाकर वहां के राक्षसों का नाश किया। ताली बजाइए, शप्पाणि। चक्रपाणि प्रभु ! तााली बजाइए, शप्पाणि । **82**
अळन्दिट्ट तूणै⋆ अवन् तट्ट⋆ आङ्गे वळरन्दिट्टु⋆ वाळ् उगिर् च्चिङ्ग उरुवाय्⋆ उळन्दौट्टिरणियन्⋆ औण्मार्वगलम्⋆ पिळन्दिट्ट कैगळाल् शप्पाणि⋆ पेय् मुलै उण्डाने ! शप्पाणि ॥ ९ ॥	ये वही हाथ हैं जिसने हिरण्यकशिपु के पेट को फाड़ा जब उसने खंभे पर प्रहार कर आपको चुनौती दी और आप भयंकर नृसिंह रूप में तलवार जैसी पैनी नखों के साथ प्रकट होकर उसके हृदय में डर उत्पन्न कर दिये। ताली बजाइए, शप्पाणि। राक्षसी के स्तनपायी प्रभु ! तााली बजाइए, शप्पाणि । **83**
अडैन्दिट्टमरर्गळ्⋆ आळ् कडल् तन्नै⋆ मिडैन्दिट्टु मन्दरम्⋆ मत्ताग नाट्टि⋆ वडम् शुट्रि⋆ वाशुकि वन्कयिराग⋆ कडैन्दिट्ट कैगळाल् शप्पाणि⋆ कार्मुगिल् वण्णने ! शप्पाणि ॥ १० ॥	ये वही हाथ हैं जिसने मंदराचल को मथानी एवं वासुकी को रस्सी बनाकर देवताओं और असुरों के साथ गहरे समुद्र का मंथन किया। ताली बजाइए, शप्पाणि। घनश्याम प्रभु ! तााली बजाइए, शप्पाणि । **84**
‡आङ्कौळ्ळ त्तोन्ऱिय⋆ आयर्तम् कोविनै⋆ नाङ्कमळ् पूम् पौळिल्⋆ विल्लिपुत्तूर् प्पट्टन्⋆ वेङ्कैयाल् शौन्न⋆ शप्पाणि ईरैन्दुम्⋆ वेङ्कैयिनाल् शौल्लुवार्⋆ विनै पोमे ॥ ११ ॥	सुगंधमय बाग वाले श्रीविल्लीपुत्तूर के पत्तारविरन ने इस दस मधुर तमिल पदों को स्नेह पूर्वक जगत के कल्याण हेतु गोप वंश में प्रकट होनेवाले प्रभु की प्रसन्नता के लिये गाया। इसको प्रमपूर्वक गाने वाले सभी तरह के निराशाओं से मुक्त रहेंगे। **85** पेरियाऴवार तिरूवडिगळे शरणं ।

श्रीमते रामानुजाय नमः

8 ताडर्शङ्ङि लिगै (86-96)

तळनडै प्परूवम् (भगवान कृष्ण के चलने की अवस्था)

<table>
<tr><td>तॊडर् शङ्ङिलिगै शलार् पिलार् एन्न⋆ त्तूङ्गु पॊन्मणि ऑलिप्प⋆
पडु मुम्मद प्पुनल् शोर वारणम् पैय⋆ निन्रूर्वदु पोल्⋆
उडन् कूडि क्किण्किणि आरवारिप्प⋆ उडै मणि परै करङ्ग⋆
तडन् ताळिणै कॊण्डु शारङ्गपाणि⋆ तळर्नडै नडवानो॥१॥</td><td>मदमत्त हाथी की चाल में जंजीर तथा चेन की अनवरत आवाज, एवं लटकते घुंघरू की मधुर ध्वनि, तीन जगहों से बहते मत्त, क्या हमारे शारंगपानी प्रभु लड़खड़ाते नहीं आयेंगे ! कमर एवं पैरों के घुंघरू की शोर के साथ लड़खड़ाते वे अभी आ रहे हैं क्या ! **86**</td></tr>
<tr><td>शॆक्करिडै नुनि क्कॊम्बिल् तोन्रुम्⋆ शिरुपिरै मुळै प्पोल्⋆
नक्क शॆन् तुवर्वाय् त्तिण्णै मीदे⋆ नळिर् वॆण्बल् मुळै इलग⋆
अक्कुवडम् उडुत्तामैत्तालि पूण्ड⋆ अनन्तशयनन्⋆
तक्क मा मणिवण्णन् वाशुदेवन्⋆ तळर्नडै नडवानो॥२॥</td><td>दृष्टि दोष से रक्षा के लिये तन्त्र यन्त्र जो कमरबन्द में शंख, एवं गले के हार में कच्छप के रूप में है, सदा निद्रारत नीलमणि सा सलोने हमारे प्रभु वासुदेव, संध्या के लाल आकाश के समान चंद्राकार होठ पर मुक्तावलि की मुस्कान बिखेरते हैं। लड़खड़ाते वे अभी आ रहे हैं क्या ! **87**</td></tr>
<tr><td>मिन्नु क्कॊडियुम् ओर् वॆण् तिङ्गळुम्⋆ शूळ् परिवेडमुमाय्⋆
पिन्नल् तुलङ्गुम् अरशिलैयुम्⋆ पीदग च्चिट्राडै यॊडुम्⋆
मिन्निल् पॊलिन्ददोर् कार्मुगिल् पोल⋆ क्कळुत्तिनिल् कारैयॊडुम्⋆
तन्निल् पॊलिन्द इरुडीकेशन्⋆ तळर्नडै नडवानो॥३॥</td><td>जूड़ा की तरह गुथे हुए चांदी का कमरबंद एवं चांदी का वटपत्र, पीतांबर कटिवस्त्र पर, गोल वृहत आभा के बीच चांद सा चमक रहा है। गले में साने का हार, मानो घनश्याम वदन को, मेघ की दमकती दामिनी सा प्रकाशित कर रहा है। स्वतः प्रकाशित वत्स, हृषिकेश, लड़खड़ाते अभी आ रहे हैं क्या ! **88**</td></tr>
<tr><td>कन्नल् कुडम् तिरन्दाल् ऑत्तूरि⋆ क्कणगण शिरित्तुवन्दु⋆
मुन् वन्दु निन्रु मुत्तम् तरुम्⋆ एन् मुगिल्वण्णन् तिरुमार्वन्⋆
तन्नै प्पॆट्रेर्कु त्तन्वाय् अमुदम् तन्दु⋆ एन्नै त्तळिरप्पिक्किन्रान्⋆
तन् एट्टु माट्रलर् तलैगळ् मीदे⋆ तळर्नडै नडवानो॥४॥</td><td>श्रीसहित वक्षस्थल वाले घनश्याम प्रभु ! धीमीआवाज की खिलखिलाहट एवं मुस्कान के साथ डरते सहमते हमारा मुख चूमते हैं। उनके होठों पर फेनयुक्त स्त्राव मानो गन्ने के रस वाले घड़े का मृदु फेन है।हमारा वदन सिहर उठता है ! अपने शत्रुओं के सिर पर पैर रखकर, लड़खड़ाते, अभी वे आ रहे हैं क्या ! **89**</td></tr>
</table>

मुन्नल् ओर् वॅळ्ळि प्पॅरुमलै क्कुट्टन्⋆ मॉडु मॉडु विरैन्दोड⋆ पिन्नै त्तॉडरन्ददोर् करुमलै क्कुट्टन्⋆ पॅयरन्दडियिडुवदु पोल्⋆ पन्नि उलगम् परवि ओवा प्पुगळ्⋆ बलदेवन् एन्नुम्⋆ तन् नम्बि ओड प्पिन् कूड च्चॅल्वान्⋆ तळर्नडै नडवानो॥५॥	श्वेत पर्वत से तेज गति से आते पत्थर के पीछे काले पर्वत से उसी गति से अनुगमन करने वाले पत्थर की तरह, जगप्रसंशित शीघ्रगामी बड़े भाई बलदेव के पीछे अनुज दौड़ते हुए आते हैं। लड़खड़ाते, अभी वे आ रहे हैं क्या ! **90**
ऑरु कालिल् शङ्गॉरु कालिल् चक्करम्⋆ उळ्ळडि पॉरित्तमैन्द⋆ इरु कालुम् कॉण्डङ्गॅङ्गुळुदिनार् पोल्⋆ इलच्चिनै पड नडन्दु⋆ पॅरुगा निन्र इन्ब वॅळ्ळत्तिन् मेल्⋆ पिन्नैयुम् पॅय्दु पॅय्दु⋆ तरु कार् क्कडल् वण्णन् कामर् तादै⋆ तळर्नडै नडवानो॥६॥	समुद्र के नीले जल सा वदन वाले प्रभु ! एक चरण में शंख, एवं दूसरे में चक के चिन्ह को आप पृथ्वी पर अंकित करते हुए चलते हैं, जिन्हें देखकर हृदय में पुनः पनः उमंग की लहरें उठती रहती हैं। लड़खड़ाते, अभी वे आ रहे हैं क्या ! **91**
पडर् पङ्गय मलर् वाय् नॅगिळ⋆ प्पनि पडु शिरुदुळि पोल्⋆ इडङ्गॉण्ड शॅव्वाय् ऊरि ऊरि⋆ इट्टिटु वीळ निन्रु⋆ कडुञ्जे क्कळुत्तिन् मणिक्कुरल् पोल्⋆ उडै मणि कणकणॅन⋆ तडन् ताळिणै कॉण्डु शारङ्गपाणि⋆ तळर्नडै नडवानो॥७॥	नव विकसित कमल से मोती के अमृतबूंद की तरह आपके लाल होठों से मृदु जल स्त्रवित होते रहते हैं।आपके कमरधनी के घुंघरू वृषभ राज के गले के घंटी के तरह मधुर ध्वनि करते हैं। शारंगपानी प्रभु ! लड़खड़ाते, अभी वे आ रहे हैं क्या ! **92**
पक्कम् करुञ्जिरुप्पारै मीदे⋆ अरुविगळ् पगरन्दनैय⋆ अक्कुवडम् इळिन्देरि त्ताळ⋆ अणि अल्गुल् पुडै पॅयर⋆ मक्कळ् उलगिनिल् पॅय्दरिया⋆ मणि क्कुळवि उरुविन्⋆ तक्क मा मणिवण्णन् वाशुदेवन्⋆ तळर्नडै नडवानो॥८॥	काले पर्वत के मनमानी राहों से चलने वाली पानी की धारा प्रकाश रेखा की तरंगों की तरह जिसतरह दिखती हैं, उसी तरह हमारे नीलमणि सा वासुदेव प्रभु के गतिमान कटिभाग के चांदी का झूलता कमरबंद दिखता है। पृथ्वी पर आजतक आपके समान नहीं देखा जा सकने वाला, बच्चों के सुंदरतम रत्न ! लड़खड़ाते, अभी वे आ रहे हैं क्या ! **93**
वॅण् पुळुदि मेल् पॅय्दु कॉण्डळैन्ददोर्⋆ वेळत्तिन् करुङ्कन्रु पोल्⋆ तॅण् पुळुदियाडि त्तिरिविक्किरमन्⋆ शिरु पुगर्पड वियर्त्तु⋆ ऑण् पोदलर् कमल च्चिरुक्काल्⋆ उरैत्तु ऑन्रुम् नोवामे⋆ तण् पोदु कॉण्ड तविशिन् मीदे⋆ तळर्नडै नडवानो॥९॥	हाथी के छोटे बच्चे का श्वेत मिट्टी में खेलने की तरह हमारे त्रिविकम प्रभु के धूलधूसरित वदन पर पसीने से भींगे हुए छोटे छोटे स्थल दिखते हैं। ऐसा न हो कि इनके कोमल चरण कठिन भूमि पर चलने से चोटग्रस्त हो जायें ! आप लड़खड़ाते, नूतन कोमल गोद में हीं चलें । **94**

अण्डत्तमर्गळ् शूळ⋆ अत्ताणियुळ् अङ्गिरुन्दाय् !⋆ तॊण्डर्गळ् नॅञ्जिल् उरैवाय् !⋆ तूमलराळ् मणवाळा !⋆ उण्डिट्टुलगिनै एळुम्⋆ ओर् आलिलैयिल् तुयिल् कॊण्डाय् !⋆ कण्डुनान् उन्नै उगक्क⋆ क्करुमुगै प्पू च्चूट्ट वाराय्॥९॥	वैकुण्ठ में नित्य सूरी से घिरकर बैठे हुए प्रभु ! भक्तों के हृदय में बसने वाले प्रभु ! पद्मालय लक्ष्मी के नाथ ! वटपत्र पर बालक स्वरूप में आप सातों जगत को उदरस्थ कर सो गये। आइए अपने दर्शन से मुझे आनन्दित कीजिए। आइए करूमुगै के इन फूलों को धारण कीजिये।190
‡शॅण्बग मल्लिगैयोडु⋆ शॅङ्गळुनीर् इरुवाट्चि⋆ एण् पगर् पूवुम् कॊणर्न्देन्⋆ इन्रिवै शूट्ट वा एन्रु⋆ मण् पगर् कॊण्डानै⋆ आय्च्चि मगिळ्न्दुरै शॅय्द इम् मालै⋆ पण् पगर् विल्लिपुत्तूर् क्कोन्⋆ पट्टर्बिरान् शॊन्न पत्ते॥१०॥	श्रीविल्लीपुत्तूर के जग प्रसिद्ध पत्तारबिरन के ये मधुर गीत यशोदा के संपूर्ण ब्रह्मांड के नाथ को पास बुलाते हुए शण्वग, मल्लिगैयोडु, शंगळुनीर, एवं इरूवाट्चि आदि अनेकों तरह के फूल को धारण करने के आमंत्रण को दुहराते हैं।क्रमवार से ये पद प्रभु के धारण करने योग्य माला की तरह गुंथे हुए हैं।191 पेरियाळ्वार तिरूवडिगळे शरणं ।

श्रीमते रामानुजाय नमः

18 इन्दिरनोडु (192-201)

काप्पिडल् (भगवान कृष्ण का दूसरों की कुदृष्टि से निवारण ः इन पदों में भगवान को यशोदा नजर लगने से बचने का उपाय करतीं हैं)

यहां 11 पदों में तिरू वल्लारै के पेरूमल का स्वस्तिगान है। तिरिची श्रीरंगम से करीब 20 कि मी की दूरी पर यह तुरैयूर मार्ग पर अवस्थित है। भगवान खड़े मुद्रा में हैं और ये पुण्डरीकाक्ष के नाम से विख्यात हैं। श्रीनाथ मुनि के दो अन्यतम शिष्य यहीं तिरू वल्लारै से थे ः पुण्डरीकाक्ष एवं कुरूगै कवलाप्पार । पुण्डरीकाक्ष का जीवन दिव्य प्रबंधम के प्रचार प्रसार में बीता था। वेदांत देशिक स्वामी जो भगवान तिरूवेंकटाचल्पति के तिलक के अवतार थे (**vol. 3 pp 180**) ने "हंस संदेशम्" में पांच दिव्यदेशों को बहुत प्रधानता दी है ः (i) तिरूमला तिरूपति, (ii) कांचीपुरम ः जहां उनका जन्म हुआ था, (iii) तिरूवल्लारै ः जहां के उनके परमाचार्य इंगल अलवान थे, (iv) श्रीरंगम, (V) तिरूमलीरूनचोलै । यहां तिरूवल्लारै में रामानुज स्वामी 12 वर्षो तक निवास किये थे। जब रामानुज स्वामी को कुरेश स्वामी की सेवा उपलब्ध नहीं थी, क्योंकि कृमिकुठार की क्रूरता से वे अपनी आंख गंवाचुके थे, रामानुज स्वामी को श्रीरंगम में लिखने की सहायता इंगल अलवान से मिली थी। पहले इनका नाम विष्णुचित्तार था, और इनकी प्रज्ञा की प्रखरता से प्रसन्न होकर रामानुज स्वामी ने इनका नाम इंगल अलवान दिया था।

इन्दिरनोडु पिरमन्⋆ ईशन् इमैयवर् एल्लाम्⋆ मन्दिर मा मलर् कॊण्डु⋆ मऱैन्दुवराय् वन्दु निन्ऱार्⋆ चन्दिरन् माळिगै शेरुम्⋆ शदुरर्गळ् वॆळ्ळऱै निन्ऱाय्!⋆ अन्दियम् पोदिदुवागुम्⋆ अऴगने! काप्पिड वाराय्॥१॥	छबीले नाथ ! आपकी अर्चना हेतु इन्द्र, ब्रह्मा, शिव एवं अन्य देवताओं ने स्वर्ग से पवित्र पुष्प लाये हैं और वे अदृश्य होकर खड़े हैं। चंद्रमा को स्पर्श करते अट्टालिकाओं वाले वेल्लारै में विद्वानों से घिरे आप विराजमान हैं। समुद्र की लहरें अभी नीची हैं, आइए दूसरों की कुदृष्टि से आपका निवारण करूं।**192**
कन्ऱुगळ् इल्लम् पुगुन्दु⋆ कदऱुगिन्ऱ पशुवॆल्लाम्⋆ निन्ऱॊऴिन्देन् उन्नै क्कूवि⋆ नेशमेल् ऒन्ऱुम् इलादाय्!⋆ मन्ऱिल् निल्लेल् अन्दि प्पोदु⋆ मदिळ् तिरुवॆळ्ळऱै निन्ऱाय्!⋆ नन्ऱु कण्डाय् एन्ऱन् शॊल्लु⋆ नान् उन्नै क्काप्पिड वाराय्॥२॥	निष्ठुर नाथ ! जबकि गायें गोशाला में प्रवेश कर आपकी प्रतीक्षा करती हुई हुंकार रहीं हैं, और हम भी यहां खड़े आपको पुकार रहे हैं। गोधूलि बेला में आप चौराहे पर नहीं खड़ा हों।देखिये, नेक नीयत से हमने छड़ी पकड़ रखी है। दीवारों से घिरे वेल्लारै में खड़े नाथ ! आइए दूसरों की कुदृष्टि से आपका निवारण करूं।**193**

शॆप्पोदु मॆन् मुलैयार्गळ्* शिऱुशोऱुम् इल्लुम् शिदैत्तिट्टु* अप्पोदु नान् उरप्प प्पोय्* अडिशिलुम् उण्डिलै आळ्वाय् !* मु प्पोदुम् वानवर् एत्तुम्* मुनिवर्गळ् वॆळ्ळऱै निन्ऱाय् !* इप्पोदु नान् ऒन्ऱुम् शॆय्येन्* एम्बिरान् ! काप्पिड वाराय्॥३॥	वेल्लारै के नाथ ! मेरे नाथ, मेरे शासक ! देवता एवं ऋषिगन प्रतिदिन तीन बार आपकी अर्चना करते हैं।कोमल एवं ताम्ररंग की उरोजवाली बालिकाएं बालू में खेल रहीं थीं। आपने उनके घर नष्ट कर भोजन भी छीन लिया। इसपर मैं क्रोधित होकर आपको डांटा। परिणामतः आपने पायस खाने से मना कर दिया है। नहीं, अब मैं आपको कुछ नहीं कहूंगी। आइए दूसरों की कुदृष्टि से आपका निवारण करूं।**194**
कण्णिल् मणल् कॊडु तूवि* क्कालिनाल् पाय्न्दनै एन्ऱॆन्ऱु* एण् अरुम् पिळ्ळैगळ् वन्दिट्टु* इवर् आर् मुऱैप्पडुगिन्ऱार्* कण्णने ! वॆळ्ळऱै निन्ऱाय् !* कण्डारोडे तीमै शॆय्वाय् ! वण्णमे वेलैयदॊप्पाय् !* वळ्ळले ! काप्पिड वाराय्॥४॥	वेल्लारै के नाथ ! मेरे कृष्ण ! नीले समुद्र सा वदन वाले कृपासागर ! आप सबके साथ छोटी छोटी सी नटखट घटनाएं करते रहते हैं।अनगिनत बच्चों ने शिकायत की है "हमलोगों की आंखों में बालू झोंक दिया है" "हमलोगों की पिटाई की है" आदि आदि। आइए दूसरों की कुदृष्टि से आपका निवारण करूं।**195**
पल्लायिरवर् इव्वूरिल्* पिळ्ळैगळ् तीमैगळ् शॆय्वार्* एल्लाम् उन् मेल् अन्ऱि प्पोगादु* एम्बिरान् ! नी इङ्गे वाराय्* नल्लार्गळ् वॆळ्ळऱै निन्ऱाय् !* ञान च्चुडरे ! उन् मेनि* शॊल् आर वाऴ्त्ति निन्ऱेत्ति* च्चॊप्पड क्काप्पिड वाराय्॥५॥	अच्छे निवासी वाले वेल्लारै के नाथ ! प्रखर प्रज्ञा ! यहां वेल्लारै में दुष्ट बालकों की बहुतायत है। उनके दुष्कर्मों का दोष आप पर गिरेगा। यहां आईए। अच्छे शब्दों से, अपने मुंह से, आपके शरीर की प्रसंसा करके आशीर्वाद दूं तथा अच्छे तरीके से आप पर की सभी कुदृष्टियों का निवारण करूं। **196**
कञ्जन् करुक्कॊण्डु निन्मेल्* करु निऱ च्चॆम् मयिर् प्पेयै* वञ्जिप्पदर्कु विडुत्तान्* एन्बदोर् वार्त्तैयुम् उण्डु* मञ्जु तवऴ् मणि माड* मदिळ् तिरु वॆळ्ळऱै निन्ऱाय् ! अञ्जुवन् नी अङ्गु निर्क* अऴगने ! काप्पिड वाराय्॥६॥	बादलों को छूनेवाले अटारियों एवं दीवालों के वेल्लारै के निवासी नाथ ! ऐसी बातें सुनी जा रही हैं कि कंस आपसे क्रोधित है तथा एक काले वदन तथा लाल रंग के केश वाली राक्षसी को आपके वध हेतु भेजा है। जब वहां आप अकेले खड़े रहते हैं तो मैं डरी रहती हूं। छवीले ! यहां आइए। आप पर की सभी कुदृष्टियों का निवारण करूं। **197**

कळ्ळ च्चकडुम् मरुदुम्⋆ कलक्कळिय उदै शॆय्द⋆ पिळ्ळैयरशे !⋆ नी पेयै प्पिडित्तु मुलै उण्ड पिन्नै⋆ उळ्ळवाऱॆन्ऱुम् अऱियेन्⋆ ऒळिवुडै वॆळ्ळऱै निन्ऱाय् !⋆ पळ्ळिगॊळ् पोदिदुवागुम्⋆ परमने ! काप्पिड वाराय्॥७॥	मनोरम एवं जगमग वेल्लारै के निवासी नाथ ! वत्ससम्राट ! आपने गाड़ी एवं युगल अर्जुन वृक्ष का नाश किया। जब आपने पूतना के स्तन से दूध पिया तब मैं तथ्य को समझ नहीं सकी। अब यह सोने का समय है, आइए दूसरों की कुदृष्टि से आपका निवारण करूं। **198**
इन्बम् अदनै उयर्त्ताय् !⋆ इमै अवर्क्कॆन्ऱुम् अरियाय् !⋆ कुम्ब क्कळिऱट्ट कोवे !⋆ कॊडुङ्ग्ञ्जन् नॆञ्जिनिल् कूट्टे !⋆ शॆम् पॊन् मदिळ् वॆळ्ळऱैयाय् !⋆ शॆल्वत्तिनाल् वळर् पिळ्ळाय् ! कम्ब क्कपालि काण् अङ्गु⋆ क्कडितोडि क्काप्पिड वाराय्॥८॥	अप्रतिम आनंददायी नाथ ! देवताओं को अप्राप्य प्रभु ! मदमत्त हाथी के विनाश करने वाले प्रभु ! दुष्ट कंस के हृदय में मृत्यु का संचार करने वाले प्रभु ! ऊंची दीवालों के वेल्लारै के निवासी नाथ ! सुख संपदा में पलने वाले वत्स ! देखो, नरखोपड़ी हाथ मे लिए एक जन वहां खंभे के पीछे खड़ा है। शीघ्र दौड़ते हुए आइए, दूसरों की कुदृष्टि से आपका निवारण करूं। **199**
इरुक्कॊडु नीर् शङ्गिल् कॊण्डिट्टु⋆ एऴिल् मऱैयोर् वन्दु निन्ऱार्⋆ तरुक्केल् नम्बि ! शन्दि निन्ऱु⋆ ताय् शॊल्लु क्कॊळ्ळाय् शिल नाळ्⋆ तिरुक्काप्पु नान् उन्नै च्चात्त⋆ त्तेशुडै वॆळ्ळऱै निन्ऱाय् !⋆ उरु क्काट्टुम् अन्दि विळक्कु⋆ इन्ऱु ऒळि कॊळ्ळ एट्रुकेन् वाराय्॥९॥	जगमग वेल्लारै के निवासी नाथ ! मां की बातों को कुछ और दिनों तक मानिए।ऋग वेद के मंत्रों के ज्ञाता प्रखर संत गन शंखों में जल भरे पधार चुके हैं। चौराहे पर प्रतिरोध करते हुए खड़े मत होइए। आइए सायंकालीन दीपक जलाकर आपके मुखमंडल को प्रकाशित करते हुए दूसरों की कुदृष्टि से आपका निवारण करूं। **200**
पोदमलर् शॆल्व क्कॊऴुन्दु⋆ पुणर् तिरु वॆळ्ळऱैयानै⋆ मादर्क्कुयर्न्द अशोदै⋆ मगन् तन्नै क्काप्पिट्ट माट्रम्⋆ वेद प्पयन् कॊळ्ळ वल्ल⋆ विट्टुशित्तन् शॊन्न मालै⋆ पाद प्पयन् कॊळ्ळ वल्ल⋆ पत्तर् उळ्ळार् विनै पोमे॥१०॥	वैदिक तथ्यों में निष्णात विष्णुचित्त के ये दसक गीत पद्मावती लक्ष्मी स्वरूपा एवं माताओं में सर्वोत्तम यशोदा के तिरूवल्लारै निवासी नाथ तथा अपने पुत्र को दूसरों की कुदृष्टि से निवारण हेतु कहे गये शब्दों को दुहराते हैं। भक्तगण जो इन गीतों के सार को समझेंगे उन्हें कोई भी कर्म अभिभूत नहीं करेगा। **201** **पेरियाळ्वार तिरूवडिगळे शरणं ।**

<table>
<tr><td colspan="2">श्रीमते रामानुजाय नमः
19 वण्णय्वि ळुङिग (202-212)
वण्णय्वि ळुङिग (भगवान कृष्ण के खेल, जैसे मक्खन चुराना)</td></tr>
<tr><td>वॆण्णॆय् विळुङ्गि वॆरुङ्गलत्तै वॆप्पिडै इट्टु⋆ अदन् ओशै केट्कुम्⋆
कण्ण पिरान् कट्ट् कल्वि तन्नै⋆ क्काक्कगिल्लोम् उन् मगनै क्कावाय्⋆
पुण्णिल् पुळि प्पॆय्दाल् ऒक्कुम् तीमै⋆ पुरै पुरैयाल् इवै शॆय्य वल्ल⋆
अण्णर् कण्णान् ओर् मगनै प्पॆट्ट्⋆ अशोदै नङ्गाय्! उन् मगनै क्कूवाय्॥१॥</td><td>हे सुन्दरी यशोदा ! तुम्हारे पुत्र एवं उसके भाई की अनोखी जोड़ीदारी है। जैसे इमली घाव को खा जाता है, हाय ! ये लोग इसी तरह मक्खन को निगल जाते हैं, और तत्पश्चात् खाली पात्र को पत्थर पर पटक कर भारी आवाज के साथ फोड़ डालते हैं। बुलाओ अपने लाड़ले को (और पूछो ये किस तरह), दक्षतापूर्वक एक घर से दूसरे घर नटखट काम करते फिरते हैं। इनके बुद्धि कौशल के सामने हम रखवाली नहीं कर सकते हैं। इनपर नियंत्रण रखो। 202</td></tr>
<tr><td>वरुग वरुग वरुग इङ्गे⋆ वामन नम्बी! वरुग इङ्गे⋆
करिय कुळल् शॆय्य वाय् मुगत्तॆम्⋆ कागुत्त नम्बी! वरुग इङ्गे⋆
अरियन् इवन् ऎनक्किन्रु नङ्गाय्!⋆ अञ्जन वण्णा! अशलगत्तार्⋆
परिबवम् पेश त्तरिक्कगिल्लेन्⋆ पावियेनुक्किङ्गे पोदराये॥२॥</td><td>यहां आओ, यहां आओ, यहां आओ। हे वामन प्रभु ! यहां आओ। काले केश एवं लाल होंठ वाले काकुत्स्थ प्रभु ! हे नारियां ! आज तो इन्हें पकड़ना कठिन हो रहा है। घनश्याम ! पड़ोसियों की शिकायत अब सही नहीं जाती। इस दुष्टात्मा के पास तो आओ। 203</td></tr>
<tr><td>तिरुवुडै प्पिळ्ळै तान् तीयवारु⋆ तेक्कम् ऒन्रुम् इलन् तेशुडैयन्⋆
उरुग वैत्त कुडत्तॊडु वॆण्णॆय्⋆ उरिञ्जि उडैत्तिट्टु प्पोन्दु निन्रान्⋆
अरुगिरुन्दार् तम्मै अनियायम् शॆय्वदुदान्⋆ वळक्को अशोदाय्!⋆
वरुग ऎन्रुन्मगन् तन्नै क्कूवाय्⋆ वाळ ऒट्टान् मदुशूदनने॥३॥</td><td>पुत्र रत्न, आपका कहीं ठहराव होगा क्या ! आप अपनी अलौकिकता में अद्वितीय हैं। पात्र से ही सीधे घी पीकर और उसे फोड़कर आप गायब हो जाते हैं। यह मधुसूदन हमलोगों का जीना दुस्तर कर रखे हैं ! क्या इस तरह की घटना पड़ोस में शोभा देती है ? पुत्र आपको यहां बुलाती हूं। 204</td></tr>
<tr><td>कॊण्डल् वण्णा! इङ्गे पोदराये⋆ कोयिर् पिळ्ळाय्! इङ्गे पोदराये⋆
तॆण् तिरै शूळ् तिरुप्पेर् क्किडन्द⋆ तिरुनारणा! इङ्गे पोदराये⋆
उण्डु वन्देन् अम्मम् ऎन्रु शॊल्लि⋆ ओडि अगम् पुग आय्च्चि तानुम्⋆
कण्डॆदिरे शॆन्रॆडुत्तु क्कॊळ्ळ⋆ क्कण्ण पिरान् कट्ट् कल्वि ताने॥४॥</td><td>घनश्याम ! यहां आइए। इश्वरीय बालक ! यहां आइए। शुद्ध जल प्रवाहित तिरूपेर में शयनावस्था वाले तिरूनारायण ! यहां आइए। घर में यह कहते हुए सीधे प्रवेश कर जाते हैं कि दूध इन्होंने पी रखा है। सलोनी यशोदा इनका रास्ता रोककर गोद में लेते हुए यह सोचतीं हैं “अब ये नये तरकीव सीख गये हैं।” 205</td></tr>
</table>

पालै क्करन्दडुप्पेर् वैत्तु* प्पल्वळैयाळ् एन्मगळ् इरुप्प* मेलै अगत्ते नॅरुप्पु वेण्डि च्चॅन्रु* इरैप्पॊळुदङ्ग् पेशि निन्रेन्* शाळक्किरामम् उडैय नम्बि* शायत्तु प्परुगिट्टु प्पोन्दु निन्रान्* आलै क्करुम्बिन् मॊळि अनैय* अशोदै नङ्गाय् ! उन्मगनै क्कूवाय्॥५॥	हे सुन्दर चूड़ियां पहने हुए पुत्री यशोदा ! दूध दुहने के पश्वात् उसे आग पर रखकर कुछ देर बैठी, और फिर ऊपर मंजिल पर अधिक आग लाने के लिये गयी। वहां बातचीत में थोड़ी देर खड़ी हो गयी।शालग्राम वाले प्रभु आये, और दूध पीकर पात्र को उलट दिया। मधुरभाषिणी सलोनी ! अपने लाड़ले को यहां बुलाओ। **206**
पोदर् कण्डाय् इङ्ग् पोदर् कण्डाय्* पोदरेन् एन्नादे पोदर् कण्डाय्* एदेनुम् शॉल्लि अशलगत्तार्* एदेनुम् पेश नान् केट्क माट्टेन्* कोदुगलम् उडै क्कुट्टनेया !* कुन्रॅडुत्ताय् ! कुडम् आडु कूत्ता !* वेद प्पॊरुळे ! एन् वेङ्गडवा !* वित्तगने ! इङ्ग् पोदराये॥६॥	प्रिय नन्हें लाल ! पात्र नर्त्तक ! वेदों के सार! वेंकटम के नाथ ! अलौकिक प्रभु ! आपने घोर वर्षा से त्राण दिलाने के लिए पर्वत उठा लिया । यहां आइए, आने से मना नहीं कीजिये।जब पड़ोसी कुछ बोलते हैं और कुछ कहने आते हैं तो कैसे सहन कर सकती हूं ? अभी शीघ्र यहां आइये। **207**
शॅन्नॆल् अरिशि शिरुपरुप्पु* च्चॅय्द अक्कारम् नरुनॅय् पालाल्* पन्निरण्डु तिरुवोणम् अट्टेन्* पण्डुम् इ प्पिळ्ळै परिशरिवन्* इन्नम् उगप्पन् नान् एन्रु शॊल्लि* एल्लाम् विळुङ्गिट्टु प्पोन्दु निन्रान्* उन्मगन् तन्नै अशोदै नङ्गाय् !* कूवि क्कॊळ्ळाय् इवैयुम् शिलवे॥७॥	हे यशोदा ! 12 नक्षत्रों तक श्रवनम के उपवास के लिए मैं चावल दाल शर्करा दूध घी से नैवेद्य पकाती रही और ये सब खाते रहे। साथ ही यह भी कहते हुए चले गये कि हमारी प्रसन्नता और अधिक पकवान से होगी। अपने लाड़ले को बुलाओ और पूछो कि क्या यही तरीका है ? **208**
केशवने ! इङ्ग् पोदराये* किल्लेन् एन्नादिङ्ग् पोदराये* नेशम् इलादार् अगत्तिरुन्दु* नी विळैयाडादे पोदराये* दूशनम् शॉल्लुम् तॊळुत्तै मारुम्* तॊण्डरुम् निन्र् इडत्तिल् निन्रु* ताय् शॊल्लु क्कॊळ्वदु तन्मम् कण्डाय्* दामोदरा ! इङ्ग् पोदराये॥८॥	केशव ! यहां आइए और यह नहीं कहिए कि नहीं आ सकते हैं।प्रेमविहीनों के घर में खेलने नही जाइए। वहां से अलग रहिए जहां दास दासी आपके विरूद्ध बोलते हैं। यह जानिये कि मां की आज्ञा का पालन धर्म है। दामोदर ! यहां आइए। **209**
कन्नल् इलट्टुवत्तोडु शीडै* कार् एळ्ळिन् उण्डै कलत्तिल् इट्टु* एन् अगम् एन्रु नान् वैत्तु प्पोन्देन्* इवन् पुक्कवट्रै प्पॅरुत्ति प्पोन्दान्* पिन्नुम् अगम् पुक्कुरियै नोक्कि* प्पिरङ्गॊळि वॆण्णॆयुम् शोदिक्किन्रान्* उन्मगन् तन्नै यशोदै नङ्गाय् !* कूवि क्कॊळ्ळाय् इवैयुम् शिलवे॥९॥	हे यशोदा ! मीठे लड्डू नमकीन एवं तिल का लड्डू अलग अलग पात्रों में रख कर घर से यह कहते हुए निकली कि ये मेरे प्रिय भोज्य पदार्थ हैं। यह बालक घुसा और सबों को समाप्त कर चला गया। पुनः घुसा और रस्सी से लटकते हुए श्वेत मक्खन को खा गया। अपने लाड़ले को बुलाओ, क्या बच्चों को ऐसे पाला पोसा जाता है ? **210**

शॉल्लिल् अरशि प्पडुदि नङ्गाय् !⋆ शुऴल् उडैयन् उन् पिळ्ळै ताने⋆ इल्लम पगर्न्दन मगळै क्कवि⋆ क्कैयिल वळैयै क्कऴदि क्कॉण्ड⋆ कॉल्लैयिल् निन्रुम् कॉणर्न्दु विट्⋆ अङ्गॊरुत्तिक्कव् वळै कॉडुत्तु⋆ नल्लन नावर् पळङ्गळ् कॉण्डु⋆ नान् अल्लेन् एन्रु शिरिक्किन्राने॥१०॥	हे नेक नारी ! आपका लाड़ला दुर्गुणों से भरपूर है और अगर उसके सब करतूत आपको बताउं तो आप नाराज हो जाओगी। हमारे घर घुसकर मेरी बेटी को बुलाकर उसके चूडियां उतरवा लिया और पिछले दरवाजा से बाहर निकल आया। उन चूडियों से उसने कुछ जामुन के फल खरीद लिये और हंसते हुए बोला कि वहां वह नहीं था। **211**
वण्डु कळित्तिरैक्कुम् पॉळिल् शूऴ्⋆ वरुपुनल् काविरि त्तॆन्नरङ्गन्⋆ पण्डवन् शॅय्द किरीडै एल्लाम्⋆ पट्टर्पिरान् विट्टुशित्तन् पाडल्⋆ कॉण्डिवै पाडि क्कुनिक्क वल्लार्⋆ गोविन्दन् तन् अडियार्गळ् आगि⋆ एण् दिशैक्कुम् विळक्कागि निर्पार्⋆ इणैयडि एन्तलै मेलनवे॥११॥	विष्णुचित्त, पत्तारविरन के ये दसक गीत, कावेरी के मधुर जल से सिंचित मधुमक्खी से घिरे हुए बाग वाले श्रीरंगम के प्रभु के प्राचीन नटखट कार्यकलाप का स्मरण कराते हैं। जो इसका गान करते हुए नाचेंगे वे हमारे तथा आठों दिशाओं के नाथ गोविन्द के भक्त हो जायेंगे। **212** **पेरियाळ्वार तिरूवडिगळे शरणं**

श्रीमते रामानुजाय नमः

20 आरिलिरून्दु (213-222)

अयलगत्तार् मुरैप्पाडु (गोप नारियां यशोदा से भगवान कृष्ण के करतूतों की शिकायत करते हुए)

आढ़िल् इरुन्दु⋆ विळैयाडुवोङ्गळै⋆ शेढ़िल् एरिन्दु⋆ वळै तुगिल् कैक्कॊण्डु⋆ काढ़िन् कडियनाय्⋆ ओडि अगम् पुक्कु⋆ माढ़मुम् तारानाल् इन्ऱु मुट्ठम्⋆ वळै त्तिरम् पेशानाल् इन्ऱु मुट्ठम्॥१॥	हमलोग नदी में खेल रहे थे। इसने हमलोगों के ऊपर बालू फेंककर हमारे कंगन एवं साड़ी लेकर वायु गति से भागकर अपने घर में घुस गया। हमारी आवाज का कोई उत्तर नहीं देता । आज हम तो लुट गये । हमारे कंगन के बारे में कुछ नहीं बोलता, हम तो लुट गये। **213**
कुण्डलम् ताळ⋆ क्कुळल् ताळ नाण् ताळ⋆ एण् दिशैयोरुम्⋆ इरैञ्जि त्तॊळुदेत्त⋆ वण्डमर् पूङ्गुळलार्⋆ तुगिल् कै क्कॊण्डु⋆ विण् तोय् मरत्तानाल् इन्ऱु मुट्ठम्⋆ वेण्डवुम् तारानाल् इन्ऱु मुट्ठम्॥२॥	इसके कुण्डल नीचे लटकते हैं, इसके घुंघराले बाल नीचे लटकते हैं, इसके गले का हार नीचे लटकता है, आठों दिसाओं के देवता एवं मनुष्य गन नीचे झुककर इसकी प्रार्थना एवं पूजा करते हैं। मधुमक्खी लटकते फूलों से सज्जित बाल वाली सुन्दरियों के साड़ी लेकर यह गगन चुंबी कुरून्दु के पेड़ पर चढ़ गया। आज हम तो लुट गये । हमारी मांग पर तनिक भी परवाह नहीं करता... हम तो लुट गये। **214**
तडम् पडु तामरै⋆ प्पॊय्गै कलक्कि⋆ विडम् पडु नागत्तै⋆ वाल् पढ़ि ईर्त्तु⋆ पडम् पडु पैन्दलै⋆ मेल् एळ प्पाय्न्दिट्टु⋆ उडम्बै अशैत्तानाल् इन्ऱु मुट्ठम्⋆ उच्चियिल् निन्ऱानाल् इन्ऱु मुट्ठम्॥३॥	कमल के तालाब में प्रवेश कर इसने एक विषैले सांप को उसकी पूंछ से पकड़ लिया और बाहर आकर उसके चौड़े फन पर कूद गया । शरीर को थिरकाते हुए वहां नाचा। आज हम तो लुट गये । उसके सिर पर खड़ा है......हम तो लुट गये। **215**
तेनुगन् आवि शॆगुत्तु⋆ प्पनङ्ङनि तान् एरिन्दिट्ट⋆ तडम् पैरुम् तोळिनाल्⋆ वानवर् कोन् विड⋆ वन्द मळै तडुत्तु⋆ आनिरै कात्तानाल् इन्ऱु मुट्ठम्⋆ अवै उय्य क्कॊण्डानाल् इन्ऱु मुट्ठम्॥४॥	धेनुकासुर को तालवृक्ष पर फेंककर मार दिया। अपने शक्तिशाली भुजाओं पर पर्वत को उठाकर देवताओं के राजा इन्द्र से बरसाये गये वर्षा से गऊओं की रक्षा की। आज हम तो लुट गये । गाय पालने वाले प्रभु से ...... हम तो लुट गये। **216**

आयच्चियर् शेरि⋆ अळै तयिर् पाल् उण्डु⋆ पेर्त्तवर् कण्डु पिडिक्क⋆ प्पिडियुण्डु⋆ वेय् त्तडन् तोळिनार्⋆ वेँण्णॅय् कॊँळ् माट्टादु⋆ अङ्गु आप्पुण्डिरुन्दानाल् इन्रु मुट्टुम्⋆ अडियुण्डळुदानाल् इन्रु मुट्टुम्॥५॥	गांव के ग्वालिनों के दूध और दही चट कर गये। पकड़े जाने पर गोपियों के सुन्दर बाहों में बंधकर मक्खन चोरी से वंचित हुए। आज हम तो लुट गये । ऐसे रो रहे हैं जैसे कि इनकी पिटाई हुई है ...ऐसे प्रभु से... हम तो लुट गये। **217**
तळ्ळि त्तळर् नडै यिट्टु⋆ इळम् पिळ्ळैयाय्⋆ उळ्ळत्तिन् उळ्ळे⋆ अवळै उर नोक्कि⋆ कळ्ळत्तिनाल् वन्द⋆ पेयच्चि मुलै उयिर्⋆ तुळ्ळ च्चुवैत्तानाल् इन्रु मुट्टुम्⋆ तुवक्कर उण्डानाल् इन्रु मुट्टुम्॥६॥	एक पग भी नहीं चलने वाले ये एक शिशु थे। नारी के छद्म वेष वाली एक राक्षसी के हृदय में गहरे झांक कर देखा। स्तन पान से उसके प्राण हर लिए। आज हम तो लुट गये । जहर पीने से इनका बाल भी बांका न हुआ ... हम तो लुट गये। **218**
मावलि वेळ्वियिल्⋆ माण् उरुवाय् च्चॅन्रु⋆ मूवडि ता एन्रु⋆ इरन्द इम् मण्णिनै⋆ ओरडि इट्टु⋆ इरण्डाम् अडि तन्निले⋆ तावडि इट्टानाल् इन्रु मुट्टुम्⋆ दरणि अळन्दानाल् इन्रु मुट्टुम्॥७॥	वामन के रूप में महावली के यज्ञ में जाकर इन्होंने तीन पग भूमि मांगी। मांग पूरी होने पर एक पग और फिर दूसरे पग से संपूर्ण ब्रह्मांड माप लिया। आज हम तो लुट गये । जिसने पृथ्वी माप लिया उस प्रभु से ... हम तो लुट गये। **219**
ताळै तण् आम्बल्⋆ तडम् पॅरुम् पॊय्कैवाय्⋆ वाळु मुदलै⋆ वलैप्पट्टु वादिप्पुण्⋆ वेळम् तुयर् कॅड⋆ विण्णोर् पॅरुमानाय्⋆ आळि पणि कॊण्डानाल् इन्रु मुट्टुम्⋆ अदर्करुळ् शॅय्दानाल् इन्रु मुट्टुम्॥८॥	जलकुक्कुट से रेखांकित कमल के बड़े तालाब में हाथी को ग्राह ने पकड़ कर उसको परास्त कर दिया। उसके दुःख को चक्र चलाकर आपने दूर किया। आज हम तो लुट गये । जिसने हाथी पर दया दिखायी उस प्रभु से ... हम तो लुट गये। **220**

वानत्तॆळुन्द⋆ मळै मुगिल् पोल्⋆ एङ्गुम् कानत्तु मेयन्दु⋆ कळित्तु विळैयाडि⋆ एनत्तुरुवाय्⋆ इडन्द इम् मण्णिनै⋆ तानत्ते वैत्तानाल् इन्ऱु मुट्टुम् दरणि इडन्दानाल् इन्ऱु मुट्टुम्॥९॥	विशाल काले मेघ जैसा बड़े थुथने वाला सूकर का रूप धरकर घने जंगलों में आनन्द से क्रीड़ा किये। पुनः कन्द मूल जैसे गहरे जल से पृथ्वी को अपने थुथने पर ऊपर लाये। आज हम तो लुट गये । जिसने पृथ्वी का उद्धार किया उस प्रभु से ... हम तो लुट गये। **221**
‡अङ्गमल क्कण्णन् तन्नै⋆ अशोदैक्कु⋆ मङ्गै नल्लार्गळ् ताम्⋆ वन्दु मुऱैप्पट्ट⋆ अङ्गवर् शॊल्लै⋆ प्पुदुवै कोन् पट्टन् शॊल्⋆ इङ्गिवै वल्लवर्क्कु⋆ एदम् ऒन्ऱिल्लैये॥१०॥	पुदुवै के सम्राट पत्तारबिरन के ये दसक गीत यशोदा के पास सुन्दर गोपियों से राजीवनयन प्रभु पर किये गये शिकायत को स्मरण कराते हैं। जो इन पदों को समझ कर कण्ठ कर लेगें वे दुष्टों से मुक्त रहेंगे। **222** **पेरियाळ्वार तिरूवडिगळे शरणं**

श्रीमते रामानुजाय नमः

21 तन्नेरायिरम् (223-233)

अन्नैकण्णनुक्कु इन्मुदनि अम्मान्दारेन् एनल् (भगवान कृष्ण की अलौकिक शक्ति देखकर उनको दूध पिलाने से यशोदा डरतीं हैं)

<table>
<tr><td>तन् नेर् आयिरम् पिळ्ळैगळोडु⋆ तळर्नडैयिट्टु वरुवान्⋆
पॉन् एय् नेय्योंडु पाल् अमुदुण्डु⋆ ऑरु पुळ्ळुवन् पॉय्ये तवळुम्⋆
मिन् नेर् नुण्णिडै वञ्जमगळ् कॉङ्गै तुञ्ज⋆ वाय् वैत्त पिराने !⋆
अन्ने ! उन्नै अरिन्दु कॉण्डेन्⋆ उनक्कञ्जुवन् अम्मम् तरवे॥१॥</td><td>समवयस्क हजारों लड़कों से घिरे हुए पैर घसीटते आप घर आते हैं।मीठा दूध एवं सुनहला घी पीने में सिद्धहस्त आप बच्चे की तरह रेंगते हैं।प्रभु आपने पतले कमरवाली धोखेबाज पूतना के प्राण हर लिये। मेरे लाड़ले, अब हम आपको जान गये, आपको स्तन से दूध पिलाने में भी डर लगता है। **223**</td></tr>
<tr><td>पॉन्पोल् मञ्जनम् आट्टि अमुदूट्टि प्पोनेन्⋆ वरुमळविप्पाल्⋆
वन्पार च्चगडम् इर च्चाडि⋆ वडक्किल् अगम् पुक्किरुन्दु⋆
मिन्पोल् नुण्णिडैयाल् ऑरु कन्नियै⋆ वेट्रुवम् शेय्दु वैत्त⋆
अन्बा ! उन्नै अरिन्दु कॉण्डेन्⋆ उनक्कञ्जुवन् अम्मम् तरवे॥२॥</td><td>आपको स्नान एवं भोजन कराने के बाद यहीं छोड़कर हम चले गये। हमारे वापस आने के पहले आपने भारी गाड़ी को तोड़ एवं उलट कर उत्तर दिशा वाले कमरे में चले गये। वहां आपने एक सलोनी लड़की को श्रृंगारविहीन कर दिया। मेरे लाड़ले, अब हम आपको जान गये, आपको स्तन से दूध पिलाने में भी डर लगता है। **224**</td></tr>
<tr><td>कुम्मायत्तॉडु वॅण्णॅय् विळुङ्गि⋆ क्कुड त्तयिर् शायत्तु प्परुगि⋆
पॉय्म्म माय मरुदान अशुररै⋆ प्पॉन्रुवित्तिन्रु नी वन्दाय⋆
इम् मायम् वल्ल पिळ्ळै नम्बी !⋆ उन्नै एन्मगने एन्बर् निन्रार्⋆
अम्मा ! उन्नै अरिन्दु कॉण्डेन्⋆ उनक्कञ्जुवन् अम्मम् तरवे॥३॥</td><td>दाल एवं मक्खन को निगलते हुए पात्र को उलट कर आपने अपने को दही से पोत लिया। वृक्ष के रूप में छिपे हुए असुर का नाश कर यहां आप निर्दोष की तरह खड़े हैं।चमत्कार करने वाले बालक प्रभु ! आपको अन्यलोग हमारा पुत्र बताते हैं। अरे नहीं ! अब हम आपको जान गये, आपको स्तन से दूध पिलाने में भी डर लगता है। **225**</td></tr>
<tr><td>मै आर् कण् मड वाय्च्चियर् मक्कळै⋆ मैयन्मै शॅय्दवर् पिन् पोय्⋆
कॉय्यार् पून्दुगिल् पट्टि त्तनि निन्रु⋆ कुट्टम् पल पल शॅय्दाय्⋆
पॉय्या ! उन्नै प्पुरम् पल पेशुव⋆ पुत्तगत्तुगुळ केट्टेन्⋆
ऐया ! उन्नै अरिन्दु कॉण्डेन्⋆ उनक्कञ्जुवन् अम्मम् तरवे॥४॥</td><td>बड़े कजरारे नयनोंवाली सलोनियों को अपने आप पर मुग्ध कराते हुए आप उनका पीछा कर उनकी साड़ी चुरा लेते हैं तथा बहुत सारी गलतियां कर डालते हैं। हे झूठे लाड़ले ! आपकी जितनी शिकायतें सुनते हैं उसमें किताब भर जायेगी। नाथ ! अब हम आपको जान गये, आपको स्तन से दूध पिलाने में भी डर लगता है। **226**</td></tr>
<tr><td>मुप्पोदुम् कडैन्दीण्डिय वॅण्णॅयिनोडु⋆ तयिरुम् विळुङ्गि⋆
कप्पाल् आयर्गळ् काविल् कॉणरन्द⋆ कलत्तॉडु शायत्तु प्परुगि⋆
मॅय्प्पाल् उण्डळु पिळ्ळैगळ् पोल⋆ नी विम्मि विम्मि अळुगिन्र⋆
अप्पा ! उन्नै अरिन्दु कॉण्डेन्⋆ उनक्कञ्जुवन् अम्मम् तरवे॥५॥</td><td>सारे दिन आप मक्खन एवं दही खाते रहते है।उसके बाद ग्वालों द्वारा बड़े वर्त्तनों में गाड़ी पर लाये गये दूध को भी पी जाते हैं और पुनः हमारे स्तन से भी दुग्ध पान करते हैं। इसके बाद भी रोते हुए और अधिक दूध की मांग करते हैं। नाथ ! अब हम आपको जान गये, आपको स्तन से दूध पिलाने में भी डर लगता है। **227**</td></tr>
</table>

करुम्बार् नीळ् वयल् काय् कदिर् च्चॆन्नॆलै⋆ क्कद़ा निरै मण्डि त्तिन्न⋆ विरुम्बा क्कन्रोन्रु कॊण्डु⋆ विळङ्गनि वीळ एरिन्द पिराने !⋆ शुरुम्बार् मॆङ्गुळल् कन्नि ऑरुत्तिक्कु⋆ च्चूळ् वलै वैत्तु त्तिरियुम्⋆ अरम्बा ! उन्नै अरिन्दु कॊण्डेन्⋆ उनक्कञ्जुवन् अम्मम् तरवे॥६॥	बड़े बड़े धान के खेत में गायें चराते हुए आप ने देखा कि एक बछड़ा घास नहीं चर रहा है। उसे उसके पैर से उठाकर पेड़ पर दे मारा तथा उस पेड़ के सारे फल नीचे आ गये। हे नटखट लाड़ले ! गलियों में घूमते हुए मधुमक्खी मंडराते फूल से जूड़ा सजी गोपियों को अपने जाल में करते रहते हैं। अब हम आपको जान गये, आपको स्तन से दूध पिलाने में भी डर लगता है। **228**
मरुट्टार् मॆन्कुळल् कॊण्डु पॊळिल् पुक्कु⋆ वाय्वैत्तव् वायर्तम् पाडि⋆ शुरुट्टार् मॆन्कुळल् कन्नियर् वन्दुन्नै⋆ च्चुट्टम् तॊळ निन्र शोदि !⋆ पॊरुट्टायम् इलेन् एम्बॆरुमान् !⋆ उन्नै प्पॆट्र कुट्रम् अल्लाल्⋆ मट्रिङ्गु अरुट्टा ! उन्नै अरिन्दु कॊण्डेन्⋆ उनक्कञ्जुवन् अम्मम् तरवे॥७॥	बागों में आपके मनमोहक मुरली की तान सुनकर घुंघराले बाल वाली गोपियां चारो तरफ से एकत्रित होकर आपकी पूजा करतीं हैं। हे हमारे चमकते तारे! आपके प्रादुर्भाव से मुझे बदनामी छोड़कर और कुछ नहीं मिला। गांव के सार्वजनिक संपत्ति में हमारा तो कोइ हिस्सा है नहीं। हे नटखट लाड़ले ! अब हम आपको जान गये, आपको स्तन से दूध पिलाने में भी डर लगता है। **229**
वाळा वागिलुम् काणगिल्लार्⋆ पिरर् मक्कळै मैयन्मै शॆय्दु⋆ तोळाल् इट्टुवरोडु तिळैत्तु⋆ नी शॊल्ल प्पडादन शॆय्दाय्⋆ केळार् आयर् कुलत्तवर् इ प्पळि कॆट्टेन् !⋆ वाळ्विल्लै⋆ नन्दन् काळाय् ! उन्नै अरिन्दु कॊण्डेन्⋆ उनक्कञ्जुवन् अम्मम् तरवे॥८॥	ऐसे भी गांव वाले आपको देखना नहीं चाहते हैं क्योंकि आप सलोनी लड़कियों को मोह कर उनसे खेलते हैं, उन्हें बाहों में समेट लेते हैं, और न कहने योग्य कार्यो में लिप्त रहते हैं।ग्वालेजन इस तरह के व्यवहार को बुरा मानते हैं। यह भर्त्सना के योग्य है, एवं हमारा दुर्भाग्य है ! हे नन्द के लाड़ले ! अब हम आपको जान गये, आपको स्तन से दूध पिलाने में भी डर लगता है। **230**
ताय्मार् मोर् विर्क प्पोवर्⋆ तगप्पन्मार् कद़ा निरै प्पिन्बु पोवर्⋆ नी आय्प्पाडि इळङ्गन्निमार्गळै⋆ नेर्पडवे कॊण्डु पोदि⋆ काय्वार्क्कॆन्रुम् उगप्पनवे शॆय्दु⋆ कण्डार् कळर् त्तिरियुम्⋆ आया ! उन्नै अरिन्दु कॊण्डेन्⋆ उनक्कञ्जुवन् अम्मम् तरवे॥९॥	गांव की मातायें छांछ बेचने चली जाती हैं एवं पितागन गायें चराने के लिए बाहर चले जाते हैं। आप कुमारियों को जहां चाहते हैं वहां ले जाते हैं और ऐसे काम करते हैं जिससे दुश्मन सब प्रसन्न होकर उसे गांव के लिए कहने सुनने वाली कहानी बना देते हैं। हे भ्रमणशील गोप पुत्र ! अब हम आपको जान गये, आपको स्तन से दूध पिलाने में भी डर लगता है। **231**
तॊत्तार् पूङ्गुळल् कन्नि ऑरुत्तियै⋆ च्चोलै त्तडम् कॊण्डु पुक्कु⋆ मुत्तार् कॊङ्गै पुणर्न्दिरा नाळिगै⋆ मूवेळु शॆन्रपिन् वन्दाय्⋆ ऑत्तार्क्कॊत्तन पेशुवर्⋆ उन्नै उरप्पवे नान् ऑन्रुम् माट्टेन्⋆ अत्ता ! उन्नै अरिन्दु कॊण्डेन्⋆ उनक्कञ्जुवन् अम्मम् तरवे॥१०॥	फूल सज्जित जूड़ा वाली एक गोपी को जंगल में ले गये और वहां उसके स्तन को अपने बाहों में लिये रहे। तत्पश्चात् रात के तीसरे पहर गांव लौटे। लोग इसकी भर्त्सना करते हैं। हाय ! हम आपको डांटने में असमर्थ हैं। हमारे प्रभु ! अब हम आपको जान गये, आपको स्तन से दूध पिलाने में भी डर लगता है। **232**

कारार् मेनि निरत्तेम् पिरानै* क्कडि कमळ् पूङ्गुळल् आय्च्चि* आरा इन्नमुदुण्ण त्तरुवन् नान्* अम्मम् तारेन् एन्र माट्म्* पारार् तोल् पुगळान् पुदुवै मन्नन्* पट्टर्बिरान् शोन्न पाडल्* एरार् इन्निशै माल्गैळ् वल्लार्* इरुडीकेशन् अडियारे॥११॥ ॥ पेरियाळ्वार् तिरुवडिगळे शरणं॥	प्रसिद्ध पुदुवै के राजा पत्तारबिरन के ये मधुर गीत सुगंधित बालों वाली यशोदा का अपने घनश्याम पुत्र को स्तन के दूध से हटाते हुए कहे हुए शब्दों को दुहराते हैं। जो इसका सम्यक तरीके से गायन करेंगे वे भगवान हृषीकेश के भक्त हो जायेंगे। **233** **पेरियाऴवार तिरूवडिगळे शरणं ।**

श्रीमते रामानुजाय नमः

22 अञ्जनवण्णनै (234-243)

कण्णनै अन्नै कन्रिन्पिन् पोक्कियदणि मनङ्गरैन्दु इरङ्गुदल् (यशोदा भगवान कृष्ण को चरवाही के लिए भेजकर पछताती है)

‡अञ्जन वण्णनै॰ आयर् कोल क्कॊऴुन्दिनै॰ मञ्जनम् आट्टि॰ मनैगळ् तोरुम् तिरियामे॰ कञ्जनै क्कायन्द॰ कळलडि नोव क्कन्रिन् पिन्॰ एन् शॆय प्पिळ्ळैयै प्पोक्किनेन्॰ एल्ले पावमे ! ॥१॥	हमारे घनश्याम एवं गोपवंश के नाथ ! आप स्नान के बाद एक घर से दूसरे घूमते परन्तु इसके बदले हमने आपको बछड़ों के पीछे भेज दिया। वहां कंस के नाश करने वाले आपके कोमल चरण को पीड़ा होगी। ओह ! क्यों हमने ऐसा दुष्टतापूर्ण काम किया ! **234**
पट्टु मञ्जळ् पूशि॰ प्पावै मारॊडु पाडियिल्॰ शिट्रिल् शिदैत्तॆङ्गुम्॰ तीमै शॆय्दु तिरियामे॰ कट्टु त्तुळियुडै॰ वेडर् कानिडै क्कन्रिन् पिन्॰ एट्टुक्कॆन् पिळ्ळैयै प्पोक्किनेन्॰ एल्ले पावमे ! ॰॥२॥	हल्दी एवं तेल के लेप के साथ स्नान कर आप घूमते हुए गोपियों के बालू के महल को नष्ट करते और अन्य नटखट काम में लिप्त होते। परन्तु इसके बदले हमने आपको शिकारियों के जंगल में बछड़ों के धूल से आच्छादित होने के लिए भेज दिया। ओह ! क्यों हमने ऐसा दुष्टतापूर्ण काम किया ! **235**
नन् मणि मेगलै॰ नङ्गैमारॊडु नाळ् तॊरुम्॰ पॊन्मणि मेनि॰ पुऴुदियाडि त्तिरियामे॰ कल्मणि निन्रदिर॰ कान् अदरिडै क्कन्रिन् पिन्॰ एन् मणिवण्णनै प्पोक्किनेन्॰ एल्ले पावमे ! ॰॥३॥	नीलमणि सा सलोने ! प्रतिदिन मणियों के कमरधनी वाली बालाओं के साथ अपने सुनहले मुखमंडल को धूल धूसरित करते गलियों में घूमते। परन्तु इसके बदले हमने (भयंकर जानवरों की आवाज से) गूंजते जंगली रास्तों पर बछड़ों के पीछे आपको भेज दिया। ओह ! क्यों हमने ऐसा दुष्टतापूर्ण काम किया ! **236**
वण्ण क्करुङ्गुळल्॰ मादर् वन्दलर् तूट्रिड॰ पण्णि प्पल शॆय्दु॰ इ प्पाडि एङ्गुम् तिरियामे॰ कण्णुक्किनियानै॰ क्कान् अदरिडै क्कन्रिन् पिन्॰ एण्णर्करियानै प्पोक्किनेन्॰ एल्ले पावमे ! ॰॥४॥	आप देखने में सुन्दर और समझने में कठिन हैं। गोप गांव में ऐसे काम करते हुए आप घूमते कि काले केशवाली नारियां शिकायतों के साथ हमारे पास आतीं। परन्तु इसके बदले हमने (भयंकर जानवरों की आवाज से) गूंजते जंगली रास्तों पर बछड़ों के पीछे आपको भेज दिया। ओह ! क्यों हमने ऐसा दुष्टतापूर्ण काम किया ! **237**
अव्वव्विडम् पुक्कु॰ अव्वायर् पॆण्डिरक्कणुक्काय्॰ कॊव्वै क्कनिवाय् कॊडुत्तु॰ क्कूळैमै शॆय्यामे॰ एव्वुम् शिलै उडै॰ वेडर् कानिडै क्कन्रिन् पिन्॰ दॆय्व त्तलैवनै प्पोक्किनेन्॰ एल्ले पावमे ! ॰॥५॥	देवाधिदेव एक जगह से दूसरे जगह घूमते हुए चुपके से गोपियों को अपना रक्तिम होठ देकर उन्हें मीठी बातों में व्यस्त रखते। परन्तु इसके बदले हमने धनुष धारी शिकारियों के जंगल में बछड़ों के पीछे आपको भेज दिया। ओह ! क्यों हमने ऐसा दुष्टतापूर्ण काम किया ! **238**

मिडरु मॅळुम् एळुत्तोड★ वॅण्णॅय् विळुङ्गि प्पोय्★ पडिरु पल शॅय्दु★ इप्पाडि एङ्गुम् तिरियामे★ कडिरु पल तिरि★ कान् अदरिडै क्कन्रिन् पिन्★ इडर् एन् पिळ्ळैयै प्पोक्किनेन्★ एल्ले पावमे !★॥६॥	चहचहाते पक्षियों के राजा अपने संगियों के साथ कूदते और खेलते तथा पतली कटि वाली गोपियां दौड़ते शिकायत करने आतीं। परन्तु इसके बदले हमने जंगली हाथियों से आक्रान्त जंगल में लड़खड़ाते कदमों से चलते हुए बछड़ों के पीछे आपको भेज दिया। ओह ! क्यों हमने ऐसा दुष्टतापूर्ण काम किया ! **239**
वळ्ळि नुडङ्ङिडै★ मादर् वन्दलर् तूट्रिड★ तुळ्ळि विळैयाडि★ त्तोळरोडु तिरियामे★ कळ्ळि उणङ्गु★ वॅङ्गान् अदरिडै क्कन्रिन् पिन्★ पुळ्ळिन् तलैवनै प्पोक्किनेन्★ एल्ले पावमे !★॥७॥	हमारे लाड़ले मक्खन निगलते हुए गोप गांव में नटखट काम करते हुए घूमते। परन्तु इसके बदले हमने गर्मी से तप्त जंगली रास्ते पर जहां सीज के कांटे भी कुम्हला जाते, आपको बछड़ों के पीछे भेज दिया। ओह ! क्यों हमने ऐसा दुष्टतापूर्ण काम किया ! **240**
पन्निरु तिङ्गळ्★ वयिट्रिल् कॉण्ड अ प्पाङ्गिनाल्★ एन् इळङ्गॉङ्गै★ अमुदम् ऊट्टि एडुत्तु यान्★ पॉन्नडि नोव★ प्पुलरिये कानिल् कन्रिन् पिन्★ एन् इळञ्जिङ्गत्तै प्पोक्किनेन्★ एल्ले पावमे !★॥८॥	बारह महीने गर्भ में रखने का संबंध है तथा अपने स्तन के अमृत पर आपको पाला है। आज प्रातः सिंह शावक को जगाकर उनके कोमल पैरों को पीड़ा देने वाले जंगल में बछड़ों के पीछे भेज दिया। ओह ! क्यों हमने ऐसा दुष्टतापूर्ण काम किया ! **241**
कुडैयुम् शॅरुप्पुम् कॉडादे★ दामोदरनै नान्★ उडैयुम् कडियन ऊन्रु★ वॅम् परर्गळ् उडै★ कडिय वॅङ्गानिडै★ क्काल् अडि नोव क्कन्रिन् पिन्★ कॉडियेन् एन् पिळ्ळैयै प्पोक्किनेन्★ एल्ले पावमे !★॥९॥	अपने दामोदर को बिना छाता एवं पादुका के पैरों में चुभने वाले नुकीले पथरीले रास्ते पर तप्त जंगल में भेज दिया। ओह ! कितनी हृदयविहीना हूं मैं ! क्यों हमने ऐसा दुष्टतापूर्ण काम किया ! **242**
‡एन्रुम् एनक्किनियानै★ एन् मणिवण्णनै★ कन्रिन् पिन् पोक्किनेन् एन्रु★ अशोदै कळरिय★ पॉन् तिगळ् माड★ प्पुदुवैयर् कोन् पट्टन् शॉल्★ इन् तमिळ् मालै वल्लवर्क्कु★ इडर् इल्लैये★॥१०॥ ॥ पॅरियाळ्वार् तिरुवडिगळे शरणं ॥	सुवर्णअटारियों के पुदुवै के राजा पत्तारविरन के ये मधुर गीत अपने नीले मणि सा सलोने शावक को चरवाही के लिये जंगल में भेजकर पछताते यशोदा के शब्दों को दुहराते हैं।जो इसे कण्ठ करेंगे उनके सारे कठिनाई दूर हो जायेंगे ।**243** **पेरियाळ्वार तिरूवडिगळे शरणं ।**

श्रीमते रामानुजाय नमः

23 शीलैक्कुदम्बै (244-253)

कण्णन वरवु कण्डु अन्नै मागिऴदल् (यशोदा का भगवान कृष्ण को चरवाही से लौटने पर प्रसन्न होना)

शीलै क्कुदम्बै ऑरुगार्दोरुगादु⋆ शॅन्निर मेल् तोन्रिप्पू⋆ कोल प्पणै क्कच्चुम् कूरै उडैयुम्⋆ कुळिर् मुत्तिन् कोडालमुम्⋆ कालि प्पिन्ने वरुगिन्र⋆ कडल् वण्णन् वेडत्तै वन्दु काणीर्⋆ ञालत्तु प्पुत्तिरनै प्पॅट्रार्⋆ नङ्गैमीर्! नाने मट्रारुम् इल्लै॥१॥	इनके एक कान पर पगड़ी झुक गयी है तथा दूसरे कान पर लाल कुमुद के गुच्छे लगे हुए हैं। कमर के वस्त्रावरण और उसके ऊपर खुला वस्त्र, वक्षस्थल पर झूलता है मोती का चन्द्राकार माला, नील सागर सा सलोने प्रभु बछड़ों के साथ लौट आए हैं। हे नारियां ! आओ और इनके वेष भूषा देखो। संपूर्ण संसार में हम अकेले एसे पुत्र वाले हैं, हां दूसरा कोई नहीं। **244**
कन्नि नन् मा मदिळ् शूळ्तरु⋆ पूम्बॉळिल् काविरि त्तॅन्नरङ्गम्⋆ मन्निय शीर् मदुशूदना! केशवा!⋆ पावियेन् वाळ्वुगन्दु⋆ उन्नै इळङ्गन्रु मेय्क्क⋆ च्चिरुगाले ऊट्टि ऑरुप्पडुत्तेन्⋆ एन्निन् मनम् वलियाळ् ऑरु पॅण् इल्लै⋆ एन् कुट्टने मुत्तम् ता॥२॥	कावेरी नदी के पानी से सिंचित सुगंधमय बाग तथा मजबूत दीवाल वाले श्रीरंगम के मधुसूदन ! इस निर्दयी जीव के प्राणाधार केशव ! प्रातःकाल आपको पूरा भोजन कराकर बछड़ों को चराने के लिये भेज दिया। कोई भी मानव प्राणी हमारे जैसा निष्ठुर हृदय वाला नहीं होगा। हमारे लाल ! शीघ्र एक चुम्बन दो। **245**
काडुगळ् ऊडु पोय्⋆ क्कन्रुगळ् मेय्त्तु मरियोडि⋆ कार्क्कोडल् पू च्शूडि वरुगिन्र दामोदरा!⋆ कट्टु त्तूळि काण् उन् उडम्बु⋆ पेडै मयिर् चायल् पिन्नै मणाळा!⋆ नीराट्टमैत्तु वैत्तेन्⋆ आडि अमुदुशॅय् अप्पनुम् उण्डिलन्⋆ उन्नोडुडने उण्बान्॥३॥	दामोदर ! घने जंगल में प्रवेश कर बछड़ों को भगाते हुए स्वयं आगे आगे दौड़े और लाल कुमुद फूल धारण किए घर लौटे हैं। देखो, आपका शरीर बछड़ों के धूल से भरा हुआ है।मोरनी की तरह आकर्षित करने वाली नप्पिनाय के दुल्हा ! आपके स्नान के लिये तैयारी कर रखी है। स्नान कर के भोजन के लिए आइए। आपके पिता भोजन नहीं किये हैं वे आपके साथ भोजन करना चाहते हैं। **246**

कडि आर् पॊऴिल् अणि वेङ्गडवा !* करुम् पोरेऱे !* नी उगक्कुम् कुडैयुम् शॆरुप्पुम् कुऴलुम्* तरुविक्क कॊळ्ळादे पोनाय् माले !* कडिय वॆङ्गानिडै क्कन्ऱिन् पिन् पोन* शिऱुक्कुट्ट च्चॆङ्गमल* अडियुम् वॆदुम्बि* उन् कण्कळ् शिवन्दाय् अशैन्दिट्टाय्* नी ऎम्बिरान् ! ॥ ४ ॥	सुगन्धित छायेदार स्थलों वाले वेंकटम पर्वतश्रेणी के प्रभु ! हमारे क्रुद्ध घनश्याम वृषभ !आपने अपने पसंद के छाता, पादुका एवं बांसुरी मांगा परन्तु उन्हें छोड़कर आप प्रिय बछड़ों को चराने चले गये। नन्हे लाल ! आपके कमल के पंखुड़ी जैसे कोमल तलवे जल गये हैं, सूर्य की गर्मी से आंखें लाल हो गयीं हैं।देखो, हमारे प्रभु ! तुम थक गये हो। **247**
पढ़ार् नडुङ्ग मुन् पाञ्चशन्नियत्तै* वाय्वैत्त पोरेऱे !* ऎन् शिढ़ायर् शिङ्गमे ! शीदै मणाळा !* शिऱुक्कुट्ट च्चॆङ्गण् माले !* शिढ़ाडैयुम् शिऱु प्पत्तिरमुम्* इवै कट्टिलिन् मेल् वैत्तु प्पोय्* कढ़ायरोडु नी कन्ऱुगळ् मेय्त्तु* क्कलन्दुडन् वन्दाय् पोलुम्॥५॥	मेरे नन्हें गोपकुल के सिंह शावक ! सीता के दुल्हा ! राजीवनयन लाड़ले ! आपने पाञ्चजन्य फूंक कर शत्रुओं को भयत्रस्त कर दिया।अपने वस्त्र एवं तलवार छोड़कर आप युवा बालकों के साथ बछड़े चराने चले गये और उन्हींलोगों के साथ लौटे हैं। **248**
अञ्जुडर् आऴि उन् कैयगत्तेन्दुम् अऴगा !* नी पॊय्गै पुक्कु* नञ्जुमिऴ् नागत्तिनोडु पिणङ्गवुम्* नान् उयिर् वाऴ्न्दिरुन्देन्* ऎन् शॆय्य ऎन्नै वयिऱु मऱुक्किनाय्* ऎदुम् ओर् अच्चम् इल्लै* कञ्जन् मनत्तुक्कुगप्पनवे शॆय्दाय्* कायाम्पू वण्णम् कॊण्डाय् ! ॥६॥	सलोने लाल !आप आभापूर्ण शंख अपने हाथ में धारण करते हैं।जब आप ताल में कूदकर विषैले सर्प से लड़ रहे थे उस समय हमारे पेट में मरोड़ हो रहा था और मैने सब कुछ जीवित देखा। आप क्यों इस तरह के काम करते हैं जिससे कंश प्रसन्न होता है। **249**
पन्ऱियुम् आमैयुम् मीनमुम् आगिय* पार्कडल् वण्णा !* उन्मेल् कन्ऱिन् उरुवागि मेय्पुलत्ते वन्द* कळ्ळ अशुरर् तम्मै* शॆन्ऱु पिडित्तु च्चिऱु क्कैगळाले* विळङ्गाय् ऎऱिन्दाय् पोलुम्* ऎन्ऱुम् ऎन् पिळ्ळैक्कु त्तीमैगळ् शॆय्वार्गळ्* अङ्गनम् आवर्गळे॥७॥	क्षीराब्धि के नाथ !आपने मत्स्य कच्छप एवं वराह का रूप धारण किया। धोखे से एक असुर बछड़ा बनकर चारागाह में आया।आपने अपने छोटे हाथों से उसे पकड़ा और ताड़ वृक्ष पर दे मारा। मेरे लाड़ले की क्षति चाहने वालों की यही गति होती है। **250**
केट्टऱियादन केट्गिन्ऱेन्* केशवा ! कोवलर् इन्दिरर्कु* काट्टिय शोऱुम् कऱियुम् तयिरुम्* कलन्दुडन् उण्डाय् पोलुम्* ऊट्ट मुदल् इलेन् उन्दन्नै क्कॊण्डु* ऒरुपोदुम् ऎनक्करिदु* वाट्टम् इला प्पुगऴ् वाशुदेवा !* उन्नै अञ्जुवन् इन्ऱु तॊट्टुम्॥८॥	शाश्वत यश वाले वासुदेव ! अभूतपूर्व बातें मैं सुन रहीं हूं। एक ही बार (एक कौर में) में आपने गोप जनों द्वारा इन्द्र के लिए एकत्रित सभी भोजन, पकवान, एवं दही चट कर गये।प्रत्येक दिन की बात तो छोड़ दीजिए, मेरे लिए आपको एक दिन भी खिलाना कठिन दिखता है।आज से तो मैं आप से डरने लगी हूं। **251**

तिण्णार् वॅण् शङ्गुडैयाय्!⋆ तिरुनाळ् तिरुवोणम् इन्रॅ़ळु नाळ्⋆ मुन् पण् नेर् मॉळियारै क्कूवि मुळै अट्टि⋆ प्पल्लाण्डु कूऱ़वित्तेन्⋆ कण्णालम् शॅय्य⋆ क्करियुम् कलत्तरिशियुम् आक्कि वैत्तेन्⋆ कण्णा! नी नाळै तॉट्टु क्कन्ऱ़िन् पिन् पोगेल्⋆ कोलम् शॅय्दिङ्गे इरु॥९॥	शक्तिवान श्वेत शंख धारण करने वाले प्रभु ! आज से आपके जन्म नक्षत्र श्रवण को आने में मात्र सात दिन बाकी रह गया है। इस उत्सव की तैयारी में बीज अंकुरण करती हूं, तथा सुन्दर गाने वाली गोपियों को निमन्त्रित करती हूं जो उस दिन "आपके जन्मदिन पर बहुत सारी खुशियां हों" की बधईया गा सकें। हमने पात्रों को चावल एवं सब्जियों से भर कर तैयार कर दिया है। मेरे आंखों के तारे ! कल से आप चरवाही में नहीं जायेंगे, और यहीं उत्सव के लिए अलंकृत होकर रहेंगे। **252**
‡पुद्ऱवल्गुल् अशोदै नल् आय्च्चि⋆ तन् पुत्तिरन् गोविन्दनै⋆ कद्ऱिनम् मेय्त्तु वर क्कण्डुगन्दु⋆ अवळ् कर्पित्त माद्ऱम् एल्लाम्⋆ शॅद्ऱम् इलादवर् वाळ्तरु⋆ तॅन्बुदुवै विट्टुशित्तन् शॉल्⋆ कद्ऱिवै पाड वल्लार्⋆ कडल् वण्णन् कळल्गिणै काण्बार्गळे॥१०॥ ॥ पॅरियाळ्वार् तिरुवडिगळे शरणं॥	सात्विक जनों की नगरी श्रीविल्लीपुत्तुर के विष्णुचित्त के ये दसक गीत, पतली कमरवाली गोपवंश सलोनी यशोदा की खुशी के शब्दों को दुहराते हैं, जो वे अपने लाल गोविंद को बछड़ों के साथ चरवाही से लौटने पर प्रकट करती हैं। जो इन गीतों को गायेंगे उन्हें भगवान के चरण कमल के दर्शन होंगे। **253** पेरियाऴवार तिरूवडिगळे शरणं ।

श्रीमते रामानुजाय नमः

24 तळैगळुं (254-263)

कालिप्पिन् वरूम् कण्णनै क्कण्डु कन्नियर् कामुरळ् (चरवाही से लौटने पर भगवान कृष्ण से गोपियों का प्रेम)

<table>
<tr><td>तळैगळुम् तोँङ्गलुम् तदुम्बि एङ्गुम्* तण्णुमै एक्कम् मत्तळि ताऴपीलि*
कुळल्गळुम् गीदमुम् आगि* एङ्गुम् गोविन्दन् वरुगिन्र् कूट्टम् कण्डु*
मळैगोलो वरुगिन्र्दॆन्रु शोँल्लि* मङ्गैमार् शालग वाशल् पट्ि*
नुळैवनर् निर्पनर् आगि एङ्गुम्* उळ्ळम् विट्टूण् मरन्दॊऴिन्दनरे॥१॥</td><td>विभिन्न तरह के छोटे एवं बड़े छाता दिखने लगे। गोविन्द जब अपने संगियों के साथ लौटते हुए गांव में प्रवेश करते हैं तब ढ़ोल, मृदंग, खोल, मजीरा, बांसुरी आदि के संगीत से वातावरण गूंज उठता है।गोपियां खिड़कियों पर आकर कहती हैं “आश्चर्य है, लगता है वर्षा के मेघ घिर आये हैं”। भोजन भूल कर, कोई तो बाहर आया, एवं कोई खड़े होकर अपना हृदय निछावर करती हैं। 254</td></tr>
<tr><td>वल्लि नुण् इदळ् अन्न आडै कोँण्डु* वशै अर त्तिरुवरै विरित्तुडुत्तु*
पल्लि नुण् पढ़ाग उडैवाळ् शात्ति* प्पणैक्कच्चुन्दि प्पल तळै नडुवे*
मुल्लै नल् नरुमलर् वेङ्ग मलर् अणिन्दु* पल् आयर् कुळाम् नडुवे*
एल्लियम् पोदाग प्पिळ्ळै वरुम्* एदिर् निन्रङ्गिनवळै इळवेन्मिने॥२॥</td><td>कई तह वाले फूल जैसे मुलायम मलमल का वस्त्र, कमर पर अन्य चपते हुए वस्त्र की सहायता से छिपकिली जैसा चिपक कर बंधी हुई तलवार। सलोने कुंवर अपने गोप गिरोह के साथ, मोर पंख, सुगंधित मुलै एवं वेंगै फूलों से सुसज्जित, गोधूलि वेला में प्रवेश करते हैं। (यशोदा चेतावनी देते हुए कहती हैं) युवतियां उनके रास्ते से हट कर खड़ी हों, ऐसा न हो कि आपलोगों को अपने कंगन से हाथ धोना पड़े। 255</td></tr>
<tr><td>शुरिगैयुम् तॆरि विल्लुम् शॆण्डु कोलुम्*
मेलाडैयुम् तोळन्मार् कोँण्डोड*
ऑरु कैयाल् ऑरुवन् तन् तोळै ऊन्रि*
आनिरैयिनम् मीळ क्कुरित्त शङ्गम्*
वरुगैयिल् वाडिय पिळ्ळै कण्णन्*
मञ्जळुम् मेनियुम् वडिवुम् कण्डाळ्*
अरुगे निन्राळ् एन्पेण् नोक्कि क्कण्डाळ्*
अदु कण्डिव्वूर् ऑन्रु पुणरक्किन्रदे॥३॥</td><td>गायों को लौटा कर लाने के लिये जो टोली भेजी गयी थी उसके साथ थके हुए कृष्ण लौट रहें हैं। उनका एक हाथ किसी के कंधे पर टिका है तथा दूसरे में वे शंख धारण किये हुए हैं। उनके साथी तलवार, धनुष, बाण, मुकुट लेकर पीछे पीछे दौड़ते हैं।मेरी बेटी नजदीक से खड़ी होकर धूल धूसरित उनके सुनहले मुखमंडल को निहारती है और पुनः निहारती है। यह देखकर नगरवासियों का तांता लग गया। 256</td></tr>
</table>

कुन्रॅडुत्तानिरै कात्त पिरान्⋆ कोवलनाय् क्कुळल् ऊदि ऊदि⋆ कन्रुगळ् मेय्त्तु त्तन् तोळरोडु⋆ कलन्दुडन् वरुवानै त्तॆरुविल् कण्डु⋆ एन्रुम् इवनै ऑप्पारै नङ्गाय्⋆ कण्डरियेन् एडि ! वन्दु काणाय्⋆ ऑन्रुम् निल्ला वळै कळन्रु⋆ तुगिल् एन्दिळ मुलैयुम् एन् वशम् अल्ल्वे ॥ ४ ॥	गोपजनों के नाथ जिन्होंने पर्वत उठाकर गायों की रक्षा की थी, सारा दिन बछड़ों को चराते हुए बांसुरी बजाते हैं। वे अपने साथियों के साथ इस रास्ते लौट रहे हैं। हे बहन ! आओ, देखो। मैंने ऐसा विस्मयकारी स्वरूप पहले नहीं देखा था। मेरे वस्त्र ढ़ीले पड़ रहे हैं, कंगन स्थिर नहीं हैं, मेरे उभरते उरोज मेरे नियंत्रण में नहीं हैं। **257**
शुट्टि निन्रायर् तळैगळ् इड⋆ च्चुरुळ् पङ्गि नेत्तिरत्ताल् अणिन्दु⋆ पट्टि निन्रायर् कडैत्तलैये⋆ पाडवुम् आड क्कण्डेन्⋆ अन्रि प्पिन् मट्टॊरुवर्क्कॆन्नै प्पेशल् ऑट्टेन्⋆ मालिरुञ्जोलै एम् मायर्कल्लाल्⋆ कॊट्टवनुक्किवळ् आम् एन्रॆण्णि⋆ क्कॊडुमिन्गळ् कॊडीरागिल् कोळम्बमे ॥ ५ ॥	छत्रियां थामे गोपजनों से घिरे हुए मोर पंख से सुसज्जित घुंघराले केश वाले एक घर के वरामदे में खड़ा होकर गाते और नृत्य करते हैं। नारियां मलीरूमसोलै के विस्मयकारी प्रभु को देखकर कहती हैं "दूसरे किसके अब हम समर्पित होंगे" जो कहे "हां हम उनके हैं" वही विजयी है, अन्यथा अनियंत्रित स्थिति को झेले। **258**
शिन्दुरम् इलङ्ग त्तन् तिरुनॆट्टि मेल्⋆ तिरुत्तिय कोरम्बुम् तिरु क्कुळलुम्⋆ अन्दर मुळव त्तण् तळै क्काविन्कीळ्⋆ वरुम् आयरोडुडन् वळैगोल् वीश⋆ अन्दम् ऑन्रिल्लाद आय प्पिळ्ळै⋆ अरिन्दरिन्दिव् वीदि पोदुमागिल्⋆ पन्दु कॊण्डान् एन्रु वळैत्तु वैत्तु⋆ पवळवाय् मुरुवलुम् काण्बोम् तोळी ! ॥ ६ ॥	ललाट पर लाल चंदन, सिरमौर के नीचे लटकते घुंघराले बाल, ढ़ोल एवं मजीरों की ध्वनि से गूंजायमान वातावरण में, जंगल सा भरमार छत्रियों की छांह में, अगम्य गोप कुमार गोपमित्रों से घिरे हुए चरवाही की टेढ़ी छड़ी को हवा में उछालते आ रहे हैं। हे बहन ! पूरी तरह से जानते हुए भी अगर वे इस गली से आ गये तो उनका रास्ता रोकते हुए पूछुंगी "आपने हमारे गेंद ले लिए हैं" और उनके मूंगावत अधरों को चूमते हुए उनके मधुर मुस्कान का आनंद उठाउंगी। **259**
शाल प्पल् निरै प्पिन्ने तळै क्काविन्कीळ्⋆ तन् तिरुमेनि निन्रॊळि तिगळ⋆ नील नल् नरुङ्गुञ्जि नेत्तिरत्ताल् अणिन्दु⋆ पल् आयर् कुळाम् नडुवे⋆ कोल च्चॆन्दामरै क्कण् मिळिर⋆ क्कुळल् ऊदि इशै पाडि क्कुनित्तु⋆ आयरोडु आलित्तु वरुगिन्र आय प्पिळ्ळै⋆ अळगु कण्डॆन्मगळ् अयर्क्किन्रदे ॥ ७ ॥	पशुओं के विशाल समूह के पीछे गोपालकों के बड़े समुदाय के बीच, जंगल सी छत्रियों की छांह में, आभापूर्ण मुखमंडल, लंबे घुंघराले बाल में मोरपंख बांधे, सुन्दर चमकती कमल सी आंखें, वे बांसुरी बजाते हुए गाते हैं एवं मित्रों के साथ नाचते हैं। इतना सुंदर कुंवर को देखकर मेरी बेटी मूर्छित हो गयी। **260**
शिन्दुर प्पॊडि क्कॊण्डु शॆन्नि अप्पि⋆ त्तिरुनामम् इट्टङ्गोर् इलैयन् तन्नाल्⋆ अन्दरम् इन्रि त्तन् नॆरि पङ्गियै⋆ अळगिय नेत्तिरत्ताल् अणिन्दु⋆ इन्दिरन् पोल् वरुम् आय प्पिळ्ळै⋆ एदिर् निन्रङ्गिनवळै इळवेल् एन्न⋆ शन्दियिल् निन्रु कण्डीर् नङ्गै तन्⋆ तुगिलॊडु शरिवळै कळल्गिन्रदे ॥ ८ ॥	इन्द्र की तरह केशांत में शिन्दुर, गोप शावक के ललाट पर ताड़पत्र के डंठल से रेखांकित चिह्न, घने काले केश मोर पंख के साथ बंधे हुए; मैंने अपनी लाड़ली बेटी को उनके रास्ते में खड़ा होने से मना किया, ऐसा न कि उसकी बाहुंपाश ढ़ीली पड़ जाये। हाय वह चौराहे पर अकेली खड़ी हुई और उसके कंगन एवं वस्त्र ढ़ीले पड़ गये। **261**

वल्ङ्गादिन् मेल् तोन्रि प्पूवणिन्दु★ मल्लिगै वनमालै मौवल् मालै★ शिलिङ्गारत्ताल् कुळल् ताळ विट्टु★ तीङ्गुळल् वाय्मडुत्तूदि ऊदि★ अलङ्गारत्ताल् वरुम् आय् प्पिळ्ळै★ अळगु कण्डॆन्मगळ् आशै प्पट्टु★ विलङ्गि निल्लादॆदिर् निन्रु कण्डीर्★ वॆळ्वळै कळन्रु मॆय्म् मॆल्लिगिन्रदे ॥ ९ ॥	अपने दायें कान पर लाल कुमुद के फूल का गुच्छा, कंधे पर लंबा चमेली का माला, हवा में लहराते काले घुंघराले केश। उन्होंने मधुर बांसुरी की अनवरत तान छेड़ी। गोपकुंवर को इस लालित्य के साथ आते देख मेरी बेटी उनके सौंदर्य से मुग्ध हो गई। उनके जाने के रास्ते को छेंककर सामने खड़ी हो गयी। हाय ! हाथी के दांत से बने उसके बाहुपाश गिर गये एवं सारा शरीर सिकुड़ गया। **262**
विण्णिन् मीदमरर्गळ् विरुम्बि त्तॊळ★ मिरैत्तायर् पाडियिल् वीदियूडे★ कण्णन् कालि प्पिन्ने एळुन्दरुळ क्कण्डु★ इळ आय् क्कन्निमार् कामुद् वण्णम्★ वण्डमर् पॊळिल् पुदुवैयर् कोन्★ विट्टुशित्तन् शॊन्न मालै पत्तुम्★ पण् इन्बम् वर प्पाडुम् पत्तर् उळ्ळार्★ परमान वैगुन्दम् नण्णुवरे ॥ १० ॥ ॥ पॆरियाळ्वार् तिरुवडिगळे शरणं ॥	मधुमक्खी से घिरे हुए बाग वाले श्रीविल्लीपुत्तुर के राजा विष्णुचित्त के ये दसक गीत, कुमारी गोपियों के उन इच्छाओं का स्मरण कराते हैं जो उनलोगों ने, बछड़ों के साथ गली में लौटते कृष्ण, जो अपनी पूजा के लिए प्रतीक्षा करते स्वर्ग के देवताओं को छोड़ आये थे, को देखकर प्रकट किये थे। जो भक्तगण वाद्यों के धुन पर इसे गायेंगे उनको वैकुण्ठ मिलेगा। **263** **पेरियाळ्वार तिरूवडिगळे शरणं**

श्रीमते रामानुजाय नमः

25 अट्टूक्कुवि (264-274)

गोवरद्दन गिरियै क्कुडैकाळ् वण्णम् (भगवान कृष्ण ने गोवर्द्धन को उठाकर यादवों एवं गायों की रक्षा की)

अट्टु क्कुवि शोट्ट प्परुप्पदमुम्* तयिर् वावियुम् नेय् अळरुम् अडङ्ग प्पोट्ट त्तुट्टि* मारि प्पगै पुणर्त्त* पोरु मा कडल्वण्णन् पोरुत्त मलै* वट्ट त्तडङ्गण् मड मान् कन्रिनै* वलैवाय् प्पट्टि क्कोण्डु* कुरमगळिर् कोट्टै त्तलै प्पाल् कोडुत्तु वळर्क्कुम्* गोवर्त्तनम् एन्नुम् कोट्ट क्कुडैये* ॥१॥	सागर सा नील वदन वाले प्रभु, पके हुए चावल के ढ़ेर को, दही एवं घी भरे पात्रों को क्षणभर में चटक गये। ऐसा करके आपने शत्रुवत वर्षा को आमंत्रित किया। पुनः विजयभाव से छाते की तरह पर्वत को उठा लिया। यह पर्वत गोवर्द्धन है जहां बहेलिया लोग वृहत नयन वाले मृगशिशुओं को जाल में पकड़ लेते हैं और उन्हें रूई की बत्ती से दूध पिलाकर उनका लालन पोसन करते हैं। **264**
वळर्वोन्रुम् इला च्चेय्गै वानवर् कोन्* वलिप्पट्टु मुनिन्दु विडुक्कप्पट्टु* मळै वन्देळु नाळ् पेय्दु मा त्तडुप्प* मदुशूदन् एडुत्तु मरित्त मलै* इळवु तरियाददोर् ईट्ट प्पिडि* इळञ्जीयम् तोडरन्दु मुडुगुदलुम्* कुळवि इडै क्काल् इट्टेदिरन्दु पोरुम्* गोवरत्तनम् एन्नुम् कोट्ट क्कुडैये* ॥२॥	निर्दोष कर्म वाले इन्द्र के आदेश से सात दिन तक वर्षा ने कहर ढा दिया। मधुसूदन ने पर्वत को उठाया और उलटकर छाते की तरह धारण किया। यह पर्वत गोवर्द्धन है जहां हाथी का बच्चा सिंह के आक्रमण से बचकर अपने मां के पैरों के बीच शरण लेता है और हथिनी मां आक्रामक सिंह से डटकर मुकावला लेती है। **265**
अम् मै त्तडङ्गण् मड आय्च्चियरुम्* आनायरुम् आनिरैयुम् अलरि* एम्मै च्चरण् एन्रुकोळ एन्रिरप्प* इलङ्गाळि क्कै एन्दै एडुत्त मलै* तम्मै च्चरण् एन्र तम् पावैयरै* पुनमेय्गिन्र मानिनम् काण्मिन् एन्रु* कोम्मै प्पुय क्कुन्रर् शिलै कुनिक्कुम्* गोवरत्तनम् एन्नुम् कोट्ट क्कुडैये* ॥३॥	जब गोप नर नारियां एवं गऊयें आंखें फाड़कर सहायता के लिये पुकारते हुए शरण में आये तो प्रभु कृष्ण ने, जो प्रकाशमान चक्र धारण करते हैं, विजय छत्र की तरह पर्वत को उठा लिया। यह पर्वत गोवर्द्धन है जहां नर बहेलिया अपनी बड़ी बड़ी आंखों वाली पत्नि को झाड़ियों की ओर इशारा कर बताता है "चुप वो मृग है वहां" और उसपर निशाना साधकर बाण का संधान करता है। "बचाओ" की पुकार करते मृग बाहर आते हैं ।**266**
कडु वाय् च्चिन वेङ्गण् कळिट्रिनुक्कु* क्कवळम् एडुत्तु क्कोडुप्पान् अवन् पोल्* अडिवाय् उर क्कैयिट्टेळ प्परित्तिट्टु* अमरर् पेरुमान् कोण्डुनिन्र मलै* कडल्वाय् च्चेन्रु मेगम् कविळ्न्दिरङ्गि* क्कदुवाय् प्पड नीर्मुगन्देरि* एङ्गुम् कुडवाय् प्पड निन्रु मळै पोळियुम्* गोवर्त्तनम् एन्नुम् कोट्ट क्कुडैये* ॥४॥	देवाधिदेव ने अपना हाथ पर्वत के नीचे घुसाकर उसे इस तरह उठा लिया जैसे गुस्से से भरे हाथी के लिये महावत उसका भोजन पात्र उठाता है। यह पर्वत गोवर्द्धन है जहां काले मेघ गहरे सागर में उतरकर पानी उठाता है और भरे हुए घड़े की बौछार की तरह सर्वत्र पानी वर्षाता है।**267**

वानत्तिल् उळ्ळीर्! वलियीर् उळ्ळीरेल्⋆ अरैयो! वन्दु वाङ्गुमिन् एन्बवन् पोल्⋆ एनत्तुरुवागिय ईशन् एन्दै⋆ इडवन् एळ वाङ्गि एडुत्त मलै⋆ कान क्कळि यानै तन् कॊम्बिळन्दु⋆ कदुवाय् मदम् शोर त्तन् कै एडुत्तु⋆ कूनल् पिऱै वेण्डि अण्णान्दु निर्कुम्⋆ गोवर्त्तनम् एन्नुम् कॊऱ्ऱ क्कुडैये⋆ ॥५॥	हमारे नाथ, प्रभु ! एकबार सूकर के रूप में आये थे, वैसे हीं इसबार पर्वत को कुकुरछत्ते की तरह उठा लिए। पुकार कर कहा "स्वर्ग के देवताओं में से है कोई शक्तिमान जो इसे धारण करे, यह मेरी चुनौती है"। यह पर्वत गोवर्द्धन है जहां टूटे हुए दांत वाले हाथी अपनी सूंढ़ को चांद की तरफ उठाकर खुशी में मुंह से लार के पानी का फुहारा छोड़ता है। **268**
शॆप्पाडुडैय तिरुमाल् अवन् तन्⋆ शॆन्दामरै क्कैविरल् ऐन्दिनैयुम्⋆ कप्पाग मडुत्तु मणि नॆडुन् तोळ्⋆ काम्बाग क्कॊडुत्तु क्कवित्त मलै⋆ एप्पाडुम् परन्दिऴि तॆळ् अरुवि⋆ इलङ्गु मणि मुत्तु वडम् पिऱळ⋆ कुप्पायम् एन निन्ऱ काट्चि तरुम्⋆ गोवर्त्तनम् एन्नुम् कॊऱ्ऱ क्कुडैये⋆ ॥६॥	दयानिधान तिरूमल के प्रभु ने पर्वत को एक छाता की तरह उलट लिया। पांचो उंगलियों को कमानी की तरह रखकर सुन्दर लंबी भुजा को छाता का डंडा जैसा बना दिया। किनारों से गिरने वाले ठंढ़े पानी की तेज धार से निकले फुहारें उनके ऊपर मोती के दानों की तरह छा गये। यह पर्वत गोवर्द्धन है प्रभु को विजय छत्र। **269**
पडङ्गळ् पलवुम् उडै प्पाम्बरैयन्⋆ पडर् बूमियै त्ताङ्गि क्किडप्पवन् पोल्⋆ तडङ्गै विरल् ऐन्दुम् मलर वैत्तुत्⋆ दामोदरन् ताङ्गु तडवरैतान्⋆ अडङ्ग च्चॆन्ऱिलङ्गैयै ईडऴित्त⋆ अनुमन् पुगळ् पाडि त्तम् कुट्टन्गळै⋆ कुडङ्गै क्कॊण्डु मन्दिगळ् कण् वळर्त्तुम्⋆ गोवर्त्तनम् एन्नुम् कॊऱ्ऱ क्कुडैये⋆ ॥७॥	दामोदर श्रीकृष्ण ने शक्तिशाली पांचो उंगलियों को फैलाकर पर्वत को ऐसे संभाला जैसे नागराज शेष अपने बहुत सारे फनों पर पृथ्वी को संभाले रहते हैं। यह पर्वत गोवर्द्धन है जहां बन्दरी अपने सुकुमार बच्चे को हनुमान का लंका को नाश करने वाली वीरगाथा की लोरी सुनाते हुए हाथों से थपथपाकर सुलाती है।**270**
शल मा मुगिल् पल् कण प्पोर्क्कळत्तु⋆ शर मारि पॊऴिन्दॆङ्गुम् पूशल् इट्टु⋆ नलिवान् उऱ क्केडगम् कोप्पवन् पोल्⋆ नारायणन् मुन् मुगम् कात्त मलै⋆ इलैवेय् कुरम्बै त्तव मा मुनिवर्⋆ इरुन्दार् नडुवे शॆन्ऱणार् शॊऱिय⋆ कॊलै वाय् च्चिन वेङ्गैगळ् निन्ऱुऱङ्गुम्⋆ गोवर्त्तनम् एन्नुम् कॊऱ्ऱ क्कुडैये⋆ ॥८॥	जब युद्धरत काले बादल एकत्रित होकर युद्धक्षेत्र के बाणों की तरह पानी वर्षाने लगे और सर्वत्र हाहाकार मचा दिया तो नारायण प्रभु आगे आकर पर्वत को छाते की तरह उठा लिये। यह पर्वत गोवर्द्धन है जहां भयंकर बाघ ऋषियों के पर्ण कुटीर में प्रवेश कर जाते हैं और तपोधन ऋषि उसके गले से लटके चर्मभाग को सहलाते हुए उसे खड़े खड़े सुला देते हैं।**271**

वन् पेय्मुलै उण्डदोर् वाय् उडैयन्* वन् तूण् एन निन्ऱदोर् वन् परत्तै* तन् पेर् इट्टु क्कॊण्डु दरणि तन्निल्* दामोदरन् ताङ्गु तडवरै तान्* मुन्बे वळि काट्ट मुशु क्कणङ्गळ्* मुदुगिल् पॆय्दु तम् उडै क्कुट्टन्गळै* कॊम्बेट्रियिरुन्दु कुदि पयिट्रुम्* गोवर्त्तनम् एन्नुम् कॊट्र क्कुडैये* ॥९॥	दुष्टा राक्षसी के स्तन पान करने वाले होठ के दामोदर प्रभु ने अपने ही नाम वाले पर्वत को ऐसे उठा लिया जैसे एक खंभा भारी वजन को संभालता है। यह पर्वत गोवर्द्धन है जहां झुंड के झुंड बन्दर एक वृक्ष से दूसरे वृक्ष पर छलांग लगाकर अपने पीठ पर बच्चों चिपकाये बच्चों को जंगल के स्थिति से परिचय का पाठ पढ़ाते हैं। **272**
कॊंडि एरु शॆन् तामरै क्कैविरल्गळ्* कोलमुम् अळिन्दिल वाडिट्रिल* वडिवेरु तिरुवुगिर् नॊन्दुम् इल* मणिवण्णन् मलैयुम् ओर् शम्पिरदम्* मुडि एरिय मा मुगिल् पल् कणङ्गळ्* मुन् नॆट्रि नरैत्तन पोल* एङ्गुम् कुडियेरि इरुन्दु मळै पॊळियुम्* गोवर्त्तनम् एन्नुम् कॊट्र क्कुडैये* ॥१०॥	कमल की तरह कोमल एवं रक्तिम हाथ की उंगलियां ध्वज की तरह फहरा रहे थे। वे न तो अपना सौंदर्य खोये, न कमजोर हुए, न कुम्भलाये, और न उनके नखों को कोइ पीड़ा हुई। मणि सा सलोने वदन वाले प्रभु और पर्वत ने एक दर्शनीय मनोरम दृश्य बना दिया। यह पर्वत गोवर्द्धन है जिसके शिखर पर झुंड के झुंड बादल जमा होकर अनवरत वरसते हुए सफेद हो जाते हैं। **273**
अरविल् पळ्ळि कॊण्डरवम् तुरन्दिट्टु* अरव प्पगै ऊर्दि अवनुडैय* कुरविर् कॊडि मुल्लैगळ् निन्ऱुरङ्गुम्* गोवर्त्तनम् एन्नुम् कॊट्र क्कुडैमेल्* तिरुविर् पॊलि मरै वाणर् पुत्तूर् त्तिगळ्* पट्टर्बिरान् शॊन्न मालै पत्तुम्* परवु मननन् कुडै प्पत्तर् उळ्ळार्* परमान वैगुन्दम् नण्णुवरे* ॥११॥ ॥ पॆरियाळ्वार तिरुवडिगळे शरणं ॥	मेधावी वैदिक ऋषियों वाले श्रीविल्लीपुत्तुर के पत्तारबिरन के ये दसक गीत गोवर्द्धन पर्वत की गाथा गाते हैं। यह पर्वत उस प्रभु का विजय छत्र बना जो एक नाग अनंत पर सोते हैं, दूसरे नाग कालिय को भगा दिया, और सर्पों के शत्रु गरूड़ पर सवारी करते हैं। हृदय से जो भक्त इनको गायेंगे वे परमद वैकुण्ठ को जायेंगे। **274** **पेरियाऴवार तिरूवडिगळे शरणं**

श्रीमते रामानुजाय नमः

26 नावलम् (275-285)

कुऴ़लूदर्चिऱ़प्पु (भगवान कृष्ण की बांसुरी वादन की महिमा)

नावलम् पॆरिय तीविनिल् वाऴुम्* नङ्गैमीर्गाळ ! इदोर् अर्पुदम् केळीर्* तू वलम्बुरि उडैय तिरुमाल्* तूय वायिल् कुऴल् ओशै वऴियॆ* कोवलर् शिऱुमियर् इळङ्गॊङ्गै कुदुगलिप्प* उडल् उळ अविऴ्न्दु* ऎङ्गुम् कावलुम् कडन्दु कयिऱुमालै आगि* वन्दु कविऴ्न्दु निन्ऱनरे* ॥१॥	बड़े महादेश जम्बु में रहने वाली नारियां इस चमत्कार को सुनो।जब दक्षिणावर्त्त श्वेत शंख धारण करने वाले तिरूमल के प्रभु ने अपने होठ पर बांसुरी रखकर बजाई तो छोटी गोपियों के कोमल उरोज उठने लगे तथा उनके हृदय की धड़कन बढ़ गयी। घर की सीमा को लांघ कर वे सब इनके चारों ओर माला की तरह शर्म से सिर झुकाए खड़ीं हो गयीं।**275**
इड अणरै इड त्तोळॊडु शायत्तु* इरुगै कूड प्पुरुवम् नॆरिन्देऱ* कुडवयिऱु पड वाय् कडै कूडक्* गोविन्दन् कुऴल्गॊडूदिन पोदु* मड मयिल्गळॊडु मान् पिणै पोले* मङ्गै मार्गळ् मलर् क्कून्दल् अविऴ* उडै नॆगिऴ ओर् कैयाल् तुगिल् पऱ्ऱि* ऑल्गि ओडरिक्कण् ओड निन्ऱनरे* ॥२॥	जब गोविन्द बांसुरी बजाने लगे तब इन्होंने अपने शरीर का वजन बायें कंधे पर दे दिया। इनके दोनों हाथ एक साथ हो गये, भौंहे सिकुड़ गयीं, पेट ऊपर की ओर चढ़ गया और मुंह संकुचित हो गया। हिरनि एवं मोरनी जैसी गोपियां, फूल बंधे विखरते जूड़े, सरकते वस्त्र, एक हाथ से साड़ी को पकड़े सकुचाते हुए अलग खड़ी होकर कजरारे नयनों से इनको देखने लगीं। **276**
वान् इळवरशु वैगुन्द क्कुट्टन्* वाशुदेवन् मदुरै मन्नन्* नन्द– कोन् इळवरशु कोवलर् कुट्टन्* गोविन्दन् कुऴल्गॊडूदिन पोदु* वान् इळम्बडियर् वन्दु वन्दीण्डि* मनम् उरुगि मलर् क्कण्गळ् पनिप्प* तेन् अळवु शॆऱि कून्दल् अविऴ* शॆन्नि वेर्प्प च्चॆवि शेर्त्तु निन्ऱनरे* ॥३॥	ऊंचे परमपद के राजकुमार, वैकुण्ठ के बालक वासुदेव, नन्दगोपाल के राजकुमार तथा गोपवंश के किशोर, मथुरा के राजा गोविंद हैं । जब इन्होंने बांसुरी बजाई तो ऊपर के लोकों से द्रवित हृदय, भींगी पलकें, विखरते मधुमक्खी लिपटे फूल वाले जूडे एवं पसीने से तर ललाट के साथ युवतियां झुंड में बंसी की टेर सुनकर आयीं ।**277**
तेनुगन् पिलम्बन् काळियन् ऎन्नुम्* तीप्प प्पूडुगळ् अडङ्ग उऴक्कि* कानगम् पडि उलावि उलावि* करुञ्जिऱुक्कन् कुऴल् ऊदिन पोदु* मेनगैयॊडु तिलोत्तमै अरम्बै* उरुप्पशियरवर् वॆळ्गि मयङ्गि* वानगम् पडियिल् वाय् तिऱप्पिन्ऱि* आडल् पाडल् इवै माऱिनर् तामे* ॥४॥	जहरीले घास उखाड़ने जैसी आसानी से श्यामल कृष्ण ने धेनुका, प्रलंबा, कालिय एवं जंगल में स्वतंत्र रूप से घूमनेवाले अन्यों का नाश किया। जब इनकी बंसी बजी तो उसे सुनकर मेनका, तिलोत्तमा, रम्भा, उर्वशी एवं अन्य अपसराओं के साथ प्रसन्न तो हुई पर लज्जित भी हो गई और अपने आप स्वर्ग तथा भूलोक में गाना एवं नाचना छोड़ दिया। **278**

मुन् नरशिङ्गमदागि⋆ अवुणन् मुक्कियत्तै मुडिप्पान् मूवुलगिल् मन्नर् अञ्जुम्⋆ मदुशूदनन् वायिल्⋆ कुळलिन् ओशै शॅवियै प्पट्रि वाङ्ग⋆ नन् नरम्बुडैय तुम्बुरुवोडु⋆ नारदनुम् तम् तम् वीणै मरन्दु⋆ किन्नर मिदुनङ्गळुम् तम् तम्⋆ किन्नरम् तॉडुगिल्लोम् एन्ऱनरे⋆ ॥५॥	मधुसूदन प्रभु से दंभी राजागन डरा करते थे, उन्होंने ही बहुत पहले नरसिंह का अवतार लेकर हिरण्यकशिपु का नाश किया। इनकी बंसी की टेर सुनकर तंबूरा बजाने वाले तुम्बुरू एवं वीणा पर गाने वाले नारद अपने वाद्ययंत्रों को भूल गये। किन्नरों की जोड़ी ने अपने किन्नरियों को स्पर्श न करने का संकल्प ले लिया। **279**
शॅम् पॅरुन् तडङ्गण्णन् तिरळ् तोळन्⋆ देवकि शिऱुवन् देवर्गळ् शिङ्गम्⋆ नम् परमन् इन्नाळ् कुळल् ऊद⋆ केट्टवर्गळ् इडर् उट्रन केळीर्⋆ अम्बरम् तिरियुम् कान्दप्पर् एल्लाम्⋆ अमुद गीत वलैयाल् शुरुक्कुण्डु⋆ नम् परम् अन्ऱॅन्ऱ नाणि मयङ्गि⋆ नैन्दु शोरन्दु कैम्मरित्तु निन्ऱनरे⋆ ॥६॥	बड़ी रक्तिम आंखों एवं शक्तिशाली भुजाओं वाले प्रभु देवकी के पुत्र तथा देवों के सिंह हैं। सुनो, कैसे अन्य लोग इनकी बंसी की तान सुनकर मर्माहत हो गये। आकाश में घूमते गंधर्वगन इनके अमृतमय गान से आकर्षित होकर प्रसन्न होने के साथ लज्जित हो गये। करबद्ध होकर विनीत भाव से बोले कि प्रभु आपके ये गीत हमारे वश के परे हैं।**280**
पुवियुळ् नान् कण्डदोर् अर्बुदम् केळीर्⋆ पूणि मेय्क्कुम् इळङ्गोवलर् कूट्टत्तु⋆ अवैयुळ् नागत्तणैयान् कुळल् ऊद⋆ अमरलोगत्तळवुम् शॅन्ऱिशैप्प⋆ अवियुणा मरन्दु वानवर् एल्लाम्⋆ आयर् पाडि निऱैय प्पुगुन्दुईण्डि⋆ शॅवि उणाविन् शुवै कॉण्डु मगिळ्न्दु⋆ गोविन्दनै त्तॉडरन्दॅन्ऱम् विडारे⋆ ॥७॥	पृथ्वीलोक का चमत्कार सुनो ः गोपमित्रों से घिरे शेषशयन प्रभु ने बछड़े चराते समय जब अपनी मुरली बजायी तो उसकी ध्वनि ऊंचे स्वर्गलोक में गूंजने लगी। सभी देवगन अग्नि के अपने भाग को भूलकर गोपजनों के आयपाडी में ससमूह पधारकर अपने कानों से अमृतमय गीत सुनते हुए जहां जहां गोविन्द गये वहां उनके साथ गये।**281**
शिऱुविरल्गळ् तडवि प्परिमाऱ⋆ शॅङ्गण् कोड च्चॅय्य वाय् कॉप्पळिक्क⋆ कुऱुवॅयर् प्पुरुवम् कूडलिप्पक्⋆ गोविन्दन् कुळल् कॉडूदिन पोदु⋆ पऱवैयिन् कणङ्गळ् कूडु तुऱन्दु⋆ वन्दु शूळ्न्दु पडुगाडु किडप्प⋆ कऱवैयिन् कणङ्गळ् काल् परप्पीट्टु⋆ कविळ्न्दिऱङ्गि च्चॅवि आट्टगिल्लावे⋆ ॥८॥	छिद्रों पर थिरकती छोटी उंगलियां, तिरछी रक्तिम आंखें, फूल की कली जैसे होठ, भौंहों पर स्वेदकण। जब गोविंद ने अपनी मुरली बजायी तो पक्षीगन अपने घोसला छोड़कर टहनियों की भांति इनके चारों ओर गिरने लगे। गायें कान को बिना हिलाये सिर नीचा करके पैरों को फैलाकर शांत खड़ी हो गयीं। **282**
तिरण्डॅळु तळै मळै मुगिल् वण्णन्⋆ शॅङ्कमल मलर् शूळ् वण्डिनम् पोले⋆	कमल के समान मुखमंडल पर काले भौंरों के समान लटकते घुंघराले बाल वाले श्याम वदन प्रभु ने जब मुरली बजायी तो हिरन घास चरना छोड़ दिये।चरा हुआ मुंह का ग्रास जमीन पर नीचे गिर गया। वे सभी बिना दायें बायें आगे पीछे हिले दीवाल के चित्र की तरह स्थिर खड़े हो गये।

शुरुण्डिरुण्ड कुळल् ताळ्न्द मुगत्तान्⋆ ऊदुगिन्ऱ कुळल् ओशै वळियॆ⋆ मरुण्डु मान् कणङ्गळ् मेय्गै मऱन्दु⋆ मेय्न्द पुल्लुम् कडैवाय् वळि शोर⋆ इरण्डु पाडुम् तुलङ्गा प्पुडै पॆयरा⋆ ए़ळुदु शित्तिरङ्गळ् पोल निन्ऱनवे⋆ ॥९॥	**283**
करुङ्गण् तोगै मयिऱ् पीलि अणिन्दु⋆ कट्टि नन्गुडुत्त पीदग आडै⋆ अरुङ्गल उरुविन् आयर् पॆरुमान्⋆ अवन् ऑरुवन् कुळल् ऊदिन पोदु⋆ मरङ्गळ् निन्ऱु मदु तारैगळ् पायुम्⋆ मलर्गळ् वीळुम् वळर् कॊम्बुगळ् ताळुम्⋆ इरङ्गुम् कूम्बुम् तिरुमाल् निन्ऱ निन्ऱ पक्कम् नोक्कि⋆ अवै शॆय्युम् कुणमे⋆ ॥१०॥	गाढ़े काले रंग की आंख वाले मोरपंख से सुसज्जित गोपवंश के सुन्दर कुंवर सटीक पीले पहनावे पर अनगिनत गहनों से शोभायमान हो रहे हैं। प्रभु ने जब मुरली बजायी तो मुग्ध होकर वृक्षों ने अमृत धार एवं फूलों की झड़ी लगा दी। समर्पण में वे अपनी टहनियों को उन दिशाओं में झुकाये जिन दिशाओं में प्रभु जाते रहे। **284**
‡कुळल् इरुण्डु शुरुण्डेरिय कुञ्जिक्⋆ गोविन्दनुडैय कोमळ वायिल्⋆ कुळल् मुळैञ्जुगळिन् ऊडु कुमिळ्त्तु⋆ कॊळित्तिळिन्द अमुद प्पुनल् तन्नै⋆ कुळल् मुळवम् विळम्बुम् पुदुवै क्कोन्⋆ विट्टुशित्तन् विरित्त तमिळ् वल्लार्⋆ कुळलै वॆन्ऱ कुळिर् वायिनरागि⋆ शादु कोट्टियुळ् कॊळ्ळ प्पडुवारे⋆ ॥११॥	पुदुवै के राजा विष्णुचित्त के ये तमिल गीत मुरली तान की तरह मधुर हैं और उस अमृत नदी की कहानी कहते हैं जो घुंघराले लटकों वाले गोविन्द के होठ से निकलकर उनके द्वारा बजाये हुए बंसी के छिद्रों से प्रवाहित हुई। जो इसे ठीक से समझ लेंगे उनकी आवाज मुरली से भी ज्यादा सुखद होगी और वे संतों की श्रेणी में गिने जायेंगे। **285** पेरियाळ्वार तिरूवडिगळे शरणं ।

<table>
<tr><th colspan="2">श्रीमते रामानुजाय नमः
27 ऐयपुळुदि (286-296)
मायन्मेल् मगल् मालुरूगोलम् तायवन् कूरल्
(अपनी छोटी उम्र की गुड़ियों से खेलने वाली बेटियों का भगवान विष्णु से प्रेम के लिये माताओं का विस्मय)</th></tr>
<tr><td>ऐय पुळुदि उडम्बळैन्दु⋆ इवळ् पेच्चुम् अलन्दलैयाय्⋆
शॆय्य नूलिन् शिट्राडै⋆ शॆप्पन् अडुक्कवुम् वल्लळ् अल्लळ्⋆
कैयिनिल् शिरुदूदै योडु⋆ इवळ् मुट्रिल् पिर् पिरिन्दुम् इलळ्⋆
पै अरवणै प्पळ्ळियानोडु⋆ कैवैत्तिवळ् वरुमे॥१॥</td><td>अभी उसके ऊपर घरौंदा का धूल भरा है, टूटे फूटे शब्दों से बातें बोलती है, लाल सूती साड़ी को खिसकने से शायद ही बचा पाती है, उसने लघु वर्त्तनों से खेलना भी अभी नहीं छोड़ा है। अहो ! वह तो शेषशायी भगवान के हाथ पकड़े आ रही है। 286</td></tr>
<tr><td>वायिल् पल्लुम् एळुन्दिल⋆ मयिरुम् मुडि कूडिट्रिल⋆
शाय्विलाद कुरुन्दलै⋆ च्चिल पिळ्ळैगळोडिणङ्गि⋆
ती इणक्किणङ्गाडि वन्दु⋆ इवळ् तन् अन्न शॆम्मै शॊल्लि⋆
मायन् मा मणिवण्णन् मेल्⋆ इवळ् माल् उरुगिन्राळे॥२॥</td><td>अभी उसके दांत नहीं निकले हैं, चोटी नहीं बंध पाती है; शर्महीन लड़कियों की संगति में उसने गलत आदत पकड़ लिये हैं। अपनी रक्षा में (अपने को ठीक साबित करने के लिए) नीलमणि के रंग वाले अलौकिक नाथ के सुखदायी ध्यान में चली जाती है। 287</td></tr>
<tr><td>पॊङ्गु वॆण्मणल् कॊण्डु⋆ शिट्रिलुम् मुट्रत्तिळैक्कलुरिल्⋆
शङ्गु चक्करम् तण्डु वाळ्⋆ विल्लुम् अल्लदिळैक्कलुराल्⋆
कॊङ्गै इन्नम् कुविन्दॆळुन्दिल⋆ गोविन्दनोडिवळै⋆
शङ्गै यागि एन् उळ्ळम्⋆ नाळ्दॊरुम् तट्टुळुप्पागिन्रदे॥३॥</td><td>बरामदे में बालू के महल को श्वेत बालू से सजाते समय शंख चक्र गदा खड्ग और धनुष के अतिरिक्त कोई कलाकृति नहीं बनाती है। अभी उसके उरोज भी नहीं दिखते हैं, परन्तु मुझे संदेह होता है, सदा वह गोविंद के संग प्रतीत होती है। हमारी धड़कन बंद होती सी लगती है ! 288</td></tr>
<tr><td>एळै पेदै ओर् बालकन् वन्दु⋆ एन्
पॆण् मगळै एळ्गि⋆
तोळिमार् पलर् कॊण्डु पोय्⋆ च्चॆय्द
शूळ्च्चियै यारक्कुरैक्केन्⋆
आळियान् एन्नुम् आळ मोळैयिल्⋆
पाय्च्चि अगप्पडुत्ति⋆
मूळै उप्परियादॆन्नुम्⋆
मूदुरैयुम् इलळे॥४॥</td><td>मेरी बेटी मुझसे ही जुड़ी एक सीधी सादी बच्ची थी। मैं किसको बताउं,उसकी बहुत सारी सखियों ने क्या शरारतपूर्ण काम किया है? उसको अपने साथ ले जाकर उसे “चक्रधारी” के गहरे ताल में डाल दिया है। “कलछी जिसने कढ़ी के नमक का स्वाद नहीं चखा” जैसी अब वह सीधी सादी नहीं रही। 289</td></tr>
<tr><td>नाडुम् ऊरुम् अरियवे पोय्⋆ नल्ल तुळाय् अलङ्गल्
शूडि⋆ नारणन् पोम् इडम् एल्लाम्⋆ शोदित्तुळिदर्गिन्राळ्⋆
केडु वेण्डुगिन्रार् पलर् उळर्⋆ केशवनोडिवळै⋆
पाडु कावल् इडुमिन् एन्रॆन्रु⋆ पार् तडुमारिनदे॥५॥</td><td>नगर और देश को बताते हुए जहां कहीं भी वे गये वह तुलसी की माला पहन कर नारायण को खोजती। उसके एवं केशव के ऊपर निगरानी की आवश्यकता है। बहुतों उसका नाश होना देखना चाहते हैं और यही आजकल नगर में कहते सुना जाता है। 290</td></tr>
</table>

पट्टम् कट्टि प्पोंट्टोडु पेय्दु⋆ इवळ् पाडगमुम् शिलम्बुम्⋆ इट्ट माग वळर्त्तेडुत्तेनुक्कु⋆ एन्नोडिरु क्कलुराळ्⋆ पोट्ट प्पोय् प्पुरप्पट्टु निन्रु⋆ इवळ् पूवै प्पूवण्णा एन्नुम्⋆ वट्ट वार् कुळल् मङ्गैमीर् !⋆ इवळ् माल् उरुगिन्राळे॥६॥	घुंघराले बाल वाली नारियां ! जो कुछ भी वह मांगी मैंने दिया ः ललाट का झूलन, साने की कर्णबाली, पाजेव एवं नूपुर। अब वह हमारे साथ नहीं रहती। अनायस पुकारती है "वो कया के फूल जैसे रंग वाले प्रभु" और मेरे पास से चली जाती है।अहो! वह मोह से ग्रस्त है। **291**
पेशवुम् तरियाद पेण्मैयिन्⋆ पेदैयेन् पेदै इवळ्⋆ कूशमिन्रि निन्रार्गळ्⋆ तम् एदिर् कोल् कळिन्दान् मूळैयाय्⋆ केशवा एन्रुम् केडिली एन्रुम्⋆ किञ्जुग वाय् मोळियाळ्⋆ वाश वार्कुळल् मङ्गैमीर् !⋆ इवळ् माल् उरुगिन्राळे॥७॥	सुगन्धित बाल वाली नारियां ! मेरी चहेती बेटी अर्द्धविकसित नारी वाली आबाज में सुग्गी की तरह लार गिराते हुए बोलती है। सबों के सामने जैसे "कलछी बेंट से छूटकर दाल मे गिरती है" वह लज्जाहीन होकर पुकारती है "हे केशव, हे अकलुषित"। अहो! वह मोह से ग्रस्त है। **292**
कारै पूणुम् कण्णाडि काणुम्⋆ तन् कैयिल् वळै कुलुक्कुम्⋆ कूरै उडुक्कुम् अयरक्कुम्⋆ तन् कोव्वै च्चेव्वाय् तिरुत्तुम्⋆ तेरि तेरि निन्रायिरम् पेर्⋆ त्तेवन् तिरम् पिदट्टुम्⋆ मारिल् मा मणिवण्णन् मेल्⋆ इवळ् माल् उरुगिन्राळे॥८॥	गले का हार पहनती है, दर्पण में झांकती है, कंगन बजाती है, अपने साड़ी को ठीक करती है, मूर्छित हो जाती है। पुनः अपने मूंगावत होठ पर साज लगाती है, खड़ी होती है, अपने को स्थिर शांत करती है, और नीलमणि सा वदन वाले कृष्ण के हजार नामों का पाठ करती है। अहो! वह मोह से ग्रस्त है। **293**
कैत्तलत्तुळ्ळ माडळिय⋆ क्कण्णालङ्गळ् शेय्दु⋆ इवळै वैत्तु वैत्तु क्कोण्डेन्न वाणिबम्⋆ नम्मै वडुप्पडुत्तुम्⋆ शेय्त्तलै एळु नाट्टु प्पोल्⋆ अवन् शेय्वन शेय्दु कोळ्ळ⋆ मै त्तडमुगिल् वण्णन् पक्कल्⋆ वळर विडुमिन्गाळे॥९॥	उसके साथ रहने और उसके विभिन्न उत्सवों पर इतना व्यय से क्या लाभ ? वह प्रतिष्ठा को गिराते ही रहेगी। पुनः स्थानान्तरित होकर लगने वाले पौधे की तरह, उसे घनश्याम के हाथों छोड़ दो; वे जैसा चाहेंगे वैसा करेंगे। **294**
पेरु प्पेरुत्त कण्णालङ्गळ् शेय्दु⋆ पेणि नम् इल्लत्तुळ्ळे⋆ इरुत्तुवान् एण्णि नाम् इरुक्क⋆ इवळुम् ओन्रेण्णुगिन्राळ्⋆ मरुत्तुव प्पदम् नीङ्गिनाळ् एन्नुम्⋆ वार्त्तै पडुवदन् मुन्⋆ ओरुप्पडुत्तिडुमिन् इवळै⋆ उलगळन्दान् इडैक्के॥१०॥	हमलोगों ने समझा बड़े उत्सवों को मनाते हुए उसे अपने घर में प्रसन्न रख सकेंगे परन्तु उसकी तो अपनी सोच है।इसके पहले कि वैद्य की औषधी को वह निरर्थक करने लगे उसे भूमंडल मापने वाले प्रभु के साथ मिला दें। **295**
ञाल मुट्टम् उण्डाल्लिलै त्तुयिल्⋆ नारायणनुक्कु⋆ इवळ् मालदागि मगिळ्न्दनळ् एन्रु⋆ ताय् उरै शेय्ददनै⋆ कोलम् आर् पोळिल् शूळ् पुदुवैयर्कोन्⋆ विट्टुशित्तन् शोन्न⋆ मालै पत्तुम् वल्लवर्गट्कु⋆ इल्लै वरु तुयरे॥११॥ ॥ पेरियाळ्वार् तिरुवडिगळे शरणं ॥	सुन्दर बागों वाले पुदुवै के राजा विष्णुचित्त के ये मधुर गीत एक मां के विस्मय पूर्ण शब्दों का स्मरण कराते हैं जो अपने बेटी को उस नारायण से मोहग्रस्त होते देखती है जो संपूर्ण सृष्टि को निगलकर एक बालक के रूप में बटपत्र पर आनन्द से सो जाते हैं। जो इसे कण्ठ करेंगे उन्हें कभी कोई दुःख नहीं होगा।**296** पेरियाळ्वार तिरूवडिगळे शरणं ।

श्रीमते रामानुजाय नमः

28 नल्लदोर्तामरै (297-306)

मायवन् पिन्शन् मगळै उन्नि त्ताय् इरङ्गुदल् (बेटी का उनके साथ चले जाने पर एक मां का विस्मय)

नल्लदोर् तामरै प्पॊय्गै⋆ नाण् मलर् मेल् पनि शोर⋆ अल्लियुम् तादुम् उदिरन्दिट्टु⋆ अळगळिन्दाल् ऒत्तदालो⋆ इल्लम् वॆरियोडिट्टालो⋆ एन् मगळै एङ्गुम् काणेन्⋆ मल्लरै अट्टवन् पिन्पोय्⋆ मदुरै प्पुरम् पुक्काळ् कॊल्लो॥१॥	बर्फ पड़ने से जैसे तालाब का कमल सूखकर नष्ट हो जाता है और तालाब की शोभा जाती रहती है उसी तरह हमारा घर सूना हो गया है क्योंकि हमारी बेटी कहीं मिल नहीं रही है।वह मल्ल योद्धाओं के हन्ता कृष्ण के खोजते चली गयी है। क्या वह मथुरा के पास पहुंच गयी होगी? ओह आश्चर्य ! **297**
ऒन्रुम् अरिवॊन्रिल्लाद⋆ उरुवरै क्कोपालर् तङ्गळ्⋆ कन्रु काल् मारुमा पोले⋆ कन्नि इरुन्दाळै क्कॊण्डु⋆ नन्रुम् किरि शॆय्दु पोनान्⋆ नारायणन् शॆय्द तीमै⋆ एन्रुम् एमर्गळ् कुडिक्कु⋆ ओर् एच्चुच्चॊल् आयिडुङ्गॊल्लो॥२॥	जैसे तीक्ष्णबुद्धि एवं कौशल बिहीन गोपजन दूसरे का बछड़ा दक्षता के साथ ले भगाते हैं उसी तरह नारायण प्रभु हमारे कुंवारी बेटी को पूर्व नियोजित धोखाधड़ी से ले गये। क्या यह हमारे परिवार के लिए चिरकाल का कलंक होगा? ओह आश्चर्य ! **298**
कुमरि मणम् शॆय्दु कॊण्डु⋆ कोलम् शॆय्दिल्लत्तिरुत्ति⋆ तमरुम् पिररुम् अरियत्⋆ दामोदरर्कॆन्रु शाट्रि⋆ अमरर् पदियुडै त्तेवि⋆ अरशाणियै वळिपट्टु⋆ तुमिलम् एळ प्परै कॊट्टि⋆ त्तोरणम् नाट्टिडुङ्गॊल्लो॥३॥	उसे अलंकृत कर बड़े कक्ष में बैठाकर क्या वे हमारे संबंधियों एवं मित्रों को बतायेंगे कि उसने दामोदर से व्याह रचा लिया है ? तब देवेश की रानी की तरह बाजे नगाड़े के साथ पताके फहराते हुए उसे बट वृक्ष की परिकमा करायेंगे और क्या भलीभांति उसके व्याह के उत्सव मनायेंगे? ओह आश्चर्य ! **299**
ऒरु मगळ् तन्नै उडैयेन्⋆ उलगम् निरैन्द पुगळाल्⋆ तिरुमगळ् पोल वळर्त्तेन्⋆ शॆङ्गण् माल् तान् कॊण्डु पोनान्⋆ पॆरु मगळाय् क्कुडि वाळ्न्दु⋆ पॆरुम् पिळ्ळै पॆट्र अशोदै⋆ मरुमगळै क्कण्डुगन्दु⋆ मणाट्टु प्पुरम् शॆय्युङ्गॊल्लो॥४॥	वह हमारी एकलौती बेटी थी और उसका लालन पालन, हमने संसार से प्रशंसित, धन की देवी, लक्ष्मी की तरह किया था।धोखेवाज राजीवनयन आये और उसे ले गये। जब माता यशोदा अपने लाड़ले के पुत्रवधू को देखेंगी तो क्या वे इसका स्वागत सम्मानजनक उपहार से करेंगी? ओह आश्चर्य ! **300**

तम् मामन् नन्दगोपालन्★ तळी इक्कॊण्डॆन् मगळ् तन्नै★ शॆम् मान्दिरे एन्ऱु शॊल्लि★ च्चॊळुङ्गयर् कण्णुम् शॆव्वायुम्★ कॊम्मै मुलैयुम् इडैयुम्★ कॊळुम्बणै त्तोळ्गळुम् कण्डिट्टु★ इम् मगळै प्पॆट्ट् तायर्★ इनि त्तरियार् एन्नुङ्गॊल्लो॥५॥	उसके ससुर नंदगोपाल उत्साहवर्द्धन करते हुए कहेंगे "ऊपर देख" और उसकी मछली जैसी आंखें, मूंगे जैसे होठ, उन्नत उरोज, पतली कमर, और स्वस्थ बांस की तरह बांहें देखकर वे आनन्दित होकर क्या यह पूछेंगे "इस कन्या की मां क्या अब तक जीवित होंगी ?" ओह आश्चर्य ! **301**
वेडर् मरक्कुलम् पोले★ वॆण्डिट्टु च्चॆय्दॆन् मगळै★ कूडिय कूट्टमे याग★ क्कॊण्डु कुडि वाळुङ्गॊल्लो★ नाडुम् नगरुम् अरिय★ नल्लदोर् कण्णालम् शॆय्दु★ शाडिर प्पायन्द पॆरुमान्★ तक्कवा कैप्पट्टुङ्गॊल्लो॥६॥	गाड़ी के उलटने वाले प्रभु, हमारी बेटी के साथ बहेलिया एवं वनवासी की तरह जीवन बिताना पर्याप्त समझेंगे या उसके पाणिग्रहण के उत्सव के लिये विशेष आयोजन कर नगर एवं देश को आमंत्रित करेंगे ? ओह आश्चर्य ! **302**
अण्डत्तमरर् पॆरुमान्★ आलियान् इन्ऱॆन् मगळै★ पण्ड प्पळिप्पुक्कळ् शॊल्लि★ प्परिशर् आण्डिडुङ्गॊल्लो★ कॊण्डु कुडि वाळक्कै वाळन्दु★ कोवल प्पट्टम् कवित्तु★ पण्डै मणाट्टिमार् मुन्ने★ पादुकावल् वैक्कुङ्गॊल्लो॥७॥	चक्रधारी देवाधिदेव, क्या आज हमारी बेटी के गुणों में खोट निकालकर उसका निरादर करेंगे या अपने पूर्व की पत्नियों की मंडली में सम्मिलित कर उसको अपने सम्यक जीवनशैली एवं सुरक्षा प्रदान करते हुए सुखी जीवन बितायेंगे ? ओह आश्चर्य ! **303**
कुडियिल् पिरन्दवर् शॆय्युम्★ गुणम् ऒन्ऱुम् शॆय्दिलन् अन्दो !★ नडै ऒन्ऱुम् शॆय्दिलन् नङ्गाय् !★ नन्दगोपन् मगन् कण्णन्★ इडै इरुपालुम् वणङ्ग★ इळैत्तिळैत्तॆन् मगळ् एङ्गि★ कडैगयिरे पट्रि वाङ्गि★ क्कै तळुम्बेरिडुङ्गॊल्लो॥८॥	हे नारियां ! नंदगोपाल के पुत्र कृष्ण ने अपने कुल की बढ़ती प्रतिष्ठा के लायक कोइ काम नहीं किया और न हीं संसार की रीति रिवाज को माना । क्या मेरी बेटी मथानी की रस्सी पकड़ कर पतली कमर से झुककर दायें बायें करते थककर तबतक मथानी चलायेगी जबतक उसके हाथ सूज नहीं जायेंगे ? ओह आश्चर्य ! **304**
वॆण्णिर् त्तोय् तयिर् तन्नै★ वॆळ्वरै प्पिन् मुन् एळुन्दु★ कण् उऱङ्गादे इरुन्दु★ कडैयवुम् तान् वल्लळ् कॊल्लो★ ऒण्णिर त्तामरै च्चॆङ्कण्★ उलगळन्दान् एन् मगळै★ पण् अरैया प्पणिकॊण्डु★ परिशर आण्डिडुङ्गॊल्लो॥९॥	क्या हमारी बेटी उषा काल से पहले जागकर विना सोये श्वेत दही मथती रहेगी या भूमंडल को पग से मापने वाले सुन्दर रक्तिम आंखों के प्रभु उसे नौकरानी का काम दे उसका निरादर करेंगे ? ओह आश्चर्य ! **305**

मायवन् पिन् वऴि शॆन्रु★ वऴियिडै माट्रङ्गळ् केट्टु★ आयर्गळ् शेरियिलुम् पुक्कु★ अङ्गुत्तै माट्रमुम् ऎल्लाम्★ तायवळ् शॊल्लिय शॊल्लै★ त्तण् पुदुवै प्पट्टन् शॊन्न★ तूय तमिऴ् पत्तुम् वल्लार्★ तू मणि वण्णनुक्काळरे ॥१०॥ ॥ पॆरियाऴ्वार् तिरुवडिगळे शरणं ॥	सुन्दर बागों से शीतलता प्राप्त किये हुए पुदुवै के विष्णुचित्त के ये सात्विक तमिल गीत एक मां के विस्मय पूर्ण शब्दों का स्मरण कराते हैं जो कृष्ण के रास्ता का संधान करती हुई गोपगांव में जाकर अपनी दुखड़ा सुनाती है।जो इसे कण्ठ करेंगे वे मणिवर्ण वाले सलोने प्रभु का दास हो जायेंगे। **306** **पेरियाऴवार तिरूवडिगळे शरणं ।**

श्रीमते रामानुजाय नमः

29 एन्नादन् (307 - 317)

नन्दन् मदलैयै क्कागुत्तनै नविन्रू उन्दि पऱत्तल्

(भगवान राम एवं भगवान कृष्ण की गरिमामयी गाथा ः दो गोपियों की वार्ता)

एन् नादन् देविक्कु⋆ अन्ऱिन्बप्पू ईयादाळ्⋆ तन् नादन् काणवे⋆ तण्पू मरत्तिनै⋆ वन् नाद प्पुळ्ळाल्⋆ वलिय प्परित्तिट्ट⋆ एन् नादन् वन्मैयै प्पाडि प्पऱ⋆ एम्बिरान् वन्मैयै प्पाडि प्पऱ॥१॥	जब इन्द्र की पत्नि ने स्वर्गिक फूल देने से मना कर दिया तो घनघोर आवाज वाले गरूड़ ने पेड़ उखाड़ कर सत्यभामा के बाग में लगा दिया। इन्द्र यह सब भयभीत हो चुपचाप देखते रहे। हमारे प्रभु का गुणगान करो और झूमो। हमारे प्रभु का गुणगान करो और झूमो **307**
एन् विल् वलि कण्डु⋆ पो एन्ऱेदिर् वन्दान्⋆ तन् विल्लिनोडुम्⋆ तवत्तै एदिर् वाङ्गि⋆ मुन् विल् वलित्तु⋆ मुदु पेण् उयिरुण्डान्⋆ तन् विल्लिन् वन्मैयै प्पाडि प्पऱ⋆ दाशरति तन्मैयै प्पडि प्पऱ॥२॥	जब प्रशुराम ने मार्ग रोकते हुए कहा "हमारे धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाओ तो जानें " । हमारे प्रभु उनका धनुषबल और तपबल दोनों ले लिए। पूर्व में उन्होंने अपना धनुष चलाते हुए ताड़का राक्षसी का अंत किया था। उनका गुणगान करो और झूमो।दशरथ का गुणगान करो और झूमो **308**
उरुप्पिणि नङ्गैयै⋆ त्तेर् एट्रि क्कोण्डु⋆ विरुप्पुट्रङ्ग⋆ विरैन्देदिर् वन्दु⋆ शेरुक्कुट्रान्⋆ वीरम् शिदैय⋆ त्तलैयै च्चिरैत्तिट्टान् वन्मैयै प्पाडि प्पऱ⋆ देवकि शिङ्गत्तै प्पाडि प्पऱ॥३॥	जब प्रभु रूक्मिणी को रथ में बैठाकर चलने ही वाले थे कि घमंडी भाई रूक्म उनकी ओर तेजी से दौड़ते हुए आया।उसके घमंड को चूर करते हुए प्रभु ने उसके शिर काट लिये। उनके शौर्य का गुणगान करो और झूमो।देवकी के सिंह शावक का गुणगान करो और झूमो **309**
माट्रुत्ताय् शेन्ऱु⋆ वनम् पोगे एन्ऱिड⋆ ईट्रुत्ताय् पिन् तोडर्न्दु⋆ एम्बिरान्! एन्ऱळ⋆ कूट्रु त्ताय् शोल्ल⋆ क्कोडिय वनम् पोन⋆ शीट्रम् इलादानै प्पाडि प्पऱ⋆ शीदै मणाळनै प्पाडि प्पऱ॥४॥	सौतेली मां ने कहा "वन को चले जाओ"। घातकी मां की बात सुनकर विना गुस्सा किये वे वन को चले गये। उनकी अपनी मां ने "हमारे प्रभु" कहते हुए उनका पीछा किया। उनका गुणगान करो और झूमो।सीता के दुल्हा (सीतापति) का गुणगान करो और झूमो **310**

पञ्जवर् दूतन् आय्* प्पारतम् कैशॅय्दु* नञ्जुमिळ् नागम्* किडन्द नल् पॉय्गै पुक्कु* अञ्ज प्पणत्तिन् मेल्* पायन्दिट्टरुळ् शॅय्द* अञ्जन वण्णनै प्पाडि प्पर्* अशोदै तन् शिङ्गत्तै प्पाडि प्पर॥५॥	पांचों भाई के दूत के रूप में उन्होंने युद्ध कराया। उस ताल में प्रवेश किये जिसमें एक नाग विष वमन करता था। उसके पांचों फनों पर नृत्य किया और पुनः उस पर अनुग्रह भी किया। श्यामल प्रभु का गुणगान करो और झूमो।यशोदा के सिंह का गुणगान करो और झूमो **311**
मुडि ऑन्रि* मूवुलगङ्गळुम् आण्डु* उन् अडियेर्करुळ् एन्रु* अवन् पिन् तॉडर्न्द* पडियिल् कुणत्तु* प्परत नम्बिक्कु* अन्रु अडिनिलै ईन्दानै प्पाडि प्पर्* अयोत्तियर् कोमानै प्पाडि प्पर॥६॥	अद्वितीय भाई भरत उनके पीछे गये और कहा "राजमुकुट धारण कर तीनों लोकों का राज्य कीजिए और भक्तों पर अनुग्रह कीजिए" ।तब प्रभु ने उन्हें अपना पादुका दे दिया। उनका गुणगान करो और झूमो।अयोध्या के राजकुमार का गुणगान करो और झूमो **312**
काळियन् पॉय्गै* कलङ्ग प्पायन्दिट्टु* अवन् नीळ्मुडि ऐन्दिलुम्* निन्रु नडम् शॅय्दु* मीळ अवनुक्कु* अरुळ् शॅय्द वित्तगन्* तोळ् वलि वीरमे पाडि प्पर्* तू मणिवण्णनै प्पाडि प्पर॥७॥	उन्होंने कालिय के पांच बड़े फनों पर कूद कर खड़े होकर नृत्य किया जिससे दह मटमैला और गंदा हो गया और पुनः उसपर अनुग्रह किया। उनका गुणगान करो और झूमो।श्यामल प्रभु का गुणगान करो और झूमो **313**
तार्क्किळन् तम्बिक्कु* अरशीन्दु* तण्डगम् नूट्र्वळ्* शॅल्कॉण्डु पोगि* नुडङ्गिडै च्चूर्प्पणकावै* च्चॅवियॊडु मूक्कु* अवळ् आर्क्क अरिन्दानै प्पाडि प्पर्* अयोत्तिक्करशनै प्पाडि प्पर॥८॥	कैकेयी के सुनियोजित वचनों को सुनकर उन्होंने राज्य छोटे भाई भरत को दे दिया। दंडक वन में प्रवेश कर पतली कमर वाली सूर्पनखा के नाक और कान काट लिये जिससे वह चित्कार कर रोने लगी।उनका गुणगान करो और झूमो।अयोध्या के राजा का गुणगान करो और झूमो **314**
माय च्चगडम् उदैत्तु* मरुदिरुत्तु* आयर्गळोडु पोय्* आनिरै कात्तु* अणि वेयिन् कुळल् ऊदि* वित्तगनाय् निन्र* आयर्गळ् एट्रिनै प्पाडि प्पर्* आनिरै मेय्त्तानै प्पाडि प्पर॥९॥	उन्होंने दुष्ट गाड़ी को चकनाचूर कर दिया, मरूदु के वृक्ष को तोड़ा, तथा गोपजनों के साथ गाय चराये, और बांसुरी बजाते हुए चमत्कार करते रहे।गोपराजा का गुणगान करो और झूमो।गाय के चरवाहे का गुणगान करो और झूमो **315**

कारार् कडलै अडैत्तिट्टु⋆ इलङ्गै पुक्कु⋆ ओरादान् पॊन्मुडि⋆ ऒन्बदोडॊन्रैयुम्⋆ नेरा अवन् तम्बिक्के⋆ नीळ् अरशीन्द⋆ आरावमुदनै प्पाडि प्पर⋆ अयोत्तियर् वेन्दनै प्पाडि प्पर॥१०॥	गहरे समुद्र पर सेतु बनाकर वे लंका में गये। रावण के मुकुट सहित दस शिरों को एक एक कर काट गिराया और छोटे भाई विभीषण को राजा बना दिया।सदा अतृप्त रखने वाले अमृत गाथा का गुणगान करो और झूमो।अयोध्या के राजा का गुणगान करो और झूमो **316**
नन्दन् मदलैयै⋆ क्कागुत्तनै नविन्ऱु⋆ उन्दि परन्द⋆ ऒळियिळैयार्गळ् शॊल्⋆ शॆन् तमिळ् तॆन् पुदुवै⋆ विट्टुशित्तन् शॊल्⋆ ऐन्दिनोडैन्दुम् वल्लार्क्कु⋆ अल्लल् इल्लैये॥११॥ ॥ पॆरियाळ्वार् तिरुवडिगळे शरणं ॥	श्रीविल्लीपुत्तुर के विष्णुचित्त के ये सात्विक दसक गीत, उन्दी परात्तल के गाओ और झूमो नृत्य का स्मरण कराते हैं जिसमें सुन्दर गोपियों एक के बाद एक कृष्ण एवं राम का गुणगान करते हैं। जो इसको कण्ठ कर लेंगे वे सभी दुःखों से दूर रहेंगे। **317** **पेरियाऴवार तिरूवडिगळे शरणं**

श्रीमते रामानुजाय नमः **30 नऱिन्दकरूङ्कुळल् (318- 327)** **शीदैक्कु अनुमन् तरिवित्त अडैयाळम्** (हनुमान जी का लंका पहुंचकर सीता जी से मिलकर भगवान का संवाद सुनाते हुए उनकी अंगूठी देना और सीताजी को प्रसन्न करना)	
नॆऱिन्द करुङ्गुळल् मडवाय्!⋆ निन् अडियेन् विण्णप्पम्⋆ शॆऱिन्द मणि मुडि च्चनगन्⋆ शिलै इरुत्तु निनै क्कॊणर्न्ददु अऱिन्दु⋆ अरशु कळैगट्ट⋆ अरुन्दवत्तोन् इडै विलङ्ग⋆ शॆऱिन्द शिलै कॊडुदवत्तै⋆ च्चिदैत्तदुम् ओर् अडैयाळम्॥१॥	काले सघन केश वाली संभ्रांत महिला ! दास के निवेदन को सुनें। हमारे प्रभु ने आपको जनक के बड़े सुसज्जित धनुष को तोडकर जीता था। तपःशील प्रशुराम जो राजाओं का समूल नाश कर रहे थे यह सुनकर हमारे प्रभु को अपने धनुष की चुनौती दिया।प्रभु ने उनके धनुष और तपवल का हरण कर लिया। यह हमारा एक प्रामाणिक परिचय है। **318**
अल्लियम्पू मलर् क्कोदाय्!⋆ अडि पणिन्देन् विण्णप्पम्⋆ शॊल्लुगेन् केट्टरुळाय्⋆ तुणै मलर् क्कण् मडमाने!⋆ एल्लियम् पोदिनि तिरुत्तल्⋆ इरुन्ददोर् इड वगैयिल्⋆ मल्लिगै मा मालै कॊण्डु⋆ अङ्गार्त्तदुम् ओर् अडैयाळम्॥२॥	कमलनयनी, खिले हुए फूल की माला वाली !।हम आपके चरणों की बन्दना करके कुछ कहने की अनुमति मांगते हैं। सुखद गोधूलि वेला में एक दिन एकान्त स्थल पर आपने उन्हें चमेली की माला से बांध दिया था। यह हमारा दूसरा प्रामाणिक परिचय है। **319**
कलक्किय मा मनत्तनळाय्⋆ क्कैगेशि वरम् वेण्ड⋆ मलक्किय मा मनत्तननाय्⋆ मन्नवनु मऱादॊळिय⋆ कुल क्कुमरा! काडुऱैय प्पो एन्ऱु⋆ विडै कॊडुप्प⋆ इल क्कुमणन् तन्नॊडुम्⋆ अगियदोर् अडैयाळम्॥३॥	कैकेयी का हृदय राम के विरूद्ध हो गया और उनके दो वरदानों को राजा दशरथ अस्वीकार न कर सके। व्यथित हृदय से उन्होंने कहा "कुल के वीर सिंह, आप वन को जायें" । राम और लक्ष्मण वन को चले गये। यह हमारा एक और प्रामाणिक परिचय है। **320**
वार् अणिन्द मुलै मडवाय्!⋆ वैदेवी! विण्णप्पम्⋆ तेर् अणिन्द अयोत्तियर्कोन्⋆ पॆरुन्देवी! केट्टरुळाय्⋆ कूर् अणिन्द वेल् वलवन्⋆ गुगनोडुम् गङ्गै तन्निल्⋆ शीर् अणिन्द तोऴमै⋆ कॊण्डदुम् ओर् अडैयाळम्॥४॥	कंचुकी से बंधे उरोज वाली संभान्त महिला, रथों वाली अयोध्या की योग्यवती रानी, वैदेही ! निवेदन के लिए प्रार्थी हूं ः भुजाल धारण करने वाले गुह को गंगा के किनारे हमारे प्रभु ने अपना सखा बनाया। यह हमारा एक और प्रामाणिक परिचय है। **321**

मान् अमरु मॅनोक्कि !⋆ वैदेवी ! विण्णप्पम्⋆ कान् अमरुम् कल्लदर् पोय्⋆ क्काडुरैन्द कालत्तु⋆ तेन् अमरुम् पॉळिर् चारल्⋆ चित्तिर कूडत्तिरुप्प⋆ पाल् मॉळियाय् ! बरत नम्बि⋆ पणिन्ददुम् ओर् अडैयाळम्॥५॥	दुग्धवत मधुर वचनों वाली हिरननयनी वैदेही ! निवेदन है ः राम पथरीली रास्तों से गुजरते हुए चित्रकूट में सुखद पर्णकुटीर में टिके थे कि छोटे भाई भरत आकर दंडवत हो गये। यह हमारा एक और प्रामाणिक परिचय है। **322**
चित्तिरकूडत्तिरुप्प⋆ च्चिरु काक्कै मुलै तीण्ड⋆ अत्तिरमे कॉण्डॅरिय⋆ अनैत्तुलगुम् तिरिन्दोडि⋆ वित्तगने ! इरामावो !⋆ निन् अबयम् एन्ऱळैप्प⋆ अत्तिरमे अदन् कण्णै⋆ अरुत्तदुम् ओर् अडैयाळम्॥६॥	चित्रकूट में एक छोटे काग ने आपके स्तन पर चोंच मारा तो राम ने उसके ऊपर एक घास के तिनके का संधान किया जिसके डर से वह तीनों लोकों में दौड़ता फिरा। अंततः दया की भिक्षा मांगते हुए राम के चरणों में गिर पड़ा। तिनके के उस आयुध ने उसकी एक आंख निकाल ली। यह हमारा एक और प्रामाणिक परिचय है। **323**
मिन् ऑत्त नुण् इडैयाय् !⋆ मॅय् अडियेन् विण्णप्पम्⋆ पॉन् ऑत्त मान् ऑन्ऱु⋆ पुगुन्दिनिदु विळैयाड⋆ निन् अन्बिन् वळि निन्ऱु⋆ शिलैपिडित्तॅम्बिरान् एग⋆ पिन्ने अङ्गिलक्कुमणन्⋆ पिरिन्ददुम् ओर् अडैयाळम्॥७॥	विद्युत रेखा सी कमर वाली संभान्त महिला ! आपका विनीत दास एक निवेदन करता है ः एक स्वर्णमय हिरन आपके समक्ष कीड़ा करने लगा। आपके स्नेहवश मेरे प्रभु धनुष लेकर चल पड़े। पुनः लक्ष्मण भी विदा हुए। **324**
मै त्तगु मा मलर् क्कुळलाय् !⋆ वैदेवी ! विण्णप्पम्⋆ ऑत्त पुगळ् वानरक्कोन्⋆ उडन् इरुन्दु निनै त्तेड⋆ अत्तगु शीर् अयोत्तियर्कोन्⋆ अडैयाळम् इवै मॉळिन्दान्⋆ इ त्तगैयाल् अडैयाळम्⋆ ईदवन् कै मोदिरमे॥८॥	रंगीन फूल की जूड़ावाली वैदेही ! एक निवेदन है ः अप्रतिम यश वाले बन्दरों के राजा सुग्रीव की सहायता से अयोध्या के राजा ने आपकी खोज के लिए जब दल भेजा तो ये कथायें सुनायीं। पुनः और प्रमाण में यह रहा उनके हाथ की अंगूठी ।**325**
तिक्कु निरै पुगळाळन्⋆ ती वेळ्वि च्चॅन्ऱ नाळ्⋆ मिक्क पॅरुम् शबै नडुवे⋆ विल् इरुत्तान् मोदिरम् कण्डु⋆ ऑक्कुमाल् अडैयाळम्⋆ अनुमान् ! एन्ऱु⋆ उच्चिमेल् वैत्तु क्कॉण्डुगन्दनळाल्⋆ मलर् क्कुळलाळ् शीदैयुमे॥९॥	ऋषियों की यज्ञअग्नि की रक्षा के लिये कृतसंकल्प प्रभु ने जगप्रसिद्ध राजा जनक के धनुष को राजकुमारों की महती सभा में तोड़ा था। उनकी अंगूठी को देखकर रंगीन फूल की जूड़ावाली सीता बोल उठी "हनमान तुम्हारे प्रमाण विश्वसनीय हैं "। तत्पश्चात् अंगूठी को सिर पर चढ़ाकर बहुत प्रसन्न हुई।**326**

वार् आरुम् मुलै मडवाळ्* वैदेवि तनै क्कण्डु* शीर् आरुम् तिरल् अनुमन्* तॆरिन्दुरैत्त अडैयाळम्* पार् आरुम् पुगळ् प्पुदुवै* प्पट्टर्बिरान् पाडल् वल्लार्* एर् आरुम् वैगुन्दत्तु* इमैयवरोडिरुप्पारे॥१०॥ ॥ पॆरियाळ्वार् तिरुवडिगळे शरणं ॥	जगप्रसिद्ध पदुवै के पत्तारबिरन के ये दसक गीत वीर हनुमान के उन प्रमाणों को गाते हैं जो उन्होंने कंचुकी वाली सीता को अशोक वन में देखकर सुनाया था। जो इनको कण्ठ कर लेंगे वे सुखद वैकुण्ठ में देवताओं के साथ निवास करेंगे। **327** **पेरियाऴवार तिरूवडिगळे शरणं**

श्रीमते रामानुजाय नमः

31 कदिरायिरम् (328 - 337)

मायनै क्कण्ड शुवडु उरैत्तल्

(उनलोगों के बीच का संवाद ः जो उनकी खोज करते हैं और जिन्होंने उन्हें देखा है)

कदिर् आयिरम् इरवि* कलन्देरित्ताल् ऑत्त नीळ् मुडियन्* एदिर् इल् पॅरुमै इरामनै* इरुक्कुम् इडम् नाडुदिरेल्* अदिरुम् कळल् पॉरुदोळ्* इरणियन् आगम् पिळन्दु* अरियाय् उदिरम् अळैन्द कैयोडिरुन्दानै* उळ्ळवा कण्डार् उळर्॥१॥	आप क्या अद्वितीय यश वाले राम के निवास स्थान का अनुसंधान कर रहे हैं जिनका विशाल मुकुट हजारों सूर्य के प्रकाश से भी अधिक प्रकाशमान है ? बहुतों हैं जो उन्हें नरसिंह रूप में हिरण्य की छाती फाड़ने के पश्चात् रक्तरंजित नखपंजरों के साथ देखा है। **328**
नान्दगम् शङ्गु दण्डु* नाण् ऑलि च्चार्ङ्गम् तिरु च्चक्करम्* एन्दु पॅरुमै इरामनै* इरुक्कुम् इडम् नाडुदिरेल्* कान्दळ् मुगिळ् विरल् शीदैक्कागि* क्कडुञ्जिलै शॅन्रिरुक्क* वेन्दर् तलैवन् जनकराजन् तन्* वेळ्वियिल् कण्डार् उळर्॥२॥	आप क्या अद्वितीय यश वाले राम के निवास स्थान का अनुसंधान कर रहे हैं जो शंख चक्र गदा खड्ग एवं धनुष धारण करते हैं ? बहुतों हैं जो उन्हें सम्राट जनक के धनुष यज्ञ में कमलपंखुड़ी सी उंगली वाली सीता के लिए धनुष तोड़ते देखा है। **329**
कॉल्लैयानै क्कॉम्बु परित्तु* क्कूडलर् शेनै पॉरुदळिय* शिल्लैयाल् मरामरम् एय्द देवनै* च्चिक्कॅन नाडुदिरेल्* तल्लैयाल् कुरक्किनम् ताङ्गि च्चॅन्रु* तडवरै कॉण्डडैप्प* अल्लै आर्कडर्करै वीद्दिरुन्दानै* अङ्गुत्ते क्कण्डार् उळर्॥३॥	आप क्या शीघ्र हीं प्रभु का अनुसंधान करना चाहते हैं जिन्होंने दुर्दांत हाथी के दांत उखाड़ लिये, राक्षसों की सेना का संहार किया और एक ही बाण से एक कतार के सात वृक्षों को छेद दिये ? बहुतों हैं जो उन्हें सम्राट जनक के धनुष यज्ञ में कमलपंखुड़ी सी उंगली वाली सीता के लिए धनुष तोड़ते देखा है। **330**
तोयम् परन्द नडुवु शूळलिल्* तॉल्लै वडिवु कॉण्ड* माय क्कुळवि यदनै नाडुरिल्* वम्मिन् शुवडुरैक्केन्* आयर् मडमगळ् पिन्नैक्कागि* अडल् विडै एळिनैयुम्* वीय प्पॉरुदु वियर्त्तु निन्रानै* मॅय्म्मैये कण्डार् उळर्॥४॥	आप क्या प्रभु का अनुसंधान समुद्र के बीच में करना चाहते हैं जहां वे निश्चिन्त हो एक आदि बालक (बट पत्र पर सोये हुए) के रूप में हैं तो आइए हम एक उपाय बताते हैं। गोपवंश की कुमारी नप्पिनाय के लिए उन्होंने सात वृषभों का सामना करते हुए उनका वध किया और पसीना से नहाते हुए खड़े रहे। बहुतों ने उन्हें इस तरह से देखा है। **331**
नीर् एरु शॅञ्जडै नीलकण्डनुम्* नान्मुगनुम् मुरैयाल्* शीर् एरु वाशगञ्जॅय्य निन्र* तिरुमालै नाडुदिरेल्* वार् एरु कॉङ्गै उरुप्पिणियै* वलिय प्पिडित्तु क्कॉण्डु तेर् एद्दि* शेनै नडुवु पोर् शॅय्य* च्चिक्कॅन क्कण्डार् उळर्॥५॥	आप क्या तिरूमल के प्रभु का अनुसंधान करना चाहते हैं जिनकी पूजा चारमुख वाले ब्रह्मा और नीलकंठ शिव मंत्रों के साथ करते हैं ? बहुतों हैं जो उन्हें कंचुकी वाली रूक्मिणी का अपहरण कर अपने साथ रथ पर ले जाते समय शत्रुओं का शौर्यपूर्ण सामना करते देखा है। **332**

पॉल्ला वडिवुडै प्पेय्च्चि तुञ्ज* प्पुणर्मुलै वाय् मडुक्क वल्लानै* मा मणिवण्णनै* मरुवुम् इडम् नाडुदिरेल्* पल्लायिरम् पॅरुन् देविमारॉडु* पौवम् एरि तुवरै* एल्लारुम् शूळ च्चिङ्गाशनत्ते* इरुन्दानै क्कण्डार् उळर्॥६॥	आप क्या नीलमणि वर्ण वाले प्रभु के निवास स्थान का अनुसंधान करना चाहते हैं जिन्होंने खतरनाक राक्षसी के स्तन पर अपने होठ लगाकर उसके प्राण हर लिये ? बहुतों हैं जो समुद्र के लहरों से थपेड़े खाते द्वारका में उन्हें सोलह हजार रानियों से घिरकर राजतिलक के अवसर पर सिंहासनारूढ़ होते देखा है। **333**
वॅळ्ळै विळिशङ्गु वॅञ्जुडर् त्तिरु च्चक्करम्* एन्दु कैयन्* उळ्ळ इडम् विनविल्* उमक्किरै वम्मिन् शुवडुरैक्केन्* वॅळ्ळै प्पुरवि क्कुरक्कु वॅल्कॉडि* त्तेर्मिशै मुन्बु निन्रु* कळ्ळ प्पडैत्तुणै आगि* प्पारतम् कैशॅय्य क्कण्डार् उळर्॥७॥	आप क्या श्वेत शंख एवं चमकते चक्र के धारण करने वाले प्रभु के निवास स्थान का अनुसंधान करना चाहते हैं तो आइए एक छोटा सा उपाय बताते हैं। बहुतों हैं जो उन्हें हनुमान ध्वज फहराते श्वेत घोड़ों के रथ से चुपके से भारत युद्ध का दिशा निर्देश करते देखा है। **334**
नाळिगै कूरिट्टु क्कात्तु निन्र* अरशर्गळ् तम् मुगप्पे* नाळिगै पोग प्पडै पॉरुदवन्* देवकि तन् शिरुवन्* आळि कॉण्डन्रिरवि मरैप्प* च्चयत्तिरदन् तलैयै* पाळिल् उरुळ प्पडै पॉरुदवन्* पक्कमे कण्डार् उळर्॥८॥	देवकी के पुत्र कृष्ण दिन भर उन राजाओं से लड़ते रहे जो जयद्रथ के पक्षधर थे।अगर आप उनका अनुसंधान कर रहे हैं तो बहुतो हैं जिन्होंने उन्हें अर्जुन के पास से अपने चक्र के द्वारा सूर्य को छिपाते देखा है और तब अर्जुन ने बाणों की वर्षा कर जयद्रथ के सिर को काटकर गडढ़े में डाल दिया।**335**
मण्णुम् मलैयुम् मरि कडल्गळुम्* मट्रुम् यावुम् एल्लाम्* तिण्णम् विळुङ्गि उमिळ्न्द देवनै* च्चिक्कॅन नाडुदिरेल्* एण्णर्करियदोर् एनम् आगि* इरुनिलम् पुक्किडन्दु* वण्ण क्करुङ्गुळल् मादरोडु* मणन्दानै क्कण्डार् उळर्॥९॥	क्या आप निश्चित रूप से उनका अनुसंधान कर रहे हैं जो एक ही बार में पृथ्वी पर्वत एवं समुद्र को निगल जाते हैं और पुनः उन्हें बाहर निकाल देते हैं ? बहुतों हैं जिन्होंने उन्हें कल्पनातीत सूकर के रूप में भू मंडल का उद्धार करके सुन्दर केश वाली भू देवी से व्याह रचते देखा है।**336**
करिय मुगिल् पुरै मेनि मायनै* क्कण्ड शुवडुरैत्तु* पुरवि मुगम् शॅय्दु शॅन्नॅल् ओङ्गि* विळै कळनि प्पुदुवै* तिरुविर् पॉलि मरैवाणन्* पट्टर्बिरान् शॉन्न मालै पत्तुम्* परवु मनम् उडै प्पत्तर् उळ्ळार्* परमन् अडि शेर्वर्गळे॥१०॥ ॥ पॅरियाळ्वार् तिरुवडिगळे शरणं ॥	हरे भरे खेत जिसमें धान बढ़कर और घोड़े की तरह झुक जाते हैं उस पुदुवै के मेधावी वैदिक ऋषि विष्णुचित्त के ये तमिल गीत घनश्याम प्रभु के दर्शन के उपाय बताते हैं। हृदय से पाठ करनेवाले भक्तगण प्रभु के चरणारविन्द को प्राप्त करते हैं। **337** **पेरियाळवार तिरूवडिगळे शरणं ।**

श्रीमते रामानुजाय नमः

32 अलम्बावरूट्टा (338-348)

तिरूमालिरूञ्जोलै च्चिऱप्पु

तिरूमालैरून्सओलै पर्वत की गाथा ः

यह स्थान मदुरै से लगभग 20 कि मी उत्तर पश्चिम कोण पर स्थित है (देखिये Miss Ramesh Vol. 4, p 227) । अळगर मलय पर्वत के तलहटी के मंदिर के मूल विग्रह भगवान सुन्दरराजा या सुन्दरबाहु के नाम से जाने जाते हैं। अळगर का शाब्दिक अर्थ सुन्दरता है इसीलिये मंदिर को "अळगर कोईल" भी कहते हैं।भगवान को सुन्दरराजा के अतिरिक्ति "कल्लाळगर" एवं "तिरूमालैरून्सओलै नांबि" भी कहते हैं। इसे "तिरूमल ईरूम सोलै" यानि बागों वाले भगवान का पर्वत भी कहा जाता है। मुख्य पर्वत वृषभ के रूप में दिखता है और चारों तरफ के अन्य पर्वत गाय की तरह दिखते हैं। महाभारत काल में इसीलिये इसको वृषभाद्रि के रूप में वर्णित किया गया है। कूरत्त आळवार यानि रामानुज स्वामी के अन्यतम शिष्य अपनी आंखें खोने के बाद सुन्दरबाहु स्तवन में यहां के पेरूमल की प्रशस्ति गाये हैं।

गोदम्मा अन्डाल ने अळगर पेरूमल यानि सुन्दरबाहु को एक सौ घड़े पायसम एवं मक्खन से अर्चना करने की मनौती रखी थी जो भूलवश पूरा नहीं हो सका था और बाद में रामानुज स्वामी ने सुन्दरबाहु भगवान को 100 घड़े पायसम एवं नवनीत का भोग लगा कर पूरा किया।तत्पश्चात् ही वे श्रीविल्लीपुत्तुर अन्डाल के दर्शन के लिए पहुंचे। कहते हैं रामानुज स्वामी का सुन्दरबाहु भगवान को अन्डाल की भूली बात को पूरा करने से अन्डाल इतनी प्रसन्न हुई कि वे वरामदे तक आगे बढ़कर रामानुज स्वामी को अपना "अग्रज भाई" मानते हुए स्वागत के लिए आगयी। आज भी श्रीविल्लीपुत्तुर में अन्डाल की उत्सवमूर्त्ति वहीं वरामदे में रखी जाती हैं।

अळगर मलय में नूपुर गंगा का बहुत बड़ा महत्त्व है। जब त्रिविक्रम रूप में भगवान सब लोकों तक अपने पवित्र पग को बढ़ा दिये तब ब्रह्मा उनके चरण को धो कर चरणामृत का लाभ लेने लगे। उसी समय चरण धोने के अन्तराल में भगवान के पाजेव से लगकर जल की कुछ बूंदें इस पर्वत पर भी आई और वहीं से नूपुर गंगा का प्रार्दुभाव हुआ।सुन्दरबाहु भगवान की संपूर्ण उत्सव मूर्त्ति एक विशेष तरह के स्वर्ण धातु से ही बनी हुई है जो अन्य किसी मंदिर में नहीं है। अपवाद में मात्र तिरूअनन्तपुरम के अनन्तशयनम भगवान हैं जहां का उत्सव विग्रह इसी तरह के सोने से बना हुआ है।सुन्दरबाहु भगवान का तिरूमंजन मात्र नूपुरगंगा के जल से ही कियाजाता है। जब कभी भी अन्य जल से तिरूमंजन कराया गया भगवान की मूर्त्ति काली हो गयी। अतः नित्य नूपुर गंगा के जल से ही तिरूमंजन होता है।

मदुरै के शिव जी, जो सुन्दरेश्वर के नाम से जाने जाते हैं, का कल्याण उत्सव एवं अळगर कोईल के सुन्दरबाहु भगवान का कल्याण उत्सव चैत्र मास में मनाया जाता है। अपनी बहन पार्वती जी से मिलने सुन्दरबाहु भगवान स्वयं मदुरै जाते हैं जिसमें नौ दिनों के उत्सव अवधि में से अळगर पेरूमल का तीन दिन इसी कार्यक्रम में व्यतीत हो जाता है।

अलम्बा वॆरुट्टा⋆ क्कॊन्ऱु तिरियुम् अरक्करै⋆ कुलम् पाऴ् पडुत्तु⋆ क्कुलविळक्काय् निन्ऱ कोन् मलै⋆ शिलम्बार्क्क वन्दु⋆ दॆय्व मगळिर्गळ् आडुम् शीर्⋆ शिलम्बाऱु पायुम्⋆ तॆन् तिरुमालिरुञ्जोलैये॥१॥	राक्षस गन हत्या करते हुए स्वतंत्र रूप से घूमते और लोग डर से भागे फिरते। राक्षसों का समूल नाश करने वाले प्रभु तिरूमालिरून्सओलै के प्रधान पूज्य देव के रूप में खड़े हैं। यहां पैंजनी बजाती अप्सरायें नूपुर गंगा में स्नान करने आती हैं। **338**
वल्लाळन् तोळुम्⋆ वाळ् अरक्कन् मुडियुम्⋆ तङ्गै पॊल्लाद मूक्कुम्⋆ पोक्कुवित्तान् पॊरुन्दुम् मलै⋆ एल्ला विडत्तिलुम् एङ्गुम् परन्दु⋆ पल्लाण्डॊलि शॆल्ला निर्कुम् शीर्⋆ त्तॆन् तिरुमालिरुञ्जोलैये॥२॥	रावण के मजबूत भुजाओं एवं मस्तकों को एवं उसकी दुष्टा बहन सूर्पनखा के नाक को काटने वाले प्रभु तिरूमालिरून्सओलै में शाश्वत रूप से निवास करते हैं जिसके पर्वतश्रेणी पलाण्डु "विजय हो" की ध्वनि से गूंजते हैं। **339**

तक्कार् मिक्कार्गळै॰ च्चञ्चलम् शॅय्युम् शलवरै॰ तॅक्काम् नॅरियॆ पोक्कुविक्कुम्॰ शॅल्वन् पॊन्मलै॰ ए क्कालमुम् शॅन्ऱु॰ शेवित्तिरुक्कुम् अडियरै॰ अ क्कानॅरियै माट्रुम्॰ तण् तिरुमालिरुञ्जोलैये॥ ३॥	सुनहले तिरूमालिरून्सओलै पर्वत के धनवान प्रभु ऋषियों एवं भक्तों को तंग करने वाले दुष्ट राक्षसों को मृत्यु की दक्षिण दिशा में भेजते हैं ; जबकि अपने भक्त गणों को वे कर्मवन से आसानी से निकाल लेते हैं। **340**
आनायर् कूडि॰ अमैत्त विळवै॰ अमरर् तम् कोनार्क्कॊळिय॰ क्कोवर्त्तनत्तु च्चॅय्दान् मलै॰ वानाट्टिल् निन्ऱु॰ मामलर् क्कर्पग त्तॊत्तिळि॰ तेन् आऱु पायुम्॰ तॅन् तिरुमालिरुञ्जोलैये॥ ४॥	स्वर्ग के कलपका फूल के अमृतमय गुच्छे सुनहले तिरूमालिरून्सओलै पर्वत के नूपुर गंगा में प्रवाहित होते हैं। यह पर्वत उस प्रभु का है जिसने गोपवंश द्वारा दिये गये त्योहार के संपूर्ण सुन्दर उपहार को गोवर्द्धन पर्वत को सौंप दिया। **341**
ऑरु वारणम् पणि कॊण्डवन्॰ पॊय्गैयिल्॰ कञ्जन् तन् ऑरु वारणम् उयिर् उण्डवन्॰ शॅन्ऱैयुम् मलै॰ करु वारणम्॰ तन् पिडि तुरन्दोड॰ कडल् वण्णन् तिरुवाणै कूऱ त्तिरियुम्॰ तण् तिरुमालिरुञ्जोलैये॥ ५॥	गजेन्द्र की रक्षा प्रदान करने वाले एवं कंस के कुवलयापीड का नाश करने वाले प्रभु तिरूमालिरून्सओलै पर्वत में रहते हैं। यहां नीले सागर के वदन वाले प्रभु के नाम का शपथ लेकर वृषभ-हस्ति गन उनका तिरस्कार करके जाने वाली गायों पर उत्पात मचाते हैं। **342**
एविट्टु च्चॅय्वान्॰ एन्ऱॅदिरन्दु वन्द मल्लरै॰ शाव त्तगर्त्त॰ शान्दणि तोळ् चदुरन् मलै॰ आव त्तनम् एन्ऱु॰ अमरर्गळुम् नन् मुनिवरुम्॰ शेवित्तिरुक्कुम्॰ तॅन् तिरुमालिरुञ्जोलैये॥ ६॥	देवगन एवं संतलोग तिरूमालिरून्सओलै के निवासी प्रभु को “दीनों के आधार” के रूप में पूजते हैं। इसी प्रभु ने किराये के पहलवानों को अपने उन भुजाओं से परास्त कर दिये जिसपर कुब्जा ने चंदन का लेप अर्पित किया था। **343**
मन्नर् मऱुग॰ मैत्तुनन्मार्क्कॊरु तेरिन्मेल्॰ मुन् अङ्गु निन्ऱु॰ मोळै एळुवित्तवन् मलै॰ कॊल् नविल् कूर्वेर् कोन्॰ नॅडुमारन् तॅन् कूडर् कोन्॰ तॅन्नन् कॊण्डाडुम्॰ तॅन् तिरुमालिरुञ्जोलैये॥ ७॥	सुदूर पूर्व काल में एक सौ राजाओं के विरूद्ध प्रभु ने पांच भाइयों के लिये रथ चलाया और जमीन में एक वाण मारकर अर्जुन के घोड़े के लिये जल प्रपात उत्पन्न कर दिया। वे तिरूमालिरून्सओलै के निवासी हैं जहां भुजाल धारण करने वाले प्राचीन नेदुमारन राजा ने दक्षिण पांडया के नगर कुदै मदुरै में प्रभु का विजयोत्सव मनाया। **344**
कुऱुगाद मन्नरै॰ क्कूडु कलक्कि॰ वॅङ्गानिडै च्चिऱुगाल् नॅरियॆ पोक्कुविक्कुम्॰ शॅल्वन् पॊन् मलै॰ अऱुगाल् वरि वण्डुगळ्॰ आयिर नामम् शॊल्लि॰ शिऱुगालै प्पाडुम्॰ तॅन् तिरुमालिरुञ्जोलैये॥ ८॥	सुनहले तिरूमालिरून्सओलै के पर्वत प्रभु के आवास हैं। आप शत्रु राजाओं को घने जंगल के संकरे रास्ते में भागने के लिये बाध्य कर देते हैं।यहां छः पैर वाले भौंरे प्रातःकाल में प्रभु के हजार नामों का संगीतमय स्वर से पाठ करते हैं।**345**

शिन्द प्पुडैत्तु⋆ च्चॆङ्गुरुदि कॊण्डु⋆ बूदङ्गळ् अन्दि प्पलि कॊडुत्तु⋆ आवत्तनम् शॆय् अप्पन् मलै⋆ इन्दिर कोपङ्गळ्⋆ एम्बॆरुमान् कनि वाय् ऒप्पान्⋆ शिन्दुम् पुरविल्⋆ तॆन् तिरुमालिरुञ्जोलैये॥९॥	तिरूमालिरून्सओलै पर्वत के दुष्टात्मायें आदमियों को काट कर मार देते हैं और उनका खून बहाते हैं जिसे "दुःख में कामआनेवाला निधि" के रूप में काम लाते हैं। यहां के कीड़े सर्वत्र प्रभु के मूंगावत होठ के लाल रंग उत्पन्न करते हैं। **346**
एट्टुत्तिशैयुम्⋆ एण् इरन्द पॆरुन् देविमार्⋆ विट्टु विळङ्ग⋆ वीढ्रिरुन्द विमलन् मलै⋆ पट्टि प्पिडिगळ्⋆ पगडुरिञ्जि च्चॆन्रु⋆ मालैवाय् तॆट्टि त्तिळैक्कुम्⋆ तॆन् तिरुमालिरुञ्जोलैये॥१०॥	अनगिनत समूह में आठों दिशाओं से सुन्दर बालायें आकर तिरूमालिरून्सओलै पर्वत में जमाव करते हैं। यहां की पुष्ट गायें सारी रात वृषभों के साथ आनन्द मनाते हैं। **347**
मरुद प्पॊऴिल् अणि⋆ मालिरुञ्जोलै मलै तन्नै⋆ करुदि उरैगिन्र⋆ कारक्कडल् वण्णन् अम्मान् तन्नै⋆ विरदम् कॊण्डेत्तुम्⋆ विल्लिपुत्तूर् विट्टुशित्तन् शॊल्⋆ करुदि उरैप्पवर्⋆ कण्णङ्गऴलिणै काण्बार्गळे॥११॥	श्रीविल्लीपुत्तुर के विष्णुचित्त के ये मधुर गीत तिरूमालिरून्सओलै पर्वत के रम्य वनों के मध्य स्थित नील सागर के वदन वाले प्रभु की अर्चा की प्रतिज्ञा लेते हैं।जो स्नेह से इसका गायन करेंगे उन्हें कृष्ण के चरण कमल का दर्शन होगा।**348** **पेरियाऴवार तिरूवडिगळे शरणं ।**

<table>
<tr><td colspan="2">

श्रीमते रामानुजाय नमः

33 उरूप्पिणिनङ्गै (349 - 359)

तिरूमालिरूञ्जोलैयिन् माट्चि

(तिरूमालैरून्सओलै पर्वत की गाथा)

</td></tr>
<tr><td>उरुप्पिणि नङ्गै तन्नै मीट्पान्⋆ तॊडर्न्दोडि च्चॆन्ऱ⋆
उरुप्पनै ओट्टि क्कॊण्डिट्टु⋆ उऱैत्तिट्ट उऱैप्पन् मलै⋆
पॊरुप्पिडै क्कॊन्ऱै निन्ऱु⋆ मुऱि याळियुम् काशुम् कॊण्डु⋆
विरुप्पॊडु पॊन् वळङ्गुम्⋆ वियन् मालिरुञ्जोलैयदे॥१॥</td><td>तिरूमालिरून्सओलै पर्वत पर खड़े कोनरै के वृक्ष से सुनहरे गोल पीली पंखुडियां एवं मुड़े हुए कली उस तरह गिरते हैं जैसे कोई उदार दाता सोने के सिक्के एवं छल्ले का दान कर रहा हो। यहां उस प्रभु का आवास है जो जब रूक्मिणी के साथ भाग रहे थे तब पीछा करते रूक्मा को पकड़ा और रथ से बांध कर उसे लज्जित किया। **349**</td></tr>
<tr><td>कञ्चनुम् काळियनुम्⋆ कळिऱुम् मरुदुम् एरुदुम्⋆
वञ्जनैयिल् मडिय⋆ वळर्न्द मणिवण्णन् मलै⋆
नञ्जुमिऴ् नागम् एऴुन्दणवि⋆ नळिर् मा मदियै⋆
शॆञ्जुडर् ना वळैक्कुम्⋆ तिरुमालिरुञ्जोलैयदे॥२॥</td><td>तिरूमालिरून्सओलै पर्वत पर गेहुंअन सांप अपने फन को उठाकर चमकते एवं लपलपाते जीभ से पूर्ण चांद को चाटने का उपकम करते हैं। यह पर्वत प्रभु का आवास है जिन्होनें कालिय नाग, कुवलयापीड़ हाथी, अर्जुन के युगल वृक्ष, अरिष्टनेमी वृषभ, एवं दुष्ट कंश का उनके ही दोष से नाश कर दिया था। **350**</td></tr>
<tr><td>मन्नु नरगन् तन्नै⋆ च्चूऴ् पोगि वळैत्तॆऱिन्दु⋆
कन्नि मगळिर् तम्मै⋆ क्कवर्न्द कडल् वण्णन् मलै⋆
पुन्नै शॆरुन्दियॊडु⋆ पुन वेङ्गैयुम् कोङ्गुम् निन्ऱु⋆
पॊन् अरि मालैगळ् शूऴ्⋆ पॊऴिल् मालिरुञ्जोलैयदे॥३॥</td><td>पहले से नियोजन करके नरकासुर के गले में फंदा डालकर सागर सा सलोने वदन वाले प्रभु ने उसकी हत्या कर दी और तत्पश्चात् सोलह हजार एक सौ रानियों को कैद मुक्त किया। तिरूमालिरून्सओलै उनका पर्वतीय आवास है जहां पुन्नै, शरून्दि, वेंगै, एवं कोंगु के वृक्ष बागों के गले के हार के रूप में निखरते हैं। **351**</td></tr>
<tr><td>मावलि तन्नुडैय⋆ मगन् वाणन् मगळ् इरुन्द⋆
कावलै क्कट्टळित्त⋆ तनि क्काळै करुदुम् मलै⋆
कोवलर् गोविन्दनै⋆ क्कुऱ मादर्गळ् पण् कुऱिञ्जि⋆
पा ऑलि पाडि नडम् पयिल्⋆ मालिरुञ्जोलैयदे॥४॥</td><td>सदा नवयुवक प्रभु ने मावलि के पुत्र बानासुर की पुत्री ऊषा को कैद से मुक्त किया। अपनी ईच्छा से प्रभु तिरूमालिरून्सओलै के पर्वतों में निवास करते हैं। यहां के मूल निवासी गोप गोविन्द नाम का संकीर्त्तन पन्न एवं कुरून्जी पर करते हुए नृत्य करते हैं। **352**</td></tr>
</table>

पल्ल पल्ल नाळम् शॉल्लि⋆ प्पळित्त शिशुपालन् तन्नै⋆ अलवलैमै तविर्त्त⋆ अळगन् अलङ्गारन् मलै⋆ कुल्ल मलै कोल्ल मलै⋆ कुळिर् मा मलै कॊट्ट मलै⋆ निल्ल मलै नीण्ड मलै⋆ तिरुमालिरुञ्जोलैयदे॥५॥	गाली एवं दोष की बौछार करने वाले शिशुपाल को लावण्य मय प्रभु ने मुस्कराते हुए शांत कर दिया था। आपका तिरूमालिरून्सओलै पर्वतीय आवास अन्य पर्वतों का अभिभावक हैं तथा शांत सुखद स्थिर ऊंचा एवं विजयप्रदायी है। **353**
पाण्डवर् तम्मुडैय⋆ पाञ्जालि मरुक्कम् एल्लाम्⋆ आण्डङ्गु नूट्रुवर् तम्⋆ पॆण्डिर् मेल् वैत्त अप्पन् मलै⋆ पाण् तगु वण्डिनङ्गळ्⋆ पण्गळ् पाडि मदु प्परुग⋆ तोण्डल् उडैय मलै⋆ तॊल्लै मालिरुञ्जोलैयदे॥६॥	पांडव रानी पांचाली ने जो क्लेश झेले थे उसे प्रभु ने याद रखा और अंततः दुष्ट सौ भाईयों की पत्नियों पर डाल दिया। आपका तिरूमालिरून्सओलै पर्वतीय आवास अति प्राचीन है जहां भौंरे निर्झरों के मृदु जल से संपोषित बागों से मधु पीकर प्रभु के अमृतमय नाम को गुंजायमान करते रहते हैं। **354**
कनङ्गुळैयाळ् पॊरुट्टा⋆ क्कणै पारित्तु⋆ अरक्कर् तङ्गळ् इनम् कळुवेट्टुवित्त⋆ एळिल् तोळ् एम् इरामन् मलै⋆ कनम् कॊळि तॆळ् अरुवि⋆ वन्दु शूळ्न्दगल् ञालम् एल्लाम्⋆ इनम् कुळुवाडुम् मलै⋆ एळिल् मालिरुञ्जोलैयदे॥७॥	सुवर्णआभूषणों से सुसज्जित सीता की रक्षा के लिये प्रभु ने बाणों की वर्षा कर राक्षस कुल का नाश किया। तिरूमालिरून्सओलै पर्वत की सुन्दर नदियां मृदु जल प्रवाह के साथ स्वर्ण का ढ़ेर इकट्ठा कर देती हैं । सर्वत्र से आये तीर्थ यात्री इन नदियों में आनन्द से स्नान करते हैं। **355**
एरि शिदरुम् शरत्ताल्⋆ इलङ्गैयिनै⋆ तन्नुडैय वरि शिलै वायिल् पॆय्दु⋆ वाय् क्कोट्टम् तविर्त्तुगन्द⋆ अरैयन् अमरुम् मलै⋆ अमरर्गॊडु कोनुम् शॆन्रु⋆ तिरिशुडर् शूळुम् मलै⋆ तिरु मालिरुञ्जोलैयदे॥८॥	शीलवान राजा राम ने मुंह से अग्नि उगलते लंका के राजा रावण को अपने धनुष के अग्नि बाणों से शांत कर दिया। अपनी ईच्छा से तिरूमालिरून्सओलै पर्वत में रहने वाले प्रभु का देवताओं के राजा इन्द्र तथा प्रकाशमंडल वाले सूर्य एवं चन्द्र परिक्रमा करते रहते हैं। **356**
कोट्टुमण् कॊण्डिडन्दु⋆ कुडङ्गैयिल् मण् कॊण्डळन्दु⋆ मीट्टुम् अदुण्डुमिळ्न्दु⋆ विळैयाडु विमलन् मलै⋆ ईट्टिय पल् पॊरुळ्गाळ्⋆ एम्बिरानुक्कडियुरै एन्रु⋆ ओट्टरुम् तण् शिलम्बारुडै⋆ मालिरुञ्जोलैयदे॥९॥	तिरूमालिरून्सओलै के पर्वतीय आवास में रहने वाले परात्पर प्रभु ने वराह रूप में पृथ्वी का उद्धार उसे अपने दांतों पर उठाकर किया, उपहार मांग कर पृथ्वी को मापा, पुनः सबको निगल गये और सबको बाहर कर दिया। इनका यह खेल इसी क्रम में शाश्वत चलते रहता है। पहाड़ी नदी शिलम्बारू यानि नूपुर गंगा अपने प्रवाह में बहुमूल्य पदार्थो को लाकर प्रभु के चरणों में अर्पित करते रहती हैं। **357**

‡आयिरम् तोळ् परप्पि⋆ मुडि आयिरम् मिन् इलग⋆ आयिरम् पैन्दलैय⋆ अनन्त शयनन् आळुम् मलै⋆ आयिरम् आरुगळुम्⋆ शुनैगळ् पल आयिरमुम्⋆ आयिरम् पूम् पॊळिलुम् उडै⋆ मालिरुञ्जोलैयदे ॥१०॥	तिरूमालिरून्सओलै के पर्वतीय वातारण में सहस्त्रों धारायें, सहस्त्रों तड़ाग, एवं सहस्त्रों फूल के बाग स्थित हैं। यह पर्वत हजार फन के शेषशय्या पर सोने वाले हजार भुजायें एवं हजार मुकुट से सुशोभित प्रभु के शासनाधीन है। **358**
‡मालिरुञ्जोलै एन्नुम्⋆ मलैयै उडैय मलैयै⋆ नालिरु मूर्त्ति तन्नै⋆ नाल् वेद क्कडल् अमुदै⋆ मेल् इरुङ्गर्पगत्तै⋆ वेदान्त विळु प्पॊरुळिन्⋆ मेल् इरुन्द विळक्कै⋆ विट्टुशित्तन् विरित्तनने ॥११॥	विष्णुचित्त के ये पद, वेदों के सार एवं उपनिषद के सिद्धान्तावलियों को प्रकाशित करने वाले, अष्टाक्षर मंत्र की प्रशस्ति हैं, और इसकी साक्षात प्रतिमूर्त्ति उत्तम कलपक वृक्षवाले तिरूमालिरून्सओलै पर्वत का आनन्ददायी अलौकिक एवं ईश्वरीय वातावरण मात्र अनुभूति से ही समझने योग्य है। **359** **पेरियाळ्वार तिरूवडिगळे शरणं ।**

श्रीमते रामानुजाय नमः

34 नावगारियम् (360 - 370)

तिरूकोट्टियूर् च्चिऱ्प्पु

(तिरूकोट्टियूर के भक्तों की प्रशंसा तथा भजन भाव नहीं करने वालों को प्रताड़ना)

नावगारियम् शॅाल् इलादवर्⋆ नाळ्दॊरुम् विरुन्दोम्बुवार्⋆ देव कारियम् शॅय्दु⋆ वेदम् पयिन्ऱु वाळ् तिरु क्कोट्टियूर्⋆ मूवर् कारियमुम् तिरुत्तुम्⋆ मुदल्वनै च्चिन्दियाद⋆ अ- प्पावगारिगळै प्पडैत्तवन्⋆ एङ्ङनम् पडैत्तान्गॊलो ! ॥१॥	ब्रह्मा, रूद्र, एवं इन्द्र के कर्त्तव्यों का र्निधारण करने वाले प्रभु तिरूकोट्टियूर में रहते हैं। यहां के निवासी सत्यवादी हैं, और जीवन पर्यन्त प्रतिदिन अतिथियों का सत्कार के साथ स्वागत करते हैं, मंदिर सेवा मे लगनशील तथा वेद में अध्ययनरत हैं। आश्चर्य है कि प्रभु, सृष्टि के रचयिता, ने कैसे दुष्टात्माओं को जन्म दिया जो जीवन प्रदान करने वाले प्रभु के बारे में एक बार भी स्मरण और विचार नहीं करते हैं। **360**
कुऱ्ऱम् इन्ऱि क्कुणम् पॆरुक्कि⋆ क्कुरुक्कळुक्कनुगूलराय्⋆ शॆऱ्ऱम् ऒन्ऱुम् इलाद⋆ वण्कैयिनार्गळ् वाळ् तिरु क्कोट्टियूर्⋆ तुऱ्ऱि एळ् उलगुण्ड⋆ तू मणि वण्णन् तन्नै त्तॊळादवर्⋆ पॆऱ्ऱ तायर् वयिऱ्ऱिनै⋆ प्पॆरु नोय् शॆय्वान् पिरन्दार्गळे॥२॥	सात लोकों को क्षण भर में निगल जाने वाले प्रभु तिरूकोट्टियूर में वैसे लोगों के साथ रहते हैं, जो दोष रहित, सद्‌गुण संपन्न, ईर्ष्या द्वेष से मुक्त, उदारमना, तथा आचार्य का अनुसरण करने वाले हैं। जो मणि सा सलोने प्रभु की पूजा अर्चना नहीं करते वे निश्चित रूप से अपने मां के गर्भ के भार हैं। **361**
वण्ण नल् मणियुम् मरगदमुम् अळुत्ति⋆ निळल् एळुम् तिण्णै शूळ्⋆ तिरु क्कोट्टियूर्⋆ त्तिरु मालवन् तिरु नामङ्गळ्⋆ एण्ण क्कण्ड विरल्गाळाल्⋆ इरैप्पॊळुदुम् एण्णगिल्लादु पोय्⋆ उण्ण क्कण्ड तम् ऊत्तै वाय्क्कु⋆ क्कवळम् उन्दुगिन्ऱार्गळे॥३॥	रत्नजटित अटारियों वाले तिरूकोट्टियूर में प्रभु का वास है। यहां रत्नों के प्रकाश से ही अटारियों की छाया बनती है। हाथ की उंगलियां प्रभु का नाम जपने के लिये बना है।हाय ! जो नहीं जानते हैं वे इनका प्रयोग बिना धोये मुंह में केवल भोजन डालने के लिये करते रहते हैं।**362**
उरग मॆल् अणैयान् कैयिल्⋆ उरै शङ्गम् पोल् मड अन्नङ्गळ्⋆ निरैगणम् परन्देरुम्⋆ शॆङ्गमल वयल् तिरु क्कोट्टियूर्⋆ नरकनाशनै नाविल् कॊण्डळैयाद⋆ मानिड शादियर्⋆ परुगु नीरुम् उडुक्कुम् कूरैयुम्⋆ पावम् शॆय्दन ताम् कॊलो ! ॥४॥	शेषशायी प्रभु तिरूकोट्टियूर में निवास करते हैं जहां चतुर्दिक लाल कमल के तालाब में प्रभु के हाथ के शंख के उज्ज्वल वर्ण सा राजहंस विहरते दिखते हैं।मनुष्य का शरीर धारण करके भी जो नरक की यातना से त्राण दिलाने वाले प्रभु का नाम नहीं लेता, हाय ! उसके पीने वाले जल एवं पहरने वाले वस्त्र सभी पापपूर्ण हीं हैं।**363**

आमैयिन् मुदुगत्तिडै क्कुदि कॊण्डु* तू मल्लर् शाडि प्पोय्* तीमै शॆय्दिळवाळैगळ्* विळैयाडु नीर् त्तिरु क्कोट्टियूर्* नेमि शेर् तडङ्गैयिनानै* निनैप्पिला वलि नॆञ्जुडै* पूमि बारङ्गळ् उण्णुम् शोट्रिनै वाङ्गि* प्पुल्लै त्तिणिमिने॥५॥	प्रभु तिरूकोट्टियूर में निवास करते हैं जहां चतुर्दिक जलराशि में विलैय मछलियां कछुओं के पीठ पर खेलती हैं तथा नव विकसित कमल की पंखुडियों को स्पर्श करती हुई क्रीड़ा मग्न रहती हैं। विशाल बाहु में चक्र धारण करने वाले प्रभु का, जो पाषाण - हृदय लोग कभी स्मरण नहीं करते, वे सचमुच (पृथ्वी पर) पत्थर सा भार स्वरूप ही हैं। वे भोजन जो करते हैं,उसको हटा दो और उनके मुंह को घास से भर दो। **364**
एदङ्गळ् आयिन एल्लाम्⋆ इरङ्ग विडुवित्तु⋆ एन्नुळ्ळे पीदग वाडै प्पिरानार्⋆ पिरम गुरुवागि वन्दु⋆ पोदिल् कमल वन् नॆञ्जम्⋆ पुगुन्दुम् एन् शॆन्नि त्तिडरिल्⋆ पाद इलच्चिनै वैत्तार्⋆ पण्डन्ऱु पट्टिनम् काप्पे॥८॥	हमारे पूर्व के कर्मों के दोष का निवारण करते हुए पीत वस्त्रधारी प्रभु हमारे गुरू की तरह आये और ह्यदयात्मा में प्रवेश कर गये। हमारे ह्यदय कमल में रहते हुए आपने हमारे ललाट पर (उर्ध्व पुण्ड्र तिलक का) चरण कमल के चिह्न छोड़ दिया है। अब पुरानी स्थिति नहीं है, यह किला अब संरक्षित है। **450**
उरगल् उरगल् उरगल्⋆ ऑण्शुडर् आऴिये! शङ्गे!⋆ अर एरि नान्दग वाळे!⋆ अऴगिय शारङ्गमे! तण्डे!⋆ इरवु पडामल् इरुन्द⋆ एण्मर् उलोग पालीर्गाळ्!⋆ परवै अरैया! उरगल्⋆ पळ्ळियरै क्कुरिक्कोण्मिन्॥९॥	तेजोमय चक्र एवं शंख सावधान ! भयंकर घातक खड्ग नन्दक सावधान ! सुन्दर सारंग धनुष सावधान ! आठों दिशाओं के दिक्पाल एवं पक्षीराज सावधान होकर हमारे प्रभु के शयनकक्ष को संरक्षित रखिए। **451**
अरवत्तमळियिनोडुम्⋆ अऴगिय पार्कडलोडुम्⋆ अरविन्द प्पावैयुम् तानुम्⋆ अगम्पडि वन्दु पुगुन्दु⋆ परवै त्तिरै पल मोद⋆ प्पळ्ळि कॊळ्गिन्ऱ पिरानै⋆ परवुगिन्ऱान् विट्टुशित्तन्⋆ पट्टिनम् कावर् पॊरुट्टे॥१०॥ ॥ पॆरियाऴ्वार् तिरुवडिगळे शरणं॥	ये पद शरीर रूपी किला के संरक्षण की प्रशंसा में विष्णुचित्त के द्वारा गाये हुए हैं जिनके भीतर शक्तिशाली सागर के लहरों के बीच शयन करने वाले प्रभु, कमल वत लक्ष्मी, तेजोमय शेषनाग की शय्या, और सुन्दर क्षीर समुद्र प्रवेश कर चुके हैं। **452** **पेरियाळ्वार तिरूवडिगळे शरणं ।**

श्रीमते रामानुजाय नमः

43 दुक्कच्चुऴलैयै (453 - 462)

तिरूमालिरूञ्जोलै एम्परूमानै प्पोग आट्टेन् एनत्तड्डुत्तल्

(तिरूमालैरूनसोलै के प्रभु को छोड़ने से रोकना)

दुक्क च्चुळलैयै च्चूळन्दु किडन्द* वलैयै अऱ प्परित्तु* पुक्किनिल् पुक्कुन्नै क्कण्डु कॉण्डेन्* इनि प्पोग विडुवदुण्डो* मक्कळ् अऱुवरै क्कल्लिडै मोद* इळन्दवळ् तन्वयिट्रिल्* शिक्केन वन्दु पिऱन्दु निन्ऱाय् !* तिरु मालिरुञ्जोलै एन्दाय् ! ॥१॥	हमारे स्वामी तिरूमालैरूनसोलै के प्रभु ! आपने बंधनों को काटकर और सांसारिक दुःखों के भंवरजाल से मुक्त कराया । मैं जानता हूं आप मेरे भीतर प्रवेश किए हुए हैं। अब क्या आपको हम छोड़कर जाने देंगे ? कंश के निर्दयता से देवकी ने छः संतानें खो दीं परन्तु क्षण भर में उनके गर्भ में प्रवेश कर आप उनके संतान के रूप में आये। **453**
वळैत्तु वैत्तेन् इनि प्पोगलॉट्टेन्* उन्ऱन् इन्दिर ञालङ्गळाल्* ऑळित्तिडिल् निन् तिरुवाणै कण्डाय्* नी ऑरुवर्क्कुम् मॅय्यन् अल्लै* अळित्तॅङ्गुम् नाडुम् नगरमुम्* तम्मुडै त्तीविनै तीर्क्कलुट्र्* तॅळित्तु वलञ्जॅय्युम् तीर्त्तम् उडै* त्तिरु मालिरुञ्चोलै एन्दाय् ! ॥२॥	आपको पकड़ लिया है ओर अब कभी भी आपको जाने नहीं देंगे। ऐसा न हो आप चले जायें इसलिए कमल सी कोमल माता लक्ष्मी का शपथ लेता हूं। आपने किसी के साथ सच्चाई नहीं निभाया। तिरूमालैरूनसोलै के प्रभु जहां जल प्रपातों की अधिकता है और नगर एवं ग्राम से लोग समूहों में आकर स्नान कर आपकी अर्चना कर कर्मो के दोष से मुक्त होते हैं। हमारे स्वामी ! **454**
उनक्कु प्पणिशॅय्दिरुक्कुम् तवम् उडै येन्* इनि प्पोय् ऑरुवन् तनक्क प्पणिन्द* कडैत्तलै निर्कै* निन शायै अळिव कण्डाय* पुनत्तिनै किळ्ळि प्पुदुववि काट्टि* उन् पॉन्नडि वाळक एन्ऱु* इन क्कुऱवर् पुदियदुण्णुम्* एळिल् मालिरुञ्जोलै एन्दाय् ! ॥३॥	आपकी पूजा अर्चना करने का हमारा सौभाग्य रहा है। अगर अब हम अन्य किसी के द्वार पर जायें तो क्या आपकी महिमा पर आघात नही पहुंचेगा ? तिरूमालैरूनसोलै के प्रभु जहां कुरवै जनजाति के लोग जंगली अन्न की कोमल बाली से आपका प्रसाद तैयार कर आपके चरण कमल की प्रशस्ति गाते हुए आपको अर्पित करते हैं। हमारे स्वामी ! **455**

कादम् पलवुम् तिरिन्दुळन्रेर्कु⋆ अङ्गोर् निळल् इल्लै नीरुम् इल्लै⋆ उन् पाद निळल् अल्लाल् मट्रोर् उयिरप्पिडम्⋆ नान् एङ्गुम् काणिगन्रिलेन्⋆ तूदु शॆन्राय्! कुरु पाण्डवर्क्काय्⋆ अङ्गोर् पॊय्च्चुट्रम् पेशि च्चॆन्रु⋆ पेदम् शॆय्देङ्गुम् पिणम् पडैत्ताय्!⋆ तिरु मालिरुञ्जोलै एन्दाय्! ॥४॥	लंबी दूरी की यात्रा करने पर न तो कहीं पानी मिला और न छांह । आपके चरण कमल की छांह छोड़ कुछ भी नहीं मिला। तिरूमालैरूनसोलै के प्रभु ! आप पांडवों के दूत बनकर गये और कुछ झूठी बातें कहकर मनमुटाव उत्पन्न कर दिया तथा युद्धक्षेत्र में शवों का सर्वत्र ढ़ेर लगा दिया। हमारे स्वामी ! **456**
काल्लुम् एळा कण्ण नीरुम् निल्ला⋆ उडल् शोरन्दु नडुङ्गि⋆ क्कुरल् मेलुम् एळा मयिर् क्कूच्चुम् अरा⋆ एन तोळ्गाळुम् वीळ्वॊळिया⋆ माल् उगळानिर्कुम् एन् मनने!⋆ उन्नै वाळ त्तलै प्पॆय्दिट्टेन्⋆ शेल् उगळानिर्कुम् नीळ्शुनै शूळ्⋆ तिरु मालिरुञ्जोलै एन्दाय्! ॥५॥	नये जीवन के लिए जब आपके पास आता हूं तब हमारे पैर स्थिर नहीं रहते, आंसू की धार बंद नहीं होती, कमजोरी से कांपते हैं, आवाज नहीं निकलती, केश खड़े हो जाते हैं, कंधे झुक जाते हैं, हृदय में आशा की लहरें उठने लगतीं हैं। तिरूमालैरूनसोलै के प्रभु ! जहां चतुर्दिक बड़े तालाबों में मछलियां नृत्य करती हैं। हमारे स्वामी ! **457**
एरुत्तु क्कॊडि उडैयानुम्⋆ पिरमनुम् इन्दिरनुम्⋆ मट्रुम् ऑरुत्तरुम् इ प्पिरवि एन्नुम् नोय्क्कु⋆ मरुन्दरिवारुम् इल्लै⋆ मरुत्तुवनाय् निन्र मा मणिवण्णा!⋆ मरु पिरवि तविर त्तिरुत्ति⋆ उन् कोयिल् कडै प्पुग प्पॆय्⋆ तिरु मालिरुञ्जोलै एन्दाय्! ॥६॥	ब्रह्मा, शिव या अन्य कोई देवता पुनर्जन्म की व्याधि की औषधि नहीं जानते। सलोने श्याम प्रभु ! आप ही धन्वन्तरी के रूप में आये। विनती है कि हमें पुनर्जन्म के बंधन से मुक्त कर अपने विशाल मंदिर के परिसर में लगा लीजिए। तिरूमालैरूनसोलै के प्रभु ! हमारे स्वामी ! **458**
अक्करै एन्नुम् अनत्त क्कडल्लुळ् अळुन्दि⋆ उन् पेर् अरुळाल्⋆ इक्करै एरि इळै त्तिरुन्देनै⋆ अञ्जल् एन्रु कै कवियाय्⋆ चक्करमुम् तडक्कैगळुम्⋆ कण्गळुम् पीदग आडैयॊडुम्⋆ शॆक्कर् निरत्तु च्चिवप्पुडैयाय्!⋆ तिरु मालिरुञ्जोलै एन्दाय्! ॥७॥	हम संवेदनहीन सागर के उस किनारे पर फिसलते रहे। आपकी असीम कृपा से इस किनारे पर थके हुए आ गये हैं।आप हाथ उठाकर नहीं कह रहे "डरो मत"। शक्तिशाली भुजाओं पर चक्रधारण करने वाले, पीत वस्त्रधारी, संध्याकालीन आकाश की अरूणिमा, तिरूमालैरूनसोलै के प्रभु ! हमारे स्वामी ! **459**

एत्तनै कालमुम् एत्तनै ऊळियुम्⋆ इन्रॊडु नाळै एन्रे⋆ इत्तनै कालमुम् पोय् क्किरि प्पट्टेन्⋆ इनि उन्नै प्पोगलॊट्टेन्⋆ मैत्तुनन् मार्गळै वाळ्वित्तु⋆ माद्लर् नूट्वरै क्कॆडुत्ताय् !⋆ शित्तम् निन्बालदरिदि अन्रे⋆ तिरु मालिरुञ्जोलै एन्दाय् ! ॥८॥	आज और कल के भवंर में हम कितने ऋतु एवं काल से पकड़ लिये गये हैं। अब हम आपको कभी भी नहीं जाने देंगे। पांडवों के प्रिय ! आपने सौ शत्रु बंधुओं का नाश किया। क्या आप यह नहीं जानते कि हमारा हृदय आप से ही लगा हुआ है। तिरूमालैरूनसोलै के प्रभु ! हमारे स्वामी ! **460**
अन्रु वयिट्रिल् किडन्दिरुन्दे⋆ अडिमै शॆय्यल् उद्रिरुप्पन्⋆ इन्रु वन्दिङ्गुन्नै क्कण्डु कॊण्डेन्⋆ इनि प्पोग विडुवदुण्डे⋆ शॆन्रङ्गु वाणनै आयिरन्दोळुम्⋆ तिरु च्चक्करम् अदनाल्⋆ तॆन्रि त्तिशै दिशै वीळ च्चॆट्राय् !⋆ तिरु मालिरुञ्जोलै एन्दाय् ! ॥९॥	जब हम गर्भ में थे उस समय भी आपकी सेवा करने की ईच्छा थी। आज हम यहां आकर आपको पा गये हैं। कैसे आपको हम जाने देंगे ? आपने अपने चक्र से बाणा के हजारों हाथ काट कर दूरस्थ विस्तृत स्थानों पर फेंक दिया। तिरूमालैरूनसोलै के प्रभु ! हमारे स्वामी ! **461**
शॆन्रुलगम् कुडैन्दाडुम् शुनै⋆ त्तिरु मालिरुञ्जोलै तन्नुळ् निन्र पिरान्⋆ अडिमेल् अडिमै त्तिरम्⋆ नेर्पड विण्णप्पञ्जॆय्⋆ पॊन् तिगळ् माडम् पॊलिन्दु तोन्रुम्⋆ पुदुवैक्कोन् विट्टुशित्तन्⋆ ऒन्रिनोडॊन्बदुम् पाड वल्लार्⋆ उलगम् अळन्दान् तमरे॥१०॥ ॥ पॆरियाळ्वार् तिरुवडिगळे शरणं ॥	सारा संसार तिरूमालैरूनसोल जाकर वहां के पवित्र जल में स्नान करता है। वहां के स्थिर खड़े प्रभु के चरण कमल पर, सुवर्णमय अटारियों वाले पुदुवै के राजा विष्णुचित्त के ये दसक पद, श्रद्धापूर्ण प्रार्थना के रूप में समर्पित हैं। जो इसे कण्ठ कर लेंगे वे पृथ्वी के मापने वाले प्रभु के माध्यम के रूप में काम आयेंगे।**462** **पेरियाळ्वार तिरूवडिगळे शरणं ।**

श्रीमते रामानुजाय नमः

44 शन्नियोङ्गु (463 - 473)

इदयत्तुळ् निऱैन्दु एम्बिरान् मलरन्दमै

(उनके हृदय में भगवान के प्रवेश करने से जो लाभ हुए उसके बारे में उनके वचन)

शॅन्नि ओङ्गु⋆ तण् तिरुवेङ्गडम् उडैयाय्!⋆ उलगु तन्नै वाळ निन्ऱ नम्बी!⋆ दामोदरा! शदिरा!⋆ एन्नैयुम् एन् उडैमैयैयुम्⋆ उन् शक्करप्पॉऱि ऑऱ्ऱिक्कॉण्डु⋆ निन् अरुळे पुरिन्दिरुन्देन्⋆ इनि एन् तिरु क्कुऱिप्पे॥१॥	शीतल तिरूवेंकटम के प्रभु ! जहां के ऊंचे उठे हुए पर्वत मरणशील संसारियों को राहत देने के लिए प्रतीक्षारत हैं। ज्ञाननिधान दामोदर ! हमारा शरीर एवं आत्मा आपके चक्र से चिह्नित हो चुका है। हम आपकी आज्ञा की प्रतीक्षा में हैं। विनती है, हमारे बारे में आपकी क्या ईच्छा है ? **463**
पऱवै एऱु परम् पुरुडा!⋆ नी एन्नै क्कैक्कॉण्ड पिन्⋆ पिऱवि एन्नुम् कडलुम् वऱ्ऱि⋆ प्पॅरुम्पदम् आगिन्ऱदाल्⋆ इऱवु शॅय्युम् पाव क्काडु⋆ तीक्कॉळी इवेगिन्ऱदाल्⋆ अऱिवै एन्नुम् अमुदवाऱु⋆ तलैप्पऱ्ऱि वाय् क्कॉण्डदे॥२॥	गरूड़ की सवारी करने वाले प्रभु ! जब से आपने हमें अपनी सेवा में स्वीकार कर लिया है तब से पुनर्जन्म का सागर सूख कर पवित्र स्थल हो गया है। कर्म के दोष रूपी बेड़ी अब प्रज्वलित अग्नि में जल रहे हैं। ज्ञानामृत की नदी सिर के ऊपर से बह रही है **464**
एम्मना! एन् कुल दॅय्वमे!⋆ एन्नुडै नायकने!⋆ निन् उळेनाय् प्पॅऱ्ऱ नन्मै⋆ इव्वुलगिनिल् आर् पॅऱुवार्⋆ नम्मन् पोले वीळ्त्तमुक्कुम्⋆ नाट्टिल् उळ्ळ पावम् एल्लाम्⋆ शुम्मॅनादे कैविट्टोडि⋆ तूऱुगळ् पाय्न्दनवे॥३॥	मेरे नाथ ! मेरे पूज्य विग्रह ! जो आनन्द हम आप में लेते हैं वह इस जगत में दूसरा कौन उठा सकता है। मृत्यु की तरह भयावनी छाया में दिखने वाले इस जगत की सभी यातनायें अपनी गांठ ढीलाकर बिना किसी बुदबुदाहट के झाड़ी में जा छिपे हैं। **465**
कडल् कडैन्दमुदम् कॉण्डु⋆ कलशत्तै निऱैत्तार् पोल्⋆ उडल् उरुगि वाय् तिऱन्दु⋆ मडुत्तुन्नै निऱैत्तु क्कॉण्डेन्⋆ कॉडुमै शॅय्युम् कूऱ्ऱमुम्⋆ एन् कोल् आडि कुऱुक प्पॅऱा⋆ तड वरै त्तोळ् चक्करपाणी!⋆ शारङ्ग विल् शेवकने! ॥४॥	समुद्र मंथन के बाद जैसे घड़ा अमृत से भर गया उसी तरह हम अपने शरीर को द्रवित करते हुए मुंह खोलकर आपको जी भर पिया है। पर्वत की तरह बाहों में चक्र एवं धनुष धारण करने वाले मेरे नाथ ! दुर्भावना से ग्रस्त यम अब हमारे क्षेत्र में नहीं आ सकते। **466**
पॅान्नै क्कॉण्डुरैगल् मीदे⋆ निऱमॅळ उरैत्ताल् पोल्⋆ उन्नै क्कॉण्डेन् नावगम्बाल्⋆ माऱ्ऱिन्ऱि उरैत्तु क्कॉण्डेन्⋆ उन्नै क्कॉण्डेन्नुळ् वैत्तेन्⋆ एन्नैयुम् उन्निल् इट्टेन्⋆ एन् अप्पा! एन् इरुडीकेशा!⋆ एन् उयिर् क्कावलने! ॥५॥	जैसे सोने की शुद्धता पत्थर पर रगड़ कर परखते हैं उसी तरह आपके नाम को हमने अपने जीभ पर रगड़ा है। सदा के लिये आपको हमने अपने भीतर रख लिया है तथा अपने आप को आपके भीतर रख दिया है। हृषिकेश ! हमारे जनक एवं अभिभावक ! **467**

उन्नुडैय विक्किरमम्★ ऑन्रॊळियामल् एल्लाम्★ एन्नुडैय नॆञ्जगम्पाल्★ शुवर्वळि एळुदि क्कॊण्डेन्★ मन् अडङ्ग मळु वलङ्गै क्कॊण्ड★ इराम नम्बी !★ एन्निडै वन्देम् पॆरुमान् !★ इनि एङ्गु प्पोगिन्ऱदे॥६॥	मन्दिर की दीवारों पर के लिखावट की तरह हमने अपने हृदय में आपके शौर्यपूर्ण गाथा को बिना किसी त्रुटि के लिख लिया है।घमंडी राजाओं को अपने कुल्हाड़ी से कुचलने वाले राम (प्रशुराम) ! मेरे नाथ ! हमारे पास आकर अब आप कहां जायेंगे ? **468**
परु प्पदत्तु क्कयल् पॊरित्त★ पाण्डियर् कुलपति पोल्★ तिरु प्पॊलिन्द शेवडि★ एन् शॆन्नियिन् मेल् पॊरित्ताय्★ मरु प्पॊशित्ताय् ! मल् अडर्त्ताय् !★ एन्ऱॆन्ऱुन् वाशगमे★ उरु प्पॊलिन्द नाविनेनै★ उनक्कुरित्ताक्किनैये॥७॥	पांड्या राजा की तरह जो मत्स्य चिह्न वाले ध्वज को पर्वतों के शिखर पर फहराते हैं आपने हमारे सिर पर अपने चरण कमल को रख दिया है। आपके अनवरत नाम उच्चारण से हमारी जीभ सूज गयी है। आपने हमें अपनी सेवा में स्वीकार कर लिया है। **469**
अनन्तन् पालुम् गरुडन् पालुम्★ ऐदु नॊय्दाग वैत्तु★ एन् मनम् तन् उळ्ळे वन्दु वैगि★ वाळ च्चॆय्दाय् एम्बिरान् !★ निनैन्देन् उळ्ळे निन्ऱु नॆक्कु★ क्कण्गळ् अशुम्बॊळुग★ निनैन्दिरुन्दे शिरमम् तीर्न्देन्★ नेमि नॆडियवने ! ॥८॥	अनंत एवं गरूड़ के प्रति अपना स्नेह कम करते हुए आप हमारे हृदय में प्रवेश कर गये हैं और हमें नया जीवन प्रदान किया है।मेरे नाथ ! मेरा हृदय पिघलता है और मेरी आंखें खुशी के आंसू बहाते हैं। आप पर ध्यान कर हमने अपनी यातना का नाश कर दिया है। चक्रधारी प्रभु ! **470**
पनि क्कडलिल् पळ्ळि कोळै★ प्पळगविट्टु★ ओडि वन्देन् मन क्कडलिल् वाळ वल्ल★ माय मणाळ नम्बी !★ तनि क्कडले ! तनि च्चुडरे !★ तनि उलगे एन्ऱॆन्ऱु★ उन क्किडमाय् इरुक्क★ एन्नै उनक्कुरित्ताक्किनैये॥९॥	दुलहा प्रभु ! क्षीरसागर के शयन को छोड़कर आप हमारे हृदय सागर में आ बसे हैं। जबकि जाजवल्यमान सूर्य एवं उच्चस्थ स्वर्ग जैसे सुन्दर निवास आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं आपने हमारे भीतर आकर बसने का निर्णय लिया। क्या आश्चर्य है ! **471**
तड वरैवाय् मिळिर्न्दु मिन्नुम्★ धवळ नॆडुङ्गॊडि पोल्★ शुडर् ऑळियाय् नॆञ्जिन् उळ्ळे★ तोन्ऱुम् एन् शोदि नम्बि !★ वड तडमुम् वैकुन्दमुम्★ मदिळ् दुवरा पतियुम्★ इड वगैगळ् इगळ्न्दिट्टु★ एन्बाल् इडवगै कॊण्डनैये॥१०॥	श्वेत ध्वज जैसे ऊंचे शिखर पर फहरता है वैसे ही तेज दीपक की तरह आप हमारे हृदय में बसे हुए हैं। उत्तर के क्षीर सागर, ऊंचे वैकुण्ठ, ऊंची दीवारों वाले द्वारका, एवं अन्य सुखद निवास को छोड़कर आपने हमारे भीतर बास ले लिया है। **472**

वेयर् तङ्गळ् कुलत्तुदित्त⋆ विट्टुशित्तन् मनत्ते⋆ कोयिल् कॉण्ड कोवलनै⋆ क्कॉळुङ्गुळिर् मुगिल् वण्णनै⋆ आयर् एट्रै अमरर् कोवै⋆ अन्दणर् तम् अमुदत्तिनै⋆ शायै पोल प्पाड वल्लार्⋆ तामुम् अणुक्कर्गळे॥११॥ ॥ पॅरियाळ्वार् तिरुवडिगळे शरणं ॥	वेयार जाति के प्रतीकपुरूष विष्णुचित्त के हृदय में घनश्याम गोपाल, गोपजन प्रमुख, देवताओं के नाथ, ने अपना मंदिर बना लिया है।उनकी प्रशस्ति में ये दसक गीत विद्वज्जनों के लिये अमृत हैं। जो इसका गायन करेंगे वे छाया की भांति प्रभु से अभिन्न जुड़े रहेंगे। **473** पेरियाऴवार तिरूवडिगळे शरणं

श्रीमते रामानुजाय नमः

(Thiruppavai)

समर्पण

श्रीमद्भगवतो प्राकुंशाचार्यजी महाराज

This is an excellent piece of Tamil composition by *Andal*. She is variously known by her other names *Godamma, Godai*, and is one among twelve *azhwars* (*alwars*) of srivaishnavite devotional cult. Her father *Vishnuchitt Swamy* is also one among the twelve illustrious *azhwars*. He got her in *tulsi* (basil) garden when he was engaged in doing the maintenance work of the grove and procure tulsi and flowers for the worship of *vatpatrashayi swamy*. *Andal's* advent place is *Srivilliputtur* which is about 80 km from Madurai in Tamil Nadu (India).

She, toeing the line of her father, was fully dedicated to the worship of the Lord *Narayan*. While assisting her father, whatever flower garland she was preparing everyday to be offered to the deities, she used to put them first on her own body around the neck and look into a mirror to ascertain whether they were properly prepared to enhance the deities' grandeur. Once her father *Vishnuchitta Swamy* noticed this, and with great anguish, he didn't offer that day any garland to the deities as he considered them defiled by her because she wore them before they were offered to the deities. To his utmost surprise, he got a dream at night *Narayan* commanding him to offer the garlands prepared and tested by *Andal* only. He could then realize that there was something special in her. With utmost awe, very carefully, he brought her up.

Coming of marriageable age, she rejected offer of marriage to any human being and offered to marry only Lord *Narayan* Himself. Lo and behold! The head priest of *Rangnath Swamy* temple, *SriRanagam* (Trichirapalli) had a dream instructed by the Lord to send a palanquin to *Srivilliputtur* to fetch her and offer her as His consort. Grand procession was organized and she was taken to Lord's sanctum sanctorum with due reverence. No sooner she entered the sanctum than her physical form immersed in the deity's Himself.

In *Srivilliputtur* the *Andal's* temple was raised by her father (also called *Periya azhwar*). Later the *pandya* king Vallabhadeva is said to have built around 789 AD the present temple. Great poet, *Kavichakravarti* Kamban has also sung the glory of the *gopuram* of *Srivilliputtur* in one of his writings.

Thiruppavai is learnt to have been composed by *Andal* when she was quite young, and is being recited in all srivaishnavites temples early morning in the *dhanurmas (*sun remains in 9th zodiac sign, sagittarius*)*, month of *Margshirsh* and *Paush*. At Tirumala, Tirupati, *suprabhatam* for all the thirty days of the said month is replaced by the recitation of *Thiruppavai* only.

The word *Thiruppavai,* among several acknowledged popular meanings, may literally be taken to mean **श्रेष्ठ पर्व -** *shreshtha parva* (grand festival). However, another pertinent meaning, "*thiru*" means respectful, and "*ppavai*" means marriageable girl, is also widely accepted. For inner and deeper meaning of the verses one may refer several publications available on various websites.

There are 30 verses, and they depict how to observe the vow in *Dahanur mas* in honour of Srikrishna. The period of thirty days of vow begins from the full moon night of *Margshirsh* month onwards. The observance of sacred vow is similar to "*katyayani vrat* **कात्यायनी व्रत** " described in *srimadbhagwat mahapuran* (*skandh* 10, *adhyaya* 22). The *gopi* of *Vrindavan* observe this vow to attain Srikirshna as husband and visit the river Yamuna for bath in early morning before sunrise. In *thiruppavai* also, in a similar fashion, *Andal* knocks the doors of all of her girl friends in the wee hour to move to the river Yamuna for bath. Gathering the friends and reminding them about the glory of Srikrishna are the contents of first 1 – 15 verses. They take a vow not to eat (verse 2) ghee and milk, avoid collyrium in the eyes, and flowers in the hair lock for all the thirty days. Thereafter they go to wake up Srikrishna. In the verse 16 the guards of Nandgop are requested to open the door. Verse 17 wakes up Nandgop, Yashoda, Srikrishna, and

Baldeva. Verses 18 – 20 wake Nappinai, the consort of Srikrishna. Verses 21 – 25 are direct audience to Srikrishna. Besides singing the glory of *Trivikram* (verse 3, 17, 24), milky ocean *Padmanabha* (verse 2, 4, 6), *Raam* (verse 10, 12, 13), and Srikrishna (in most of the verses), the glory of *Lakshmi-Nrisimha* is mentioned specially in verse 23. The solicitations are placed from verses 26-29 to the Lord. In verse 26 the age old tradition of the vow is mentioned which she has carried forward as a practice from her forefathers. The last verse is about *Andal* herself wherein she concludes with the glory of the *vrata.*

The Hindi translation is being attempted to benefit the devotees not familiar with Tamil. The sequence of words has been attempted to be maintained similar to the original Tamil composition. The words within quotes " " in Hinid version of the verses, are not in the original Tamil text, and simply intend to facilitate better understanding of the context.

तिरूप्पावै श्रीवैष्णव भक्ति साहित्य की एक अनुपम कृति है।इसके रचियता अन्डाल स्वयं लक्ष्मी के अवतार के रूप में जानी जाती हैं। इनका अवतार स्थल श्रीविल्लीपुत्तुर है जो तमिलनाडु में मदुरै से 80 कि . मी . की दूरी पर है। अन्डाल और इनके पिता श्री विष्णुचित्त स्वामी बारह आलवारों में आते हैं। सीता की तरह अन्डाल भी पृथ्वी से निकली हैं। श्रीविष्णुचित्त स्वामी अन्डाल को तुलसी के बागीचे में पाये थे । भगवान की सेवा के लिये माला बनाने में अन्डाल अपने पिता की सहायता किया करती थीं। पिता की अनुपस्थिति में माला की सुन्दरता को ये स्वयं गले में धारण कर आइने में देखकर परखती थीं । एक दिन पिता ने इस चीज को देख लिया और दुःखी मन से माला को अपवित्र समझ उस दिन भगवान को कोइ माला अर्पित नहीं किया। भगवान ने इन्हें स्वप्न देकर अन्डाल के पहने हुये माला को हीं चढ़ाने का निर्देश दिया। उस दिन से श्रीविष्णुचित्त स्वामी अन्डाल को अवतार के रूप में देखने लगे। जब ये विवाह योग्य हुई तव अन्डाल ने श्रीरंगनाथ भगवान से ही संबंध बानाने का निश्चय किया। भगवान श्रीरंगनाथ के निर्देश से अन्डाल को डोली में सजाकर भगवान के मंदिर में अतिउत्साह पूर्वक लाया गया। तदुपरान्त अन्डाल ने अपने को भगवान की सन्निधि में तिरोहित कर दिया।

श्रीमद्भागवत महापुराण के स्कंध 10 के अध्याय 22 की कात्यायनी व्रत की तरह अन्डाल धर्नुमास में 30 दिन व्रत करती थीं जिसका उद्देश्य श्रीकृष्ण को पति के रूप में प्राप्त करना था। तिरूप्पावै के 30 पाशुर इसी प्रयास का सजीव चित्रण है। पाशुर 1 में अन्डाल अपनी सखियों को सूर्योदय से पूर्व जागकर स्नान कर पूजा के लिये आमन्त्रित करती हैं तथा पाशुर 2 में नियमों के पालन का विवरण है जिसके अनुसार इस अवधि मे दूध घी का त्याग कर जूड़े में फूल नहीं बांधना तथा भक्ति साहित्य का पाठ करते हुए संतजनों को सम्मान तथा दान करना है। पाशुर 3 एवं 4 में भगवान की महत्ता तथा व्रत के फल चित्रित हैं। पाशुर 5 में पूजा की विधि का वर्णन है। पाशुर 6 से 15 तक सखियों को जगाने का वर्णन है। पाशुर 16 में नंद जी के राजमहल के द्वारपाल को जगाया जाता है। पाशुर 17 में नंदजी, यशोदा, बलराम तथा श्रीकृष्ण को जगाया जाता है। पाशुर 18 से 20 तक भगवान श्रीकृष्ण की सहभागिनी नप्पिनाय जो नीला देवी हैं , को जगाया जाता है। 21 से 23 पाशुर तक भगवान से बातचीत को चित्रित किया गया है। पाशुर 24 से 29 तक भगवान की प्रार्थना तथा पूजा व्रत के उद्देशय से भगवद कैंकर्य करने का आश्वाशन प्राप्त कर उत्साह की पूर्णाहति में घी उत्पलावित खीर समर्पित कर श्रृंगार कर

भगवान का चिर सन्निधि प्राप्त करना है। पाशुर **29** तो पूर्ण समपर्ण और शरणागति को चित्रित करता है जो वैष्णवता तथा उसकी प्रपन्नता का द्योत्तक है। पाशुर **30** में अन्डाल ने स्वयं को फलदायी तिरूप्पावै को रचने वाली बताती हैं।

तिरूप्पावै के कई शाब्दिक अर्थ हैं। जो ज्यादा लोकप्रिय है वह है "श्रेष्ठ व्रत"। एक और सटीक अर्थ है । "तिरू" यानि "सम्मानजनक" **,** और "प्पावै" यानि "विवाह योग्य कन्या"। तिरूप्पावै में भगवान नारायण के विभिन्न अवतारों का यशोगान किया गया है । त्रिविक्रम भगवान को पाशुर **3, 17** एवं **24** में**,** क्षीरसागरशायी भगवान को **2, 4** एवं **6** में**,** राम को **10, 12, 13** में**,** तथा श्रीकृष्ण को कईयों में चित्रित किया गया है। श्रीलक्ष्मी नृसिंह को पाशुर **23** मे विशेष रूप से वर्णित किया गया है।

अन्डाल का तिरूप्पावै दिव्य प्रबंध का एक महत्वपूर्ण भाग है। इसके अतिरिक्त अन्डाल का **143** पाशुर की "नाच्चियार तिरूमोलि" भी दिव्य प्रबंध का एक हिस्सा है। नाच्चियार तिरूमोलि का एक भाग है "वार्णम अयराम" जिसमें अन्डाल ने भगवान श्रीकृष्ण से विवाह के विभिन्न कार्यक्रमों का सजीव चित्रण किया गया है और जो "सप्तपदी" पर जाकर पूरा होता है।तमिल नाडु के प्रत्येक परिवार मे वर वधू के कल्याणार्थ विवाह के अवसर पर "वार्णम अयराम" का विधिवत पारायण आवश्यक रूप से किया जाता है।

<table>
<tr><td>1</td><td>अगहन मास, पूर्णिमा का शुभ दिन
स्नान "यमुना" चाहे वो चले, सुसज्जित बालायें
सुन्दर भव्य आयपादी "वृन्दावन" की ऊच्चाभिलाषी बालायें
तेज भुजाल निष्ठुर कार्य "दुष्टों के नाश हेतु" वाले नंदगोपन, के कुमार
सुन्दर आँखोंवाली यशोदा के मृगशावक
श्याम वदन, सुन्दर ऑखें जगमग दिनकर, चाँद सा मुख
नारायण स्वयं हम पर कृपा करेंगे
संसार से प्रशंसित स्नान, आओ श्रीव्रत करें ।474</td><td>मार्गळि त्तिङ्गळ् मदि निरैन्द नन्नाळाल्
नीराड प्पोदुवीर् पोदुमिनो नेरिळैयीर्
शीर् मल्गुम् आयप्पाडि च्चेल्व च्चिरुमीर्गाळ्
कूर्वेल् कॊडुन्दॊऴिलन् नन्दगोपन् कुमरन्
एरार्न्द कण्णि यशोदै इळञ्शिङ्गम्
कार्मेनि च्चॆङ्गण् कदिर्मदियम् पोल् मुगत्तान्
नारायणने नमक्के परै तरुवान्
पारोर् पुगऴ प्पडिन्देलोर् एम्बावाय्॥१॥</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">प्रथम पद निमंत्रण का है। गोदम्मा अपने नजदीकी सखियों को पवित्र व्रत के लिए उत्साहित करती हैं। धनुर्मास का यह व्रत प्रातःकाल में यमुना स्नान का है। प्रारंभ का दिन अगहन यानि मार्गशीर्ष के पूर्णिमा का है जो प्रायः धनुर्मास (जब सूर्य धनु राशि में हो) के प्रारंभ काल के आसपास होता है। इससे यशोदा के लाड़ले पुत्र सुन्दर सलोने कृष्ण प्रसन्न होंगे। नन्दजी इनकी रक्षा में निष्ठुर होकर तत्पर रहते हैं। कोई भी छोटी सी छोटी घटना से कृष्ण की रक्षा के लिए सदा हाथ में भुजाल (तेज भाला) लिए तैयार रहते हैं। कृष्ण तो स्वयं नारायण हैं, और इस व्रत की पूर्त्ति में, इनका आशीर्वाद हमें अवश्य मिलेगा।</td></tr>
<tr><td>2</td><td>संसार में जन्म पाया, अपने इष्टदेव हेतु
सुनो, क्षीरसमुद्र के
योगनिद्रासायी नाथ चरणों की वन्दना गायें
घी नहीं खायें, दूध नहीं खायें, प्रातः स्नान करें
काजल न लगायें, जूड़ा फूल न बाधें
त्याज्य कार्य न करें, मिथ्या कहानी न पढ़ें
योग्य जनों, दीन जनों, संतों "को" दान दें
अपना उद्धार सोचें, प्रसन्न रहें, आओ श्रीव्रत करें ।475</td><td>वैयत्तु वाऴ्वीर्गाळ्! नामुम् नम् पावैक्कु
शॆय्युम् किरिशैगळ् केळीरो पार्कडलुळ्
पैयत्तुयिन्र परमनडि पाडि
नॆय्युण्णोम् पालुण्णोम् नाट्काले नीराडि
मैयिट्टॆऴुदोम् मलरिट्टु नाम् मुडियोम्
शॆय्यादन शॆय्योम् तीक्कुरळै च्चॆन्रोदोम्
ऐयमुम् पिच्चैयुम् आन्दनैयुम् कैकाट्टि
उय्युमारॆण्णि उगन्देलोर् एम्बावाय्॥२॥</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">द्वितीय पद में गोदम्मा बताती हैं कि जीवन की सार्थकता प्रभु की चरण बन्दना में है। नारायण हरि क्षीर सागर में योगनिद्रा में लीन</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td></td><td colspan="2">हैं। दोनों पार्श्व में भू देवी एवं नीला देवी सेवारत हैं। श्रीचरणों में मन को समर्पित करने के ऊपाय स्वरूप बताती हैं कि व्रत के दिनों में दूध घी का त्याग कर दें। इससे मन का आलस दूर होगा। श्रृंगार के साधन, जूड़ा में फूल, और आंखों में काजल, का भी त्याग कर दें। भगवत कथा के अतिरिक्त अन्य पुस्तकों को न पढ़ें। संत पुरूषों एवं याचकों की सेवा में यथा शक्ति दान दें। इस तरह से प्रसन्न रहकर श्रीव्रत करें।</td></tr>
<tr><td>3</td><td>बढ़ कर, संसार मापा, सर्वोत्तम नाथ का नाम गायें
अपना श्रीव्रत “का” करें स्नान
दुष्टों से रहित देश पूरा “होगा” , माह में तीन वर्षा होगी
बढ़ेंगे बड़े धान के खेत, छोटी मछलियाँ खेलेंगी
सुन्दर फूलों में चकमक मधुमक्खियां सोयें
स्थिर गायें खड़ी, गोप दूहें, थन पकड़ कर
वर्त्तन भरें, उदार बड़ी गायों से
टिकाऊ ऊन्नति, परिपूर्ण रहें, आओ श्रीव्रत करें ।476</td><td>ओङ्गि उलगळन्द उत्तमन् पेर् पाडि⋆
नाङ्गळ् नम् पावैक्कु च्चाट्रि नीर् आडिनाल्⋆
तीङ्गिन्रि नाडॅल्लाम् तिङ्गळ् मुम्मारि पॅय्दु⋆
ओङ्गु पॆरुञ्जॆन्नॆल्लूडु कयल् उगळ⋆
पूङ्गुवळै प्पोदिल् पॊरिवण्डु कण्पडुप्प⋆
तेङ्गादे पुक्किरुन्दु शीर्त्त मुलै पट्रि
वाङ्ग⋆ क्कुडम् निरैक्कुम् वळ्ळल् पॆरुम् पशुक्कळ्⋆
नीङ्गाद शॆल्वम् निरैन्देलोर् एम्बावाय्॥ ३॥</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">तृतीय पद में त्रिविक्रम भगवान यानि वामन भगवान की महत्ता का स्मरण कराते हुये बताती हैं कि इनकी असीम कृपा से संपन्नता सद्यः आयेगीं। महीना में तीन बार वर्षा होगी। पृथ्वी धान की फसल से पूर्ण होगी। जल की पर्याप्तता में छोटी मछलियां आनन्दित रहेगीं। गोदम्मा चाहती हैं कि मछली बनकर वे निरंतर सागरशायी प्रभु का दर्शन करती रहें। मधुमक्खी बनकर फूल में ही सो जाना चाहती हैं। यह फूल प्रभु की श्यामल सौंदर्य का है जिसमें चिरकाल के लिये बन्द हो जाना चाहती हैं। स्थायी संपन्नता को चित्राकिंत करते हुए कहती हैं कि स्थिर गायें निरंतर दूध देंगी। सभी पात्र दूध से उत्पलावित रहेंगे। वास्तव में वे, अनंतशायी प्रभु के क्षीर समुद्र में आत्मसात हो जाना चाहती हैं।</td></tr>
<tr><td>4</td><td>समुद्र व वर्षा के नाथ, कुछ नहीं रोकें
समुद्र करें प्रवेश पानी ले, गरजते ऊपर उठें
जगत के मुख्य नाथ स्वरूप जैसा शरीर श्याम
चौड़ा सुन्दर कंधा, पद्मनाभ हाथों “ में “</td><td>आऴि मऴैक्कण्णा ! ऒन्रु नी कै करवेल्⋆
आऴियुळ् पुक्कु मुगन्दु कॊडार्त्तेरि⋆
ऊऴि मुदल्वन् उरुवम् पोल् मॆय् करुत्तु⋆
पाऴियन् तोळुडै प्पर्पनाबन् कैयिल्⋆</td></tr>
</table>

	चक्र जैसी विजली "चमके ", शंख जैसी गर्जन विना देर के, बाण जैसी वर्षा ऊन्नत संसार हेतु हो, हम भी अगहन माह स्नान "का " आनन्द लें, आओ श्रीव्रत करें ।**477**	आऴिपोल् मिन्नि वलम्बुरिपोल् निन्ऱदिर्न्दु⋆ ताऴादे शारङ्गम् उदैत्त शरमऴै पोल्⋆ वाऴ उलगिनिल् पॆय्दिडाय्⋆ नाङ्गळुम् मार्गऴि नीराड मगिऴ्न्देलोर् एम्बावाय्॥ ४॥
	चतुर्थ पद में, वर्षा के बादल का स्वरूप, प्रभु की श्यामलता, का स्मरण कराता है। बादल का गर्जन, पाञ्चजन्य के घोष का, और चमकती बिजली, सुदर्शन चक्र की प्रभा को, याद दिलाते है। वर्षा की बौछार भगवान राम के तीखे बाणों के समान रमनीक दिखते हैं। गोदम्मा का यह पद सर्वव्याप्त प्रभु के लिये प्रेम जागृत करता है।	
5	लीलादेव मथुरा किशोर पवित्र यमुना, गोपों का आश्रय पवित्र ज्योति, मातृ यश वृद्धिकारक दामोदर की पूजा, ताजा एवं सुगंधित पुष्प से करें , पूजा नमन एवं, हम कीर्तिगान ध्यान करें, आगत अनागत सारे पाप तृणवत जलें, उनके नाम से, आओ श्रीव्रत करें ।**478**	मायनै मन्नु वडमदुरै मैन्दनै⋆ तूय पॆरुनीर् यमुनै त्तुरैवनै⋆ आयर् कुलत्तिनिल् तोन्ऱुम् अणि विळक्कै⋆ तायै क्कुडल् विळक्कम् शॆय्द दामोदरनै⋆ तूयोमाय् वन्दु नाम् तूमलर् तूवि त्तॊऴुदु⋆ वायिनाल् पाडि मनत्तिनाल् शिन्दिक्क⋆ पोय पिऴैयुम् पुगुदरुवान् निन्ऱनवुम्⋆ तीयिनिल् तूशागुम् शॆप्पेलोर् एम्बावाय्॥ ५॥
	यमुना किनारे के किशोर दामोदर भगवान हैं।ऊखल में रस्सी से मां यशोदा ने इन्हें बांधकर दामोदर नाम से प्रसिद्ध कर दिया। गोपजनों के सहारा एवं अपनी मां देवकी तथा यशोदा के यश को बढ़ाने वाले हैं। इनकी पूजा पूर्व एवं भविष्य के सारे पापों को नाश करने वाले हैं। इनकी पूजा में सुगंधित फूल का अर्पण तथा प्रेम से उनका यशगान पर्याप्त है।	

<table>
<tr>
<td>6</td>
<td>पक्षी कलरव कर रहे, पक्षिराज आरोही “के” मंदिर में
श्वेत शंख नाद कर रहे, सुन नहीं रहे
जागो बच्चों, राक्षसी के विषैले स्तन पान किया
शकट “छली “ का ठोकर “पैरों “ से नाश किया
क्षीर सागर शेषसायी, जीवन स्त्रोत “ हैं “
संतों योगियों “ के ”
“ उन “ का शनैः शनैः ध्यान टूटा, “उनके “ हरिनाम के ऊच्च स्वर
हृदय में प्रवेश कर रहे, व आनंद दे रहे, आओ श्रीव्रत करें ।479</td>
<td>पुळ्ळुम् शिलम्बिन काण् पुळ्ळरैयन् कोयिल्*
वॆळ्ळै विळि शङ्गिन् पेररवम् केट्टिलैयो*
पिळ्ळाय् ! एळुन्दिराय् पेय्मुलै नञ्जुण्डु*
कळ्ळ च्चगडम् कलक्कळिय क्कालोच्चि*
वॆळ्ळत्तरविल् तुयिल् अमरन्द वित्तिनै*
उळ्ळत्तु क्कॊण्डु मुनिवर्गळुम् योगिगळुम्*
मॆळ्ळ एळुन्दरि एन्र पेररवम्*
उळ्ळम् पुगुन्दु कुळिरन्देलोर् एम्बावाय्॥६॥</td>
</tr>
<tr>
<td></td>
<td colspan="2">पहले के पांच पद भगवान के रूप और नाम के यशोगान का है। छठे से पन्द्रह तक के पद गोदम्मा द्वारा अन्य सखियों को जगाने के प्रयास का है। प्रातःकाल के आगमन को प्रमाणित करते हुए अनेकों उदाहरण देकर गोदम्मा अपनी सखियों को जगाती है। पक्षियों की आवाज, पक्षीराज गरूड़ के सवारी नारायण के मंदिर में शंखनाद, तथा योगी जन का ध्यान टूट कर हरिनाम उच्चारण की आवाज, हृदय को आनंदित कर रहे हैं। क्षीरसागर के अनंतशायी भगवान ने ही पूतना एवं शकटासुर का नाश नंदकिशोर के रूप में किया।</td>
</tr>
<tr>
<td>7</td>
<td>भरद्वाज “ अळियन “ पक्षियों की चहक
बोलती भाषा, सुने नहीं, गूंगी लड़कियों
गले के आभूषणों के किंकिण शब्द
जूड़ा फूलों के सुगंध, मंथन
दही का घोष, मिला नहीं
नेता किशोरियों के, नारायण की मूर्ति
व केशव का गुणानुवाद, सुनती नहीं, सो रही हो
सुन्दरियों, खोलो “दरवाजा”, आओ श्रीव्रत करें । 480</td>
<td>कीशु कीशॆन्रॆङ्गुम् आनैच्चात्तन्* कलन्दु
पेशिन पेच्चरवम् केट्टिलैयो पेय् प्पॆण्णे*
काशुम् पिरप्पुम् कलकलप्प क्कै पेर्त्तु*
वाश नरुम् कुळल् आय्च्चियर्* मत्तिनाल्
ओशै पडुत्त तयिर् अरवम् केट्टिलैयो*
नायग प्पॆण्पिळ्ळाय् ! नारायणन् मूर्त्ति*
केशवनै प्पाडवुम् नी केट्टे किडत्तियो*
तेशम् उडैयाय् ! तिरवेलोर् एम्बावाय्॥७॥</td>
</tr>
<tr>
<td></td>
<td colspan="2">सातवें पद में प्रातः काल के पूर्ण आगमन के सारे लक्षणों का वर्णन है।पक्षियों की चहक (केशु केशु बोल रही हैं जो</td>
</tr>
</table>

	केशव का छोटा नाम है), घर में अन्य लड़कियों की कियाशीलता से होने वाले शब्दों को तो सुनो। जागकर ब्यस्त होने से, घर के अन्य महिलायों के सिर के जूड़ा के फूल, हिलडुलकर सुगंध विखेर रहे हैं, तथा उनके आभूषण के मधुर आवाज मनोहर हैं। क्या ये भी जगाने के लिये पर्याप्त नहीं हैं। घर में मथे जाने वाले दही की हांडी की आवाज नहीं सुनती! ओ प्रमुख सखी! भगवान नारायण एवं केशव (केशी राक्षस का मुंह फाड़ने वाले) का नामगान भी नहीं सुनती!	
8	पूरब का आकाश श्वेत हो रहा, गायें सर्वत्र चर रहीं, व्रत के उत्सुकता से जाने वाली को रोक, तुम्हारी प्रतीक्षा है पुकारें, खड़े हैं खुश जागो बाले, गाते व्रत मनाते हुए जो घोड़ा राक्षस का मुँह फाड़ा, योद्धाओं "कंस के" को पराजित किया देवाधिदेव की अर्चना करें द्रवित होकर " वे " कुशल क्षेम पूछें, आओ श्रीव्रत करें । **481**	कीऴ्वानम् वॆळ्ळॆन्ऱॆरुमै शिऱु वीडु* मेय्वान् परन्दन काण् मिक्कुळ्ळ पिळ्ळैगळुम्* पोवान् पोगिन्ऱारै प्पोगामल् कात्तु* उन्नै- क्कूवुवान् वन्दु निन्ऱोम्* कोदुगलम् उडैय पावाय्! एऴुन्दिराय् पाडि प्पऱै कॊण्डु* मावाय् पिळन्दानै मल्लरै माट्टिय* देवादि देवनै च्चॆन्ऱु नाम् शेवित्ताल्* आवा एन्ऱारायन्दरुळेलोर् एम्बावाय्॥८॥
	गोदम्मा इस आठवें पद में सुवह होने के अन्य और लक्षणों को बताती हैं। पूरब दिशा का आकाश साफ दिखरहा है, गायें चरने के लिए बाहर आ चुकी हैं (अगर नहीं जागोगी तो कृष्ण दर्शन के लाभ से बंचित रह जाओगी क्योंकि वे शीघ्र हीं गायों के पीछे जंगल चले जायेगें)। अन्य सखियां आ चुकी हैं, हम उन्हें तुम्हारे लिये रोक रखे हैं। चलो जागो और देवताओं के सिरमौर, जिन्होनें केशी घोड़ा राक्षस का मुंह फाड़ा, कंस के पहलवानों को ध्वस्त कर दिया, की पूजा करें। वे कृपालु हैं, हमारा कुशल अवश्य पूछेगें।	

<table>
<tr><td>9</td><td>रत्नजटित कक्ष दीपों से प्रकाशित
सुगन्धित धूप “अगरवत्ती “ की महक में, गद्दे पर सो रही
मेरी चाची की बेटी, सुन्दर मणिजड़ित किवाड़ का साकल खोलो
चाची, उस लड़की को जगाओ, जो केवल तुम्हारी बेटी है
गूंगी है, बहरी है, या थकी है
या जादू टोने से सोयी है
बड़े जादूगर, माधवन, वैकुंठन
के नाम अति फलदायक हैं, आओ श्रीव्रत करें । 482</td><td>तूमणि माडत्तु च्चुट्रम् विळक्केरियत्⋆
दूपम् कमळ त्तुयिल् अणैमेल् कण्वळरुम्⋆
मामान् मगळे ! मणि क्कदवम् ताळ् तिऱवाय्⋆
मामीर् ! अवळै एळुप्पीरो⋆ उन् मगळ् तान्
ऊमैयो अन्ऱि च्चेविडो अनन्दलो⋆
एम प्पॆरुन्दुयिल् मन्दिर प्पट्टाळो⋆
मामायन् मादवन् वैकुन्दन् एन्ऱॆन्ऱु⋆
नामम् पलवुम् नविन्ऱेलोर् एम्बावाय्॥ ९ ॥</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">नौवें पद में गोदम्मा एक सर्वसंपन्न (नित्य मुक्त की भांति जो स्वयं आनन्द में मग्न है) सखी को जगाती हैं। घर रत्नों से अलंकृत है, तथा कमरे सुंदर दीपों से प्रकाशित हैं।आरामदायक गद्दे हैं, सुंगधित वातावरण है। किवाड़ खोलने के लिये आग्रह करते हुये चाची (सखी की मां) से निवेदन करती हैं, “इस लड़की को जगाओ। लगता है थकी होगी, या फिर तो बहरी गूंगी हो गयी होगी ? सचमुच सोयी है, या जादू टोने के असर में है?” इसे माधव एवं वैकुंठन भगवान के नाम से अवश्य लाभ होगा।वे बड़े जादूगर भी हैं।</td></tr>
<tr><td>10</td><td>तपश्रम से स्वर्ग जा रही, ओ सजनी
ऊत्तर भी न देती, दरवाजा न खोलती
सुगंधित तुलसी माला पहने नारायण
का यशगान वरदायक है, बहुत पहले
एक दिन मृत्युग्रस्त हुआ कुभंकर्ण
क्या उसकी लंबी नींद प्रकट हुई, या उसने तुम्हें नींद दी
नींद से उत्पीड़ित, सखी रत्न
स्थिर चित्त होकर दरवाजा खोलें, आओ श्रीव्रत करें ।483</td><td>नोट्र् च्चुवर्क्कम् पुगुगिन्ऱ अम्मनाय्⋆
माट्रमुम् तारारो वाशल् तिऱवादार्⋆
नाट्र त्तुळाय् मुडि नारायणन्⋆ नम्माल्
पोट्र प्पऱै तरुम् पुण्णियनाल्⋆ पण्डॊरुनाळ्
कूट्रत्तिन् वाय्वीळ्न्द कुम्बकरणनुम्⋆
तोट्रुम् उनक्के पॆरुन्दुयिल् तान् तन्दानो⋆
आट्र अनन्दल् उडैयाय् ! अरुङ्गलमे⋆
तेट्रमाय् वन्दु तिऱवेलोर् एम्बावाय्॥ १० ॥</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">इस पद में एक प्रमुख सखी को गोदम्मा जगाती हैं। यह नित्य मुक्त की तरह आनंद में मग्न सोयी सी दिखती है, दरवाजा भी न खोलती, और न कोई जबाव देती है। लगता है कुंभकर्ण की नींद इसे सता रही है। भगवान नारायण</td></tr>
</table>

	यानि कि कृष्ण जो गले में तुलसी के माला के सुगंध से उन्मादित हो रहे हैं, के नामगान से ही जागेगी। ओ सखीशिरोमणि! आ दरवाजा खोल।	
11	युवा गायें दुही गयीं दुश्मन विदारक गोपों, की स्वर्णलता सांप के फनजैसी अधोभाग वाली, वन की मोरनी बाहर आओ, सुहृद मित्र सभी कुटुंब आये तुम्हारे आंगन श्याम घन, नाम गान करते न हिलती, न बोलती, सौभगे क्यों सोयी हो, आओ श्रीव्रत करें ।**484**	कट्ऱु क्करवै क्कणङ्गळ् पल करन्दु⋆ शॆट्रार् तिरल् अऴिय च्चॆन्ऱु शॆरु च्चॆय्युम्⋆ कुट्रम् ऑन्ऱिल्लाद कोवलर् तम् पॊर्कॊडिये⋆ पुट्रवल्गुल् पुनमयिले! पोदराय्⋆ शुट्रत्तु तोऴिमार् एल्लारुम् वन्दु⋆ निन् मुट्रम् पुगुन्दु मुगिल्वण्णन् पेर् पाड⋆ शिट्रादे पेशादे शॆल्व प्पॆण्डाट्टि⋆ नी एट्रुक्कुऱङ्गुम् पॊरुळेलोर् एम्बावाय्॥११॥
	एक अति सुन्दरी मोर जैसी सखी, जो सुगठित शरीर वाली है और अच्छे कुल की है (गायें से संपन्न शक्तिशाली परिवार), जो अपने पिता की स्वर्णलता जैसी लाड़ली है, को जगाते हुए गोदम्मा कहती हैं कि सभी प्यारे मित्र आकर तुम्हारे आंगन में सांवले सलोने कृष्ण का नाम गा रही हैं। जागो न ! हिलो तो सही, कुछ बोल तो, या नित्य मुक्त का आनंद अकेली लेती रहोगी? आनंद का फल सबको बांटने में है।	
12	पुकारती गायें, बछड़ों को स्नेह वश वत्स स्मरण थन सद्यः दूध बहाता भींगा घर पंकिल है दूध से, प्रगतिशील गोप की बहन सिर पर ओस लिए तुम्हारे प्रवेश द्वार के बाहर खड़े दक्षिण लंका के शासक का नास करनेवाले "का " मन हर्षकारी गीत हैं हम गाते, तुम मुँह नहीं खोलते कम से कम जाग तो सही, क्या घोर निद्रा दूसरे घर के सभी लोग भूले नही "जाग गये ", आओ श्रीव्रत करें ।**485**	कनैत्तिळङ्गट्रेरुमै कन्ऱुक्किरङ्गि⋆ निनैत्तु मुलै वऴिये निन्ऱु पाल् शोर⋆ ननैत्तिल्लम् शेराक्कुम् नर्चॆल्वन् तङ्गाय्⋆ पनि त्तलै वीऴ निन् वाशल् कडै पट्रि⋆ शिनत्तिनाल् तॆन् इलङ्गै क्कोमानै च्चॆट्र⋆ मनत्तुक्किनियानै प्पाडवुम् नी वाय् तिऱवाय्⋆ इनि त्तान् एऴुन्दिराय् ईदॆन्न पेर् उऱक्कम्⋆ अनैत्तिल्लत्तारुम् अऱिन्देलोर् एम्बावाय्॥१२॥

<table>
<tr><td></td><td colspan="2">यह पद पूर्ववर्ती पद की तरह ऐसे सखी को जगाने का है जिसका भाई गौरवशाली है।

(पूर्व के पद में पिता को संबोधित किया गया है और इस पद में भाई को। बहुत सारी गायें हैं। भाई आवश्यक भगवत कैंकर्य से बाहर गया है। गायें इसी कारण दूही नहीं गयी हैं। गायें बछड़ों को याद कर थन से दूध बहाकर घर को पंकिल कर रहीं हैं।)

गोदम्मा कहती हैं कि सुबह के ओस की परवाह किए वगैर हम सभी आये हैं। भगवान राम का गुणानुवाद कर रहे हैं। केवल तुम ही सोयी हो, बाकि सभी लोग जाग चुके हैं।</td></tr>
<tr><td>13</td><td>“वकासुर” पक्षी का मुंह फाड़ा, दुष्ट राक्षस “रावण” का
सिर काटा, उनकी कीर्तिगान करते जाते
सभी किशोरियाँ श्रीव्रत स्थल पहुँच गये
शुक्र ऊग आये, गुरू अस्त हुए
पक्षी कलरव करें, देखो सुमनसी सुन्दरी, मृगनयनी
कठोर शीतल जल में डुबकी नहीं लगाती
सोयी सेज पर, ओ वालिके, अच्छा दिन “है आज”
छोड़ युक्ति आलस, हमारे संग, आओ श्रीव्रत करें ।486</td><td>पुळ्ळिन् वाय् कीण्डानै प्पोल्ला अरक्कनै*
किळ्ळि क्कळैन्दानै क्कीर्त्तिमै पाडि प्पोय्*
पिळ्ळैगळ् एल्लारुम् पावै क्कळम् पुक्कार्*
वेळ्ळियेळुन्दु वियाळम् उरङ्गिट्रु*
पुळ्ळुम् शिलम्बिन काण् पोदरि क्कण्णिनाय्*
कुळ्ळ क्कुळिर क्कुडैन्दु नीराडादे*
पळ्ळि क्किडत्तियो पावाय्! नी नन्नाळाल्*
कळ्ळम् तविर्न्दु कलन्देलोर् एम्बावाय्॥१३॥</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">यह पद एक ऐसी सुन्दर आंखोवाली सखी को जगाने का है जो भगवत आनंद में लिप्त सोयी जान पड़ती है।गोदम्मा बताती हैं कि सुवह का तारा शुक्र उग आये हैं, पक्षियां कलरव कर रही हैं, अन्य सखियां भगवान कृष्ण एवं राम का यशगान करते स्नान को जा चुके हैं। उसे जागकर शीतल जल में स्नान के लिये प्रेरित किया जा रहा है।</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td>14</td><td>पिछवाड़े बाग के तड़ाग में
लाल कमल खिल गये, कुमुदिनी सकुचे
केसरिया वस्त्र संत गण
पवित्र मंदिर में शंख वादन हेतु जा रहे
हमें पहले जगाओगी, वादा से बोला था
ओ बाले, जागो, निर्लज्ज बड़बोला
शंख चक्रधारी, वक्षस्थल विशाल
कमलनयन के गीत गायें, आओ श्रीव्रत करें ।487</td><td>उङ्गळ् पुळैक्कडै त्तोट्टत्तु वावियुळ्⋆
शेङ्गळुनीर् वाय् नेगिळ्न्दाम्बल् वाय् कूम्बिन काण्⋆
शेङ्गर्पॊडि क्कूरै वॆण्बर् तवत्तवर्⋆
तङ्गळ् तिरुक्कोयिर् चङ्गिडुवान् पोदन्दार्⋆
एङ्गळै मुन्नम् एळुप्पुवान् वाय् पेशुम्⋆
नङ्गाय्! एळुन्दिराय् नाणादाय्! नावुडैयाय्⋆
शङ्गॊडु चक्करम् एन्दुम् तडक्कैयन्⋆
पङ्गय क्कण्णानै प्पाडेलोर् एम्बावाय्॥१८॥</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">अब बारी एक ऐसी सखी को जगाने का है जिसने कल वादा किया था कि सब को जगायेगी परंतु सब भूलकर स्वयं सो रही है (बोलने में चतुर है अतः इसको जगाकर ले चलें भगवान कृष्ण को बात से प्रभावित करेगी) । दिन निकलने पर है अब, लाल कमल खिलने लगे तथा कुमुदिनी बंद होने लगी। साधुलोग केसरिया वस्त्र पहने मंदिर में शंख नाद करने के लिए जा रहे हैं। आओ कमलनयन भगवान का हम भी यश गान करें।</td></tr>
<tr><td>15</td><td><u>दो दलों का संवाद एक बाहर 1 एक भीतर 2</u>
आश्चर्य, सुगनी सो रही 1
कठोर वचन मत बोल, मैं शीघ्र आ रही 2
वाक् पटुता से हैं पूर्व अवगत 1
वाग्विवाद में आगे हो, हम हैं वंचित लाभ से 2
शीघ्र चलो और सारे काम हैं 1
सभी जाने वाले आ गये 2 हाँ बाहर आ गिन ले 1
शक्तिशाली हाथी “कुवलयापीठ” संहारे, रण में दुश्मनों को मारे
गजेन्द्र नायक के गीत गायें, आओ श्रीव्रत करें । 488</td><td>एल्ले! इळङ्किळिये! इन्नम् उरङ्गुदियो⋆
शिल् एन्रळैयेन्मिन् नङ्गैमीर्! पोदरुगिन्रेन्⋆
वल्लै उन् कट्टुरैगळ् पण्डेयुन् वायरिदुम्⋆
वल्लीर्गळ् नीङ्गळे नाने तान् आयिडुग⋆
ऑल्लै नी पोदाय् उनक्कॆन्न वेरुडैयै⋆
एल्लारुम् पोन्दारो पोन्दार् पोन्दॆण्णिक्कॊळ्⋆
वल्लानै कॊन्रानै माट्रारै माट्रळिक्क
वल्लानै⋆ मायनै प्पाडेलोर् एम्बावाय्॥१५॥</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">सखियों के जगाने का यह अंतिम पद है।भीतर सोयी हुई सखी भगवत आनन्द में निमग्न बतायी जाती है। जब बाहर वालों ने उसके सोने पर आश्चर्य प्रकट किया तो शीघ्र उसने आने का वादा किया। वह बाद बिवाद नहीं करना चाहती और नामभजन का लाभ लेना चाहती है। अतः उसे तुरत बाहर आकर गजेन्द्रउद्धारक और कंश के निष्ठुर हाथी के</td></tr>
</table>

	संहारक भगवान का यशोगान करने को कहा गया।	
16	रक्षक हमारे नंदगोपन राय के मंदिर "पुष्पसज्जित" तोरण द्वार, रक्षक खोलिए रत्न जटित द्वार घुंघुरू संग साकल यमुना यात्रा उद्घोष हेतु ढोल देने को नीलमणि नायक कल ही वचन देय नूतन सज्जित हम आये, जगाने, गाते पहले पहले "भोर में", मातृवत दया करें इंकार न करें, पट खोलें, आओ श्रीव्रत करें। **489**	नायगनाय् निन्ऱ नन्दगोपनुडैय कोयिल् काप्पाने ! ⋆ कॉडित्तोन्ऱुम् तोरण वायिल् काप्पाने ! ⋆ मणिक्कदवम् ताळ् तिऱवाय् ⋆ आयर् शिऱुमियरोमुक्कु ⋆ अऱै पऱै मायन् मणिवण्णन् नेंन्नले वाय्नेरन्दान् ⋆ तूयोमाय् वन्दोम् तुयिलॅळ प्पाडुवान् ⋆ वायाल् मुन्नम् मुन्नम् माट्रादे अम्मा ⋆ नी नेय निलै क्कदवम् नीक्केलोर् एम्बावाय् ॥१६॥
	पूर्व के दस पदों में, **6** से लेकर **15** तक, दस सखियों को जगाया गया (अनुमान किया जाता है कि गोदम्मा अपने से पूर्ववर्ती दस आलवारों को जगायी हैं)। सभी अब भगवान कृष्ण के पिता नन्द जी के फाटक पर द्वारपाल से प्रार्थना कर रहे हैं कि प्रवेश का सुन्दर दरवाजा खोलिये। भगवान ने कल हमें यशगान के लिये सुन्दर ढ़ोल (यशोगान रूपी कैंकर्य का उत्तम साधन) देने को कहा था। आप में माता की करूणा है अतः दरवाजा खोल कर हमें अनुगृहित करें। (बिना नाम लिये द्वारपााल से विनती की गयी है। द्वारपाल आचार्यश्री की तरह प्रवेश देने के अधिकारी हैं। सम्मान में आचार्य का नाम नही लिया जाता, उसीतरह यहां द्वारपाल का भी नाम नहीं लिया गया है।पिता का नाम लेना उनके गौरव गाथा है जिससे कि उन्हें भगवान के पिता होने का गौरव मिले।)	
17	वस्त्र, जल, भोजन, खुशी देत जन नायक नन्दगोप, जागिये जननायिका कुलदीपिका सजनी, यशोदा जागिये गगन भेद, विशाल रूप, मापा त्रैलोक को देवराय, नींद छोड़ जागिये स्वर्ण पायल पाद, समुन्नत बलदेव भ्राता सहित जागिये, आओ श्रीव्रत करें । **490**	अम्बरमे तण्णीरे शोऱे अऱम् शैय्युम् ⋆ एम्बॆरुमान् नन्द गोपाला ! एऴुन्दिराय् ⋆ कॉम्बनार्क्कॆल्लाम् कॉऴुन्दे ! कुल विळक्के ⋆ एम्बॆरुमाट्टि यशोदाय् ! अऱिवुराय् ⋆ अम्बरम् ऊडऱुत्तोङ्गि उलगळन्द ⋆ उम्बर् कोमाने ! उऱङ्गादॆऴुन्दिराय् ⋆ शॆम्बॊर् कऴलडि च्चॆल्वा बलदेवा ! ⋆ उम्बियुम् नीयुम् उऱङ्गेलोर् एम्बावाय् ॥१७॥

<table>
<tr><td></td><td colspan="2">इस पद में गोपियों का द्वार खुलने के बाद सबों के शयनकक्ष के समीप पहुंचने का आभास मिलता है। वे एक एक कर सब को जगा रही हैं ः- सबके मालिक, अन्न, जल, भोजन तथा खुशी बांटने वाले नन्दगोप जी को, फिर माता यशोदा को, तथा स्वयं भगवान को जिन्होंने तीनो लोक को त्रिविक्रम रूप में माप डाला, और फिर भाई बलदेव जी को, जो अपने पैर में सुन्दर सोने का आभूषण पहने रहते हैं।</td></tr>
<tr><td>18</td><td>दर्शाते उत्साह हाथी का, न भागते "रण से ", शक्तिमान वक्ष स्थल
उस नन्दगोप की पुत्रवधू, ओ नप्पिनाय
सुगंधित केशवाली, दरवाजा खोलिये
जागे, सभी पक्षी पुकारें, देख
माधवी शिखर से कुहु करे कोयल, देख
गेंद पकड़े उंगलियों से, उन आपके पति का गुन गायें
लाल सरोरूह हाथ, कर किंकिणि बाजे, आप
आयें, खोलें हर्ष से, आओ श्रीव्रत करें । **491**</td><td>‡उन्दु मद कळिट्रन् ओडाद तोळ् वलियन्*
नन्द गोपालन् मरुमगळे ! नप्पिन्नाय् ! *
कन्दम् कमळुम् कुळलि ! कडै तिरवाय्*
वन्देङ्गुम् कोळि अळैत्तन काण्* मादवि–
प्पन्दल् मेल् पल्गाल् कुयिल् इनङ्गळ् कूविन काण्*
पन्दार् विरलि ! उन् मैत्तुनन् पेर् पाड*
शॆन्दामरै क्कैयाल् शीरार् वळै ऑलिप्प*
वन्दु तिरवाय् मगिळ्न्देलोर् एम्बावाय्॥१८॥</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">यह पद श्रीवैष्णवों के लिये अति महत्वपूर्ण है। कहा जाता है आचार्य प्रवर भाष्यकार स्वामी श्रीरामानुज स्वामी इस पद को गुनगुनाते हुए एक बार अपने गुरू के दरवाजे पर पहुंचे। गुरू पुत्री ने जब दरवाजा खोला तो वे साष्टांग अडियन के मुद्रा में जमीन पर लेट कर उसे प्रणाम किया। बेटी दौड़ कर अपने पिता को अनपेक्षित स्थिति से अवगत कराया। गुरू ने रामानुज स्वामी से इस पद के स्मरण का सवाल पूछा, और वस्तुस्थिति भी वैसी ही थी कि रामानुज स्वामी उस समय तिरूप्पावै के इसी पद का स्मरण करते हुए गुरू गृह के प्रवेश द्वार पर खड़े थे। फलतः उन्होंने गुरू पुत्री में नीला देवी का दर्शन पाया।

इस पद में गोपियां लक्ष्मी नप्पिनाय यानि कि नीला देवी से प्रार्थना करती हैं कि वे यशस्वी ससुर नन्दजी की पुत्रवधु हैं, जो रण में हाथी के उत्साह से अपने चौड़े छाती के साथ शत्रुओं का शमन करते हैं। फिर इनको सुन्दर एवं सुगंधमय केशवाली हैं, कहकर यह याद दिलाती हैं कि कोयल वृक्ष पर आवाज कर सुवह होने का प्रमाण दे रही हैं। आप अपने</td></tr>
</table>

	हाथ में संपूर्ण सृष्टि को गेंदवत रखे हुये रहती हैं। हम आपके पतिदेव का यशगान करने को आये हैं अतः अपने सुन्दर लालिमापूर्ण हाथों से दरवाजा खोलें। कहते हैं भगवान राम ने जनकपुर के राजपथ से सीता को अपने महल में हाथ से गेंद फेंकने का खेल खेलते देखा था। गेंद का रंग बार बार बदल रहा था। विश्वामित्र जी ने बताया, जमीन पर गेंद का श्वेत रंग सीता जी के नख के रंग को दर्शाता है। हवा में उसका नीला रंग उनकी नीली आंखों का रंग ले लेता है, और हाथ मे लाल रंग उनकी रक्तिम हथेली के रंग का द्योतक है।	
19	तैल दीप "कक्ष में ", हस्ति दंत पैर पलंग पर कोमल गद्दे सोये पुष्प गुच्छा सजे बाल, नप्पिनाय "जिनके " वक्षस्थल रख सिर सोय, विशाल वक्ष स्थल "वाले ", मुंह खोलिये कजरारे नयनों वाली, अपने पतिदेव देर ही सही, कभी भी, जगाइये, देखो क्षणमात्र भी विलगाव आप नहीं चाहती शुभ स्वभाव वाली, क्या यह न्याय है, आओ श्रीव्रत करें। **492**	कुत्तु विळक्कॅरिय कोट्टुक्काल् कट्टिल्मेल्* मॅत्तॅन्ऱ पञ्च शयनत्तिन् मेल् एऱि* कॉत्तलर् पूङ्गुळल् नप्पिन्नै कॉङ्गै मेल्* वैत्तु क्किडन्द मलर् मार्बा ! वाय् तिऱवाय् ! * मै तडङ्कण्णिनाय् ! नीयुन् मणाळनै* एत्तनै पोदुम् तुयिलॅळ ऑट्टाय् काण् ! * एत्तनै येलुम् पिरिवाट्गिल्लायाल्* तत्तुवम् अन्ऱु तगवॅल्लोर् एम्बावाय्॥१९॥
	पद **18, 19** एवं **20** नप्पिनाय को विभिन्न नामों से संबोधित करते हैं। पद **19** में पहले भगवान से प्रार्थना है कि आप दीपों से प्रकाशित कक्ष में हाथी के दांतों से बने पलंग पर नप्पिनाय के वक्षस्थल पर सिर रख सोये हैं , कृपा कर अपना मुंह खोलिये और हमसे कुछ बोलिए। कोई उत्तर न मिलने पर फिर नप्पिनाय से गोपियां कहती हैं कि अब देर हो रही है , सुवह होने को आया, आप इन्हें कभी भी जगाइये , पर जगाइये। यह कहां का न्याय है कि आप इनसे क्षणभर भी अलग नहीं होना चाहती हैं। हमें भी आप से न्याय की प्रार्थना है। भगवान वैकुंठनाथ त्रिपादविभूति में श्रीदेवी, भूदेवी, एवं नीलादेवी के साथ नित्य विराजमान रहते हैं। गोदम्मा ने इस पद में नीला देवी को नप्पिनाय से संबोधित करते हुए अपनी आगे की प्रार्थना की है। इस प्रसंग में श्री पराशर भट्ट के श्लोक का तिरूप्पावै के पाठ करने के प्रारंभ में सर्वथा स्मरण किया जाता है।	

<table>
<tr><td></td><td colspan="2">
नीलातुङ्ग स्तनगिरितटी सुप्तमुद्बोध्य कृष्णं ।
पारार्थ्यं स्वं श्रुतिशतशिरस्सिद्धमध्यापयन्ती ।।
स्वोच्छिष्टायां स्त्रजिनिगलितं या बलात्कृत्य भुङ्क्ते ।
गोदा तस्यै नम इदमिदं भूय एवास्तु भूयः ।।

श्रीपराशर भट्ट भाष्यकार रामानुज स्वामी के सर्वप्रिय शिष्य श्री कुरेश स्वामी के पुत्र थे । इनका विष्णु सहस्त्रनाम पर ‘भगवद्गुण दर्पण’ नाम से व्याख्यान अति प्रसिद्ध रचना है। कहते हैं श्रीरंगम में श्रीपराशर भट्ट को एक बार राजकोप का भाजन बनना पड़ा क्योंकि इन्होनें राजा को मन्दिर विस्तार के निर्माण में श्रीवैष्णवों के तत्कालिन निवास को तोड़ने से मना कर दिया था। उस समय दीर्घ काल तक इन्हें श्रीरंगम से निष्कासित कर दिया गया था और उस अवधि में नप्पिनाय को प्रसन्न करने के लिये इन्होनें उक्त श्लोक से उनकी आराधना की थी।
</td></tr>
<tr><td>20</td><td>
तैंतीस “करोड़ “ देवताओं के जाते
भय दूर करने आप, नायक जागिये
पूर्ण सर्वशक्तिशाली, आप दुश्मनों का
नाश करें, आप नायक जागिये
कुंभवत कोमल कुच, अरूण होंठ, सुन्दर कटि
नप्पिनाय, सुन्दर सजनी, जागिये
पंखा, दर्पण, हमे देय, अपने पतिदेव जगाइये
अभी शीघ्र हम नहा सकें, आओ श्रीव्रत करें ।**493**
</td><td>
मुप्पत्तु मूवर् अमरर्क्कु मुन् शॆन्ऱु★
कप्पम् तविर्क्कुम् कलिये ! तुयिल् ऎऴाय्★
शॆप्पम् उडैयाय् ! तिऱल् उडैयाय्★ शॆट्रार्क्कु
वॆप्पम् कॊडुक्कुम् विमला ! तुयिल् ऎऴाय्★
शॆप्पन्न मॆन् मुलै च्चॆव्वाय् च्चिऱु मरुङ्गुल्★
नप्पिन्नै नङ्गाय् ! तिरुवे ! तुयिल् ऎऴाय्★
उक्कमुम् तट्टॊळियुम् तन्दुन् मणाळनै★
इप्पोदे ऎम्मै नीराट्टेलोर् ऎम्बावाय् ॥२०॥
</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">
इस पद में पुनः भगवान तथा लक्ष्मी दोनों से एक एक कर प्रार्थना है। प्रथम भगवान को गोदम्मा कहती हैं कि आपने तो तैंतीस (करोड़ों : **11** रूद्र , **8** वसु , **12** आदित्य , **2** अश्विनी कुमारों से निःसृत) देवताओं का दुःख दूर किया है।
</td></tr>
</table>

<table>
<tr><td></td><td colspan="2">कृपा कर जागिये। पुनः लक्ष्मी से प्रार्थना करती हैं तथा उनकी सुन्दरता का बखान करती हैं। पंखा तथा आईना मांगते हुए कहती हैं कि आप नाथ को जगाइये। (पंखा तथा आईना भगवत कैंकर्य के साधन हैं। भगवान अलंकार के बाद आईना में अपना स्वरूप झांक कर देखना चाहते हैं।)</td></tr>
<tr><td>21</td><td>पूर्ण घट से दूध छलके
बहुत दूध दें, दूधारू उदार गउयें
कुमार नन्दगोपन के जागिये
शक्तिशाली बड़े "इस " जगत " में "
एक मात्र "प्राण " दीप दिखें, जागिये
शत्रु पराजित आपके द्वार पड़े
स्वतः आये, आपके चरणाश्रित वैसे हीं
पूजा करें, आये हम, यश गान करें, आओ श्रीव्रत करें ।494</td><td>एट्र कलङ्गळ् एदिर् पोङ्गि मीदळिप्प॰
माट्रादे पाल् शोरियुम् वळ्ळल् पॆरुम् पशुक्कळ्॰
आट्र प्पडैत्तान् मगने! अरिवुराय्॰
ऊट्रम् उडैयाय्! पॆरियाय्!॰ उलगिनिल्
तोट्रमाय् निन्र शुडरे! तुयिल् एळाय्॰
माट्रार् उनक्कु वलि तॊलैन्दुन् वाशर्कण्॰
आट्रादु वन्दुन् अडिपणियुमा पोले॰
पोट्रियाम् वन्दोम् पुगळ्न्देलोर् एम्बावाय्॥ २१ ॥</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">इस पद से गोपियां पुनः भगवान का यशगान करती हैं और उन्हें जगाती हैं। कहती हैं कि आप नन्दजी के लाड़ले हैं जिनके पास अनगिनत गायें हैं और सभी वर्त्तन दूध से भरे रहते हैं। हारे हुए राजागण (जो जरासंध के पराभव के बाद उसके कारागार से स्वतंत्र किये गये) आपके पास शरणागत हुए हैं। हम भी आपकी पूजा करने और गाथा गाने आपके पास आये हैं।</td></tr>
<tr><td>22</td><td>सुन्दर बड़े संसार के राजागन, मान
छोड़ , आपके पलंग " पैर " नीचे
एकत्रित, हम आए आप पास
मधुर किंकिणि, मुंह खोलिए, कमल फूल
सुन्दर नयन, थोड़ी सी देखिए हमारी ओर
चंद्र सूर्य वत जागें
दोनो नयन, प्रदान करें हमें, अगर आप खोलें
मृत्यु से त्राण दें, आओ श्रीव्रत करें ।495</td><td>अङ्गण् मा ञालत्तरशर्॰ अबिमान
पङ्गमाय् वन्दु निन् पळ्ळिक्कट्टिल् कीळे॰
शङ्गम् इरुप्पार् पोल् वन्दु तलैप्पॆय्दोम्॰
ऊनेरु शॆल्वत्तु॰ उडर्पिरवि यान् वेण्डेन्॰ आनेऱॢ् वॆन्ऱान्॰ अडिमै त्तिरम् अल्लाल्॰ कूनेरु शङ्गम् इडत्तान्॰ तन् वेङ्गडत्तु॰ कोनेरि वाऴुम्॰ कुरुगाय् प्पिरप्पेने॥१॥	अगर मैं बायें हाथ में चक्रावर्त शंख धारण करने वाले वेंकटम प्रभु के चरणों की सेवा नहीं कर सका तो जन्म के बाद का कष्टमय जीवन मैं कभी पसंद नहीं करूंगा। क्या मैं स्वामी पुष्करणी का पक्षी हो सकता हूं ? 677
आनाद शॆल्वत्तु॰ अरम्बैयर्गळ् तर् चूऴ॰ वान् आळुम् शॆल्वमुम्॰ मण् अरशुम् यान् वेण्डेन्॰ तेन् आर् पूञ्जोलै॰ त्तिरुवेङ्गड च्चुनैयिल्॰ मीनाय् प्पिरक्कुम्॰ विदि उडैयेन् आवेने॥२॥	स्वर्णाभूषणों से सज्जित नर्त्तकियों से घिरकर धन, संपत्ति यश, एवं शासक का जीवन मुझे नहीं चाहिए। वेंकटम के घाटियों में जहां फूल अमृत वर्षाते हैं, क्या मैं छोटी मछली हो सकता हूं ? 678
पिन्निट्ट शडैयानुम्॰ पिरमनुम् इन्दिरनुम्॰ तुन्निट्टु पुगल् अरिय॰ वैगुन्द नीळ् वाशल्॰ मिन् वट्ट च्चुडराऴि॰ वेङ्गडक्कोन् तान् उमिऴुम्॰ पॊन् वट्टिल् पिडित्तुडने॰ पुग प्पॆरुवेन् आवेने॥३॥	प्रभु अपने मंदिर में दिव्य चक्र धारण कर विराजते हैं। जटाजूट धारी शिव, ब्रह्मा, एवं इन्द्र मोक्ष प्राप्ति हेतु प्रवेश की प्रतियोगिता में रहते हैं।अहा ! लेकिन मैं तो प्रभु का दिव्य थूक को लेकर शीघ्र हीं भाग जाउंगा।(इसीलिये मछली बनना चाहता हूं) 679
ऑण् पवळ वेलै॰ उलवु तण् पार्कडलुळ्॰ कण् तुयिलुम् मायोन्॰ कळलिणैगळ् काण्वदर्कु॰ पण् पगरुम् वण्डिनङ्गळ्॰ पण् पाडुम् वेङ्गडत्तु॰ शॆण्बगमाय् निर्कुम्॰ तिरुवुडैयेन् आवेने॥४॥	जहां धुला हुआ मूंगा तट पर आ लगता है उसी क्षीरसमुद्र में सोने वाले प्रभु वेंकटम के मन्दिर में खड़े हैं। मैं इस पर्वत पर मधुमक्खियों से चूमे जानेवाले सेनपकम का फूल बनना चाहता हूं जिससे कि प्रभु के चरणोंश्री पर समर्पित किया जा सकूं। 680
कम्बमद यानै॰ कळुत्तगत्तिन् मेल् इरुन्दु॰ इन्बमरुम् शॆल्वमुम्॰ इव् अरशुम् यान् वेण्डेन्॰ एम् पॆरुमान् ईशन्॰ एळिल् वेङ्गड मलै मेल्॰ तम्बगमाय् निर्कुम्॰ तवम् उडैयेन् आवेने॥५॥	मैं छतरी वाले हाथी के ऊंचे आसन पर बैठकर राजा के रूप में साम्राज्य का आनंद नहीं लेना चाहता हूं। वेंकटम के महान पर्वत वाले मन्दिर में किसी खंभे के पास खड़े होकर तपस्या में रत रहना चाहता हूं। 681

मिन्ननैय नुण्णिडैयार⋆ उरुप्पशियुम् मेनगैयुम्⋆ अन्नवर्तम् पाडलोडुम्⋆ आडल् अवै आदरियेन्⋆ तेन्न एन वण्डिनङ्गळ⋆ पण् पाडुम् वेङ्गडत्तुळ⋆ अन्नैय पोर्कुवडाम्⋆ अरुन्दवत्तन् आवेने॥६॥	मैं विद्युतरेखा जैसी पतली कमर वाली उर्वशी एवं मेनका के नाचगान की चाह नहीं रखता हूं।मैं तो वेंकटम का दिव्य शिखर बनना चाहता हूं जहां भौंरों का 'तेना तेना' गान सुनाई पड़ता है। **682**
वान् आळुम् मा मदि पोल्⋆ वेण् कुडैक्कीळ⋆ मन्नवर् तम् कोन् आगि वीट्रिरुन्दु⋆ कोण्डाडुम् शेल्वरियेन्⋆ तेनार् पून्जोलै⋆ त्तिरु वेङ्गड मलै मेल्⋆ कानाराय् प्पायुम्⋆ करुत्तुडैयेन् आवेने॥७॥	चंद्रमा की तरह शीतल छतरी वाला राजाओं के सम्राट के रूप में मैं शासन करना नहीं चाहता हूं। मैं तो वेंकटम में अमृत वर्षाने वाले फूल के बागों से पार करता हुआ एक मनमाना बहने वाला जल स्त्रोत बनना चाहता हूं। **683**
पिरै एरु शडैयानुम्⋆ पिरमनुम् इन्दिरनुम्⋆ मुरैयाय पेरु वेळ्वि⋆ क्कुरै मुडिप्पान् मरै आनान्⋆ वेरियार् तण् शोलै⋆ त्तिरु वेङ्गडमलै मेल्⋆ नेरियाय् क्किडक्कुम्⋆ निलै उडैयेन् आवेने॥८॥	ब्रह्मा, शिव एवं इन्द्र को उनके यज्ञ का पुरस्कार देने वाले प्रभु वेदों के सार हैं। आप वेंकटम के निवासी हैं जहां मैं शीतल एवं आपकी गाथा गाते बागों से पार करने वाले पैदल यात्रियों का मार्ग बनना चाहता हूं। **684**
‡शेडियाय् वल्विनैगळ तीर्क्कुम्⋆ तिरुमाले⋆ नेडियाने! वेङ्गडवा!⋆ निन् कोयिल्लिन् वाशल्⋆ अडियारुम् वानवरुम्⋆ अरम्बैयरुम् किडन्दियङ्गुम्⋆ पडियाय् क्किडन्दु⋆ उन् पवळवाय् काण्बेने॥९॥	घास की तरह बढ़ने वाले कर्म का क्षय करने प्रभु ! वेंकटम पर्वत पर के शाश्वत प्रभु ! आपके अरूणाभ मूंगावत होठ के दर्शन के लिये मैं आपके मन्दिर के प्रवेश की सीढ़ियां बनना चाहता हूं जिसपर देवगन, भक्तगन, एवं रंभा खड़े होकर प्रतीक्षा करते हैं। **685**
उम्बर् उलगाण्डु⋆ ओरु कुडैक्कीळ उरुप्पशिदन्⋆ अम्बोर् कलै अल्गुल्⋆ पेट्रालुम् आदरियेन्⋆ शेम् पवळ वायान्⋆ तिरुवेङ्गडम् एन्नुम्⋆ एम्बेरुमान् पोन्मलै मेल्⋆ एदेनुम् आवेने॥१०॥	सुवर्णाभूषित कटि स्थल वाली उर्वशी एवं देवों के शासक छत्रधारी का साम्राज्य भी मिल जाये तो भी मैं अपना निश्चित विचार नहीं बदलूंगा।हमारे प्रभु के निवास वाले वेंकटम पर्वत पर के कोई भी चीज बनने हेतु मैं समझौता करने को तैयार हूं ।**686**

‡मन्निय तण् शारल्⋆ वड वेङ्गडत्तान् तन्⋆ पॆान्नियल्लुम् शेवडिगळ्⋆ काण्बान् पुरिन्दिरैञ्जि⋆ कॊन्नविल्लुम् कूर्वेल्⋆ कुलशेगरन् शॊन्न⋆ पन्निय नूल् तमिळ् वल्लार्⋆ पाङ्गाय पत्तर्गळे॥११॥	तमिल के ये सुन्दर दसक गीत, वेंकटम प्रभु के दिव्य चरणों के अभिलाषी, मृत्यु की तरह तेज धारवाली तलवार धारण करने वाले कुलशेखर ने गाये हैं। जो इसका गान करेगा वह प्रभु का प्यारा भक्त हो जायेगा। **687** कुलशेखर पेरूमाळ् तिरूवडिगळे शरणं ।

श्रीमते रामानुजाय नमः

5 तरूदुयरन्दडायेल् (688 - 697)

विट्टुव क्कोट्टम्मानैये वेण्डि निट्रल (वित्तुवक्कोडु के अलावे कोई आश्रय नहीं)

वित्तुवक्कोडु केरल में स्थित है और स्थानीय लोग इसे 'अंजु मूर्त्ति कोइल' यानि पांच मूर्त्तियों वाला मंदिर भी कहते हैं। बोलचाल की भाषा के कारण इसके अन्य नाम हैं ः तिरूविचीकोड, तिरूविंजीकोड, तिरूमिथकोड । (Ramesh Vol. seven pp 212) शोर्नूर कोझिकोड रलवे लाईन के पट्टंवि स्टेशन से यह 3 कि मी पर है। यहां गुरूवायुर से भी आया जा सकता है क्योंकि यह स्थान गुरूवायुर शोर्नूर रोड पर है। भगवान खड़े मुद्रा में दक्षिण की ओर देख रहे हैं। कहा जाता है अंबरीष ऋषि की प्रार्थना पर प्रभु यहां प्रकट हुए थे। यह केरल की सबसे लंबी नदी भरतपुड़ा के तट के पास है। अंबरीष ने व्यूह रूप में दर्शन की ईच्छा की थी इसीलिये बीच में विष्णु एवं चारों दिशाओं में प्रद्युम्न, अनिरूद्ध, संकर्षण, एवं पर वासुदेव हैं।महाभारत की विभीषिका के बाद पांचो पांडव मन की शांति हेतु यात्रा के कम में यहां आये थे। कुलशेखर आलवार ने दस पाशुर 688 से 697 तक में इस दिव्य देश की प्रशस्ति गाते हुए जीवात्मा एवं परमात्मा के शाश्वत संबंध को दर्शाया है। भिन्न भिन्न पदों में जीवात्मा को पुत्र, पत्नि, प्रजा, रोगी, पक्षी, फूल, पौधा आदि के रूप में चित्रित कर उसका पेरूमल पर ही आश्रित होने की स्थिति को दिखाया गया है।

‡तरुदुयरम् तडायेल्⋆ उन् शरण् अल्लाल् शरण् इल्लै⋆ विरै कुऴुवु मलर् प्पॊऴिल् शूऴ्⋆ विट्रुवक्कोट्टम्माने⋆ अरिशिनत्ताल् ईन्ऱ ताय्⋆ अगऱ्ऱिडिनुम्⋆ मट्रवळ् तन् अरुळ् निनैन्दे अऴुम् कुऴवि⋆ अदुवे पोन्ऱिरुन्देने॥१॥	सुगंधमय बागों से घिरे वित्तुवक्कोडु के प्रभु ! आपने हमारे रास्ते पर जो रोड़े डाले हैं वे अगर आप नहीं हटायेंगे तो आपको छोड़कर कौन हमारी सहायता करेगा ? जैसे मां गुस्से में बच्चे को पीटती है तो भी बच्चा मां के लिये ही चिल्लाता है। 688
कण्डार् इगऴ्वनवे⋆ कादलन् तान् शॆय्दिडिनुम्⋆ कॊण्डानै अल्लाल्⋆ अऱिया क्कुलमगळ् पोल्⋆ विण् तोय् मदिळ् पुडै शूऴ्⋆ विट्रुवक्कोट्टम्मा⋆ नी कॊण्डाळायागिलुम्⋆ उन् कुरैगऴले कूऱुवने॥२॥	गगनचुंबी महलों से घिरे वित्तुवक्कोडु के प्रभु ! अगर मुझे, अपने भक्त की आप रक्षा नहीं करेंगे तो आपके श्रीचरणों को छोड़कर हमारा कोई है भी नहीं। जैसे पति अपने पत्नि के साथ दुर्व्यवहार भी करता है तो अच्छे कुल की नारी पति के अलावे किसी और प्रेमी को जानती भी नहीं। 689
मीन् नोक्कुम् नीळ् वयल् शूऴ्⋆ विट्रुवक्कोट्टम्मा⋆ एन् पाल् नोक्काय् आगिलुम्⋆ उन् पट्रल्लाल् पट्रिल्लेन्⋆ तान् नोक्कादु⋆ एत्तुयरम् शॆय्दिडिनुम्⋆ तार् वेन्दन् कोल् नोक्कि वाऴुम्⋆ कुडि पोन्ऱिरुन्देने॥३॥	नाचती मछलियों वाले जल से भरे बड़े खेतों से घिरे वित्तुवक्कोडु के प्रभु ! अगर अपनी कृपाा दृष्टि मुझ पर नहीं करेंगे तो आपको छोड़कर हमारा कोई है भी नहीं। जैसे उदंड राजा अपनी प्रजा का ख्याल नहीं करता तब भी वे उसको सम्मान देते हुए उसी राज्य में रहते हैं। 690

वाळाल् अरुत्तु च्चुडिनुम्⋆ मरुत्तुवन्बाल्⋆ माळाद कादल्⋆ नोयाळन् पोल् मायत्ताल्⋆ मीळा त्तुयर् तरिनुम्⋆ विट्रुवक्कोट्टम्मा⋆ नी आळा उनदरुळे⋆ पार्प्पन् अडियेने॥ ४ ॥	अपनी माया से अपार कष्ट देने वाले वित्तुवक्कोडु के प्रभु ! आपके श्रीचरणों की सेवा की कृपाा चाहता हूं। जैसे चिकित्सक मांस को काटता एवं जलाता है फिर भी रोगी उसके प्रति स्नेह ही दिखाता है। **691**
वॆङ्गण् तिण् कळिरडर्त्ताय्⋆ विट्रुवक्कोट्टम्माने⋆ एङ्गु प्पोय् उय्गेन्⋆ उन् इणैयडिये अडैयलल्लाल्⋆ एङ्गुम् पोय् क्करै काणादु⋆ एरि कडल्वाय् मीण्डेयुम्⋆ वङ्गत्तिन् कूम्बेरुम्⋆ मा प्परवै पोन्रेने॥ ५ ॥	उन्मत्त कुवलयापीड़ हाथी को मारने वाले वित्तुवक्कोडु के प्रभु ! आपके श्रीचरणों के आश्रय के अलावा मैं कहां जाउंगा ? मैं र्निजन समुद्र के जहाज के मस्तूल पर के पक्षी की तरह हूं जो उड़कर कहां जायेगा और पुनः घूमफिरकर उसी मस्तूल पर वापस आ जाता है। **692**
शॆन्दळले वन्दु⋆ अळलै च्चॆय्दिडिनुम्⋆ शॆङ्गमलम् अन्दरम् शेर्⋆ वॆङ्गदिरोर्कल्लाल् अलरावाल्⋆ वॆन्दुयर् वीट्टाविडिनुम्⋆ विट्रुवक्कोट्टम्मा⋆ उन् अन्दमिल् शीर्क्कल्लाल्⋆ अगम् कुळैय माट्टेने॥ ६ ॥	वित्तुवक्कोडु के प्रभु ! आप हमें निराशा से नहीं भी बचायेंगे तब भी मेरा हृदय आपकी दया के लिये द्रवित होते रहता है। हाय ! मैं कमल फूल की तरह हूं जो सूर्योदय की किरणों से खिल उठता है परन्तु दिन में उसी सूर्य की गर्मी से कुम्हला जाता है। **693**
एत्तनैयुम् वान् मरन्द⋆ कालत्तुम् पैङ्गूळाळ⋆ मैत्तॆळुन्द मा मुगिले⋆ पार्त्तिरुक्कुम् मट्रवै पोल्⋆ मॆय् त्तुयर् वीट्टाविडिनुम्⋆ विट्रुवक्कोट्टम्मा⋆ एन् शित्तम् मिग उन्बाले⋆ वैप्पन् अडियेने॥ ७ ॥	वित्तुवक्कोडु के प्रभु ! आप हमें निराशा से नहीं भी बचायेंगे तब भी यह भक्त अपना हृदय आप से हीं लगायेगा। जैसे मेघ नहीं भी बरसता तो भी सूखते पौधे उस मेघ की ही ओर देखते हैं। **694**
तॊक्किलङ्गि यारॆल्लाम्⋆ परन्दोडि⋆ तॊडुगडले पुक्कन्रि प्पुरम्निर्क⋆ माट्टाद मट्रवै पोल्⋆ मिक्किलङ्गु मुगिल् निरत्ताय्⋆ विट्रुवक्कोट्टम्मा⋆ उन् पुक्किलङ्गु शीर् अल्लाल्⋆ पुक्किलन् काण् पुण्णियने॥ ८ ॥	मेघ सा तेजोमय श्याम वदन वाले वित्तुवक्कोडु के प्रभु ! पवित्र प्रभु ! देखिये, आपके करूणाभरी कृपा के अलावे मेरा कोई आश्रय नहीं है। जैसे नदियां फैलकर दूर तक बहती हैं लेकिन अंततः समुद्र के अतिरिक्त और कहीं नहीं गिरतीं। **695**
निन्नैये तान् वेण्डि⋆ नीळ् शॆल्वम् वेण्डादान्⋆ तन्नैये तान् वेण्डुम्⋆ शॆल्वम् पोल् मायत्ताल्⋆ मिन्नैये शेर् तिगिरि⋆ विट्रुवक्कोट्टम्माने⋆ निन्नैये तान् वेण्डि⋆ निर्पन् अडियेने॥ ९ ॥	तेजोमय चक्रधारण करने वाले वित्तुवक्कोडु के प्रभु ! जैसे आपकी खोज में छोड़ा हुआ धन पुनः वापस आता है उसी तरह मैं घूमफिरकर आपकी सेवा में ही उपस्थित हो जाता हूं। **696**

‡विट्रुवक्कोट्टम्मा★ नी वेण्डाये आयिडिनुम्★ मट्रारुम् पट्रिल्लेन् एन्रु★ अवनै त्ताळ् नयन्द★ कॊंट्रवेल् तानै★ क्कुलशेगरन् शॊन्न★ नट्रमिळ् पत्तुम् वल्लार्★ नण्णार् नरगमे॥१०॥	तमिल के ये सुन्दर दसक गीत, राजा एवं सेनानायक कुलशेखर ने वित्तुवक्कोडु के प्रभु को संबोधित करते हुए गाये हैं "अगर आप हमें नहीं भी अपनायेंगे तब भी मेरा हृदय आप को छोड़कर किसी और को नहीं अपनायेगा।" जो इसको कण्ठ कर लेगा वह कभी भी नरक में नहीं जायेगा। **697** कुलशेखर पेरूमाळ् तिरूवडिगळे शरणं ।

श्रीमते रामानुजाय नमः

6 एर्मलरप्पूङ्गुऴल्   (698 - 707)

आयच्चियर् ऊडि अमलनै एळगल् (कृष्ण को छेड़ती नाराज गोपियां)

<table>
<tr><td>एर् मलर् प्पूङ्गुळल् आयर् मादर्⋆ एनै प्पलर् उळ्ळ इव्वूरिल्⋆ उन्ऱन्
मार्वु तळुवुदर्कु⋆ आशैयिन्मै अरिन्दरिन्दे उन्ऱन् पॉय्यै क्केट्टु⋆
कूर् मळै पोल् पनि क्कूदल् एय्दि⋆ क्कूशि नडुङ्गि यमुनै याट्रिल्⋆
वार् मणल् कुन्ऱिल् पुलर निन्ऱेन्⋆ वाशुदेवा ! उन् वरवु पार्त्ते॥१॥</td><td>वासुदेव ! इस नगर के बहुत सारे जूड़ा वाली गोपियों के साथ साथ मैं भी जानती थी कि आपके वक्षस्थल से आलिंगन की अभिलाषा नहीं रखनी चाहिए। फिर भी मैंने मूर्खतावस आपकी बातों पर विश्वास कर ठंढ से कांपते एवं हड्डी छेदने वाली ठंढी हवा को झेलते रात भर यमुना के बालू पर प्रतीक्षा किया। **698**</td></tr>
<tr><td>कॉण्डै ऑण् कण् मडवाळ् ऑरुत्ति⋆ कीळै अगत्तु त्तयिर् कडैय-
क्कण्डु⋆ ऑल्लै नानुम् कडैवन् एन्ऱु⋆ कळ्ळ विळियै विळित्तु प्पुक्कु⋆
वण्डमर् पूङ्गुळल् ताळ्न्दुलाव⋆ वाण्मुगम् वेर्प्प च्चॅव्वाय् त्तुडिप्प⋆
तण् तयिर् नी कडैन्दिट्ट वण्णम्⋆ तामोदरा ! मॅय् अरिवन् नाने॥२॥</td><td>पूरब तरफ के घर में एक मत्स्य नयना किशोरी दही मह रही थी कि आप चुपके से वहां आये और कहा 'मुझे भी मथने दो'। आप जैसे ही उसके साथ श्वेत दही मथने लगे कि उसका जूड़ा खुल कर गिरा और विखर गया, मुखमंडल पर स्वेद कण चमकने लगे, तथा लाल होठ फड़कने लगा।दामोदर ! मैं जानती हूं कि सच्चाई क्या थी ? **699**</td></tr>
<tr><td>करुमलर् क्कून्दल् ऑरुत्ति तन्नै⋆ क्कडैक्कणित्तु⋆ आङ्गे ऑरुत्ति तन्बाल्
मरुवि मनम् वैत्तु⋆ मट्रॉरुत्तिक्कुरैत्तु⋆ ऑरु पेदैक्कु प्पॉय् कुरित्तु⋆
पुरिगुळल् मङ्गैयॉरुत्ति तन्नैप्पुणर्दि⋆ अवळुक्कुम् मॅय्यन् अल्लै⋆
मरुदिरुत्ताय् उन् वळर्त्तियूडे⋆ वळर्गिन्ऱदाल् उन्ऱन् मायै ताने॥३॥</td><td>आपने एक फूल के जूड़ा वाली किशोरी की ओर तिरछी नजर से देखा तथा उसी समय अपना मन एक दूसरी किशोरी की ओर भी कर दिया। एक और को आपने वचन दिया तथा एक अन्य सरल चित्त वाली को दिगभ्रमित किया।तब अन्यत्र एक और जूड़ा वाली को आलिंगन करते देखे गये। अर्जुन वृक्ष के उखाड़ने वाले प्रभु ! हाय ! आप जैसे जैसे बढ़ रहे हैं आपकी युक्तियां भी बढ़ती जा रही हैं। **700**</td></tr>
<tr><td>ताय् मुलै प्पालिल् अमुदिरुक्क⋆ त्तवळ्न्दु तळर् नडै इट्टु च्चॅन्ऱु⋆
पेय् मुलै वाय्वैत्तु नञ्जै उण्डु⋆ पित्तन् एन्ऱे पिरर् एश निन्ऱाय्⋆
आय्मिगु कादलोडु यान् इरुप्प⋆ यान् विड वन्द एन् तूदियोडे⋆
नी मिगु पोगत्तै नङ्गुगन्दाय्⋆ अदुवुम् उन् कोरम्बुक्केर्कुम् अन्ऱे॥४॥</td><td>जब यशोदा के स्तन में पर्याप्त दूध था तब भी सरकते हुए एक राक्षसी के विषैले स्तन को पिया, जिसका दर्शकों ने भर्त्सना की। मैंने अपनी एक सखी से आपको संदेश भेजा तथा उत्कट ईच्छा से आपकी प्रतीक्षा की। आपने उसे रोक कर उसके साथ आनन्द उठाया। यह सब चतुर खेल आपही के लिये उपयुक्त है। **701**</td></tr>
</table>

मिन्नॊत्त नुण्णिडैयाळै क्कॊण्डु⋆ वीङ्गिरुळ् वाय् एन्रन् वीदियूडे⋆ पॊन्नॊत्त आडै कुक्कूडलिट्टु⋆ प्पोगिन्र् पोदु नान् कण्डु निन्रेन्⋆ कण्णुट्वळै नी कण्णालिट्टु⋆ क्कै विळिक्किन्रदुम् कण्डे निन्रेन्⋆ एन्नुक्कवळै विट्टिङ्गु वन्दाय्⋆ इन्नम् अङ्गे नड नम्बि ! नीये॥५॥	रात के अंधेरे में एक कृशकटि किशोरी के कंधे पर बाहें डाले तथा दोनों के सिर को एक साथ आपके पीत वस्त्र से ढके गली में जाते मैंने देखा। मैंने यह भी देखा कि दूसरी किशोरी को देखकर आपने आंखों से बात की तथा हाथों से संकेत किया। अब आपने उसको भी छोड़कर यहां किस लिये आये हैं ? हे संपूर्ण प्रभु ! आप उसी दिशा में जाइये। **702**
मर् पॊरु तोळ् उडै वाशुदेवा⋆ वल्विनैयेन् तुयिल् कॊण्डवारे⋆ इट्टै इरविडै एमत्तन्नै⋆ इन्नणै मेल् इट्टगन्रु नी पोय्⋆ अट्टै इरवुम् ओर् पिट्टै नाळुम्⋆ अरिवैयरोडुम् अणैन्दु वन्दाय्⋆ एट्टुक्कु नी एन् मरुङ्गिल् वन्दाय्⋆ एम्बॆरुमान् ! नी एळुन्दरुळे॥६॥	मल्लयोद्धाओं के शमन करने वाले भुजाओं वाले वासुदेव! जिस क्षण इस पापात्मा को नींद आई कि मध्य रात्रि में आप हमें अकेले शय्या पर छोड़कर चले गये। उस रात और संपूर्ण दूसरी रात आप अन्य किशोरियों का आलिंगन करते रहे। अब हमें हमारे कमर से पकड़ने क्यों आये हैं ? हमारे प्यारे कुंवर ! क्या आप शीघ्र यहां से बाहर जानें का रास्ता देखेंगे ? **703**
पैयरविन् अणै प्पळ्ळियिनाय्⋆ पण्डैयोम् अल्लोम् नाम्⋆ नी उगक्कुम् मैयरि ऒण् कण्णिनारुम् अल्लोम्⋆ वैगि एम् शेरि वरवॊळि नी⋆ शॆय्य उडैयुम् तिरुमुगमुम्⋆ शॆङ्गनि वायुम् कुळलुम् कण्डु⋆ पॊय् ऒरु नाळ् पट्टदे अमैयुम्⋆ पुळ्ळुवम् पेशादे पोगु नम्बी॥७॥	शेषशय्या को पसंद करने वाले प्रभु ! हमलोग प्राचीन काल की बालाएं नहीं हैं, और न हीं भौंरे से काली आंखवाले के चहेते हैं। कृपया देर बीती रात हमारे पास आना बंद करें। आपके सुन्दर वस्त्रावरण, सलोना मुखमंडल, मूंगा सा होंठ, एवं काली लटों से अतृप्त रहते हुए आपके झूठे आश्वासन से ठगे गये।एक दिन का उदाहरण पर्याप्त है और ज्यादा कहानी बनाने की आवश्यकता नहीं है। कृपया जाइये । **704**
एन्नै वरुग एन क्कुरित्तिट्टु⋆ इनमलर् मुल्लैयिन् पन्दर् नीळल्⋆ मन्नि अवळै प्पुणर प्पुक्कु⋆ मट्टन्नै क्कण्डुळरा नॆगिळन्दाय्⋆ पॊन्निर् आडैयै क्कैयिल् ताङ्गि⋆ प्पॊय् अच्चम् काट्टि नी पोदियेल्लुम्⋆ इन्नम् एन् कैयगत्तीङ्गॊरु नाळ्⋆ वरुदियेल् एन् शिनम् तीर्वन् नाने॥८॥	वहां खिलते मुल्लै पुष्प वाटिका की छांह में आने को कहकर आप किसी और किशोरी के प्रेम में लग गये। हमें देखकर आश्चर्यचकित हो,आप अपना पीतवस्त्र समेटते हुए भय का बहाना बनाते निकल भागे।इतना होते हुए भी अगर कभी आप हमारी बाहों में आगये तो सब दिन का गुस्सा निकालते हुए सब बदला चुका लूंगी। **705**

मङ्गलनल् वनमालै मार्विल् इलङ्ग* मयिल् तळै प्पीलि शूडि* पॉङ्गिळ आडै अरैयिल् शात्ति* प्पूङ्गॉत्तु क्कादिल् पुणर्प्पॅय्दु* कॉङ्गुनरुङ्गुळलार्गळोडु* कुळैन्दु कुळल् इनिदूदि वन्दाय्* एङ्गळुक्के ऑरु नाळ् वन्दूद* उन् कुळलिन् इशै पोदरादे॥९॥	वक्षस्थल पर शोभती मंगलमय फूल की माला, सिर पर मोर की पूंछ का पंख, शरीर पर मुलायम पतला वस्त्र, एवं कानों पर फूल का गुच्छा धारण किये हुए आप फूल की चोटी वाली बालाओं के बीच घुल मिलकर मधुर मुरली बजाते हुए यहां आते हैं। एक दिन, कम से कम, क्या आप आकर हमलोगों के लिये मुरली नहीं बजायेंगे ? **706**
‡अल्लि मलर् त्तिरुमङ्गै केळ्वन् तन्नै नयन्दु* इळ आय्च्चिमार्गळ्* एल्लि प्पॉळुदिनिल् एमत्तूडि* एळ्ळि उरैत्त उरैयदनै* कॉल्लि नगर्क्किरै कूडर्कोमान्* कुलशेगरन् इन्निशैयिल् मेवि* शॉल्लिय इन् तमिळ् मालै पत्तुम्* शॉल्ल वल्लार्क्किल्लै तुन्बन्दाने॥१०॥ ॥ कुलशेगरप्पॅरुमाळ् तिरुवडिगळे शरणं ॥	कोल्ली नगर के स्वामी एवं कुडल मदुरै के राजा कुलशेखर के ये मधुर दसक गीत, मध्यरात्रि में पद्मकिशोरी लक्ष्मी के नाथ के साथ, गोपियों के मिलने की वेदना को दर्शाते हैं । जो इसको कण्ठ कर लेगा वह कभी यातना से ग्रस्त नहीं होगा। **707** कुलशेखर पेरूमाळ् तिरूवडिगळे शरणं ।

श्रीमते रामानुजाय नमः

7 आलैनीळ् करूम्बु (708 - 718)

शेय् वलर् काट्चियन् शीरै यशोदै पोल्

ताय् तेवगि पेरा त्ताळ्वेण्णि प्पुलम्बल्

(कृष्ण के बाललीला के आनंद से वंचित रहने के लिये देवकी का विषाद)

‡आलै नीळ् करुम्बन्नवन् तालो⋆ अम्बुय त्तडङ्गण्णिनन् तालो⋆ वेलै नीर् निऱत्तन्नवन् तालो⋆ वेळ प्पोदगम् अन्नवन् तालो⋆ एल वार् कुळल् एन्मगन् तालो⋆ एन्ऱॆन्ऱुन्नै एन् वायिडै निऱैय⋆ ताल् ऒलित्तिडुम् तिरुविनै इल्ला⋆ तायरिल् कडै आयिन तायॆ॥१॥	नन्हें, ईक्षु सा मधुर लाल! सो जाओ। तलेलो! राजीवनयन प्रभु! सो जाओ। तलेलो! सागर सा सलोने प्रभु! सो जाओ। तलेलो! मेरे नन्हें हस्तिलाल! सो जाओ।तलेलो! लंबे सुगंधित बाल वाले मेरे लाल! सो जाओ। तलेलो! हाय! हमारा दुर्भाग्य कि हम इस तरह से लोरी नहीं गा सके। वास्तव में हम नीचों में नीचतम मां हैं। **708**
वडि क्कॊळ् अञ्जनम् एळुदु शॆम् मलरक्कण्⋆ मरुवि मेल् इनिदॊन्ऱिनै नोक्कि⋆ मुडक्कि च्चेवडि मलर् च्चिऱु करुन्दाळ्⋆ पॊलियु नीर् मुगिल् कुळवियॆ पोल⋆ अडक्कियार च्चॆञ्जिऱु विरल् अनैत्तुम्⋆ अङ्गैयोडणैन्दानैयिर् किडन्द⋆ किडक्कै कण्डिड प्पॆट्रिलन् अन्दो⋆ केशवा! कॆडुवेन् कॆडुवेनॆ॥२॥	केशव! समस्त मां के बीच हम अति नीच रहे। हाय! पलना में हाथी के बच्चे की तरह सोते कजरारे तीखी आंखें, छत पर किसी चीज में टिकी नजर, श्यामल पैर का गुलाबी तलवा एवं मुड़ा हुआ घुटना, बंधी हुई मुट्ठी के भीतर छोटी छोटी गुलाबी उंगुलियां, तेजोमय मेघ का लघु समूह जैसा वदन ...... देखने का हमें सौभाग्य नहीं मिला। **709**
मुन्दै नन्मुऱै अन्बुडै मगळिर्⋆ मुऱै मुऱै तम् तम् कुऱङ्गिडै इरुत्ति⋆ एन्दैये! एन्ऱन् कुल प्पॆरुम् शुडरे⋆ एळु मुगिल् कणत्तॆळिल् कवरेऱे⋆ उन्दै यावन् एन्ऱुरैप्प⋆ निन् शॆङ्गळ् विरलिनुम् कडै क्कण्णिनुम् काट्ट⋆ नन्दन् पॆट्रनन् नल्विनै यिल्ला⋆ नङ्गळ् कोन् वशुदेवन् पॆट्रिलनॆ॥३॥	अच्छे कुल की करूणामयी नारियां गोद में लेकर आपके वदन पर हाथ सहलाते हुए वोलतीं 'प्रभु, कुल के दीपक, मेघ से अधिक सुन्दर, मृगेन्द्र, दिखाओ पिता कहां हैं ?' छोटी उंगलियों एवं तिरछी नजर से आप भाग्यशाली नन्द की ओर बताते। हाय! भाग्यहीन वसुदेव को यह आनंद नहीं मिल सका। **710**

<table>
<tr><td>कळिनिला एळिल् मदि पुरै मुगमुम्⋆
कण्णने ! तिण्गै मार्वुम् तिण्दोळुम्⋆
तळिमलर् क्करुङ्गुळल् पिरै अदुवुम्⋆
तडङ्गॊळ् तामरै क्कण्गळुम् पॊलिन्द⋆
इळमै इन्बत्तै इन्ऱॆन्ऱन् कण्णाल्⋆
परुगु वेर्किवळ् तायॆन निनैन्द⋆
अळविल् पिळ्ळैमै इन्बत्तै इळन्द⋆
पावियेन् एनदावि निल्लादे॥ ४ ॥</td><td>कृष्ण! हम अपने मन की आंखों से ही आपके शैशव का आनंद ले सके ः चांद सा आभापूर्ण मुखमंडल, पुष्ट हाथें तथा बाहें एवं वक्षस्थल, फूलके गुच्छों से सजे काले केश, ललाट का चन्द्राकार चिह्न, एवं कमल सी बड़ी आंखें। हाय! यह सब सोंचकर आपकी जननी बनने का आनंद नहीं ले सकी। मेरे कर्म ! लगता है कि मैं नहीं बचूंगी। **711**</td></tr>
<tr><td>मरुवुम्निन् तिरुनॆऱ्ऱियिल् शुट्टि
अशैदर⋆ मणि वायिडै मुत्तम्
तरुदलुम्⋆ उन्ऱन् तादैयै प्पोलुम्⋆
वडिवु कण्डु कॊण्डुळ्ळमुळ् कुळिर⋆
विरलै च्चॆञ्जिऱु वायिडै च्चेर्त्तु⋆
वॆगुळियाय् निन्ऱुरैक्कुम् अव्वुरैयुम्⋆
तिरुविलेन् एन्ऱुम् पॆऱ्ऱिलेन्⋆ एल्लाम्
तॆय्व नङ्गै यशोदै पॆऱ्ऱाळे॥ ५ ॥</td><td>भाग्यहीना मैं ! आपके ललाट के आभूषण को मुखमंडल पर झूलते देखने का आनंद नहीं ले सके, न तो सुन्दर होठ को चूम सके, न तो हमारे हृदय को उद्वेलित करने वाले आपके मुखमंडल में आपके पिता की छायाकृति देख सके, न तो आपको लाल छोटे मुख में उंगुली डालकर गुस्सा में बड़बड़ाते देख सके। देवीतुल्य यशोदा को सबकुछ देखने का सौभाग्य मिला। **712**</td></tr>
<tr><td>तण्णन् तामरै क्कण्णने कण्णा⋆
तवळ्न्दॆळुन्दु तळर्न्ददोर् नडैयाल्⋆
मण्णिल् शॆम् पॊडि आडि वन्दु⋆ एन्ऱन्
मार्विल् मन्निड प्पॆऱ्ऱिलेन् अन्दो⋆
वण्ण च्चॆञ्जिऱु कैविरल् अनैत्तुम्⋆
वारि वाय्क्कॊण्ड अडिशिलिन् मिच्चिल्⋆
उण्ण प्पॆऱ्ऱिलेन् ओ ! कॊडु विनैयेन्⋆
एन्नै एन् शॆय्य प्पॆऱ्ऱदॆम् मोये॥ ६ ॥</td><td>कमल की पंखुड़ियों जैसी आंखों वाले कृष्ण! हाय ! मैंने धूल में आपको खेलते देखने का आनंद नहीं ले सके और तब सरकते एवं लड़खड़ाते आकर लाल धूल से धूसरित हमसे चिपकते, न तो आपकी गुलाबी उंगलियों से खाये मीठे चावल का बचा अंश खाने को मिला। मुझ जैसी घोर अपराधिनी को मेरी मां ने क्यों जन्म दिया ? **713**</td></tr>
<tr><td>कुळगने ! एन्ऱन् कोमळ प्पिळ्ळाय्⋆
गोविन्दा ! एन् कुडङ्गैयिल् मन्नि⋆
ऒळुगुबेर् एळिल् इळम् शिऱु तळिर् पोल्⋆
ऒरु कैयाल् ऒरु मुलै मुगम् नॆरुडा⋆
मळलै मॆन्नगै इडैयिडै अरुळा⋆
वायिले मुलै इरुक्क एन् मुगत्ते⋆
एळिल्गॊळ् निन् तिरु क्कण्णिणै नोक्कम्
तन्नैयुम्⋆ इळन्देन् इळन्देने॥ ७ ॥</td><td>पूज्य सुकुमार मेरे लाल गोविन्दा! सलोने श्याम रंग के हाथ से नूतन निकले लाल पत्ते की तरह की हथेली से हमारे एक स्तन से खेलते तथा दूसरे से दूध पीते और बीच बीच में मृदु मुस्कान के साथ अपनी सुन्दर आंखों से हमारे मुंह देखते जबकि हम आपको अपनी बाहों में समेटे रहते। हाय ! यह सब हम सदा के लिये खो बैठे। **714**</td></tr>
</table>

<table>
<tr>
<td>मुळुदुम् वॆण्णॆय् अळैन्दु तॊट्टुण्णुम्*
मुगिळ् इळम् शिरु त्तामरै क्कैयुम्*
एळिल्गॊळ् ताम्बु कॊण्डडिप्पदर् कॆळुम्
निलैयुम्* वॆण् तयिर् तोयन्द शॆव्वायुम्*
अळुगैयुम् अञ्जि नोक्कुम् अन्नोक्कुम्*
अणिगॊळ् शॆञ्जिरु वाय् नॆळिप्पदुवुम्*
तॊळुगैयुम् इवै कण्ड अशोदै*
तॊल्लै इन्बत्तिरुदि कण्डाळे॥८॥</td>
<td>अपने छोटे सुकुमार कमल जैसे हाथों से सब मक्खन खाकर, नारियल रस्सी को पिटाई के लिये देखने पर, श्वेत दही से लिपटा होंठ एवं मुंह को भय से बिचकाते हुए सिर झुका लेते। आपकी भयाकांत आंखें, चिल्लाता मुखमंडल एवं रक्षा में उठे हाथ ः यशोदा ने अकेले इन सबों का अप्रतिम आनंद उठाया। 715</td>
</tr>
<tr>
<td>कुन्रिनाल् कुडै कवित्तदुम्* कोल–
क्कुरवै कोत्तदुम् कुडमाट्टुम्*
कन्रिनाल् विळवॆरिन्ददुम्* कालाल्
काळियन् तलै मिदित्तदुम् मुदला*
वॆन्रि शेर् पिळ्ळै नल् विळैयाट्टम्
अनैत्तिलुम्* अङ्ङन् उळ्ळम् उळ् कुळिर*
ऒन्रुम् कण्डिड प्पॆट्रिलेन् अडियेन्*
काणुमारिनि उण्डॆनिल् अरुळे॥९॥</td>
<td>पर्वत को छाता की तरह उठाना, किशोरियों के साथ कुरवै नृत्य करना, पात्रों को ऊपर से नीचे उलट कर उस पर नृत्य करना, बछड़ा को फेंककर ताल वृक्ष को गिराना, और कालिय के फनों पर नृत्य करना ः हम एक को भी नहीं देख पाये और न तो आपके दूसरे वचपन के विजयशाली खेलों को देख सके। इन सबों को देखने का अगर कोई उपाय है तो मुझ नीच को बताओ और संतुष्ट करो। 716</td>
</tr>
<tr>
<td>वञ्ज मेविय नॆञ्जुडै प्पेय्च्चि*
वरण्डु नार् नरम्बॆळ क्करिन्दुक्क*
नञ्जमार्तरु शुळिमुलै अन्दो*
शुवैत्तु नी अरुळ् शॆय्दु वळर्न्दाय्*
कञ्जन् नाळ् कवर् करुमुगिल् एन्दाय्*
कडैप्पट्टेन् वॆरिदे मुलै शुमन्दु*
तञ्ज मेल् ऒन्रिलेन् उय्न्दिरुन्देन्*
तक्कदे नल्ल तायै प्पॆट्राये॥१०॥</td>
<td>जब आपने छद्म वेषवाली राक्षसी के विषैले स्तन को पिया तो उसका हृदय विखर गया, नसें एवं हड्डियां बाहर निकल आयीं। घनश्याम वदन प्रभु! आप कंस के सीमित दिनों को गिनते हुए बड़े हुए। हाय ! व्यर्थ के स्तनों को ढ़ोते हुए मुझ अधमातम के उद्धार का कोई उपाय नहीं है, केवल जीवित हूं। आपकी क्या अच्छी मां हूं मैं ! 717</td>
</tr>
<tr>
<td>मल्लै मा नगरक्किरैयवन् तन्नै*
वान् शॆलुत्ति वन्दीङ्ङणै मायत्तु*
एल्लैयिल् पिळ्ळै शॆय्वन काणा*
तॆय्व त्तेवगि पुलम्बिय पुलम्बल्*
कॊल्लि कावलन् माल् अडि मुडिमेल्*
कोलमाम् कुलशेगरन् शॊन्न*
नल्लिशै त्तमिळ् मालै वल्लार्गळ्*
नण्णुवार् ऒल्लै नारणन् उलगे॥११॥</td>
<td>अपने मुकुट पर प्रभु के चरण को धारण करने वाले कोल्ली नगर के राजा कुलशेखरन के ये मधुर दसक गीत, देवी तुल्य देवकी के विषाद को दर्शाते हैं जो दुष्ट कंस को मारने वाले अलौकिक बालक कृष्ण के लीला को नहीं देख सकीं। जो इसको कण्ठ कर लेगा वह शीघ्र ही नारायण के लोक में चला जायेगा। 707
कुलशेखर पेरूमाळ् तिरूवडिगळे शरणं ।</td>
</tr>
</table>

श्रीमते रामानुजाय नमः

8 मन्नु पुगऴ् (719 - 729)

कण्णबुरत्तोऴिर् कागुत्तन् तालाट्टु (भगवान राम के लिये कौसल्या की लोरी)

कन्नापुरम या तिरूकन्नापुरम पर सबसे ज्यादा प्रशस्ति तिरूमंगै आळवार यानी कि परकाल स्वामी का है जो **105** पाशुर में वर्णित है। नम्माळवार के **11**, पेरिया यानी विष्णुचित्त स्वामी के **1**, अंडाल के **1**, एवं कुलशेखर आळवार के **11** पाशुर हैं। यहां के उत्सव पेरूमल सोवरीराजा पेरूमल के नाम से जाने जाते हैं जबकि मूलावर नीलमेघ से वर्णित हैं। सोवरी का तमिल में शाब्दिक अर्थ सुन्दर लंबे केश से सजना है। एक बार अर्चक ने राजा को भूलवश भगवान का लंबे झूलते केश के बारे में बता दिया। जब इस सच्चाई को जांचने गये तो भगवान ने अर्चक की लाज रखते हुए लंबे केश से अपने को सज्जित दिखा दिया। तब से ये सोवरीराजा पेरूमल के नाम से विख्यात हो गये।

कन्नापुरम तमिलनाडु में नागपट्टिनम एवं नन्नीलम के बीच कावेरी के दक्षिण तट पर स्थित है। (Ramesh Vol. 2 , pp 65) भगवान खड़े मुद्रा में पूरब की ओर देख रहे हैं। गर्भगृह में भगवान के बायें गरूड़ हैं तथा दायें दण्डक मुनि हैं। यह भगवान कृष्ण के पांच स्थलों में से एक है। अन्य चार हैं ः तिरूक्कन्नंगुदी, तिरूकन्नामनगै, तिरूकपिस्थलम, एवं तिरूकोविलूर। कहा जाता है अष्टाक्षर मंत्र की यहां सिद्धि मिलती है। भगवान ने परकाल स्वामी को अष्टाक्षर मंत्र 'ॐ नमो नारायणाय' यहीं दिया था। श्रीरंगम, तिरूवेंकटम, श्रीमूषणम, वनमामलै (तोताद्रि), सालग्राम (मुक्तिनारायण), पुष्कर, बद्रिकाश्रम एवं नैमिषारण्य में इस मंत्र का एक हीं अक्षर वर्तमान है जबकि कन्नापुरम में आठों अक्षर प्रगटित हैं। भगवान ने विभीषण को अपना चलने का अलौकिक मुद्रा यहीं दिखाया था इसीलिये प्रत्येक अमावस के दूसरे दिन सवारी पर झांकी निकलती है जिसमें इनके नृत्य के मुद्रा का दर्शन होता है।

‡मन्नु पुगऴ् कौशलै तन्⋆ मणिवयिऱु वायत्तवने⋆ तॆन् इलङ्गै क्कोन् मुडिगळ्⋆ शिन्दुवित्ताय् शॆम्बॊन्शेर्⋆ कन्नि नन् मा मदिळ् पुडैशूळ्⋆ कणबुरत्तॆन् करुमणिये⋆ एन्नुडैय इन्नमुदे⋆ इरागवने ! तालेलो ! ॥१॥	मधुर लाल, राघव! सोइये, तलेलो! सुवर्णजटित ऊंची पत्थर की दीवारों से घिरे कन्नापुरम के मणि सा सलोने वदन वाले प्रभु! आप जगत प्रसिद्ध कौसल्या के गर्भ के अमूल्य रत्न हैं। आपने लंका के राजा रावण के शिर काट गिराये। **719**
पुण्डरिग मलरदन्मेल्⋆ पुवनि एल्लाम् पडैत्तवने⋆ तिण् तिऱलाळ् ताडगै तन्⋆ उरम् उरुव च्चिलै वळैत्ताय्⋆ कण्डवर् तम् मनम् वळङ्गुम्⋆ कणबुरत्तॆन् करुमणिये⋆ एण्डिशैयुम् आळुडैयाय्⋆ इरागवने ! तालेलो ! ॥२॥	आठों दिशाओं के प्रभु ! सोइये, तलेलो! कन्नापुरम के मणि सा सलोने वदन वाले प्रभु! आपके बाण ताड़का के कठोर हृदय में घुस गये। कमल के फूल पर आपने जगत की सृष्टि की। आपको देखने वाले के हृदय को आप चुरा लेते हैं। **720**

कॊङ्गु मलि करुङ्गुळलाळ्⋆ कोशलै तन् कुलमदलाय्⋆ तङ्गु पॆरुम् पुगळ्च्चनगन्⋆ तिरुमरुगा ताशरदी⋆ कङ्गैयिलुम् तीर्त्तमलि⋆ कणबुरत्तॆन् करुमणिये⋆ एङ्गळ् कुलत्तिन्नमुदे⋆ इरागवने ! तालेलो ! ॥३॥	अमृत सा मीठा मेरे कुलदेव राघव! सोइये, तलेलो! गंगा से भी पवित्र नदी वाले कन्नापुरम के मणि सा सलोने वदन वाले प्रभु! आप दशरथ के पुत्र, जनक के जामाता एवं शाश्वत प्रसिद्धि वाले राजा हैं। सुगंधित जूड़ा वाले रानी कौसल्या के कुल के आप उद्धारक हैं। **721**
तामरै मेल् अयनवनै⋆ प्पडैत्तवने⋆ तशरदन् तन् मामदलाय्⋆ मैदिलि तन् मणवाळा !⋆ वण्डिनङ्गळ् कामरङ्गळ् इशैबाडुम्⋆ कणबुरत्तॆन् करुमणिये⋆ एमरुवुम् शिलै वलवा⋆ इरागवने ! तालेलो ! ॥४॥	कठिन धनुषधारी राघव! सोइये, तलेलो! भौंरे के गूंजते गीत वाले कन्नापुरम के मणि सा सलोने वदन वाले प्रभु! आप गौरवशाली दशरथ के ज्येष्ठ पुत्र हैं तथा आपने कमल पर ब्रह्मा की सृष्टि की। **722**
पार् आळुम् पडर् शॆल्वम्⋆ परद नम्बिक्के अरुळि⋆ आरा अन्बिळैयवनोडु⋆ अरुङ्गानम् अडैन्दवने⋆ शीर् आळुम् वरै मार्बा⋆ तिरु क्कण्ण पुरत्तरशे⋆ तार् आळुम् नीण् मुडि⋆ एन् ताशरदी ! तालेलो ! ॥५॥	तुलसी की माला से सुशोभित लंबे केश वाले दाशरथी! सोइये, तलेलो! पर्वत से मजबूत वक्षस्थल वाले तिरूक्कन्नापुरम के राजा! आपने राजपद भाई भरत को देकर सेवा में समर्पित भाई लक्ष्मण के साथ आप वन को चले गये। **723**
शुट्रम् एल्लाम् पिन् तॊडर⋆ त्तॊल् कानम् अडैन्दवने⋆ अट्रवर्कट्करु मरुन्दे⋆ अयोत्ति नगर्क्कदिबदिये⋆ कट्रवर्गळ् ताम् वाळुम्⋆ कणबुरत्तॆन् करुमणिये⋆ शिट्रवैदन् शॊल् कॊण्ड⋆ शीरामा ! तालेलो ! ॥६॥	श्रीराम! सोइये, तलेलो! विद्वज्जनों की नगरी वाले कन्नापुरम के मणि सा सलोने वदन वाले प्रभु ! सौतेली मां के आदेश पर सुहृदों के साथ आप घोर वन को चले गये। भक्तों की अमूल्य औषधि ! आप अयोध्या नगर वाले सम्राट हैं। **724**
आलिनिलै प्पालगनाय्⋆ अन्रुलगम् उण्डवने⋆ वालियै कॊन्ररशु⋆ इळैय वानरत्तुक्कळित्तवने⋆ कालिन्मणि करै अलैक्कुम्⋆ कणबुरत्तॆन् करुमणिये⋆ आलिनगर्क्कदिबदिये⋆ अयोत्तिमने ! तालेलो ! ॥७॥	अयोध्या के राजा! सोइये, तलेलो! लहरों से रत्न धोये जाने वाले समुद्र तटीय कन्नापुरम के मणि सा सलोने वदन वाले प्रभु ! जगत को निगलकर बट पत्र पर सोने वाले आप शिशु हैं। आपने कपिराज वाली का बध कर उसके छोटे भाई सुग्रीव को राज्य दे दिया। **725**
मलैयदनाल् अणै कट्टि⋆ मदिळ् इलङ्गै अळित्तवने⋆ अलै कडलै क्कडैन्दु⋆ अमरर्क्कमुदरुळि च्चॆय्दवने⋆ कलैवल्लवर् ताम् वाळुम्⋆ कणबुरत्तॆन् करुमणिये⋆ शिलैवल्लवा शेवगने⋆ शीराम ! तालेलो ! ॥८॥	वीर धर्नुधारी श्रीराम ! सोइये, तलेलो! कुशल कलाकारों वाले कन्नापुरम के मणि सा सलोने वदन वाले प्रभु ! समद्र के ऊपर पत्थर का सेतु बनाकर आपने सुरक्षित लंका का नाश कर दिया। क्षीरसमुद्र का मंथन कर आपने अमृत देवताओं को दे दिया। **726**

तळैयविळुम् नऱुङ्गुञ्जि⋆ त्तयरदन् तन् कुल मदलाय्⋆ वळैय ऑरु शिलैयदनाल्⋆ मदिळ् इलङ्गै अळित्तवने⋆ कळैगळुनीर् मरुङ्गलरुम्⋆ कणबुरत्तॆन् करुमणियॆ⋆ इळैयवर्कट्करुळ् उडैयाय्⋆ इरागवने! तालेलो! ॥९॥	अनुजों के प्रति दयालु राघव ! सोइये, तलेलो! लताओं पर प्रस्फुटित लाल कुमुद वाले कन्नापुरम के मणि सा सलोने वदन वाले प्रभु ! आपकी काली लटें लटकी रहती हैं। दशरथ के कुल के आप उद्धारक हैं। आपने सुरक्षित लंका को अद्वितीय बाण से विध्वंस कर दिया। **727**
तेवरैयुम् अशुरैयुम्⋆ तिशैगळैयुम् पडैत्तवने⋆ यावरुम् वन्दडिवणङ्ग⋆ अरङ्ग नगर् तुयिन्ऱवने⋆ काविरि नल्नदि पायुम्⋆ कणबुरत्तॆन् करुमणियॆ⋆ एवरि वॆञ्जिलै वलवा⋆ इरागवने! तालेलो! ॥१०॥	महान धर्नुधारी राघव ! सोइये, तलेलो! करूणामयी कावेरी नदी वाले कन्नापुरम के मणि सा सलोने वदन वाले प्रभु ! आपने ही देवों दानवों एवं भक्तों तथा अन्य सबों की सृष्टि की। अरंगम नगर में लेटे हुए पूजा के लिये आप सबों को सुलभ हैं। **728**
कन्निनन् मा मदिळ् पुडैशूळ्⋆ कणबुरत्तॆन् कागुत्तन् तन् अडिमेल्⋆ तालेलो एन्ऱुरैत्त⋆ तमिळ् मालै⋆ कॊल् नविलुम् वेल् वलवन्⋆ कुडै क्कुलशेगरन् शॊन्न⋆ पन्नियनूल् पत्तुम् वल्लार्⋆ पाङ्गाय पत्तर्गळे॥११॥	तलत्तु साहित्य की पंक्ति में, तेज भाला धारण करने वाले राजा कुलशेखर के ये तमिल दसक गीत, ऊंची पत्थर की दीवार से घिरे कन्नापुरम के निवासी काकुत्स्थ प्रभु राम के लिये गाये गये हैं । जो इसको कण्ठ कर लेगा वह प्रभु का अच्छा भक्त हो जायेगा। **729** कुलशेखर पेरूमाळ् तिरूवडिगळे शरणं ।

श्रीमते रामानुजाय नमः

9 वन्दाळिनिनै (730 - 740)

तनयन् कान् पुग त्तशरदन् पुलम्बल्

(राम के जंगल जाने से दशरथ का शोक)

वन्दाळिन् इणै वणङ्गि वळनगरम् तॉळुदेत्त⋆ मन्नन् आवान् निन्रायै⋆ अरियणै मेल् इरुन्दायै⋆ नॅडुङ्गानम् पडर प्पोगु एन्राळ्⋆ एम् इरामावो⋆ उनै प्पयन्द कैगेशि तन् शॉर् केट्टु⋆ नन्राग नानिलत्तै आळ्वित्तेन्⋆ नन्मगने ! उन्नै नाने॥१॥	मैंने सोचा था पूजा करके आपको राजसिंहासनासीन करा आज ही आपको राजतिलक कर नगर के राजा का राजमुकुट पहनाउंगा। हाय ! आपकी मां कैकेयी ने इसके बदले आपको जंगल में भटकने के लिये भेज दिया। मेरे नेक पुत्र ! उसकी इच्छा को स्वीकारते हुए क्या मैं आपको राज्याधिकारी बना सका ? **730**
वॅव्वायेन् वॅव्वुरै केट्टु⋆ इरुनिलत्तै वेण्डादे विरैन्दु वॅन्रि⋆ मैवाय कळिऱॉळिन्दु तेरॉळिन्दु⋆ मावॉळिन्दु वनमे मेवि⋆ नॅय्वाय वेल् नॅडुङ्गण्⋆ नेरिळैयुम् इळङ्गोवुम् पिन्बु पोग⋆ एव्वाऱु नडन्दनैयॅम् इरामावो !⋆ एम्बॅरुमान् ! एन् शॅय्गेने॥२॥	दुष्ट मां के दुष्ट वचनों को सुनकर इस राज्य के लिये बिना किसी चाह के आप तत्काल प्रस्थान कर गये। सुसज्जित हाथी एवं घोड़ों से खींचे हुए रथ को लौटाते हुए सुन्दर आंखों वाली भूषणाभूषित सीता एवं भाई लक्ष्मण को पीछे पीछे लिये आप नंगे पांव जंगल को चले गये। राम ! तुम कैसे पैदल चले ? मेरे प्रभु ! मैं क्या कर सकता हूं ? **731**
कॉल् अणै वेल् वरि नॅडुङ्गण्⋆ कोशलै तन् कुलमदलाय् ! कुनि विल् एन्दुम्⋆ मल् अणैन्द वरै त्तोळा⋆ वल् विनैयेन् मनम् उरुक्कुम् वगैये कढाय्⋆ मॅल् अणैमेल् मुन् तुयिन्राय् इन्रिनि प्पोय्⋆ वियन् कान मरत्तिन् नीळल्⋆ कल् अणैमेल् कण् तुयिल क्कढ़नैयो⋆ कागुत्ता ! करिय कोवे॥३॥	कटारी नयनों वाली कौसल्या के स्वामी प्रभु ! शक्तिशाली भुजावाले एवं धर्नुधारी ! श्याम सलोने प्रभु ! काकुत्स्थ कुल केसरी! इस पापात्मा के द्रवित हृदय को आप जानते हो। कोमल शय्या पर सोने वाले अब कठोर पत्थर पर घने जंगल में वृक्षों की शाया में उनमुक्त सोने के लिये हाय ! अब सीख रहे होगे। **732**
वा पोगु वा इन्नम् वन्दु⋆ ऑरुगाल् कण्डुबो मलराळ् कून्दल्⋆ वेय् पोलुम् एळिल् तोळि तन् पॉरुट्टा⋆ विडैयोन् तन् विल्लै च्चॅढ़ाय्⋆ मा पोगु नॅडुङ्गानम्⋆ वल्विनैयेन् मनम् उरुक्कुम् मगने !⋆ इन्रु नी पोग एन् नॅञ्जम्⋆ इरुबिळवाय्प्पोगादे निर्कु मारे॥४॥	मेरे पुत्र ! आओ, आकर जाओ, एक बार और मेरे पास आओ तव जाओ। मेरा हृदय तुम्हारे लिये पिघल रहा है। तुमने शिव धनुष तोड़कर फूल की जूड़ा वाली पतली बाहों की सीता का पाणिग्रहण किया। जंगली हाथी वाले वन में आज प्रवेश करोगे। क्या मेरा हृदय विदीर्ण ही कर दोगे ? **733**

पॉरुन्दार् कै वेल् नुदिबोल् परल् पाय⋆ मॅल्लडिगळ् कुरुदि शोर⋆ विरुम्बाद कान् विरुम्बि वॅयिल् उरैप्प⋆ वॅम् पशिनोय् कूर⋆ इन्रु पॅरुम् पावियेन् मगने ! पोगिन्राय्⋆ केगयर्कोन् मगळाय् प्पॅट्र⋆ अरुम्बावि शॉर् केट्ट⋆ अरुविनैयेन् एन् शॅय्गेन् ! अन्दो ! याने॥५॥	पुत्र ! घोर पापी हूं मैं। राजा कैकेय की बेटी के पापी वचनों को सुनकर घनघोर जंगल की चाह में प्रस्थान कर गये। तेज नुकीले पत्थर पर चलने से तुम्हारे पैर लहू लुहान हुए तथा तेज धूप में भूख से तड़पे। मेरा दुर्भाग्य ! मैं क्या कर सकता हूं ? **734**
अम्मा ! एन्रुगन्दळैक्कुम्⋆ आर्वच्चॉल् केळादे अणि शेर् मार्वम्⋆ एन् मार्वत्तिडै अळुन्द त्तळुवादे⋆ मुळुशादे मोवादुच्चि⋆ कैम्माविन् नडै अन्न मॅन्नडैयुम्⋆ कमलम् पोल् मुगमुम् काणादु⋆ एम्मानै एन् मगनै इळन्दिट्ट⋆ इळिदगैयेन् इरुक्किन्रेने॥६॥	प्यार से पुकारे गये 'पिता' अब मैं कभी नहीं सुनुंगा। अब तुम्हारे रत्नाभूषित वक्षस्थल कभी नहीं अपनी छाती से कसकर मिलाउंगा। तुम्हारे शिर सूंघ अब कभी नहीं आनन्दित होउंगा। तुम्हारे हस्ति चाल एवं कमलवत मुखमंडल अब कभी नहीं देख पाउंगा। तुमको खोकर मेरे पुत्र ! मेरे प्रभु! मुझे जिन्दा रहने का आश्चर्य है। हाय ! आदमियों में मैं अधमाधम हूं। **735**
पू मरुवु नरुङ्गुज्जि पुन्शडैयायप्पुनैन्दु⋆ पून् तुगिल् शेर् अल्गुल्⋆ कामर् एळिल् विळल् उडुत्तु क्कलन् अणियादु⋆ अङ्गङ्गळ् अळगु मारि⋆ ए मरु तोळ् एन् पुदल्वन्⋆ यान् इन्रु शॅलत्तक्क वनम् तान् शेर्दल्⋆ तू मरैयीर् इदु तगवो⋆ शुमन्दिरने ! वशिट्टने ! शॉल्लीर् नीरे॥७॥	फूल के जूड़ा हटा केश को जटा जूट सा बांधकर, सिल्क वस्त्र उतारकर, घास एवं पेड़ के छाल का परिधान धारन कर, गहनों बिना अंगों को कांतिहीन कर, मेरा पुष्ट वदन पुत्र, जंगल को चला गया, जहां हमें जाना चाहिए था। विद्वान ऋषिगण, सुमंत्र, वशिष्ठ ! बताइये, क्या यह ठीक हुआ ? **736**
पॉन् पॅट्रार् एळिल् वेद प्पुदल्वनैयुम्⋆ तम्बियैयुम् पूवै पोलुम्⋆ मिन् पट्रा नुण्मरुङ्गुल् मॅल्लियल् एन्⋆ मरुगियैयुम् वनत्तिल् पोक्कि⋆ निन् पट्रा निन् मगन्मेल् पळि विळैत्तिट्टु⋆ एन्नैयुम् नीळ् वानिल् पोक्क⋆ एन् पॅट्राय् कैगेशी⋆ इरु निलत्तिल् इनिदाग इरुक्किन्राये॥८॥	कैकेयी ! तूने वेद के सार पुत्र, उसके भाई एवं कृशकाय पुत्रवधू को जंगल भेज दिया। तूने अपने पुत्र के लिये अमिट कलंक तो लिया ही अब मुझे भी अपने आकाश वाले घर में भेज रही हो। क्या मिला तुझे ? हाय ! तू अभी भी मधुर आनंद में जी रही हो। **737**
मुन् ऑरुनाळ् मळुवाळि शिलैवाङ्गि⋆ अवन् तवत्तै मुट्रुम् शॅट्राय्⋆ उन्नैयुम् उन् अरुमैयैयुम् उन्मोयिन् वरुत्तमुम्⋆ ऑन्राग क्कॉळ्ळादु⋆ एन्नैयुम् एन् मॅय्युरैयुम् मॅय्यागक्कॉण्डु⋆ वनम् पुक्क एन्दाय्⋆ निन्नैये मगनाग प्पॅरप्पॅरुवेन्⋆ एळ् पिरप्पुम् नॅडुन् तोळ् वेन्दे॥९॥	हमारे प्रभु ! एक दिन आपने परशुधारी से उनके धनुष लेकर उनको शक्तिहीन कर दिया था। अपना तथा अपनी विलखती मां कौसल्या का विचार छोड़कर आपने मुझे तथा मेरी प्रतिज्ञा को वास्तविक मान कर जंगल चले गये। मेरे नाथ ! सात जन्मों तक मात्र आपको ही मैं एकलौता पुत्र के रूप में चाहूंगा। **738**

तेनगु मा मलर् क्कून्दल्⋆ कौशलैयुम् शुमित्तिरैयुम् शिन्दै नोव⋆ कून् उरुविन् कॉडुन्दॉळुत्तै शॉर्केट्ट⋆ कॉडियवळ् तन् शॉर्कॉण्डु⋆ इन्ऱु कानगमे मिगविरुम्बि⋆ नी तुरन्द वळनगरै त्तुरन्दु⋆ नानुम् वानगमे मिगविरुम्बि प्पोगिन्ऱेन्⋆ मनु कुलत्तार् तङ्गळ् कोवे॥१०॥	समस्त मानवों के सम्राट ! खतरनाक दासी कुब्जा के गलत सलाह वाली कैकेयी के वचनों को सुन, फूल की जूड़ा वाली कौसल्या एवं सुमित्रा को शोकमग्न छोड, आप सहर्ष जंगल चले गये। आज आपके द्वारा त्यागे हुए नगर को छोड़कर मैं भी खुशी से अपने स्वर्ग के घर में जा रहा हूं। **739**
एरारन्द करु नॆडुमाल् इरामनाय्⋆ वनम् पुक्क अदनुक्काट्टा⋆ तारारन्द तडवरै त्तोळ् तयरदन् तान् पुलम्बिय⋆ अप्पुलम्बल् तन्नै⋆ कूरारन्द वेल् वलवन्⋆ कोळियर्कोन् कुडै क्कुलशेगरन् शॉर् चॆय्द⋆ शीरारन्द तमिळ् मालै इवै वल्लार्⋆ ती नॆरिक्कण् शॆल्लार् तामे॥११	तेज भाला धारण करने वाले छत्रधारी उरैयूर के राजा कुलशेखर के ये मधुर तमिल दसक गीत, श्यामल प्रभु राम के वनवास जाने से राजा दशरथ के अपने प्यारे पुत्र का असहनीय अलगाव के विषाद को व्यक्त करता है। जो इसको कण्ठ कर लेगा वह कभी गलत रास्ते पर नहीं चलेगा। **729** कुलशेखर पेरूमाळ् तिरूवडिगळे शरणं ।

<table>
<tr><th colspan="2">श्रीमते रामानुजाय नमः
10 अङ्गण् नेडुमदिळ् (741 – 751)
तिल्लैनगर् त्तिरूच्चित्तिर कूडत्तिल् त्तोल्लिरामनाय् त्तोन्रिय् कदैमुरै
(संक्षेप में रामायण)</th></tr>
<tr><td>‡अङ्गणेंडु मदिळ् पुडै शूळ् अयोत्ति एन्नुम्⋆
अणि नगरत्तुलगनैत्तुम् विळक्कुम् शोदि⋆
वॆङ्गदिरोन् कुलत्तुक्कोर् विळक्काय् त्तोन्रि⋆
विण् मुळुदुम् उय क्कॊण्ड वीरन् तन्नै⋆
शॆङ्गण् नॆडुङ्गरु मुगिलै इरामन् तन्नै⋆
तिल्लैनगर् त्तिरुच्चित्रगूडम् तन्नुळ्⋆
एङ्गळ् तनि मुदल्वनै एम्बॆरुमान् तन्नै⋆
एन्रुगॊल्लो कण्गुळिर क्काणुम् नाळे॥१॥</td><td>ऊंचे दीवारों से घिरे हुए अयोध्या नगर में जगत का दीप प्रकाशित हो रहा है। सूर्य वंशी राजाओं के प्रकाश स्तंभ ! समस्त देवों के नेता एवं रक्षक ! राजीवनयन श्याम वदन प्रभु ! हमारे अद्वितीय नाथ ! आप तिल्लैनगर के चित्रकूट में रहते हैं। अहा ! हमारी आंखें आपको देखकर उत्सव कब मनायेंगी ?
741</td></tr>
<tr><td>वन्दॆदिरन्द ताडगै तन् उरत्तै क्कीरि⋆
वरु कुरुदि पॊळिदरवन् कणै ऒन्रेवि⋆
मन्दिरम् कॊळ् मरै मुनिवन् वेळ्वि कात्तु⋆
वल्लरक्कर् उयिर् उण्ड मैन्दन् काण्मिन्⋆
शॆन्दळिर्वाय् मलर् नगै शेर् शॆळुन्दण् शोलै⋆
तिल्लैनगर् त्तिरुच्चित्रगूडम् तन्नुळ्⋆
अन्दणर्गळ् ऒरु मूवायिरवर् एत्त⋆
अणिमणि आशनत्तिरुन्द अम्मान् ताने॥२॥</td><td>एक बाण से राक्षसी ताड़का के हृदय को विदीर्ण कर रक्त प्रवाहित करते हुए आपने उसके प्राण हर लिये। बहुत सारे राक्षसों का बध कर आपने विश्वामित्र की यज्ञाग्नि की रक्षा की। देखिये,आप तिल्लैनगर के चित्रकूट में रहते हैं जो ऐसे बागों से घिरा है जिसमें लाल होंठ की तरह पत्ते निकलते हैं एवं मुक्ता मुस्कान की तरह फूलें खिलते हैं। तीन हजार वैदिक ऋषियों के मध्य एवं उनसे प्रशंसित आप रत्न जटित सिंहासन पर विराजमान हैं। 742</td></tr>
<tr><td>शॆल्वरिनर् करुनॆडुङ्गण् शीदै क्कागि⋆
शिनविडैयोन् शिलैयिरुत्तु मळु वाळ् एन्दि⋆
वॆव्वरिनर् चिलैवाङ्गि वॆन्रि कॊण्डु⋆
वेल्वेन्दर् पगै तडिन्द वीरन् तन्नै⋆
तॆव्वर् अञ्जु नॆडुम्बुरिशै उयरन्द पाङ्गर्⋆
तिल्लैनगर् त्तिरुच्चित्रगूडम् तन्नुळ्⋆
एव्वरिवॆम् शिलैत्तडक्कै इरामन् तन्नै⋆
इरैञ्जुवार् इणैयडिये इरैञ्जिनेने॥३॥</td><td>सीता की कजरारे नयनों के खातिर आपने शिव धनुष को तोड़कर विजयपूर्वक परशुधारी के धनुष को ले लिया तथा राजाओं के चिरशत्रु उस प्रशुराम को विदा कर दिया।शक्तिशाली भुजाओं वाले वीर राम तिरुतिल्लैनगर के चित्रकूट में रहते हैं जो शत्रुओं में भय उत्पन्न करने वाली ऊंची दीवारों से घिरा है। मैं उनलोगों के चरणों की वन्दना करता हूं जो आपको पूजते हैं।
743</td></tr>
</table>

तॊत्तलर् पून्जुरिगुळल् कैगेशि शॊल्लाल्⋆ तॊन्नगरम् तुरन्दु तुरै क्कङ्गै तन्नै⋆ पत्ति उडै क्कुगन् कडत्त वनम् पोय् प्पुक्कु⋆ परदनुक्कु पादुगमुम् अरशुम् ईन्दु⋆ शित्रगूडत्तिरुन्दान् तन्नै⋆ इन्ऱु तिल्लैनगर् त्तिरुच्चित्रगूडम् तन्नुळ्⋆ एत्तनैयुम् कण्गुळिर क्काण प्पॆट्ऱ⋆ इरुनिलत्तार्क्किमैयवर् नेर् ऒव्वार् तामे॥ ४॥	फूल की जूड़ा वाली कैकेयी के वचनों पर आपने राज्य छोड़ दिया। समर्पित नाविक गुह की सहायता से आपने गंगा पार किया। घोर वन में पादुका एवं राज्य भरत को देकर आप चित्रकूट में निवास किये।आज आप तिरुतिल्लैनगर के चित्रकूट में रहते हैं जहां ऐसे भक्तों की भीड़ लगी रहती है जिनकी बराबरी देवतालोग भी नहीं कर सकते। **744**
वलि वणक्कु वरै नॆडुन्दोळ् विरादै क्कॊन्ऱु⋆ वण् तमिळ् मा मुनि कॊडुत्त वरिविल् वाङ्गि⋆ कलै वणक्कु नोक्करक्कि मूक्कै नीक्कि⋆ करनोडु तूडणन् तन् उयिरै वाङ्गि⋆ शिलै वणक्कि मान् मरिय एय्दान् तन्नैद⋆ तिल्लैनगर् त्तिरुच्चित्रगूडम् तन्नुळ्⋆ तलै वणक्कि क्कै कूप्पि एत्त वल्लार्⋆ तिरिदलाल् तवमुडैत्तु त्तरणि ताने॥ ५॥	मजबूत धनुष से आपने शक्तिशाली भुजावाले विराध का वध किया तथा तमिल मुनि अगस्त्य के दिये धनुष प्राप्त किये। काम से अभिभूत सूर्पनखा राक्षसी के नाक काटकर आपने खर एवं दूषण तथा सुवर्ण हिरन के बध किये।तिरुतिल्लैनगर के चित्रकूट में आप को करबद्ध हो जो सिर नवाते हैं वे जहां कहीं भी जाते हैं वहां की भूमि को पवित्र करते हैं। **745**
तनमरुवु वैदेगि पिरियल् उट्ऱु⋆ तळर्वॆय्दि च्चडायुवै वैगुन्दत्तेट्रि⋆ वनमरुवु कवियरशन् कादल् कॊण्डु⋆ वालियै क्कॊन्ऱिलङ्गै नगर् अरक्कर् कोमान्⋆ शिनम् अडङ्ग मारुदियाल् शुडुवित्तानै⋆ तिल्लैनगर् त्तिरुच्चित्रगूडम् तन्नुळ्⋆ इनिदमरन्द अम्मानै इरामन् तन्नै⋆ एत्तुवार् इणैयडिये एत्तिनेने॥ ६॥	मेरे प्रिय प्रभु राम वैदेही से अलग होकर मूर्च्छित हो गये। आपने जटायु को स्वर्ग भेजकर बन्दरों के राजा सुग्रीव से मैत्री की तथा वाली का वध किया।रावण के कोध का सामना आपने हनुमान से लंका जलाकर किया।आप तिरुतिल्लैनगर के चित्रकूट में रहते हैं। मैं उनलोगों की प्रशस्ति गाता हूं जो आपकी गाथा का गान करते हैं। **746**
कुरै कडलै अडल् अम्बाल् मऱुग वॆय्दु⋆ कुलै कट्टि मऱुगरैयै अदनाल् एरि⋆ एरि नॆडु वेल् अरक्करॊडुम् इलङ्गै वेन्दन्⋆ इन्नुयिर् कॊण्डवन् तम्बिक्करशुम् ईन्दु⋆ तिरुमगळोडिनिदमरन्द शॆल्वन् तन्नै⋆ तिल्लैनगर् त्तिरुच्चित्रगूडम् तन्नुळ्⋆ अरशमरन्दान् अडि शूडुम् अरशै अल्लाल्⋆ अरशाग एण्णेन् मट्रशु ताने॥ ७॥	मेरे प्रिय प्रभु राम ने एक बाण मारकर समुद्र को दो भाग में बांट दिया। आप सेतु बनाकर समद्र के उसपार गये तथा भयानक राक्षसों एवं उनके राजा रावण का अंत किया।वहां का राज्य उसके छोटे भाई विभीषण को देकर सीता से पुनर्मिलन किया। आप तिरुतिल्लैनगर के चित्रकूट में रहते हैं। आपके पवित्र चरणों के सार्वभौम सत्ता को छोड़कर मैं अन्य राज्य को मान्यता नहीं देता। **747**

अम्बॊनॆडु मणिमाड अयोत्ति एय्दि⋆ अरशॆय्दि अगत्तियन्वाय् त्तान् मुन् कॊन्ऱान् तन्⋆ पॆरुन्दॊल् कदै क्केट्टु मिदिलै च्चॆल्वि⋆ उलगुय्य त्तिरु वयिऱु वायत्त मक्कळ्⋆ शॆम् पवळ त्तिरळ्वाय् त्तन् शरिदै केट्टान्⋆ तिल्लैनगर् त्तिरुच्चित्रगूडम् तन्नुळ्⋆ एम्बॆरुमान् तन् शरिदै शॆवियाल् कण्णाल् परुगुवोम्⋆ इन्नमुदै मदियोम् अन्ऱे॥८॥	मेरे प्रिय प्रभु राम ऊंचे अटारियों वाले अयोध्या लौट आये तथा सिहासनारूढ़ हुए। अगस्त्य ऋषि ने रावण के विनाश की संपूर्ण कथा की रचना की। प्रभु ने अपने चरित्र का गान, मिथिला की बेटी के द्वारा जगत के उद्धार हेतु उत्पन्न किये गये युगल किशोर, लव एवं कुश के मूंगावत होठों से सुना। **748**
शॆऱि तव च्चम्बुगन् तन्नै च्चॆन्ऱु कॊन्ऱु⋆ शॆळु मऱैयोन् उयिर् मीट्टु त्तवत्तोन् ईन्द⋆ निऱै मणि प्पूण् अणियुम् कॊण्डिलवणन् तन्नै⋆ तम्बियाल् वान् एऱ्ऱि मुनिवन् वेण्ड⋆ तिऱल् विळङ्गुम् इलक्कुमनै प्पिरिन्दान् तन्नै⋆ तिल्लैनगर् त्तिरुच्चित्रगूडम् तन्नुळ् उऱैवानै⋆ मऱवाद उळ्ळन् तन्नै उडैयोम्⋆ मट्रुऱुदुयरम् अडैयोम् अन्ऱे॥९॥	मेरे प्रिय प्रभु राम ने घोर तपस्वी जंबुक की हत्या की तथा वैदिक ऋषियों को जीवित कर अगस्त्य के दिये गये माला को धारण किया। लवणासुर के बध के लिये आपने भाई शत्रुघ्न को भेजा। दुर्वासा के शाप के कारण आप वीर भाई लक्षमण से अलग हो गये। आप तिरूतिल्लैनगर के चित्रकूट में रहते हैं।हमलोग आपको अपने हृदय में धारण करते हैं। क्या हमलोग सभी क्षतियों से रक्षित नहीं हैं ? **749**
अन्ऱु शराशरङ्गळै वैगुन्दत्तेट्रि⋆ अडल् अरव प्पगैयेऱि अशुरर् तम्मै वॆन्ऱु⋆ इलङ्गु मणि नॆडुन्दोळ् नान्गुम् तोन्ऱ⋆ विण् मुळुदुम् एदिर्वर त्तन् तामम् मेवि⋆ शॆन्ऱिनिदु वीट्रिरुन्द अम्मान् तन्नैद⋆ तिल्लैनगर् त्तिरुच्चित्रगूडम् तन्नुळ्⋆ एन्ऱुम् निन्ऱान् अवन् इवनॆन्ऱेत्ति⋆ नाळुम् इऱैञ्जुमिनो एप्पॊळुदुम् तॊण्डीर् नीरे॥१०॥	मेरे प्रिय प्रभु राम ने सभी स्थिर एवं जंगम जीवों का उत्थान करते हुए वैकुंठ भेज दिया ।गरूड़ पर सवार होकर असुरों का नाश किया। अपने यशस्वी चतुर्भुज रूप धारण किया और अपने दिव्य निवास में देवताओं की महान भीड़ भरे तुमुल ध्वनि एवं स्वागत के साथ प्रवेश किया तथा अपने शाश्वत सिंहासन पर आरूढ़ हुए। आप तिरूतिल्लैनगर के चित्रकूट में रहते हैं।भक्तगण प्रशस्ति गान करने एवं पूजा करने आते हैं तथा कहते हैं "तत्वम्ऽसि"। **750**
तिल्लैनगर् त्तिरुच्चित्रगूडम् तन्नुळ्⋆ तिऱल् विळङ्गु मारुदियोडमर्न्दान् तन्नै⋆ एल्लै इल् शीर् त्तयरदन् तन् मगनाय् त्तोन्ऱि– ट्रदु मुदला⋆ त्तन् उलगम् पुक्कदीऱा⋆ कॊल् इयलुम् पडै त्तानै क्कॊट्र वॊळ्वाळ्⋆ कोळियर्गोन् कुडै क्कुलशेगरन् शॊर् चॆय्द⋆ नल् इयल् इन् तमिळ्मालै पत्तुम् वल्लार्⋆ नलम् तिगळ् नारणन् अडिक्कीळ् नण्णुवारे॥११॥	भरपूर सेना एवं शस्त्रों से सुरक्षित उरैयूर के राजा एवं सेनानायक कुलशेखर सीढ़ियों में सुस्थापित हैं ।उनके ये मधुर तमिल दसक गीत, शक्तिशाली सेवक मारूति से सेवित तिरूतिल्लैनगर के चित्रकूट में रहने वाले प्रभु का दशरथ के पुत्र के रूप में अवतार से लेकर गौरवशाली निवास तक के प्रत्यावर्त्तन का यशोगान करते हैं। जो इसको कण्ठ कर लेगा वह नारायण के मंगलमय चरणों को प्राप्त करेगा। **751** कुलशेखर पेरूमाळ् तिरूवडिगळे शरणं ।

श्रीमते रामानुजाय नमः

॥ तिरुच्चन्द विरुत्तम् ॥

तिरुक्कच्चि नम्बिगळ् अरुळिच्चॅय्द
तिरुच्चन्द विरुत त्तनियन्गाळ्

तरुच्चन्द प्पॉळिल् तळुवु तारणियिन् तुयर्तीर*
तिरुच्चन्द विरुत्तम् शॅय् तिरुमळिशै प्परन्वरुमूर्*
करुच्चन्दुम् कारगिल्लुम् कमळ्क्कोङ्गुम् मणनारुम्*
तिरुच्चन्द त्तुडन्मरुवु तिरुमळिशै वळम् पदिये

उलगुम् मळिशैयुम् उळ्ळुणर्न्दु* तम्मिल्
पुलवर् पुगळ्क्कोलाल् तूक्क* उलगु तन्नै
वैत्तॅडुत्त पक्कत्तुम्* मानीर् मळिशैये
वैत्तॅडुत्त पक्कम् वलिदु

तिरूच्वन्द विरूत्तम् (752 - 871)

पू निलाय ऐन्दुमाय्* प्पुनर्गण् निन्र् नान्गुमाय्* ती निलाय मून्रुमाय्* च्चिरन्द काल् इरण्डुमाय्* मी निलायदॊन्रुम् आगि* वेरु वेरु तन्मैयाय्* नी निलाय वण्ण निन्नै* यार् निनैक्क वल्लरे॥१॥	मिट्टी के पांच गुण, जल के चार गुण, अग्नि के तीन गुण, हवा के दो गुण, एवं आकाश के एक गुण सब आपके स्वरूप हैं। हे प्रभु ! आप सबों से पृथक जैसे रहते हैं उसे कौन समझ सकेगा ? **752**
आरुम् आरुम् आरुमाय्* ओर् ऐन्दुम् ऐन्दुम् ऐन्दुम् आय्* एरु शीर् इरण्डु मून्रुम्* एळुम् आरुम् एट्टुमाय्* वेरु वेरु ञानम् आगि* मॅय्यिनॊडु पॊय्युमाय्* ऊरॊडोशैयाय ऐन्दुम्* आय आय मायने ! ॥२॥	आप छः हैं, छः एवं छः ; एवं पांच, पांच, एवं पांच। आप दो, तीन, सात, छः एवं आठ आनंद हैं।आप ही सत् एवं असत् होते हुए सब एक ही में हैं।आश्चर्यमय प्रभु ! आप ही स्वाद, शब्द, एवं स्पर्श हैं। **753**
ऐन्दुम् ऐन्दुम् ऐन्दुम् आगि* अल्लवट्रुळायुमाय्* ऐन्दु मून्रुम् ऑन्रुम् आगि* निन्र् आदि देवने* ऐन्दुम् ऐन्दुम् ऐन्दुम् आगि* अन्दरत्तणैन्दु निन्रु* ऐन्दुम् ऐन्दुम् आय निन्नै* यावर् काण वल्लरे॥३॥	आप पाच हैं, पांच, सभी के भीतर के पांच। आश्चर्यमय प्रभु ! पांच, तीन, सभी का मूल है। तब पांच, पांच, एवं पांच, आप स्वर्ग में ऊपर रहते हैं। पांच, पांच जो आप हैं, इस गुत्थी को कौन समझ सकता है ? **754**

मून्ऱु मुप्पदारिनोडु⋆ ओर् ऐन्दुम् ऐन्दुम् ऐन्दुम् आय्⋆ मून्ऱु मूर्त्ति आगि मून्ऱु⋆ मून्ऱु मून्ऱु मून्ऱुम् आय्⋆ तोन्ऱु शोदि मून्ऱुम् आय्⋆ त्तुळक्कम् इल् विळक्कमाय्⋆ एन्ऱेन् आवियुळ् पुगुन्ददु⋆ एन्गोलो एम् ईशने ! ॥ ४ ॥	तीन एवं तीस वर्ण। पांच एवं पाच तथा छः स्वर। पांच सूक्त, एवं ऋक, यर्जु, एवं साम के बारह अक्षर। ॐ के तीन अक्षर, तेजोमय, निष्कलंक एवं सभी प्रकाश के स्त्रोत हैं। प्रभु ! यह जैसे हमारे भीतर मिलकर एक होता है, यही हमसे आपकी यश गाथा का गान कराता है। **755**
निन्ऱियङ्गुम् ऑन्ऱला⋆ उरुक्कळ् तोऱुम् आवियाय्⋆ ऑन्ऱि उळ्ळालन्दु निन्ऱ⋆ निन्न तन्मै इन्नदेन्ऱु⋆ एन्ऱुम् यार्क्कुम् एण् इरन्द⋆ आदियाय् ! निन् उन्दिवाय्⋆ अन्ऱु नान्मुगन् पयन्द⋆ आदि देवन् अल्लैये॥ ५ ॥	चेतन जीवात्मा सर्वत्र इस जगत में क्षणभंगुर शरीर धारण किये हुए हैं। आप तो शाश्वत रूप से ऋषियों एवं साधकों से छिपे रहते हैं। आपने चर्तुमुख स्त्रष्टा को पूर्व में अपने नाभि कमल पर धारण किया। **756**
नागम् एन्दु मेरु वॅर्पै⋆ नागम् एन्दु मण्णिनै⋆ नागम् एन्दुम् आग माग⋆ मागम् एन्दु वार्पुनल्⋆ मागम् एन्दु मङ्गुल् ती ओर्⋆ वायुवैन्दमैन्दु कात्तु⋆ एगम् एन्दि निन्ऱ नीमैं⋆ निन्नाणे इयन्ऱदे॥ ६ ॥	मेरू पर्वत नाग पर, एवं पृथ्वी हस्ति सिर के ऊपर, मेरे प्रभु शेषशय्या पर। अहा ऊंचे आकाश से पानी। जगत के ऊपर बादल, अग्नि, प्राणदाता वायु ः आप अकेले सबके आधार हैं एवं मात्र आप ही यह सब अलौकिक कृत्य कर सकते हैं। **757**
ऑन्ऱिरण्डु मूर्त्तियाय्⋆ उरक्कमोडुणर्च्चियाय्⋆ ऑन्ऱिरण्डु कालम् आगि⋆ वेलै ञालम् आयिनाय्⋆ ऑन्ऱिरण्डु तीयुम् आगि⋆ आयन् आय मायने⋆ ऑन्ऱिरण्डु कण्णिनानुम्⋆ उन्नै एत्त वल्लने॥ ७ ॥	आप एक तथा दो हुए, तब निद्रा एवं इन्द्रियां बन गये। सागर एवं भूमंडल में आप भूत वर्तमान एवं भविष्य हुए। आप तीन अग्नि हुए एवं गोकुल में जन्म लिये। तीन आंख वाले शिव भी आपकी प्रशंसा करने में सक्षम नहीं होते हैं। **758**
आदि आन वानवर्क्कुम्⋆ अण्डम् आय अप्पुरत्तु⋆ आदि आन वानवर्क्कुम्⋆ आदि आन आदि नी⋆ आदि आन वान वाणर्⋆ अन्द कालम् नी उरैत्ति⋆ आदि आन कालम् निन्नै⋆ यावर् काण वल्लरे॥ ८ ॥	सभी देवों,जगत एवं इसके बाहर भी सबों में प्रथम। मेरे प्रभु आप ही देवों एवं सभी कारण के कारण हैं। सभी देवों के प्रभु ! आपने ही समय के अनुशासन में सबको बांधा। कालातीत के काल प्रभु ! आपको कौन समझ सकेगा। **759**
तादुलावु कॉन्ऱैमालै⋆ तुन्नु शॅञ्जडै च्चिवन्⋆ नीदियाल् वणङ्गु पाद !⋆ निन्मला ! निलाय शीर्⋆ वेदवाणर् कीद वेळ्वि⋆ नीदियान वेळ्वियार्⋆ नीदियाल् वणङ्गुगिन्ऱ⋆ नीमैं निन्नाण् निन्ऱदे॥ ९ ॥	कोनरै फूल की रज के साथ माला पहने जटाधारी शिव आपके चरणों में अर्चना करते हैं। निष्कलंक एवं शाश्वत यश वाले प्रभु ! वेदमंत्रों से यज्ञाहुति, तथा विद्वानों का गीत, सब एक मात्र आपको ही मिलता है। पूजनीय चरणकमल वाले प्रभु ! **760**

तन्नुळे तिरैत्तॆळुम्⋆ तरङ्ग वॆण् तडङ्गडल्⋆ तन्नुळे तिरैत्तॆळुन्दु⋆ अडङ्गुगिन्ऱ तन्मै पोल्⋆ निन्नुळे पिऱन्दिऱन्दु⋆ निर्पवुम् तिरिपवुम्⋆ निन्नुळे अडङ्गुगिन्ऱ⋆ नीमै निन्गण् निन्ऱदे॥१०॥	गहरे एवं फेनयुक्त सागर से प्रचंड ज्वार उठते हैं एवं वहीं गिर भी जाते हैं। स्थावर एवं जंगम उत्पन्न होकर जीवित रहते हैं एवं आप में ही लीन हो जाते हैं। एक मात्र सार्वभौम प्रभु ! आप ही सबको अपने में धारण करते हैं। **761**
शॊल्लिनाल् तॊडरच्चि नी⋆ शॊलप्पडुम् पॊरुळुम् नी⋆ शॊल्लिनाल् शॊलप्पडादु⋆ तोन्ऱुगिन्ऱ शोदि नी⋆ शॊल्लिनाल् पडैक्क⋆ नी पडैक्क वन्दु तोन्ऱिनार्⋆ शॊल्लिनाल् शुरुङ्ग⋆ निन् गुणङ्गळ् शॊल्ल वल्लरे॥११॥	वैदिक मंत्रों के अन्तर्निहित आनंद ! वेदों के सार प्रभु ! जगत के बाहर की सारी प्रभा आप ही के स्वरूप हैं। कमल से उत्पन्न महान स्त्रष्टा चतुर्मुख ब्रह्मा शायद ही आपकी लीला के एक या दो शब्द जानते हों। **762**
उलगु तन्नै नी पडैत्ति⋆ उळ्ळॊडुक्कि वैत्ति⋆ मीण्डु उलगु तन्नुळे पिऱत्ति⋆ ओरिडत्तै अल्लैयाल्⋆ उलगु निन्नॊडॊन्ऱि निर्क⋆ वेऱु निऱ्‌कि आदलाल्⋆ उलगिल् निन्नै उळ्ळ शूळल्⋆ यावर् उळ्ळ वल्लरे॥१२॥	समस्त जगत की रचना कर आप सबों को निगल भी गये। आप बिना किसी अपवाद के सब में व्याप्त हैं। समस्त जगत को आप धारण करते हुए उससे पृथक हैं। जिस तरह से आप जगत को धारण करते हैं, कौन इसकी कल्पना कर सकता है ? **763**
इन्नै एन्ऱु शॊल्लल् आवदु⋆ इल्लै यादुम् इट्टिडै⋆ पिन्नै कॆळ्वन् एन्बर् उन्⋆ पिणक्कुणर्न्द पॆट्टियोर्⋆ पिन्नै आय कोलमोडु⋆ पेरुम् ऊरुम् आदियुम्⋆ निन्नैयार् निनैक्क वल्लर्⋆ नीमैयाल् निनैक्किलें ! ॥१३॥	'आप यही हैं' कोई नहीं कह सकता। फिर भी, ऐसा सब जानकार लोग कहते हैं कि आप कृशकटि पिन्नै के जीवन संगी हैं। अहा ! नाम एवं स्थान से सभी सुन्दर मंदिर आपकी भू लीला का सरल शब्दों में बखान करते हैं। **764**
तूय्मै योगम् आयिनाय्⋆ तुळाय् अलङ्गल् मालैयाय्⋆ आमै आगि आळ् कडल् तुयिन्ऱ⋆ आदि देव⋆ निन् नामदेयम् इन्नदॆन्न⋆ वल्लम् अल्लम् आगिलुम्⋆ शाम वेद गीतनाय⋆ चक्रपाणि अल्लैये॥१४॥	पवित्र तुलसी की माला वाले प्रभु ! योग के सत्वगुण वाले प्रभु ! गहरे सागर में शयन करनेवाले प्रभु ! कच्छप का रूप धारण करने वाले प्रभु ! इस नश्वर जगत के जितने भी प्राणी हैं उनमें से किसी एक से आप को संबोधित नहीं किया जा सकता। जैसा सामवेद में कहा गया है आपको हमलोग चक्रधारी के रूप में जानते हैं। **765**
अङ्गम् आऱुम् वेद नान्गुम्⋆ आगि निन्ऱवट्रुळे⋆ तङ्गुगिन्ऱ तन्मैयाय् !⋆ तडङ्गडल् पणत्तलै⋆ शॆङ्गण् नागणै क्किडन्द⋆ शॆल्व मल्गु शीरिनाय्⋆ शङ्ग वण्णम् अन्न मेनि⋆ शारङ्गपाणि अल्लैये॥१५॥	चारों वेद एवं उसके छ अंगों के सत्य ! अज्ञात सत्य ! आप गहरे समुद्र में योग निद्रा में रहते हैं।मणियारी आंख के फनियारे सर्प आपकी शय्या हैं। धन के नाथ ! जब आप सारंग धारण करते हैं तो प्रथम आपका शरीर शंख की तरह श्वेत है। **766**

तलैक्कणत्तुगळ् कुळम्बु⋆ शादि शोदि तोट्रमाय्⋆ निलैक्कणङ्गळ् काण वन्दु⋆ निट्रियेलुम् नीडिरुम्⋆ कलै क्कणङ्गळ् शौर्पौरुळ्⋆ करुत्तिनाल् निनैक्कौणा⋆ मलैक्कणङ्गळ् पोल् उणर्त्तुम्⋆ माट्चिनिन्रन् माट्चिये॥१६॥	देवगन, जगत के चेतन एवं नश्वर सभी प्राणियों में आप तेजोमय शक्ति की तरह निवास करते हैं। शाश्वत सार वेद भी आपके चरणों का पर्वत के समान आयाम वाली गाथा का बखान नहीं कर सकते। **767**
एगमूर्त्ति मून्रु मूर्त्ति⋆ नालु मूर्त्ति नन्मै शेर्⋆ बोग मूर्त्ति पुण्णियत्तिन् मूर्त्ति⋆ एण्णिल् मूर्त्तियाय्⋆ नाग मूर्त्ति शयनमाय्⋆ नलङ्गडल् किडन्दु मेल्⋆ आग मूर्त्ति आयवण्णम्⋆ एङ्गौल् आदि देवने ! ॥१७॥	अकेला स्वरूप, तीन प्रकार के स्वरूप, चार प्रकार के स्वरूप, दयालु स्वरूप, आनस्न्दकन्द स्वरूप, पवित्र स्वरूप, अनगिनत स्वरूप, प्रथम कारण, फेनयुक्त सागर के शेषनाग का शय्या स्वरूप, जितने स्वरूपों में आप मंदिरों में दिखते हैं, प्रभु सब का मंगल हो ! **768**
विडत्त वाय् ओर् आयिरम्⋆ ईरायिरम् कण् वैन्दळल्⋆ विडत्तु वीळिवलाद पोगम्⋆ मिक्क शोदि तौक्क शीर्⋆ तौडुत्तुमेल् विदानमाय⋆ पौवनीर् अरावणै⋆ पडुत्तबायल् पळ्ळिगौळ्वदु⋆ एङ्गौल्वेलै वण्णणे ! ॥१८॥	विषवमन करते सहस्त्र फन और अग्नि वर्षाते प्रत्येक फन की आंखें। तेजोमय दर्शन का शाश्वत आनन्द। शरीर का उपयोग शय्या के लिये है तो फन छायाछत्र का काम कर रहे हैं। सागर सा सलोने सुन्दर शरीर वाले प्रभु ! बताइये न कि आप समुद्र में क्यों रहते हैं ? **769**
पुळ्ळदागि वेद नान्गुम्⋆ ओदिनाय् अदन्रियुम्⋆ पुळ्ळिन् वाय् पिळन्दु⋆ पु ळ्ळौडि प्पिडित्त पिन्नरुम्⋆ पुळ्ळै ऊर्दि आदलाल्⋆ अदॆन् कौल् मिन् कौळ् नेमियाय् !⋆ पुळ्ळिन् मैय् प्पगै क्कडल् किडत्तल्⋆ कादलित्तदे॥१९॥	हंस पक्षी बन करके आपने जगत को चारों वेद उपलब्ध कराया। असुर पक्षी का नाश किया और पक्षी का ही ध्वज धारण किया। गरूड़ पक्षी की सवारी की तथा पक्षी के शत्रु को शय्या बनाया। चक्रधारी प्रभु ! समुद्र में अकेले सोने का यह कौन सा शौक है ? **770**
कूशम् ऑन्रुम् इन्रि⋆ माशुणम् पडुत्तु वेलैनीर्⋆ पेशनिन्र देवर् वन्दु⋆ पाड मुन् किडन्ददुम्⋆ पाशम् निन्र नीरिल् वाळुम्⋆ आमैयान केशवा⋆ एश अन्रु नी किडन्दवारु⋆ कूरु तेरवे॥२०॥	निश्चिंत होकर आप अकेले शेषशय्या पर गहरे समुद्र में रहते हैं जहां देवगन समूह में आकर आपके शाश्वत गौरव की प्रशस्ति गाते हैं। केशव ! गहरे समुद्र में आपने कच्छप का रूप धारण किया। विनती है प्रभु ! बताइये कि आप कैसे निष्कलंक ऊपर आये ? **771**
अरङ्गने ! तरङ्गनीर्⋆ कलङ्ग अन्रु कुन्रु शूळ्⋆ मरङ्गळ् तेय मानिलम् कुलुङ्ग⋆ माशुणम् शुलाय्⋆ नॆरुङ्गनी कडैन्द पोदु⋆ निन्र शूरर् एन् शैय्दार्⋆ कुरङ्गै आळ् उगन्द एन्दै !⋆ कूरु तेर वेरिदे॥२१॥	रंगा प्रभु ! यह बताइये कि वासुकी नाग को मेरू मन्दारम पर लपेट कर कैसे समुद्र मंथन हुआ ? समुद्र उबल गया, भूचाल से पेड़ टूटने लगे। बानरों के नाथ ! वे लोग वीर थे जो बिना कोई सहयोग दिये आपको दर्शक बन देख रहे थे। **772**

पण्डुम् इन्ऱुम् मेलुमाय्⋆ ओर् बालनागि ञालम् एऴ्⋆ उण्डु मण्डि आलिलै त्तुयिन्ऱ⋆ आदि देवने !⋆ वण्डुगिण्डु तण् तुऴाय्⋆ अलङ्गलाय् ! कलन्द शीर्⋆ पुण्डरीक प्पावै शेरुम्⋆ मार्ब ! बूमि नादने ! ॥२२॥	भूत वर्तमान एवं भविष्य के प्रभु ! बालक रूप में सातों लोकों को लिया निगल गये एवं बट पत्र पर सो गये। आदि प्रभु ! भौंरों से रसपान किये जाते तुलसी की माला धारण करने वाले प्रभु ! वक्षस्थल पर पद्म लक्ष्मी धारण करने वाले प्रभु ! भूदेवी को वरण करने वाले प्रभु ! **773**
वान् निरत्तोर् शीयमाय्⋆ वळैन्द वाळ् एयिट्रवन्⋆ ऊन् निरत्तु किरत्तलम्⋆ अऴुत्तिनाय् ! उलाय शीर्⋆ नाल् निरत्त वेदनावर्⋆ नल्ल योगिनाल् वणङ्गु⋆ पाल् निर क्कडल्किडन्द⋆ पर्पनाबन् अल्लैये॥२३॥	श्वेत केशरी का स्वरूप धारण कर असुर की छाती को अपने पंजे से विदीर्ण करने वाले प्रभु जिसकी चर्चा सारे जगत ने की। सबों से प्रशंसित एवं वैदिक ऋषियों से अर्चित प्रभु ! नाभिकमल वाले गहरे समुद्र में सोने वाले प्रभु ! **774**
गङ्गै नीर् पयन्द पाद⋆ पङ्कयत्तेम् अण्णले⋆ अङ्गै आऴि शङ्गु दण्डु⋆ विल्लुम् वाळुम् एन्दिनाय्⋆ शिङ्गमाय देव देव !⋆ तेन् उलावु मेन् मलर्⋆ मङ्गै मन्नि वाऴु मार्ब !⋆ आऴि मेनि मायने ! ॥२४॥	कमल सा चरण वाले गंगा के स्त्रोत प्रभु ! पंचायुध ः गदा, शंख, खड्ग, धनुष एवं चक वाले प्रभु ! देवों के नाथ ! दुष्ट के पुत्र की रक्षा हेतु शक्तिशाली केशरी के रूप में आपने अवतार लिया । भौरों से लिपटे कमल लक्ष्मी सदा के लिये आपके वक्षस्थल पर निवास करती है। **775**
वरत्तिनिल् शिरत्तै मिक्क⋆ वाळ् एयिट्रु मट्रवन्⋆ उरत्तिनिल् करत्तै वैत्तु⋆ उगिरत्तलत्तै ऊन्रिनाय्⋆ इरत्ति नी इदेन्न पोय्⋆ इरन्द मण् वयिट्रुळे करत्ति⋆ उन् करुत्तै⋆ यावर् काण वल्लर् कण्णने ! ॥२५॥	दुर्दांत असुर हिरण्य अपने वरदान के अभिमान से चूर रहता था। उसके पेट पर हाथ रखके आपने नाखून को उसके भीतर गहरे घुसा दिया। आपने तीन कदमों की भिक्षा मांगाी परन्तु छल से दो ही कदम में संपूर्ण लोक माप लिया। संपूर्ण जगत को निगलकर अपने में छिपा लिया। कौन अपनी बुद्धि से आपको पार पा सकता है ? **776**
आणिनोडु पेण्णुम् आगि⋆ अल्लवोडु नल्लवाय्⋆ ऊणोडोशै ऊरुम् आगि⋆ ओन्रलाद मायैयाय्⋆ पूणि पेणुम् आयन् आगि⋆ प्पोय्यिनोडु मेय्युमाय्⋆ काणि पेणुम् माणियाय्⋆ क्करन्दु शेन्र कळ्वने ! ॥२६॥	पुरूष, स्त्री एवं नपुंसक सबों में वर्तमान। स्वाद, शब्द एवं सभी पांच संवेदन के साथ चेतन समूह। सच एवं झूठ के मिश्रण के साथ आप गाय चराने वाले के रूप में आये। कमल जगत की रक्षा हेतु आपने मणिकिन यानी वामन का रूप लिया। **777**
विण्कडन्द शोदियाय्⋆ विळङ्गु ञान मूर्त्तियाय्⋆ पण् कडन्द तेश मेवु⋆ पावनाश नादने⋆ एण् कडन्द योगिनोडु⋆ इरन्दु शेन्ऱ माणियाय्⋆ मण् कडन्द वण्णम् निन्नै⋆ यार् मदिक्क वल्लरे॥२७॥	आकाश से भी ऊपर तेजोमय स्वरूप ! चेतनमय स्वरूप ! सभी प्रशस्ति से परे तेजोमय स्वरूप ! नरक (असुर) विनाशक प्रभु ! अनगिनत गुणों से भरपूर वामन प्रभु ! जिस तरह से आपने पृथ्वी को धारण किया, कौन आपका पार पा सकता है ? **778**

पडैत्त पार् इडन्दळन्दु⋆ अदुण्डुमिळन्दु पौवनीर्⋆ पडैत्तडैत्तदिर् किडन्दु⋆ मुन् कडैन्द पॆद्दियोय्⋆ मिडैत्त माल्ि मालिमान्⋆ विलङ्गु कालन् ऊर् पुग⋆ पडैक्कलम् विडुत्त⋆ पल् पडै त्तडक्कै मायने ! ॥२८॥	आपने पृथ्वी को बनाया, उसे ऊपर उठा लिया, निगल गये एवं पुनः बाहर निकाल दिया। आपने समुद्र बनाया, इसका मंथन किया, इसमें सोये, तथा इस पर सेतु बनाया। आपने गुस्सा से भरे माली एवं सुमाली को नीचे नरक में भेज दिया। पंचायुधों को धारण करने वाले शक्तिशाली सुन्दर भुजाओं वाले प्रभु ! **779**
परत्तिलुम् परत्तै आदि⋆ पौवनीर् अणै क्किडन्दु⋆ उरत्तिलुम् ऑरुत्ति तन्नै⋆ वैत्तुगन्ददन्रियुम्⋆ नरत्तिलुम् पिरत्ति⋆ नाद ञान मूर्त्ति आयिनाय्⋆ ऑरुत्तरुम् निनादु तन्मै⋆ इन्नदॆन्न वल्लरे॥२९॥	आप चेतन स्वरूप से जलशय्या पर सोये। सदा अपने विशाल वक्षस्थल पर आप कमल लक्ष्मी को धारण करते हैं। नश्वर शरीर से प्रगट होकर आपने जगत को प्रेम का मार्ग दिखाया। कोई नहीं है जो बताये 'आप यही हैं'। **780**
वानगमुम् मण्णगमुम्⋆ वॆर्पुम् एळ् कडल्गळुम्⋆ पोनगम् शॆय्दालिलै⋆ त्तुयिन्र पुण्डरीकने⋆ तेन् अगञ्जॆय् तण् नरुम्⋆ मलर्त्तुळाय् नन् माल्ैयाय्⋆ कून् अगम् पुगत्तॆरित्त⋆ कॊट्ट् विल्लि अल्लैये॥३०॥	कमल प्रभु ! पृथ्वी, आकाश, एवं सातो लोक ः समुद्र एवं ऊंचे पर्वत आप सब को निगल कर बट पत्र पर सो गये। आप अमृत से भरे पवित्र तुलसी की माला पहनते हैं। खेल में बाण चलाकर आपने कुनी की रीढ़ को टेढ़ा कर दिया। **781**
काल्नेमि काल्ने !⋆ कणक्किल्लाद कीर्त्तियाय्⋆ ञाल्म् एळुम् उण्डु पण्डोर्⋆ बाल्नाय पण्बने⋆ वेल्ैवेव विल् वळैत्त⋆ वॆल्शिनत्त वीर⋆ निन् बाल्राय पत्तर् शित्तम्⋆ मुत्ति शॆय्युम् मूर्त्तिये ! ॥३१॥	अनगिनत गुणों वाले प्रभु ! कालनेमी का नाश करने वाले प्रभु समस्त जगत को निगलजाने वाले प्रभु बटपत्र पर सोने वाले शिशु गुस्से में वाण चलाकर गहरे समुद्र को सुखा दिया। आप भक्तों को प्रेम से अपने पास बुलाते हैं जो आनन्द से आपकी गाथा गाते हैं। **782**
कुरक्किन प्पडैगॊंडु⋆ कुरै कडलिन् मीदु पोय्⋆ अरक्कर् अङ्गरङ्ग⋆ वॆञ्जरम् तुरन्द आदि नी⋆ इरक्क मण् कॊंडुत्तवर्कु⋆ इरुक्कम् ऑन्रुम् इन्रिये⋆ परक्क वैत्तळन्दु कॊण्ड⋆ पर्प पादन् अल्लैये॥३२॥	बानरों की सेना को फेनयुक्त सागर के ऊपर से युद्ध क्षेत्र में ले गये तथा अपने बाणों से राक्षसों का पलायन करा दिया। आपने एक भूखंड की याचना करके निष्ठुर होकर सारे पृथ्वी का स्वामीत्व ले लिया। कमल से चरण वाले प्रभु ! अपना विस्तार कर आपने जगत को लांघ दिया। **783**
मिन् निरत्त एयिट्ररक्कन्⋆ वीळ वॆञ्जरम् तुरन्दु⋆ पिन्नवर्करुळ् पुरिन्दु⋆ अरशळित्त पॆद्दियोय्⋆ नन्निरत्तॊर् इन्शॊल् एळै⋆ पिन्नै केळ्व ! मन्नु शीर्⋆ पॊन् निरत्त वण्णान् आय⋆ पुण्डरीकन् अल्लैये॥३३॥	चमकीले दांत वाले राक्षस को धनुष बाण से धराशायी कर आपने उदारता से राज्य उसके छोटे भाई को दे दिया। मृदु भाषी, सुन्दर एवं आकर्षक पिन्नै आपकी दुलहीन हैं। शाश्वत तेज एवं वर्ण वाले प्रभु आप सर्वव्याप्त हैं। **784**
आदि आदि आदि नी⋆ ऑर् अण्डम् आदि आदलाल्⋆ शोदियाद शोदि नी⋆ अदुण्मैयिल् विळङ्गिनाय्⋆ वेदम् आगि वेळ्वि आगि⋆ विण्णिनोडु मण्णुमाय्⋆ आदि आगि आयन् आय⋆ मायम् एन्न मायमे॥३४॥	सभी कारणों के कारण, ऊपर वाले प्रभु ! आप पृथ्वी एवं सब पदार्थो के रूप में आये। ज्योति की ज्योति एवं सभी वेदों के सच्चे शब्द ! आप ऊपर में वैदिक भूमि एवं यज्ञ हुए। तब आप गाय चराने वाले गोकुलम के किशोर हुए। **785**

अम्बुलावु मीनुम् आगि⋆ आमै आगि आळियार्⋆ तम् पिरानुम् आगि मिक्क अन्बु⋆ मिक्कदन्ऱियुम्⋆ कॉम्बरावु नुण्मरुङ्गुल्⋆ आयर् मादर् पिळ्ळैयाय्⋆ एम्बिरानुम् आय वण्णम्⋆ एन्गॊलो एम् ईशने ! ॥३५॥	पहले आप मछली हुए और तब पानी में कछुआ हुए। आप प्रिय शंख एवं चक्र के धारक हुए। गोपवंश की नाग सी पतली कमर वाली नारी के आप पुत्र हुए। आप हमारे प्रभु तथा समस्त जगत के नाथ हैं। **786**
आडगत्त पूण् मुलै⋆ यशोदै आय्च्चि पिळ्ळैयाय्⋆ शाडुदैत्तोर् पुळ्ळदावि⋆ कळ्ळ ताय पेय्मगळ्⋆ वीड वैत्त वॆय्य कॊङ्गै⋆ ऐय पाल् अमुदु शॆय्दु⋆ आडग क्कै मादर् वाय्⋆ अमुदम् उण्डदॆन्गॊलो॥३६॥	आप सुन्दर सुनहले उरोज वाली गोप नारी के बालक हुए। गाड़ी को ध्वंस किया, हवा में उड़ने वाली राक्षसी शत्रु पूतना के दोनों स्तनों पर अपना होंठ लगा आपने दूध पीते हुए उसके प्राण भी हर लिये। प्रभु ! कंगनवाली सुन्दरियों को आपने चूमा। **787**
काय्त्त नीळ् विळङ्गनि⋆ उदिर्त्तॆदिर्न्द पूङ्गुरुन्दम् शाय्त्तु⋆ मा पिळन्द कैत्तलत्त⋆ कण्णन् एन्बराल्⋆ आय्च्चि पालै उण्डु मण्णै उण्डु⋆ वॆण्णॆय् उण्डु⋆ पिन् पेय्च्चि पालै उण्डु⋆ पण्डोर् एनम् आय वामना ! ॥३७॥	आपने फलों को पेड़पर झकझोरा, युगल अर्जुन के पास गये। आपने केशी घोड़ा का जबड़ा फाड़ा और आपको सबका नाथ कृष्ण कहते हैं। गोप नारियों का दूध पिया, मिट्टी खाये तथा मक्खन खाये। वामन, वराह प्रभु ! आपने पूतना का स्तन पान किया। **788**
कडम् कलन्द वन्गरि⋆ मरुप्पॊशित्तोर् पॊय्गैवाय्⋆ विडम् कलन्द पाम्बिन् मेल्⋆ नडम् पयिन्ऱ नादने⋆ कुडम् कलन्द कूत्तन् आय⋆ कॊण्डल् वण्ण ! तण् तुळाय्⋆ वडम् कलन्द मालै मार्ब !⋆ कालनेमि कालने ! ॥३८॥	आपने गुस्सैल मदमत्त नरहाथी के सूंढ़ उखाड़े। गहरे पानी में पांचफन वाले सांप को कुचलते हुए आपने उसके फनों पर नृत्य किया। घन श्याम प्रभु ! सिर पर घड़ा रखकर आप नृत्य करते हैं। तुलसी की माला धारण करने वाले आप कालनेमी राजा के मृत्यु हैं। **789**
वॆऱ्पॆडुत्तु वेलै नीर्⋆ कलक्किनाय् अदन्ऱियुम्⋆ वॆऱ्पॆडुत्तु वेलै नीर्⋆ वरम्बु कट्टि वेलै शूळ्⋆ वॆऱ्पॆडुत्त इञ्जि शूळ्⋆ इलङ्गै कट्टळित्त नी⋆ वॆऱ्पॆडुत्तु मारि कात्त⋆ मेग वण्णन् अल्लैये ! ॥३९॥	गहरे क्षीर समुद्र के मंथन के लिये पथरीले ऊंचे पर्वत को आपने खींचा। लंका के सामने गहरे समुद्र में आपने सेतु का निर्माण किया। गहरे समुद्र से घिरे पथरीले पर्वतों को आप लांघ गये। आपने पथरीले पर्वत को ऊपर उठाया। प्रभु ! आप समुद्र सा सलोने वर्ण के हैं। **790**
आनै कात्तोर् आनै कॊन्ऱु⋆ अदन्ऱि आयर् पिळ्ळैयाय्⋆ आनै मेय्त्ति आनै उण्डि⋆ अन्ऱु कुन्ऱम् ऒन्ऱिनाल्⋆ आनै कात्तु मै अरि क्कण्⋆ मादरार् तिऱत्तु मुन्⋆ आनै अन्ऱु शॆन्ऱडर्त्त⋆ मायम् एन्न मायमे॥४०॥	आपने विपत्ति में पड़े हाथी की रक्षा की तथा मदमत्त हाथी की हत्या की। गाय चराने वाले किशोर के रूप में आपने श्वेत मक्खन चुराकर खाया। पर्वत को ऊंचा उठाकर आपने तेज वर्षा को रोका। काली आंखों वाली नप्पिनाय का वरण करने के लिये आपने वृषभों की हत्या की। **791**

आयन् आगि आयर् मङ्गै* वेय तोळ् विरुम्बिनाय्* आय ! निन्नै यावर् वल्लर्* अम्बरत्तॊडिम्बराय्* माय ! माय मायै कॊल्* अदन्रि नी वगुत्तलुम्* माय मायम् आक्किनाय्* उन् माय मुट्रुम् मायमे॥ ४१॥	गोपवंश के छोकरा के रूप में आपने बांस के समान कंधे वाली नप्पीनाय का वरण किया। प्रभु ! पृथ्वी तथा ऊपर आकाश में कौन आपको पार पा सकता है ? माया पति, अलौकिक नाथ, आश्चर्यों में आश्चर्य ! जो संसार आपने बनाया वह माया से बना है एवं उसमें माया भरा हुआ है। **792**
वेरिशैन्द शॆक्कर् मेनि* नीरणिन्द पुन्शडै* कीरु तिङ्गळ् वैत्तवन्* कै वैत्त वन्गपाल् मिशै* ऊरु शॆङ्गुरुदियाल्* निरैत्त कारणन्दनै* एरु शॆन्रडर्त्त ईश !* पेशु कूशम् इन्रिये॥ ४२॥	शिव का मुखमंडल लाल वर्ण का है, शरीर पर राख लिपटा है, एवं सिर में जटा है। चांद धारण किये हुए हैं, एवं हाथ में नर खोपड़ी भिक्षा के पात्र के रूप में है।आपने नरखोपड़ी को कमल के रक्त से भर दिया और उनकी लंबी उदासी को दूर किया। सात वृषभों से युद्ध करने वाले प्रभु ! कृपया बतायें कि आपने ऐसा क्यों किया ? **793**
वॆञ्जिनत्त वेळ्वॆण्* मरुप्पॊशित्तु उरुत्तमा* कञ्जनै क्कडिन्दु* मण् अळन्दु कॊण्ड कालने* वञ्जनत्तु वन्द पेय्च्चि* आवि पालुळ् वाङ्गिनाय्* अञ्जनत्त वण्णनाय्* आदि देवन् अल्लैये॥ ४३॥	प्रभु ! आपके चरण जिसने पृथ्वी को मापा । प्रभु ! आपने हाथी के पैर तोड़ दिये। प्रभु ! गुस्से वाला राजा कंस का बध किया जिसने आपको नुकसान का सोंचा था। प्रभु ! आपने पूतना का स्तन पिया एवं उसका प्राण ले लिया।आप गोपवंश के छोकरा के रूप में आये। आप अति श्यामल वर्णवाले हैं तथा देवताओं के नाथ हैं। **794**
पालिन् नीर्मै शॆम्बॊन् नीर्मै* पाशियिन् पशुम् पुरम्* पोलुम् नीर्मै पॊर्बुडैत्तडत्तु* वण्डु विण्डुलाम्* नील नीर्मै एन्रिवै* निरैन्द कालम् नान्गुमाय्* मालिन् नीर्मै वैयगम्* मरैत्तदॆन्न नीर्मैये॥ ४४॥	पहले दूध सा श्वेत रंग, तपते सुवर्ण का लाल रंग, चमकते काई का पीला रंग, काया फूल का श्यामल रंग, चारो युग इन्हीं चार रंगों के हैं। प्रभु ! शाश्वत जगत में आपका स्वरूप एवं गुण छिपा हुआ है। **795**
मण्णुळाय् कॊल् विण्णुळाय् कॊल्* मण्णुळे मयङ्गि निन्रु* एण्णुम् एण् अगप्पडाय् कॊल्* एन्न मायै निन् तमर्* कण्णुळाय् कॊल् शेयै कॊल्* अनन्दन् मेल् किडन्द एम् पुण्णिया* पुनन्दुळाय्* अलङ्गल् अम् पुनिदने ! ॥ ४५॥	प्रभु ! आप यहां धरती पर हैं या आकाश में हैं ? आप क्या अनगिनत सांसारिक विचित्रताओं में से एक हैं ? आप क्या प्रिय भक्तों की आंखों में बसे हैं ? आप क्या इन सबों से बहुत दूर हैं ? हे सागर सायी प्रभु ! **796**
तोडुपॆय्द तण् तुळाय्* अलङ्गलाडु शॆन्नियाय्* कोडुपट्रि आळि एन्दि* अञ्जिरै प्पुळ् ऊर्दियाल्* नाडुपॆट्र नन्मै एण्णम्* इल्लैयेनुम् नायिनेन्* वीडु पॆट्रिरप्पॊडुम्* पिरप्परुक्कुमा शॊल्ले॥ ४६॥	प्रभु ! आप अमृत सा मंजर के साथ तुलसी की माला पहने हुए हैं।शंख एवं चकधारी प्रभु ! पक्षीराज की सवारी करने वाले प्रभु ! इस नीचात्मा ने सांसारिक धन अर्जित नहीं किया तो क्या हुआ, कैसे यह आपके चरणों तक पहुंच सके तथा जीवन एवं मरण के बंधन से निकल सके ? **797**

कारॅाडॅात्त मेनि नङ्गळ्⋆ कण्ण ! विण्णिण् नादने⋆ नीर् इडत्त अरावणै⋆ क्किडत्ति एन्बर् अन्रियुम्⋆ ओरिडत्तै अल्लै⋆ एल्लै इल्लै एन्बर् आदलाल्⋆ शेर्विडत्तै नायिनेन्⋆ तॆरिन्दिरैञ्जुमा शॊल्ले ॥ ८७ ॥	श्याम घन सा वर्ण वाले प्रभु ! देवों के नाथ एवं हमलोगों के प्यारे ! हालांकि ऐसा कहा जाता है कि आप अकेले गहरे सागर में शेष शय्या पर सोये रहते हैं, परन्तु आप कल्पनातीत हैं, एवं समय तथा स्थान की सीमा से परे हैं। आंखों से भी प्यारे प्रभु, बताइये कहां आपसे मिलूं ? **798**
कुन्रिल् निन्रु वान् इरुन्दु⋆ नीळ् कडल् किडन्दु⋆ मण् ऑन्रु शॆन्र तॊन्रै उण्डु⋆ अदॊन्रिडन्दु पन्रियाय्⋆ नन्रु शॆन्र नाळवट्रळ्⋆ नल्लुयिर् पडैत्तवर्क्कु⋆ अन्रु देव मैत्तळित्त⋆ आदि देवन् अल्लैये ॥ ८८ ॥	आप पर्वत पर खड़े हैं, आकाश में बैठे हैं, समुद्र में सोये हैं, एवं पृथ्वी पर घूमते हैं। प्रभु ! आप समय पर सूकर बनकर आये एवं पृथ्वी को मिट्टी के ढ़ेले की तरह उठा लिये। प्रभु ! आपने संपूर्ण पृथ्वी को निगल लिया तथा उसे पुनः बाहर निकाल दिया। प्रभु ! आप ने स्त्रष्टा की भी सृष्टि की तथा सभी देवताओं पर निगरानी रखे हुए हैं। **799**
कॊण्डै कॊण्ड कोदै मीदु⋆ तेन् उलावु कूनि कून्⋆ उण्डै कॊण्डरङ्ग ओट्टि⋆ उळ् मगिळ्न्द नादन् ऊर्⋆ नण्डै उण्डु नारै पेर⋆ वाळै पाय नीलमे⋆ अण्डै कॊण्डु कॆण्डै मेयुम्⋆ अन्दणीर् अरङ्गमे ॥ ८९ ॥	प्रभु ! आप मधुमक्खी से भरे फूलके जूड़े वाली से आनन्दित हुए, उसने आपको चंदन दिया और आपने उसकी टेढ़ी रीढ़ को सीधा कर दिया। आप अरंगम ऊर यानी श्रीरंगम में रहते हैं जहां पोनै का जल बहता है, जिसमें केंकड़ा एवं बगुला, कया एवं केन्दै मछली, तथा नीले कमल वर्तमान हैं। **800**
वॆण् तिरै क्करुङ्गडल्⋆ शिवन्दुवेव मुन् ओर् नाळ्⋆ तिण् तिरल् शिलैक्कै वाळि⋆ विट्टवीरर् शेरुम् ऊर्⋆ एण् तिशै क्कणङ्गळुम्⋆ इरैञ्जि आडु तीर्त्त नीर्⋆ वण्डिरैत्त शोलैवेलि⋆ मन्नुशीर् अरङ्गमे ॥ ५० ॥	फेन का श्वेत रंग एवं सागर का काला रंग तप्त बाणों का लाल रंग हो गया। आप महान धनुष धारण कर जगत के नेता हो गये। आप अरंगम ऊर यानी श्रीरंगम में रहते हैं जहां यात्री बागों एवं उपजाउ क्षेत्र से बहने वाली कावेरी के जल में डुबकी लगाते हैं। **801**
शरङ्गळै तुरन्दु⋆ विल् वळैत्तिलङ्गै मन्नवन्⋆ शिरङ्गळ् पत्तरुत्तुदिर्त्त⋆ शॆल्वर् मन्नु पॊन्निडम्⋆ परन्दुपॊन् निरन्दु नुन्दि⋆ वन्दलैक्कुम् वार् पुनल्⋆ अरङ्गम् एन्बर् नान् मुगत्तयन् पणिन्द⋆ कोयिले ॥ ५१ ॥	हमलोग के लाड़ले एवं श्रीसंपन्न प्रभु ने धनुष से बाण की वर्षा कर राक्षसों का गढ़ लंका के राजा रावण के मस्तक काट डाले। आप ऐसे जल स्त्रोत में रहते हैं जिसकी लहरें सुवर्ण का ढ़ेर जमा करती हैं और यह है बह्मा से पूजित अरंगम ऊर यानी श्रीरंगम का प्रसिद्ध मंदिर। **802**
पॊट्रै उद्र मुट्रल् यानै⋆ पोर् एदिरन्दु वन्ददै⋆ पट्रि उट्र मट्रदन्⋆ मरुप्पॊशित्त पागन् ऊर्⋆ शिट्रॆयिट्रु मुट्रल् मूङ्गिल्⋆ मून्रु तण्डर् ऑन्रिनर्⋆ अट्र पट्रर् शुट्रि वाळुम्⋆ अन्दणीर् अरङ्गमे ॥ ५२ ॥	युद्ध की ललकार के साथ जब हाथी आपके सामने आया तो उस पर अपनी दृढ़ पकड़ के साथ आपने उसके दांत निकाल लिये। सात्विक, समर्पित, एवं कामनाहीन त्रिदंड धारी महात्मागन कावेरी के टापू अरंगम ऊर यानी श्रीरंगम में निवास करते हैं। **803**

मोडि योडिलच्चैयाय॰ शापम् एय्दि मुक्कणान्॰ कूडुशेनै मक्कळोडु॰ कॉण्डु मण्डि वॅञ्जमत्तु ओड॰ वाणन् आयिरम्॰ करङ्गळित्त आदि माल्॰ पीडु कोयिल् कूडु नीर्॰ अरङ्गम् एन्ऱ पेरदे॥५३॥	शिवजी के शाप से पर्वती देवी अपने पुत्रों एवं अन्य देवताओं के साथ विपत्ति से निपटने के लिये भाग चलीं जबकि बाना अपने हजारों हाथों से चारो ओर से आक्रमण किये हुए था।चक्रधारी प्रभु शांत अरंगम ऊर यानी श्रीरंगम में आज निवास करते हैं। **804**
इलैत्तलै च्चरम् तुरन्दु॰ इलङ्गै कट्टळित्तवन्॰ मलैत्तलै प्पिऱन्दिळिन्दु॰ वन्दु नुन्दु शन्दनम्॰ कुलैत्तलैत्तिऱुत्तॆऱिन्द॰ कुङ्गुम क्कुळम्बिनोडु॰ अलैत्तॊळुगु काविरि॰ अरङ्गमेय अण्णले॥५४॥	प्रभु ने लंका पर बाणों की वर्षा कर उसे ध्वंस कर दिया। आप तेज ज्वारों वाली कावेरी के मध्य अरंगम ऊर यानी श्रीरंगम में निवास करते हैं। कावेरी ऊपर के पहाड़ों से निकलकर तीव्रगति से ढ़लानों पर बहती हुई रास्ते से चन्दन वृक्ष, लाल एवं नारंगी बालू को लाती है। **805**
मन्नु मा मलर् क्किळत्ति॰ वैय मङ्गै मैन्दनाय्॰ पिन्नुम् आयर् पिन्नै तोळ्॰ मणम् पुणर्न्ददन्ऱियुम्॰ उन्न पादम् एन्न शिन्दै॰ मन्न वैत्तु नल्गिनाय्॰ पॊन्नि शूळ् अरङ्गमेय॰ पुण्डरीकन् अल्लैये॥५५॥	आप श्री एवं भू देवी के नाथ हुए। आप गोप वंश के पिन्नै के भी दुलहा हुए। आपने अपने चरण कमल को हमारे मन में बैठा दिया है। कमल जैसे प्रभु ! आप अरंगम ऊर यानी श्रीरंगम में निवास करते हैं। **806**
इलङ्गै मन्नन् ऐन्दॊडैन्दु॰ पैन्दलै निलत्तुग॰ कलङ्ग अन्ऱु शॆन्ऱु कॊन्ऱु॰ वॆन्ऱि कॊण्ड वीरने॰ विलङ्गु नूलर् वेद नावर्॰ नीदियान केळ्वियार्॰ वलङ्गॊळ क्कुडन्दैयुळ्॰ किडन्द मालुम् अल्लैये॥५६॥	लंका के राजा के पांच और पांच मस्तक जमीन पर लोटे, और आपने युद्ध कर उसपर विजय पायी। वैदिक मंत्र वक्ता विद्वानगन एवं वैदिक अर्चकगन करबद्ध होकर कुदन्दै मंदिर में आते हैं। **807**
शङ्गुदङ्गु मुन्गै नङ्गै॰ कॊङ्गै तङ्गल् उट्रवन्॰ अङ्गमङ्ग अन्ऱु शॆन्ऱु॰ अडर्त्तॆऱिन्द आळियान्॰ कॊङ्गुदङ्गु वार् कुळल्॰ मडन्दैमार् कुडैन्द नीर्॰ पॊङ्गुदण् कुडन्दैयुळ्॰ किडन्द पुण्डरीकने !॥५७॥	सीता की उरोज की कामना रखने वाला राक्षस राज रावण को आपने बाण से माार दिया।आप कुदन्दै के जल में शयन करते हैं जहां सुगंधित फूल के लंबे जूड़े वाली नारियां स्नान एवं जल विहार करने आती हैं। **808**
मरम् कॆड नडन्दडर्त्तु॰ मत्त यानै मत्तगत्तु॰ उरम् कॆड प्पुडैत्तु॰ ओर् कॊम्बॊशित्तुगन्द उत्तमा॰ तुरङ्गम् वाय् पिळन्दु॰ मण् अळन्द पाद॰ वेदियर् वरम् कॊळ क्कुडन्दैयुळ्॰ किडन्द मालुम् अल्लैये॥५८॥	युगल अर्जुन वृक्ष के बीच सरकते हुए आप ने उसे घास के दो पत्तों की तरह गिरा दिया। आपने मदमत्त हाथी के सिर पर प्रहार कर उसके दांत आसानी से उखाड़ लिए। केशी घोड़ा के जबड़ों को फाड़ा एवं एक ही पग में पृथ्वी को माप दिया। कुदन्दै के शांत स्थल में आप वैदिक ऋषियों के वरदान होकर रहते हैं। **809**

शालि वेलि तण् वयल्⋆ तडङ्गिडङ्गु पूम्बॊऴिल्⋆ कोल माडनीडु⋆ तण् कुडन्दै मेय कोवला⋆ कालनेमि वक्करन्⋆ करन् मुरन् शिरम् अवै⋆ कालनोडु कूड⋆ विल् कुनित्त विऱ् कै वीरने ! ॥५९॥	गोपवंश के प्रभु ! खेतों एवं बागों से घिरे अच्छे अटारियों से युक्त कुदन्दै के जल में आप शयन करते हैं। कालनेमि के मस्तक को जमीन पर लुघड़ाते हुए आपने उसे नरक भेज दिया। आपने बक्रदन्त एवं भयानक मुरा के सिर काट डाले। **810**
शॆऴुङ्गॊऴुम् पॆरुम्बनि पॊऴिन्दिड⋆ उयरन्द वेय् विऴुन्दुलरन्दॆऴुन्दु⋆ विण् पुडैक्कुम् वेङ्गडत्तुळ् निन्ऱु⋆ एऴुन्दिरुन्दु तेन् पॊरुन्दु⋆ पूम्बॊऴिल् तऴै क्कॊऴुम्⋆ शॆऴुन् तडङ्गुडन्दैयुळ्⋆ किडन्द मालुम् अल्लैये॥६०॥	आप उस वेंकटम पर्वत पर खड़े हैं जहां बांस भी प्रार्थना करना जानते हैं। रात की ओस यानी शीत के साथ वे जमीन पर झुक जाते हैं और दिन के सूर्य की गर्मी के साथ वे उठ खड़े होते हैं। आप कुदन्दै में लेटे हैं जहां मधुमक्खियां फूलों में भरी रहती हैं। वे ऊपर उड़ कर फिर प्रभु का अमृत पीने के लिये नीचे आ जाते हैं। **811**
नडन्द काल्गळ् नॊन्दवो⋆ नडुङ्गु ञालम् एनमाय्⋆ इडन्द मॆय् कुलुङ्गवो⋆ विलङ्गु माल् वरै च्चुरम्⋆ कडन्द काल् परन्द⋆ काविरि क्करै क्कुडन्दैयुळ्⋆ किडन्दवाऱॆऴुन्दिरुन्दु पेशु⋆ वाऴि केशने ! ॥६१॥	क्या आपके पैर में चोट के कारण या पैर थक जाने के कारण ः भूदेवी के उठाने से, या पृथ्वी के मापने से आप उस कावेरी के मध्य सोये हैं, जो कुदन्दै के समतल में विभिन्न स्त्रोतों में वंट जाती है। विनती है कि उठिये और एक शब्द बोलिये। हे केशव ! हे अलौकिक वराह ! **812**
करण्डम् आडु पॊय्गैयुळ्⋆ करुम् पनै प्पॆरुम् पऴम्⋆ पुरण्डु वीऴ वाळै पाय्⋆ कुरुङ्गुडि नॆडुन्दगाय्⋆ तिरण्ड तोळ् इरणियन्⋆ शिनङ्गॊळ् आगम् ऒन्ऱैयुम्⋆ इरण्डु कूऱु शॆय्दुगन्द⋆ शिङ्गम् एन्बदुन्नैये॥६२॥	वालै मछली वाले ताल के किनारे पुराने कुरूंगुदी के प्रभु ! जल पक्षी एक पैर पर खड़े हैं एवं ताड़ के फल जमीन पर गिरे हैं। मजबूत अंगों वाला हिरण्य नरसिंह के द्वारा दो टुकड़ों में चीर दिया गया। प्रभु ! कृपया बताइये कि क्या वह आप नहीं थे ? **813**
नन्ऱिरुन्दु योग नीदि⋆ नण्णुवार्कळ् शिन्दैयुळ्⋆ शॆन्ऱिरुन्दु तीविनैगळ्⋆ तीर्त्त देव देवने⋆ कुन्ऱिरुन्द माड नीडु⋆ पाडगत्तुम् ऊरगत्तुम्⋆ निन्ऱिरुन्दु वॆग्कणै⋆ क्किडन्ददॆन्न नीर्मैये॥६३॥	योग मार्ग का अवलंब लेने वाले सबों के मन में आप बसते हैं।देवों के प्रभु ! आप उनके पास जाकर उनके मार्ग को सरल बनाते हैं जिससे कि वे आप तक आ सकें। प्रभु ! आप पडगम (कांचीपुरम पांडवदूत भगवान) में बैठते हैं, प्राचीन उरूगम (कांचीपुरम उलगलंदा पेरूमल यानी त्रिविकम भगवान) में खड़े हैं, और महलों से घिरे वेग्का (कांचीपुरम यथोक्तकारी भगवान) में शयन करते हैं। **814**
निन्ऱदॆन्दै ऊरगत्तु⋆ इरुन्ददॆन्दै पाडगत्तु⋆ अन्ऱु वॆग्कणै क्किडन्ददु⋆ एन् इलाद मुन्नॆलाम्⋆ अन्ऱु नान् पिऱन्दिलेन्⋆ पिऱन्द पिन् मऱन्दिलेन्⋆ निन्ऱदुम् इरुन्ददुम्⋆ किडन्ददुम् एन् नॆञ्जुळे॥६४॥	पुराकाल में जब मैं शून्य था प्रभु वेग्का में सोये थे, पडगम में बैठे थे, एवं उरूगम में खड़े थे। उस समय तक आत्मा की रचना हुई नहीं थी। लेकिन एक बार सृजन हो जाने के बाद फिर आपका सोना, खड़ा होना, एवं बैठना भूला नहीं हूं, सब मेरे हृदय में है।**815**

निर्पदुम् ओर् वैर्पगत्तु⋆ इरुप्पुम् विण् किडप्पदुम्⋆ नर् पैरुन् तिरै क्कडलुळ्⋆ नान् इलाद मुन्नेलाम्⋆ अर्पुदन् अनन्त शयनन्⋆ आदिबूदन् मादवन्⋆ निर्पदुम् इरुप्पदुम्⋆ किडप्पदुम् एन्नेञ्जुळे॥ ६५ ॥	आप का ऊंचे पर्वत पर खड़ा होना, आकाश में बैठना, गहरे समुद्र में सोना, सब आत्मा के सृजन के पहले था। अलौकिक प्रभु! प्रथम कारण प्रभु ! शाश्वत शयनावस्था वाले प्रभु ! आपका खड़ा होना, बैठना, एवं सोना सब मेरे हृदय में है।**816**
इन्रु शादल् निन्रु शादल्⋆ अन्रि यारुम् वैयगत्तु⋆ ऑन्रि निन्रु वाळ्तल् इन्मै⋆ कण्डुम् नीशर् एन्गोलो⋆ अन्रु पार् अळन्द पाद⋆ पोदै उन्नि वानिन्मेल्⋆ शेन्रु शेन्रु देवराय्⋆ इरुक्किलाद वण्णमे॥ ६६ ॥	शायद आज या आज नहीं तो किसी एक दिन हम सभी मृत्यु को प्राप्त होंगे। यह निश्चित है कि इस धरा धाम पर कोई अमर नहीं है। पूर्व में प्रभु आपने पृथ्वी को मापा था, वही आपके चरण उनके सहयोगी हैं जो देवों एवं अन्य पारलौकिक जीवों के साथ आपकी पूजा के लिये जाते हैं।**817**
शण्ड मण्डलत्तिन् ऊडु⋆ शेन्रु वीडु पेट्रु मेल्⋆ कण्डु वीडिलाद कादल्⋆ इन्बम् नाळुम् एय्दुवीर्⋆ पुण्डरीक पाद⋆ पुण्य कीर्त्ति नुम् शेवि मडुत्तु⋆ उण्डु नुम् उरुविनै⋆ त्तुयरुळ् नीङ्गि उय्म्मिनो॥ ६७।	सूर्य के साथ चलकर ऊच्च स्थिति में रहना ः जो प्रेम करना चाहते हैं तथा आनन्द में सतत जीना चाहते हैं उन्हें चरण कमल की प्रशस्ति का कर्णामृत पान करना चाहिये। पुराने कर्म के बोझ दूर होकर चैतन्य अवस्था की प्राप्ति होगी। **818**
मुत्तिरत्तु वाणियत्तु⋆ इरण्डिल् ऑन्रु नीशर्गळ्⋆ मत्तराय् मयङ्गुगिन्रदु⋆ इट्टदिल् इरन्दु पोन्दु⋆ एत्तिरत्तुम् उय्वदोर्⋆ उपायम् इल्लै उय्गुरिल्⋆ तॉत्तिरुत्त तण् तुळाय्⋆ नन्मालै वाळ्त्ति वाळ्मिनो॥ ६८ ॥	तीन गुण ः दो में से एक है कि नीच लोग कष्ट के जीवन से तब तक प्यार करते हैं जब तक मृत्यु उनकी सहायता में नहीं आता। कर्म के समुद्र को पार करना आसान नहीं है और अगर अवश्य पार ही करना चाहते हो तो तेजोमय वक्षस्थल पर तुलसी की माला धारण करने वाले प्रभु का गुणानुवाद करो। **819**
काणिलुम् उरु प्पॉलार्⋆ शेविक्किनाद कीर्त्तियार्⋆ पेणिलुम् वरन्दर⋆ मिडुक्किलाद देवरै⋆ आणम् एन्रडैन्दु वाळुम्⋆ आदर्गाळ् ! एम् आदिपाल्⋆ पेणि नुम् पिरप्पैनुम्⋆ पिणक्करुक्क किऱ्िरे॥ ६९ ॥	संसारी जीव छोटे देवों के शरण जाते हैं जिनके स्वरूप एवं यश प्रशस्त नहीं हुए हैं, जिनको फल देने का कोई अधिकार नहीं है। अगर आप जन्म मरण के बन्धन को काटना चाहते हैं, तो आदि नाथ की पूजा कीजिये जो इसलोक तथा परलोक में जीवन प्रदान करते हैं। **820**
कुन्दमोडु शूलम् वेल्गळ्⋆ तोमरङ्गळ् तण्डु वाळ्⋆ पन्दमान देवर्गळ्⋆ परन्दु वानगम् उर⋆ वन्द वाणन् ईरैञ्ञूरु⋆ तोळ्गळै त्तुणित्त नाळ्⋆ अन्द अन्द आगुलम्⋆ अमररे अरिवरे॥ ७० ॥	भाला, फरसा, त्रिशूल, छूरा, लाठी आदि धारण करने वाले देवगन युद्ध से भाग कर आकाश में शरण लिये। तब सहस्त्र हाथ वाले बाणा ने अपनी भुजायें तथा कंधे खो दिये। चक्र ने जो विनाश किया उसके साक्षी आकाश के देवगण हैं। **821**

वण्डुलावु कोदै मादर्★ कारणत्तिनाल् वॆंगुण्डु★ इण्ड वाणन् ईरैञ्ञूऱु★ तोळ्गळै त्तुणित्तनाळ्★ मुण्डण् नीऱन् मक्कळ् वॆप्पु★ मोडियङ्गि ओडिड कण्डु★ नाणि वाणनुक्किरङ्गिनान्★ ऎम् मायने॥७१॥	मधुमक्खी लिपटे माला वाली बेटी की सुरक्षा के लिये सहस्त्रों हाथ वाला बाणा युद्ध में आया जहां उसके सारी भुजायें नष्ट हो गयीं। भस्म लपेटे जटाधारी शिव अपने बच्चों एवं पत्नि के साथ चक्र की ज्वाला से चरवाहे प्रभु की दया से बच सके। **822**
पोदिल् मङ्गै पूदल क्किळत्ति★ देवि अन्ऱियुम्★ पोदुदङ्गु नान्मुगन् मगन्★ अवन् मगन् शॊल्लिल्★ मादुदङ्गु कूऱन् एऱ★ अदूर्ति ऎन्ऱु वेद नूल्★ ओदुगिन्ऱदूण्मै★ अल्लदिल्लै मट्रैक्किल्ले॥७२॥	कमल वाली श्री वक्षस्थल पर एवं भू देवी चरणों पर आपकी सहधर्मिनी हैं एवं आपके नाभि कमल पर स्त्रष्टा देव बैठे हैं। ऐसा वेद कहता है कि अर्द्धनारीश्वर वृषारोही शिव ब्रह्मा के पुत्र हैं बाकी सब झूठ है। **823**
मरम् पॊद च्चरम् तुरन्दु★ वालि वीळ मुन् ओर् नाळ्★ उरम् पॊद च्चरम् तुरन्द★ उम्बर् आळि ऎम्बिरान्★ वरम् कुऱिप्पिल् वैत्तवर्क्कु★ अलादु वानम् आळिलुम्★ निरम्बु नीडु पोगम् ऎत्तिऱत्तुम्★ यार्क्कुम् इल्लैये॥७३॥	पूर्व में देवों के नाथ हमारे प्रभु ने एक बाण से वृक्षों को बेध दिया एवं एक बाण से बानर जाति के राजा वाली की छाती को बेध दिया। जो आकाश के नाथ हैं उनको प्राप्त करने का जो लक्ष्य नहीं रखता उसको यहां पूर्णानन्द किसी अन्य से तथा अन्य साधन से मिलने को रहा। **824**
अऱिन्दऱिन्दु वामनन्★ अडियणै वणङ्गिनाल्★ शॆऱिन्दॆळुन्द ञानमोडु★ शॆल्वमुम् शिऱन्दिडुम्★ मऱिन्दॆळुन्द तॆण् तिरैयुळ्★ मन्नु माले वाळ्त्तिनाल्★ पऱिन्दॆळुन्दु तीविनैगळ्★ पट्रऱुदल् पान्मैये॥७४॥	ज्ञान एवं शिक्षा से जो वामन भगवान की पूजा करते हैं उनके लिये जागृति एवं संपन्नता आप हीं हैं। सागर में सोने वाले ऊपर के प्रभु की जो यशगाथा गाते हैं उनका हृदय पूर्व कर्मों के बन्धन से मुक्त हो जाता है। **825**
ऒन्ऱि निन्ऱु नट्रवम् शॆय्दु★ ऊळि ऊळिदोऱॆल्लाम्★ निन्ऱु निन्ऱवन् गुणङ्गळ्★ उळ्ळि उळ्ळम् तूयराय्★ शॆन्ऱु शॆन्ऱु देव देवर्★ उम्बर् उम्बर् उम्बराय्★ अन्ऱि ऎङ्गळ् शॆङ्गण्माले★ यावर् काण वल्लरे॥७५॥	बार बार मन उन पर लगाकर हृदय को स्थिर करो।उनके गुणों को समझो जो अनादि काल से उनके साथ है। उनके नाम को बार बार स्मरण कर देवों के देव को प्राप्त करो। इसके सिवा शेंगानमालै के प्रभु से मिलने का अन्य कोई उपाय नहीं है। **826**
पुन्बुल वळि अडैत्तु★ अरक्किलच्चिनै शॆय्दु★ नन्बुल वळिदिऱन्दु★ ञान नर् चुडर्गॊळी इ★ ऎन्बिल् ऎळ्गिनॆञ्जुरुगि★ उळ्गनिन्दॆळुन्ददोर्★ अन्बिलन्ऱि आळियानै★ यावर् काण वल्लरे॥७६॥	इन्द्रियों को काबू में रखो एवं निश्चित मार्ग तय करो। अपने हृदय के कपाट को खोलकर उसमें दीपक जलाओ। झूमते शरीर, पिघलते हृदय, एवं ज्ञान के परिपक्व मृदु ध्वनि से जो प्रेम का लहर उठेगा उसी से प्रभु का दर्शन होगा। **827**

एट्टुम् एट्टुम् एट्टुमाय्* ओर् एळुम् एळुम् एळुमाय्* एट्टु मून्रुम् ऑन्रुम् आगि* निन्र् आदि देवनै* एट्टिन् आय पेदमोडु* इरैञ्जि निन्रवन् पैयर्* एट्टेळुत्तुम् ओदुवार्गळ्* वल्लर् वानम् आळवे॥७७॥	प्रथम कारण प्रभु चौबीस एवं इक्कीस हैं तथा बारह आदित्य हैं। प्यारे समर्पित भक्तगण जो आपके चरण कमल पर नतमस्तक होते हैं एवं अष्टाक्षर से आपके नाम को जानते हैं वे ऊपर गगन के स्वामी होते हैं। **828**
शोर्विलाद कादलाल्* तौंडक्करा मनत्तराय्* नीर् अरावणै क्किडन्द* निन्मलन् नलङ्गळल्* आर्वमोडिरैञ्जि निन्रु* अवन् पैयर् एट्टेळुत्तुम्* वारम् आग ओदुवार्गळ्* वल्लर् वानम् आळवे॥७८॥	स्थिर प्रेम हृदय को भरता है एवं सागर में शेषशायी के चरणकमल के प्रेम से हृदय सदा भरा रहता है। जो खड़ा होकर अष्टाक्षर से आपके नाम का उच्चारण करते हैं उन्हें आप सुरक्षा एवं गगन का स्वामित्व प्रदान करते हैं। **829**
पत्तिनोडु पत्तुमाय्* ओर् एळिनोडौरैन्बदाय् पत्तिनाल् दिशैक्कण् निन्र्* नाडु पैढ् नन्मैयाय्* पत्तिन् आय तोढ्मोडु* ओर् आढ्ल् मिक्क आदिपाल्* पत्तराम् अवर्क्कलादु* मुत्ति मुढ्ल् आगुमे॥७९॥	प्रभु आठों दिशाओं, ऊपर, नीचे एवं सोलहों पर शासन करते हैं। आप ही संपूर्ण ब्रह्मांड एवं चारों दिशाओं पर शासन करते हैं। आपके दस अवतार हमलोगों के प्रति आपका प्रेम प्रदर्शित करता है। आपके चरणकमल की सेवा से हमारा निश्चित उद्धार होगा। **830**
वाशि आगि नेशम् इन्रि* वन्दॆदिरन्द देनुकन्* नाशम् आगि नाळ् उलप्प* नन्मै शेर् पनङ्गनिक्कु* वीशि मेल् निमिरन्द तोळिल्* इल्लै आक्किनाय् कळर्कु* आशै आम् अवर्क्कलाल्* अमरर् आगल् आगुमे॥८०॥	प्यार विहीन घृणित धेनुकन गदहा पहाड़ की भांति था। आपने उसे नचाकर ताड़ वृक्ष पर दे मारा। दिव्य चरण कमल वाले प्रभु ! आपने असुरों के समूह का नाश किया। आप पर हृदय से प्रेम करने से नश्वर जीव भी देवता हो जाता है। **831**
कडैन्दु पार्कडल् किडन्दु* कालनेमियै क्कडिन्दु* उडैन्द वालि तन् पिनुक्कु* उदव वन्दिरामनाय्* मिडैन्द एळ् मरङ्गळुम्* अडङ्ग एय्दु वेङ्गडम्* अडैन्द माल पादमे* अडैन्दु नाळुम् उय्म्मिनो॥८१॥	श्वेत क्षीरसागर के प्रभु ! कालनेमी के विजेता ! आप पृथ्वी पर कोदंड राम बनकर आये। आपने सुग्रीव को वचन दिया एवं वृक्षों को बेधते हुए एक वाण छोड़ा। वेंकटम में रहने वाले प्रभु ! सुन्दर पृथ्वी के लोगों, आओ प्रभु से प्रेम करो, एवं पुनर्जीवन प्राप्त करो। **832**
एत्तिरत्तुम् ऑत्तु निन्रु* उयरन्दुयरन्द पैढ्रियोय्* मुत्तिरत्तु मूरि नीर्* अरावणै त्तुयिन्र्* निन् पत्तुरुत्त शिन्दैयोडु* निन्रु पाशम् विट्टवर्क्कु* एत्तिरत्तुम् इन्बम् इङ्गुम्* अङ्गुम् एङ्गुम् आगुमे॥८२॥	सभी रूपों में मिलने वाले प्रभु ! सभी रूपों से पृथक रहने वाले प्रभु ! गहरे सागर में योग निद्रा में शेषशायी प्रभु ! आप पर जो निर्भर हैं और सबकुछ न्योछावर कर दिया है उनके लिये यहां वहां सभी जगह आनंद का जीवन प्रतीक्षा करता है। **833**

मट्टुलावु तण् तुळाय्⋆ अलङ्गलाय् ! पॉलन् कळल्⋆ विट्टु वीळ्विलाद पोगम्⋆ विण्णिल् नण्णि एरिनुम्⋆ एट्टिनोडिरण्डॅनुम्⋆ कयिट्रिनाल् मनन्दनै कट्टि⋆ वीडिलादु वैत्त कादल्⋆ इन्बम् आगुमे॥८३॥	अमृतमयी तुलसी के माला वाले प्रभु ! दिव्य चरणकमल वाले प्रभु ! शाश्वत स्वर्ग का आनंद मिला तो क्या हुआ ? हृदय को स्नेह के धागे से बांधकर आप को सतत याद करने से जो आनंद मिलता है वह कहीं ज्यादा प्यारा है। **834**
पिन् पिरक्क वैत्तनन् कॉल्⋆ अन्रि निन्रु तन् कळर्कु⋆ अन्बुरैक्क वैत्त नाळ्⋆ अरिन्दनन् कॉल् आळियान्⋆ तन् तिरत्तॉर् अन्बिला⋆ अरिविलाद नायिनेन्⋆ एन् तिरत्तिल् एङ्गॉल्⋆ एम्बिरान् कुरिप्पिल् वैत्तदे॥८४॥	प्रभु आप ही समय के चक्र को नियंत्रित करते हैं। क्या आप हमें दूसरा जन्म देकर इस पृथ्वी पर नीच तिरस्कृत कुत्ते की भांति रखेंगे या दिव्य तेजोमय वैकुण्ठ में अपने चरणकमलों की सेवा में लगायेंगे ? पता नहीं हमारे भाग्य में क्या है ? **835**
नच्चरा अणैक्किडन्द⋆ नाद ! पाद पोदिनिल्⋆ वैत्त शिन्दै वाङ्गुवित्तु⋆ नीङ्गुविक्क नी इनम्⋆ मॅय्त्तन् वल्लै आदलाल्⋆ अरिन्दनन् निन् मायमे⋆ उय्त्तु निन् मयक्किनिल्⋆ मयक्कल् एन्नै मायने ! ॥८५॥	शेषशायी प्रभु ! कमल के फूल जैसे चरण वाले प्रभु ! आप ही हमारे विचारों को बनाने एवं नष्ट करने में समर्थ हैं। हम अब यह जान गये कि आप हमारे चेतन से परे हैं । हमारे प्रभु! प्रार्थना करते हैं कि हमें पुनः इन्द्रियों के जाल में नहीं फंसाइये। **836**
शाडु शाडु पादने !⋆ शलङ्गलन्द पॉय्गैवाय्⋆ आडराविन् वन्पिडर्⋆ नडम् पयिन्र नादने⋆ कोडु नीडु कैय ! शॅय्य⋆ पाद नाळुम् उन्निनाल्⋆ वीडनाग मॅय्शॅयाद⋆ वण्णम् एन्गॉल् कण्णने ! ॥८६॥	प्रभु ! आपने गाड़ी को ध्वंस किया। आप ही ताल में प्रवेशकर कमल रूपी चरणों से सांप के फनों पर नृत्य किया। प्रभु ! आप हाथ में शंख धारण करने वाले हैं।आप पर हमेशा ध्यान लगाये रहते हैं फिर भी आप मुक्त नहीं करते। यह सब क्या है कन्ना प्रभु ? **837**
नॅट्रि पॅट्र कण्णन् विण्णिन्⋆ नादनोडु पोदिन् मेल्⋆ नट्रवत्तु नादनोडु⋆ मट्रुम् उळ्ळ वानवर्⋆ कट्र पॅट्रियाल् वणङ्गु⋆ पाद ! नाद ! वेद⋆ निन् पट्रलाल्लॉर् पट्रु मट्रदुट्रिलेन् उरैक्किले॥८७॥	वेद के प्रभु ! आपके चरण शिव पूजते हैं देवताओं के राजा इन्द्र पूजते हैं तथा कमलासीन ब्रह्मा पूजते हैं। ऊंचे स्वर्ग के सभी देव नतमस्तक होकर आपका प्रशस्ति गान करते हैं। सच्चाई यह है कि आपसे पृथक हमारे पास कोई प्रेम नहीं है जो हम अपने हृदय में रख सकें। **838**
वॅळ्ळैवेलै वॅर्पुनाट्टि⋆ वॅळ्ळॅयिट्रावळाय्⋆ अळ्ळला क्कडैन्द⋆ अन्ररुवरैक्कॉर् आमैयाय्⋆ उळ्ळ नोय्गाळ् तीर् मरुन्दु⋆ वानवर्क्कळित्त⋆ एम् वळ्ळलारै अन्रि⋆ मट्रॉर् दॅय्वम नान मदिप्पने॥८८॥	उदार प्रभु की हम प्रशस्ति गाते हैं। पुराकाल में दूध से भरे सागर के मंथन के लिये आपने कच्छप रूप में पर्वत का भार वहन किया। मेरू पर्वत के चारों ओर वासुकी नाग की मंथन रस्सी का उपयोग कर आपने अमृत मथ कर निकाला तथा उसे देवताओं को दिया। अब हम दूसरे देवता के पास कैसे जायेंगे ? **839**

पार् मिगुत्त पारम् मुन्⋆ ऑळिच्चुवान् अरुच्चनन्⋆ तेर् मिगुत्तु मायम् आक्कि⋆ निन्रु कॉन्रु वॅन्रिशेर्⋆ मारदर्क्कु वान् कॉडुत्तु⋆ वैयम् ऐवर् पालदाम्⋆ शीर् मिगुत्त निन् अलाल्⋆ ओर् दॅय्वम् नान् मदिप्पने॥८१॥	जगत को दुष्ट राजाओं से मुक्त कराने के लिये आप वीर अर्जुन के सारथी बने तथा आश्चर्य से भरे युद्ध का संचालन किया। आकाश आपने सौ पुत्रों (कौरवों) को दिया तथा पृथ्वी का राज्य पांच (पांडवों) को दिया। गौरवशाली नाथ ! आपको छोड़कर किस देवता की प्रशंसा करें ? **840**
कुलङ्गळाय ईरिरण्डिल्⋆ ऑन्रिलुम् पिरन्दिलेन्⋆ नलङ्गळाय नर्कलैगळ्⋆ नाविलुम् नविन्रिलेन्⋆ पुलन्गाळ् ऐन्दुम् वॅन्रिलेन्⋆ पॉरियिलेन् पुनिद⋆ निन् इलङ्गु पादम् अन्रि⋆ मट्रॉर् पट्रिलेन् एम् ईशने ! ॥९०॥	हाय ! न तो मैं अच्छे कुल का जन्मा हूं और न चारों वेदों की संस्कृति से परिचित हूं। पांचों इन्द्रियों के सुख को मैं जीत नहीं सका हूं। हे पावन प्रभु ! हमारे जीवन का एक मात्र आधार आपके चरण कमल की सेवा है। **841**
पण् उलावु मॅन् मॉळि⋆ प्पडै त्तडङ्गणाळ् पॉरुट्टु⋆ एण् इला अरक्करै⋆ नॅरुप्पिनाल् नॅरुक्किनाय्⋆ कण् अलाल् ओर् कण् इलेन्⋆ कलन्द शुट्रम् मट्रिलेन्⋆ एण् इलाद माय ! निन्नै⋆ एन्नुळ् नीक्कल् एन्रुमे॥९१॥	मृदु भाषिणी सीता के कटाक्ष नयनों के प्रेम के खातिर आपने अग्नि बाणों से राक्षस समूह का नाश किया। आप अकेले हमारे ध्यान में रहते हैं, हमारा कोई निकट संबंधी नहीं है। अनगिनत चमत्कारों वाले प्रभु ! हमें नहीं छोड़ने का अब वचन दीजिये। **842**
विडै क्कुलङ्गळ् एळ् अडर्त्तु⋆ वॅन्रि वेर्कण् मादरार्⋆ कडि क्कलन्द तोळ् पुणर्न्द⋆ कालि आय ! वेलै नीर्⋆ पडैत्तडैत्तदिल् किडन्दु⋆ मुन् कडैन्द निन् तनक्कु⋆ अडैक्कलम् पुगुन्द एन्नै⋆ अञ्जल् एन्न वेण्डुमे॥९२॥	गोपवंश के नाथ ! आपने पिन्नै देवी के लिये वृषभों से प्रतियोगिता में युद्ध किया तथा विजेता होकर उस किशोरी को अपने बाहों में समेट लिया। आपने सागर बनाया, इसका मंथन किया, यहां सोये, तथा इस पर सेतु का निर्माण किया। मैं केवल आप में शरणागति लेता हूं। हमें आश्वासन देते हुए कहिए 'डरो मत'। **843**
शुरुम्परङ्गु तण् तुळाय्⋆ तुदैन्दलर्न्द पादमे⋆ विरुम्बि निन्रिरैञ्जु वेर्कु⋆ इरङ्गरङ्ग वाणने⋆ करुम्बिरुन्द कट्टिये !⋆ कडल् किडन्द कण्णने⋆ इरुम्बरङ्ग वॅञ्जरम् तुरन्द⋆ विल् इरामने ! ॥९३॥	सुन्दर चरणकमल एवं अमृतमय सुगंधित तुलसी माला वाले प्रभु ! ईख के माधुर्य एवं गहरे सागर वाले आंखों के तारा ! महान धनुर्धारी ! आपने तेज बाणों की वर्षा कर दी। अरंगम ऊर यानी श्रीरंगम के नाथ ! प्रार्थना है कि आप भक्तों की पुकार को सुनें। **844**
ऊनिल् मेय आवि नी⋆ उरक्कमोडुणर्च्चि नी⋆ आनिल्मेय ऐन्दुम् नी⋆ अवट्रुळ् निन्र तूय्मै नी⋆ वानिनोडु मण्णुम् नी⋆ वळङ्गडल् पयनुम् नी यानुम् नी अदन्रि⋆ एम्बिरानुम् नी इरामने ! ॥९४॥	आप सुषुप्ता एवं जाग्रत अवस्था हैं, शरीर के भीतर प्राण हैं, गाय के पांच आनन्द हैं, एवं उसकी शुद्धता हैं। पृथ्वी एवं गहरे सागर तथा समस्त संपन्नता आप ही हैं। सीता राम ! आप हमारी आत्मा हैं एवं मेरे नाथ हैं। **845**
अडक्करुम् पुलन्गाळ्⋆ ऐन्दडक्कि आशैयाम् अवै⋆ तॉडक्करुत्तु वन्दु निन्⋆ तॉळिर्गण् निन्र एन्नै नी⋆ विड क्करुदि मॅय् शॅयादु⋆ मिक्कोर् आशै आक्किलुम्⋆ कडर् किडन्द निन् अलाल्⋆ ओर् कण्णिलेन् एम् अण्णले ! ॥९५॥	हमने पांचो इन्द्रियों का शमन किया, हमारा हृदय नीच विचारों से ग्रस्त था। उनको जड़ से उखाड़ कर आप के चरण सेवा में आ गया। आप निर्णय कीजिये कि हम जायें एवं हमारे हृदय को ज्यादा इच्छाओं से भर दीजिये। गहरे सागर में सोने वाले ! आपके अतिरिक्त खोजने वाला हमारा कोई नहीं है। **846**

वरम्बिलाद मायै ! माय !⋆ वैयम् एळुम् मैय्म्मैये⋆ वरम्बिल् ऊळि एत्तिलुम्⋆ वरम्बिलाद कीर्त्तियाय्⋆ वरम्बिलाद पल् पिरप्पु⋆ अरुत्तु वन्दु निन् कळल्⋆ पॊरुन्दुमा तिरुन्द नी⋆ वरम्शॆय् पुण्डरीकने ! ॥९६॥	अनन्त लीला वाले प्रभु ! सबके भीतर ऊपर नीचे के प्रभु ! अनन्त गाथा, अनन्त काल से प्रशंसित, अनन्त जन्म के चक्र को काटने वाले ! हमें ले चलें, एवं अपने पावन चरण से बांध दें। मेरी केवल यही एक प्रार्थना है। **847**
वॆय्य आळि शङ्गु दण्डु⋆ विल्लुम् वाळुम् एन्दु शीर्⋆ कैय शॆय्य पोदिल् मादु⋆ शेरुम् मार्ब नादने⋆ ऐयिल् आय आक्कै नोय्⋆ अरुत्तु वन्दु निन् अडैन्दु⋆ उय्वदोर् उपायम् नी⋆ एनक्कु नल्ग वेण्डुमे॥९७॥	प्रभु ! आपके हाथ धनुष, चक्र, खड्ग, शंख, एवं गदा धारण करते हैं। कमल के आसन पर बैठने वाली लक्ष्मी आपके विशाल वक्षस्थल के लिये उपयुक्त हैं। आपसे यह बताने के लिये प्रार्थना है कि कैसें मांस रक्त के शरीर को छोड़कर जन्म मरण के व्यूह से बाहर निकलें तथा करबद्ध आपकी सेवा में आ जायें। **848**
मरम् तुरन्दु वञ्जम् आढ़्⋆ ऐम् पुलन्गाळ् आशैयुम् तुरन्दु⋆ निन्कण् आशैये तॊडरन्दु⋆ निन्र नायिनेन्⋆ पिरन्दिरन्दु पेरिडर्⋆ च्चुळिक्कणिन्रु नीङ्गुमा⋆ मरन्दिडादु मर्ह्रॆनक्कु⋆ माय ! नल्ग वेण्डुमे॥९८॥	क्रोध एवं छल छोड़कर, पांचों इन्द्रियों से अलग होकर, मैं आपके श्रीचरणों के दर्शन की अनुमति मांगता हूं। हमारी कोई रंगीन ईच्छा नहीं है। अनंत लीला के प्रभु ! जन्म मरण के फंदा से निकालकर आप मुझे अपने चरणकमल में आश्रय दें। **849**
काट्टिनान् शॆय् वल्विनै⋆ पयन् तनाल् मनन्दनै⋆ नाट्टि वैत्तु नल्ल अल्ल⋆ शॆय्य एण्णिनार् एन⋆ केट्टदन्रि एन्नदावि⋆ पिन्नै केळ्व ! निन्नॊडुम्⋆ पूट्टि वैत्त एन्नै⋆ निन्नुळ् नीक्कल् पूवै वण्णने ! ॥९९॥	खिले हुए कया फूल के श्यामल रंग वाले एवं नप्पिनाय के दुलहा ! आपने कृपा करके मुझे आशीष दिया और हमारे हृदय को अपने पास तक बुलाया। जो मैंने सुना कि मृत्यु के देवता हमारा नुकसान करेंगे यह गलत है। आप अपने हृदय में हमें स्थान दें। मेरी प्रार्थना है कि मुझे अब नहीं छोड़ें। **850**
पिरप्पिनोडु पेरिडर्⋆ च्चुळिक्कण् निन्रुम् नीङ्गुम् अग्दु⋆ इरप्प वैत्त ज्ञान नीशरै⋆ क्करै क्कॊडेट्टुमा⋆ पॆर्करिय निन्न पाद⋆ पत्ति आन पाशनम्⋆ पॆर्करिय मायने !⋆ एनक्कु नल्ग वेण्डुमे॥१००॥	दुखद जन्म एवं मरण के चक्र में पड़े हुए बुद्धिहीन जन पावन चरण को पकड़कर दृढ़ विश्वास के धागा से बंधे किनारा पहुंचने का सोंच सकते हैं। कठिनता से मिलने वाले प्रभु ! आप मेरी सहायता प्रारंभ कर दें। **851**
इरन्दुरैप्पदुण्डु वाळि⋆ एम नीर् निरत्तमा⋆ वरम् तरुम् तिरुक्कुरिप्पिल्⋆ वैत्तदागिल् मन्नु शीर्⋆ परन्द शिन्दै ऑन्रि निन्रु⋆ निन्न पाद पङ्गयम्⋆ निरन्दरम् निनैप्पदाग⋆ नी निनैक्क वेण्डुमे॥१०१॥	आपकी जय हो ! गहरे समुद्र के समान वर्ण वाले प्रभु ! प्रार्थना है, कृपया हमारी सुनें । अगर आप वर देना चाहते हैं तो हमारी विनती है कि हमारे विखरे भटकते मन को एकीकृत करके शाश्वत पूज्य अपने चरणकमल में लगा दें। **852**
विळिवलाद कादलाल्⋆ विळङ्गु पाद पोदिल् वैत्तु⋆ उळ्ळु वेनदून नोय्⋆ ऑळिक्कुमा तॆळिक्कु नीर्⋆ पळ्ळि माय पन्रि आय⋆ वॆन्रि वीर कुन्रिनाल्⋆ तुळ्ळुनीर् वरम्बु शॆय्द⋆ तोन्रल् ऑन्रु शॊल्लिडे॥१०२॥	सदा आपकी अर्चना करते हुए हमारा मन आपके चरण कमल पर है। ज्वार भाटा वाले समुद्र के नाथ ! हे वराह स्वरूप ! आपने पृथ्वी को ऊपर उठाया। गहरे महान समुद्र पर सेतु बनाने वाले प्रभु ! विनती है कि कुछ शब्दों में हमें बता दें कि कैसे हमारे रक्त मांस के शरीर को आप रक्षा प्रदान करने जारहे हैं ? **853**

तिरु क्कलन्दु शेरु मार्ब !⋆ देव देव देवने⋆ इरु क्कलन्द वेद नीदि⋆ आगि निन्ऱ निन्मला⋆ करु क्कलन्द काळमेग⋆ मेनि आय निन् पेयर्⋆ उरु क्कलन्दॊळिविलादु⋆ उरैक्कुमाऱुरै शॆये॥१०३॥	वक्षस्थल पर श्रीदेवी वाले प्रभु ! देवों के नाथ! देवों के देव ! चारों वेद में वर्णित निष्कलंक वर्ण वाले ! घने मेघ के वर्ण वाले एवं सुनहले आकाश के तेज वाले! विनती है कि हमें आपके नाम एवं रूप के बारे में बिना कोई व्यवधान के सारा जीवन बड़बड़ाते रहने दें। **854**
कडुङ्गवन्दन् वक्करन्⋆ करन् मुरन् शिरम् अवै इडन्दु कूऱु शॆय्द⋆ पल् पडै त्तडक्कै मायने⋆ किडन्दिरुन्दु निन्ऱियङ्गु⋆ पोदुम् निन्न पॊर्कळल्⋆ तॊडर्न्दु विळ्विलाददोर्⋆ तॊडर्च्चि नल्ग वेण्डुमे॥१०४॥	महान भुजाओं में भिन्न तरह के आयुध धारण करने वाले आश्चर्यमय देव ! आपने कबंध, बकदंत, एवं मुर का बध कर उनके सिरों को जमीन पर लुघड़ा दिया। खड़े, बैठे, एवं सोये सभी अवस्थाओं में हम आपके दिव्य चरण का दर्शन करते हैं। विनती है कि हमारे विचारों को निर्बाध रूप से केवल आप के बारे में प्रवाहित होते रहने दें। **855**
मण्णै उण्डुमिळ्न्दु⋆ पिन् इरन्दु कॊण्डळन्दु⋆ मण् कण्णुळ् अल्लदिल्लै ऎन्ऱु⋆ वॆन्ऱ कालम् आयिनाय्⋆ पण्णै वॆन्ऱ इन्शॊल् मङ्गै⋆ कॊङ्गै तङ्गु पङ्गय कण्ण⋆ निन्नवण्णम् अल्लदिल्लै⋆ ऎण्णुम् वण्णमे॥१०५॥	आप पृथ्वी को बनाये और फिर उसे खा गये। आपने पृथ्वी का दान मांगा और उसे पग से माप दिया। तब यह देखते हुए कि पृथ्वी आपके बिना नहीं रह सकती आप 'समय यानी काल' बनकर आये। कमल के समान वदन एवं सौंदर्यमयी उरोजपूर्ण मृदु भाषिणी लक्ष्मी के साथ प्रभु ! आपके बारे में सोचने का एकमात्र उपाय है आपके स्वरूप को मन के चित्रपट में देखना। **856**
करुत्तॆदिर्न्द कालनेमि⋆ कालनोडु कूड⋆ अन्ऱु अरुत्त आळि शङ्गु दण्डु⋆ विल्लुम् वाळुम् ऎन्दिनाय्⋆ तॊरु क्कलन्द ऊनम् अग्दु⋆ ऒळिक्क अन्ऱु कुन्ऱम् मुन्⋆ पॊरुत्त निन् पुगळ्क्कलाल् ओर्⋆ नेशम् इल्लै नॆञ्जमे ! ॥१०६॥	कालनेमी के बध के लिये आपने तीक्ष्ण चक का प्रयोग किया। आप अच्छे आयुधों शंख चक खड्ग गदा एवं धनुष धारण करते हैं।आपतकाल में गायों की रक्षा हेतु आपने पर्वत को ऊंचा उठा लिया। आपके लीला पथ के चमत्कारों को सुनने के लिये हमारा हृदय लालायित रहता है। **857**
काय् शिनत्त काशि मन्नन्⋆ वक्करन् पवुण्डिरन्⋆ माशिनत्त मालि मान्⋆ शुमालि केशि देनुकन्⋆ नाशम् उट्रु वीळ नाळ्⋆ कवर्न्द निन् कळर्कलाल्⋆ नेश पाशम् ऎत्तिरत्तुम्⋆ वैत्तिडेन् ऎम् ईशने ! ॥१०७॥	भयानक कोध से भरे काशिराज, बकदंत, पौंड्रक, एवं गुस्सावाले सुमाली, माली, केशिन, और धेनुका का बध करके संसार को उनके अत्याचारों से त्राण दिलाया। मेरा हृदय आप से लगा हुआ है,एवं केवल आपके चरण के प्रेम को ही मैं जानता हूं। **858**
केडिल् शीर् वरत्तनाय्⋆ क्कॆडुम् वरत्तयन् अरन् नाडिनोडु नाट्टम् आयिरत्तन्⋆ नाडु नण्णिलुम्⋆ वीडदान पोगम् ऎय्दि⋆ वीट्रिरुन्द पोदिलुम्⋆ कूडुम् आशै अल्लदॊन्ऱु⋆ कॊळ्वनो कुरिप्पिल्ले॥१०८॥	ब्रह्मा का श्रीसंपन्न संसार, शिव का मटियामेट किया हुआ संसार, सहस्त्र आंखों वाले इन्द्र का ऊंचे आकाश का राज्य, अगर ये सभी देते हुए मुझे स्वर्ग में उन्मुक्त रहने के लिये आप कहें तब भी हम केवल आप के लिये तथा आपके साथ के लिये लालायित हैं। **859**

शुरुक्कु वारै इन्रियॆ⋆ शुरुङ्गिनाय् शुरुङ्गियुम्⋆ पॆरुक्कु वारै इन्रियॆ⋆ पॆरुक्क मॆय्दु पॆट्रियाय्⋆ शॆरुक्कुवार्गळ् तीक्कुणङ्गळ्⋆ तीरत्त देव देवन् ऎन्रु⋆ इरुक्कु वाय् मुनि क्कणङ्गळ् एत्त यानुम् एत्तिनेन्॥१०९॥	छोटा होने के बिना किसी तरीका को अपनाये आप वामन होकर आये। लंबा होने के बिना किसी तरीका को अपनाये आप जगत से ऊंचे हो गये। देवताओं के नाथ आपने आततताईयों के दुष्कर्म से संसार को मुक्त कराया। वैदिक ऋषिगण आपकी भरपूर प्रशस्ति गाते हैं और हम भी आपकी ही लीला गाथा गाते हैं। **860**
